GORAKHPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-03-09-2023

# तहसील दिवस पर अनुपस्थित पुलिसकर्मियों का वेतन रोका

**बांसगांव (एसएनबी)।** शनिवार को उपजिलाधिकारी सिद्धार्थ पाठक ने तहसील दिवस पर अपनी उपस्थिति न दर्ज कराने वाले थानेदारों का एक दिन का वेतन बाधित करते हुए कप्तान सहित प्रभारी अधिकारियों को पत्र लिखा है।

उपजिलाधिकारी ने बताया कि तहसील स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस पर गत कई समाधान दिवस पर बांसगांव, गगहा, उरुवा, गोला के थानेदार अनुपस्थित रह रहे है जिससे शासन के मंशा के अनुरूप समस्याओं का निस्तारण नही हो पा रहा है उक्त थानेदारों द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस पर अनुपस्थित रहने के कारण एक दिन का वेतन बाधित करते हुए इसकी लिखित सूचना जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं तहसील दिवस के प्रभारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन पुरुषोत्तम गुप्ता को भेज दी गयी है। यह जानकारी उपजिलाधिकारी के स्टोनो अमित यादव ने एक विज्ञप्ति में दी है। सूच्य है कि आज बांसगांव तहसील स्थित सभागार में सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 34 मामले आए जिसमें मौके पर मात्र दो मामले का निस्तारण हो सका। शेष मामले निस्तारण हेतु विभिन्न विभागों को सौंप दिये गये ।

इस अवसर पर एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चोरी का टुल्लू पंप बरामद, एक गिरफ्तार

चिलुआताल (एसएनबी)। चोरी की टुल्लू पम्प बेचने जा रहे युवक को पुलिस ने मानबेला स्थित पार्क के समीप से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि यह टुल्लू पंप और एक सायकिल उसने हमीदपुर लल्लन टोला करीमनगर से चुराया था। सायकिल को बेचकर उससे मिला आठ सौ रुपया उसने खर्च कर दिया है।

स्थानीय थाना क्षेत्र के हमीदपुर लल्लन टोला करीम नगर निवासी बुद्धि सागर तिवारी पुत्र गौरी शंकर तिवारी ने चिलुआताल थाने पर तहरीर देकर बताया कि मेरे घर से पानी का टुल्लू पम्प एवं एक सायकिल चोरी चला गया है। पुलिस मुकदमा कायम कर सुरागकसी में लग गयी। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस मानबेला पार्क के पास से युवक को टुल्लू पम्प के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में युवक की पहचान रबिन्द्र पुत्र रमाकांत निवासी टोला हमीदपुर लल्लन टोला मानबेला के रूप में हुई। पूछताछ में बताया कि सायकिल आठ सौ में बेच कर खर्च कर दिया हूँ।

**चोरी की गयी सायकिल को बेचने की बात स्वीकार किया**

**बताया कि सायकिल आठ सौ में बेचकर खर्च कर दिया हूं**

# टैंकर से तेल चोरी कर बेचने का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। टैंकर से तेल चोरी कर बेचने के मामले में आरोपित एवं फरार चल रहे अभियुक्त को चौरीचौरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने पुलिस को अपना नाम सूर्यदेव यादव पुत्र विश्वनाथ यादव निवासी ग्राम चौरी सतहवाँ पूर्वी थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को धारा 41, 411, 413, 414, 420, 467, 468,120 बी भादवि के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया। गुडवर्क टीम में प्रभारी निरीक्षक चौरीचौरा सुधीर कुमार सिंह, एसआई दिनेश कुमार, आरक्षी प्रेम उपाध्याय थाना चौरीचौरा शामिल रहे।

# अश्लील हरकत करने से रोकने पर रेस्टोरेंट कर्मचारियों से मारपीट

**पादरी बाजार (एसएनबी)।** शाहपुर इलाके के मेडिकल रोड स्थित राधिका काम्प्लेक्स के सामने एक रेस्टोरेंट में महिला मित्र के साथ अश्लील हरकत करने से मना करने पर युवकों ने कर्मचारियों के साथ मारपीट कर चाकू लेकर दौड़ा लिया। घटना सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गई है। पुलिस चार आरोपी युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, बेलीपार इलाके के सेवई बाजार निवासी चंदन सिंह अपने भांजा असुरन चुंगी निवासी अभिषेक सिंह के साथ शाहपुर के मेडिकल रोड स्थित राधिका काम्प्लेक्स के सामने कालिका सिलबट्टा रेस्टोरेंट चलाते हैं। आरोप है कि शनिवार की शाम चार बजे दो युवक अपने महिला मित्र के साथ रेस्टोरेंट पहुंचे और डोसा आर्डर कर दूसरे मंजिल पर चले गए। कर्मचारी डोसा लेकर पहुंचा तो एक युवक महिला के साथ अश्लील हरकत कर रहा था। मना करने पर कर्मचारियों से विवाद करने के बाद फोन से अपने मनबढ़ दोस्तों को बुला लिया। मनबढ़ युवकों ने कर्मचारियों और मैनेजर को मारने पीटने के बाद चाकू लेकर दौड़ा लिया। घटना की सूचना पर पहुंची शाहपुर पुलिस एक बाइक सहित चार युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। कार्यवाहक प्रभारी अशोक यादव ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस पहुंच कर चार युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। तहरीर मिली है केस दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

**एक युवक रेस्टोरेंट में ही अपनी महिला मित्र से कर रहा था अश्लील हरकत**

**शाहपुर पुलिस चार आरोपित युवकों को हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ**

# अधिवक्ता पर जानलेवा हमला करने वालों पर केस

**अधिवक्ता सहित आधा दर्जन लोगों को मारपीट कर किया था अधमरा**

**झंगहा पुलिस ने 11 के विरूद्ध गंभीर धाराओं में दर्ज किया है केस**

गोरखपुर ( एसएनबी )। झंगहा पुलिस मुकामी थाना क्षेत्र के ग्राम राजधानी टोला हाथखाल निवसी 11 लोगों के खिलाफ बलवा लूट मारपीट व जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। घटना पहली सितम्बर शाम की है।

थाने पर दिए तहरीर में चौरीचौरा तहसील के अधिवक्ता अजीत निषाद ने बताया है कि बीते पहली सितम्बर की शाम को को उनके चाचा नेबूलाल को ट्रैक्टर ट्राली चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दिया जिससे वे गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर बातचीत के लिए परिजन मौके पर पहुंचे तो राजधानी हाथखाल निवासी ट्रैक्टर स्वामी शर्मानंद यादव, उदित यादव व उदय यादव पुत्र शर्मानंद, अवनीश व मनीष पुत्र सदानंद यादव, रिंकू पुत्र अज्ञात, भीमानंद पुत्र सुदामा, दीपक व राजकुमार पुत्र पराग, रामनिवास पुत्र रूपनारायण यादव व जयप्रकाश पुत्र विश्वनाथ यादव ने बुरी तरह मारपीट कर अधमरा कर दिया। कई लोगों को गम्भीर चोटें आयीं हैं। आरोपित गले से सोने की चेन व मोबाइल भी छीन लिया तथा जानमाल की धमकी देते हुए फरार हो गए। तहरीर के आधार पर झंगहा पुलिस ने उक्त 11 आरोपियों के खिलाफ आइपीसी की धारा 147, 504, 323, 308, 392 व 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच में जुट गई है। समाचार लिखे जाने झंगहा पुलिस किसी की गिरफ्तारी नहीं कर सकी है।

# हत्या की खबर पर पुलिस रही हलकान

**टीपीनगर ( एसएनबी )**। गीडा थाना क्षेत्र के नौसड़ क्षेत्र के पिपरी में एक व्यक्ति कई गम्भीर बिमारियों से ग्रसित था। जिसका इलाज चल रहा था। शुक्रवार की रात में उसकी तबियत खराब हो गयी। इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहाँ डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को घर लेकर चले आये। मृतक के बड़े भाई ने पुलिस को सूचना दिया कि मेरे भाई की हत्या हो गई है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**बाप-बेटे द्वारा दी जा रही धमकी से हुई पति की मौत**

**गीडा पुलिस ने पत्नी की तहरीर आरोपितों के विरूद्ध दर्ज किया केस**

मिली जानकारी के अनुसार पिपरी निवासी प्रहलाद उर्फ टुनटुन जायसवाल पुत्र स्व रामकेवल जायसवाल 45 वर्ष जमीन का कारोबारी था । कई बिमारियों से ग्रसित था । शुक्रवार की रात में तबीयत खराब हो गई , ईलाज के लिए परिजन अस्पताल ले गए जहाँ डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया । शव को घर पर ले आने के बाद मृतक का बडा भाई रमेशचंद ने करीब दो घंटे बाद 112 नम्बर पुलिस को सूचना दिया कि भाई की हत्या हो गई है । मौके पर पहुंची गीडा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, मृतक की पत्नी ज्योति जायसवाल ने सभाजीत राम त्रिपाठी पुत्र अज्ञात व अनील त्रिपाठी पुत्र सभाजीत राम त्रिपाठी निवासीगण बसावनपुर थाना गगहा गोरखपुर के खिलाफ यह आरोप लगाते हुए गीडा थाने में मुकदमा संख्या 0528 धारा 306 दर्ज कराई है कि मै अपने गांव में आ सं 584 मे साढ़े बीस डिसमिल जमीन खरीदी थी। उसी आ सं में सभापति राम त्रिपाठी निवासी बसावनपुर , थाना गगहा गोरखपुर भी जमीन खरीदे थे। पति के किडनी ट्रांसप्लांट के लिए मै जमीन बेच रही थीं तो सभापति ने बेचने से मना कर रहे थे और अपने जमीन लेने के फिराक में थे। ग्राहकों को भड़का देते थे।

हमेशा गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। इसी तरह एक सितंबर को दिन में सभाजीत राम त्रिपाठी के बेटे अनील त्रिपाठी का फोन मेरे पति के मोबाइल फोन पर आया कि पिपरी की जमीन हमें दे दो नहीं तो नहीं तो तुम्हारे पूरे परिवार की हत्या कर देंगे और तुम्हारी भी हत्या कर देंगे। जिनके धमकी के दबाव से मेरे पति सदमे में आ गए और शुक्रवार की रात करीब ग्यारह बजे मौत हो गई। जिसकी पूरी जिम्मेदारी सभाजीत राम त्रिपाठी व अनील त्रिपाठी दोनों लोगों की है। मृतक चार भाईयों मे तीसरे नंबर का था। जिसके दो बेटियाँ और दो बेटे हैं।

# हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

भरौंह। गोला क्षेत्र के डेहरीभार निवासी मुन्ना पुत्र नंदलाल को पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष धीरेंद्र राय ने बताया कि गुरुवार रात अभियुक्त मुन्ना ने जमीन के विवाद में अपने भाई सन्नी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया था। हमले में सन्नी गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में पुलिस ने शनिवार को मुन्ना को गिरफ्तार कर लिया।

# जेल से छूटे आरोपी ने किया छात्रा का फिर से अपहरण

**चरगावां(एसएनबी)।** गुलरिहा इलाके के एक मोहल्ले की कक्षा बारहवीं की 17 वर्षीय किशोरी शुक्रवार की सुबह घर से स्कूल निकली और शाम को घर वापस नहीं आई।

इलाके के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने गुलरिहा पुलिस को बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी क्षेत्र के एक इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा बारहवीं की छात्रा है। छात्रा शुक्रवार की सुबह घर से स्कूल निकलने के बाद शाम को घर वापस नहीं आई तो विद्यालय से पता चला की वह स्कूल ही नही गई थी। जिसके बाद पीड़ित ने गुलरिहा थाने में विहार राज्य जिला गोपालगंज,बंजरिया निवासी शुभम मिश्रा के खिलाफ धमकी और अपहरण का केस दर्ज कराया है। पीड़ित का कहना है कि 3 नवंबर, 2019 को उसकी बेटी रहस्मय ढंग से लापता हो गई थी। गुलरिहा पुलिस ने केस दर्ज कर शुभम मिश्रा के पास से किशोरी को बरामद कर आरोपी को जेल भेज दी थी। शक के आधार पर सोशल मीडिया पर शुभम से संपर्क करने से पता चला कि जेल से छूटने के बाद आरोपित पुनः किशोरी को भगा ले गया और धमकी दिया कि शिकायत किए तो तुम्हारी बेटी को जान से मार दूंगा। पीड़ित की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धारा 363 व 506 आईपीसी का केस दर्ज कर ली है।

# हत्या के प्रयास में वांछित आरोपित गिरफ्तार

**गोला (एसएनबी)।** हत्या के प्रयास में वांछित चल रहे अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर गोला पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम पुलिस को मुन्ना पुत्र नन्दलाल निवासी ग्राम डेहरीभार धौसहर थाना गोला जनपद गोरखपुर बताया।

एसआई अविनाश कुमार ने बताया कि अभियुक्त और मुकदमा वादी भाई है, जो बंजर जमीन पर ग्राम डेहरीभार धौसहर में आबाद है।

जमीन बंटवारे व आपसी वाद-विवाद, गाली गलौज को लेकर अभियुक्त द्वारा वादी मुकदमे के गले पर धारदार चाकू द्वारा जान से मारने की नियत से वार किया गया था, जिससे वादी मुकदमा को गहरी चोटें आयी थी। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं 307,504 भादवि के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया। गुडवर्क टीम में एसआई अविनाश कुमार सिंह व आरक्षी शिवकुमार थाना गोला जनपद गोरखपुर शामिल रहे।

# तीस घंटे घर से गायब रहीं सगी बहनें

सहजनवा (एसएनबी)। थाना क्षेत्र के एक गांव से दो सगी बहनों द्वारा नकदी और ज्वेलरी लेकर रहस्यमय हालात में गायब होने की सूचना पर पुलिस कई घंटे तक हलकान रही। मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस गोरखपुर शहर स्थित एक स्थल से दोनों को बरामद कर थाने ले गयी। जहां से उन्हें उसकी मां की सुपुर्दगी में दे दिया।

**लोकेशन ट्रेस कर दोनों को सहजनवां पुलिस ने शहर से किया बरामद**

पति की मौत के बाद अपनी दो बेटियों के साथ सहजनवा रेलवे स्टेशन के समीप रहने वाली एक महिला ने सहजनवा पुलिस को शनिवार को तहरीर दी कि उसकी दोनों बेटियां घर से नकदी और ज्वेलरी लेकर एक युवक के साथ बोलेरो से शुक्रवार की सुबह 7 बजे से फरार हैं। वह दिन रात तलाश की लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। परेशान होकर वह प्रार्थनापत्र दे रही है। पुलिस मुकदमा दर्ज करने की तैयारी में जुटी थी लेकिन इसके पहले युवतियों का मोबाइल सर्विलांस पर ले लिया। जिससे कुछ ही देर बाद यह जानकारी मिली कि दोनों युवतियां गोरखपुर शहर में एक स्थान पर हैं। पुलिस टीम उक्त स्थल पर पहुंचकर दोनों को बरामद किया और थाने ले गयी। युवतियों ने पुलिस को बताया है कि वह अपनी मर्जी से घर से गयी थीं। पुलिस ने उन्हें जरूरी कागजी कार्रवाई के बाद मां के हवाले कर दिया। थानाध्यक्ष महेंद्र मिश्र ने कहा कि दोनो बहने आ गयी है। कोई उन्हें भगा कर नही ले गया था। वह स्वयं गयी हुई थी।

# शादी टूटने के डर से कंप्लेन करने पर मारपीट पर उतारू युवक के घर वाले

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (2 Sept):** रामगढ़ताल एरिया में एक युवती का आपत्तिजनक वॉट्सएप चैट को सार्वजनिक करने व मंगेतर को भेजकर शादी तोड़ने का मामला सामने आया है. आरोप है कि युवक के घरवालों से इसकी कंप्लेन करने पर वह मारपीट पर उतारू हो गए. गाली दी और जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं. पुलिस तहरीर के आधार पर जीएम यादव, कुलवंत यादव और उनके परिवार वालों पर केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है.

## भेज रहा मंगेतर के घर

जानकारी के मुताबिक, युवती की मां ने केस दर्ज कराया है. पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि जीएम यादव ने बेटी के मोबाइल फोन से फोटो व वॉट्सएप चैट को हासिल कर लिया है. इस संदेश और फोटो को बेटी के मंगेतर के घर पर भेजा रहा है. इसकी




जानकारी होने पर बेटी ने साइबर थाने में इसकी कंप्लेन दर्ज कराई है. साइबर पुलिस मामले की जांच कर रही है. इसी बीच कुलवंत यादव परिवार के लोगों से कंप्लेन करने पर वह घर पर आ गए और मारीपट पर उतारू हो गए. वह धमकी दे रहे थे कि उनका बेटा विष्णु यादव जहर खा लिया है और अगर उसे कुछ हो जाएगा तो पूरे परिवार की हत्या कर दूंगा. उनकी हरकत से पूरा परिवार डरा हुआ है और शादी भी टूट सकती है. महिला की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है.

**खुलासा** पुलिस ने गिरोह का किया भंडाफोड़, चार आरोपियों को किया अरेस्ट

# चाची कहकर ऑटो में बैठाते थे फिर गड्डी गिराकर उतरवा लेते थे गहने, चार अरेस्ट

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (2 Sept):** चाची कहकर ऑटो में बैठाकर जालसाजी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए शनिवार को पुलिस ने चार आरोपियों को अरेस्ट कर लिया. पूछताछ में पता चला है कि गिरोह ऑटो से वारदात को अंजाम देते थे. ऑटो से जाते समय अधेड़ महिलाओं को चाची कहकर बैठा लेते थे, फिर कागज की गड्डी में ऊपर और नीचे असली नोट लगाकर गिराते थे. बताते थे कि यह तीस हजार रुपए हैं, आप का जेवर कितने का है. अगला यह कहता कि यह दस हजार या तीस हजार से कम का है, उसे तीस हजार रुपए देने का ऑफर दे देते थे. रुपयों के लालच में आए लोग अपना जेवर दे देते थे.

## गोरखपुर में दो घटनाएं

ऐसे मामले में रुपयों की सच्चाई सामने आने की वजह से लोग परेशान हुए और बाद में केस दर्ज कराया. पुलिस पूछताछ में पता चला है कि इस गिरोह ने गोरखपुर में गिरोह ने दो घटनाओं को अंजाम दिया है. आरोपियों के पास से पुलिस ने एक ऑटो, सोने के गहने व एक हजार रुपए नकद बरामद कर लिए है. आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया. एसपी सिटी कृष्णा कुमार बिश्नोई व सीओ कैंट योगेंद्र सिंह ने पुलिस लाइंस में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पकड़े गए बदमाशों के बारे में जानकारी दी.



## सीसीटीवी के जरिए तलाश

एसपी ने बताया कि यह लोग ऑटो से वारदात करने के लिए निकलते थे. वाराणसी, मऊ, रक्सौल तक जाकर इस तरह की जालसाजी कर चुके है. ताजा मामला 31 अगस्त को सामने आया था. कैंट इलाके के खजनी के सराय तिवारी निवासी कविता देवी रक्षाबंधन में निकली थी. जालसाजों ने इसी तरह से उनका जेवर उतरवा लिया था. इसके पहले एम्स इलाके में लक्ष्मी देवी के साथ भी ऑटो में लूट की वारदात को इन लोगों ने ही किया था. घटनाएं सामने आने के बाद पुलिस टीमें लगी थी. प्रभारी निरीक्षक रणधीर मिश्रा की टीम को मुखबिर के जरिए आरोपियों की सूचना मिली थी. पुलिस सीसी टीवी फुटेज और मोबाइल फोन की मदद से आरोपियों की तलाश में जुटी थी. शनिवार को पुलिस ने आरोपियों को अरेस्ट कर घटनाओं का पर्दाफाश किया. आरोपियों के पास से पुलिस ने मंगलसूत्र के चार लाकेट, एक सोने की चेन, दो झाला, एक जोड़ी बाली, दो ऑटो, एक बाइक व एक हजार रुपया बरामद कर लिया है.

### इनकी हुई गिरफ्तारी

पुलिस ने राजघाट के लालडिग्गी निवासी करन, चिलुआताल के करीमनगर निवासी रोहित उर्फ चकवा, उसके भाई शनि उर्फ पकवा, देवरिया जनपद के रुद्रपुर के वार्ड नंबर छह निवासी महावीर कुमार पटेल को गिरफ्तार किया है. करन पर 12 मुकदमे दर्ज हैं. रोहित पर 9, उसके शनि पर आठ, जबकि महावीर पर दो मुकदमे दर्ज हैं.

### मोबाइल को किया ट्रेस

पुलिस आरोपियों को मोबाइल फोन व सीसीटीवी कैमरे की मदद से दबोच सकी है. दरअसल, 21 अगस्त को खजनी की कविता से जालसाजी करते समय से बदमाशों ने उसका मोबाइल फोन भी चुरा लिया था. कविता थाने पहुंची और इसकी शिकायत की. कैंट पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल मोबाइल लोकेशन को ट्रेस की और फिर उस लोकेशन के सीसी टीवी कैमरों को पुलिस खंगाला, जिसकी मदद से ऑटो का नंबर पुलिस को मिल गया. पुलिस ने आरोपियों को दबोच लिया.

# अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार कर किया प्रदर्शन

**आक्रोश**

- हापुड़ की घटना के विरोध में अम्बेडकर चौराहे पर की नारेबाजी
- अधिवक्ताओं ने हत्यारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। हापुड़ बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा किए गए लाठी चार्ज एवं गाजियाबाद में अधिवक्ता की गोली मारकर की गई हत्या के विरोध में बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट के अधिवक्ताओं ने शनिवार को भी न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया।

विरोध के क्रम में 100 से अधिक की संख्या में अधिवक्ता गेट से बाहर आ गए और अम्बेडकर चौराहे पर सड़क पर ही बैठ गए। यहां शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए हत्यारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के बाद अधिवक्ताओं ने सिविल कोर्ट के सभागार में एक आवश्यक बैठक भी की और आगे की रणनीति बनाई।




हापुड़ की घटना के विरोध में शनिवार को अम्बेडकर चौराहे पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि इतनी बड़ी घटना के बाद भी शासन-प्रशासन ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं मंत्री के नेतृत्व तथा बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य मधुसूदन त्रिपाठी की उपस्थिति में अधिवक्ताओं ने एक जुलूस निकालकर अंबेडकर चौक पर शांतिपूर्ण आंदोलन करते हुए पुलिस प्रशासन की घोर निन्दा एवं भर्त्सना किया। प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य श्री त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान सरकार अधिवक्ताओं की विरोधी है। जब तक कोई निर्णय नहीं आता है तब तक अधिवक्ता आंदोलन जारी रखेंगे। रविवार को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश आगे की लड़ाई पर निर्णय लेगी।

आंदोलन में अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होंगी तब तक अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। आंदोलन में अभिमन्यु पांडेय, उमापति उपाध्याय, भानु प्रताप पांडेय, रत्नाकर सिंह, रवि प्रकाश शुक्ल, गिरिजेश मणि त्रिपाठी, अभिजीत, राजन, सुनील त्रिपाठी, अजीत तिवारी, सुभाष शुक्ल सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# तेल चोरी का आरोपित प्रधान प्रतिनिधि दबोचा

चौरीचौरा। टैंकर से तेल चोरी के मामले में शनिवार को चौरीचौरा पुलिस ने चौरी गांव के प्रधान प्रतिनिधि सूर्यदेव यादव को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया है। वहीं इस मामले में दो अन्य आरोपितों को गुरुवार को ही पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा किया था। हालांकि पुलिस ने 12 लोगों पर केस दर्ज किया है।।

ग्राम चौरी में स्थित मझना नाला के पास गुरुवार को दोपहर में टैंकर से डीजल व पेट्रोल निकालने वाले अड्डे पर पुलिस ने छापेमारी कर तीन टैंकर को पकड़ लिया था। मौके से जरकिन में रखे गए करीब 240 लीटर डीजल व पेट्रोल बरामद करने के साथ दो तेल कारोबारी को गिरफ्तार किया था।

# टप्पेबाजी गैंग का सरगना तीन साथियों संग गिरफ्तार

गोरखपुर। अंतरराज्यीय टप्पेबाज गिरोह के सरगना और उसके तीन साथियों को शनिवार को कैंट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हाल ही में एम्स और कैंट क्षेत्र में महिलाओं से टप्पेबाजी की शिकायत के बाद पुलिस इनकी तलाश में थी।

टप्पेबाजों की पहचान राजघाट लाल डिग्गी व थाना शाहपुर के पादरी बाजार के करन डोम, रोहित उर्फ चकवा व शनि उर्फ पकवा करीम नगर चिलुआताल और महावीर कुमार पटेल निवासी भरटोला जनपद देवरिया के रूप में हुई। करन गैंग का सरगना है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई और सीओ कैंट योगेंद्र सिंह ने बताया कि चारों शातिर टप्पेबाज हैं। ऑटो से देवरिया,गोरखपुर,कुशीनगर, आजमगढ़, वाराणसी, बस्ती, फैजाबाद के अलावा अन्य जनपदों के साथ बिहार और नेपाल सीमा क्षेत्र में घूम-घूम कर टप्पेबाजी करते हैं। 35 से 45 साल की महिलाओं को निशाना बनाते और उनको झांसे में लेकर गहने ले लेते। इनके पास एक ऑटो व एक ई रिक्शा है जिसमे महिलाओं को बैठाकर टप्पेबाजी करते हैं। शनिवार को कैंट पुलिस ने सरगना व उसके साथियों को विंध्यवासिनी पार्क के पास से गिरफ्तार की लिया।

# रेस्टोरेंट में महिला मित्र के साथ अश्लील हरकत

- विरोध करने पर कर्मचारियों से मारपीट चाकू लेकर दौड़ाया
- पुलिस ने चार आरोपी युवकों को किया गिरफ्तार

पादरी बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। शाहपुर इलाके के मेडिकल कॉलेज रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में शनिवार की शाम महिला मित्र के साथ अश्लील हरकत करने से मना करने पर युवकों ने कर्मचारियों के साथ मारपीट कर चाकू लेकर दौड़ा लिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस चार आरोपी युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

बेलीपार इलाके के सेंवई बाजार निवासी चंदन सिंह अपने भांजा असुरन चुंगी निवासी अभिषेक सिंह के साथ मेडिकल रोड स्थित राधिका कॉम्प्लेक्स के सामने कालिका सिलबट्टा रेस्टोरेंट चलाते हैं। आरोप है कि शनिवार की शाम चार बजे दो युवक अपने महिला मित्र के साथ रेस्टोरेंट पहुंचे और डोसा की ऑर्डर कर दूसरे मंजिल पर चले गए। कर्मचारी डोसा लेकर पहुंचा तो एक युवक महिला के साथ अश्लील हरकत कर रहा था। मना करने पर कर्मचारियों से विवाद करने के बाद युवक ने फोन से अपने मनबढ़ दोस्त को बुला लिया। छह की संख्या में पहुंचे मनबढ़ों ने कर्मचारियों और मैनेजर को मारपीट के बाद चाकू लेकर दौड़ा लिया। हालांकि, संयोग ठीक रहा चाकू किसी को लगा नहीं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस एक बाइक सहित चार युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# चोरी के टुल्लू पम्प के साथ युवक गिरफ्तार

चिलुआताल। हमीदपुर लल्लन टोला करीम नगर निवासी बुद्धि सागर तिवारी ने चिलुआताल थाने में लिखित तहरीर देकर बताया कि मेरे घर से पानी का टुल्लू पम्प और एक साइकिल चोरी हो गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सुरागकसी में लग गई तभी सूचना पर मानबेला पार्क के पास से युवक को पुलिस ने टुल्लू पम्प के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में युवक की पहचान रविन्द्र पुत्र रमाकांत निवास टोला हमीदपुर लल्लन टोला मानबेला के रूप में हुई।

## डीआरआई लखनऊ की टीम ने पंडित के दो लोगों को सुल्तानपुर से सोने के साथ पकड़ा

# घंटाघर में सराफा कारोबारी के प्रतिष्ठानों पर छापा, जांच शुरू

**कार्रवाई**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। सोने की तस्करी के आरोप में डीआरआई की टीम ने शनिवार को घंटाघर में 'पंडित जी' नाम से चर्चित प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। पंडित मौके पर नहीं मिला। डीआरआई की टीम ने प्रतिष्ठान का शटर गिराकर दस्तावेजों की देर शाम तक जांच की। बताया जा रहा है डीआरआई की लखनऊ की टीम ने पंडित के दो आदमियों को बड़ी मात्रा में तस्करी के सोना के साथ पकड़ा है। इन्हीं से हुई पूछताछ के आधार पर टीम दस्तावेजों की जांच कर रही है।

लखनऊ डीआरआई के इनपुट के आधार पर जांच करने को स्थानीय इकाई के प्रभारी सुबह 10.30 बजे ही घंटाघर पहुंच गए थे। हरवंश गली में पंडित के प्रतिष्ठान पर टीम ने जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि टीम के साथ पंडित का एक बेटा भी है। हालांकि पंडित प्रतिष्ठान पर नहीं है। उसके बारे में टीम के सदस्य जानकारी जुटाते दिखे। डीआरआई की टीम ने घंटाघर में पंडित के दो प्रतिष्ठानों से दस्तावेज को खंगाला। टीम खरीद-बिक्री के कागजों का मिलान कर रही है। उम्मीद है कि टीम रविवार को किसी नतीजे पर पहुंचे।



घंटाघर स्थित हरवंश गली में शनिवार को डीआरआई की टीम के छापे की जानकारी मिलते ही दुकानों के शटर धड़ाधड़ गिर गए। • हिन्दुस्तान

लखनऊ डीआरआई की टीम लगातार स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है। बता दें कि पंडित के दो आदमियों को लखनऊ डीआरआई की टीम ने सुल्तानपुर में बड़ी मात्रा में सोने के साथ पकड़ा है। दोनों सोने की डिलिवरी प्रयागराज में एक सराफा को देने जा रहे थे। टीम ने दोनों से पूछताछ की है। जिसमें सोना तस्करी से जुड़ी अहम कड़ियों की जानकारी मिलने का दावा किया जा रहा है।

**पांच वर्षों में पंडित की तरक्की राकेट की रफ्तार से बढ़ी :** मूल रूप से प्रयागराज के रहने वाले पंडित पिछले ढाई दशक से हिन्दी बाजार में कारोबार कर रहा है। लेकिन पिछले पांच-छह वर्षों में पंडित ने तेजी से तरक्की की है। बताया जा रहा है घंटाघर में सोने और चांदी का रेट पंडित ही खोलता है। पिछले छह महीने में डीआरआई की टीम ने पटना, कुशीनगर से लेकर गोरखपुर में सोना तस्करों को पकड़ा है। इनसे पूछताछ में साफ हुआ है कि घंटाघर में आधा दर्जन सराफा कारोबारी तस्करी के खेल में संलिप्त है। पंडित का वास्तविक नाम क्या है, उनके करीबी कारोबारी भी नहीं जान रहे हैं।

### सोना तस्करी में गोरखपुर के 5 कारोबारी रडार पर

आपके अपने अखबार 'हिन्दुस्तान' ने 5 अगस्त के अंक में सोना तस्करी को लेकर खबर प्रकाशित की थी, जिसमें बताया गया था कि एजेंसियों की रडार पर 5 सराफा कारोबारी हैं। बता दें कि प्रदेश में सोना तस्करों के लिए स्वर्ग बने रूट के 76 सराफा चिन्हित हुए हैं। इनमें से 5 सराफा गोरखपुर के हैं। जिनका नेटवर्क कोलकाता से लेकर नेपाल तक फैला हुआ है। पिछले 6 महीने में पांच करोड़ से अधिक का तस्करी का सोना डीआरआई की टीम ने पकड़ा है।

### एक किलो सोना तस्करी पर 10 लाख का मुनाफा

सोने की तस्करी के लिए भारी भरकम टैक्स को जिम्मेदार बताया जा रहा है। एक किलो सोना करीब 64 लाख रुपये का आ रहा है। इसपर करीब 17 फीसदी टैक्स देना होता है। यानी एक किलो सोना पर तस्करों की 10 लाख रुपये तक की कमाई हो जाती है। एक किलो सोना तस्करी कर मास्टर माइंड छह लाख रुपये तक की बचत कर लेता है। तस्कर बैंकाक, दुबई, बर्मा आदि से सोना मंगा रहे हैं।

# 12वीं की छात्रा का दूसरी बार अपहरण

गुलरिहा। गुलरिहा क्षेत्र के एक मोहल्ले की 17 वर्षीय किशोरी क्षेत्र के एक इंग्लिश मीडियम स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा है। शुक्रवार की सुबह घर से स्कूल निकली थी पर शाम को घर वापस नहीं आई। इधर-उधर तलाशने के बाद भी छात्रा का पता नहीं चला। विद्यालय से पता चला कि छात्रा स्कूल ही नहीं आई थी। इसके बाद छात्रा के पिता ने गुलरिहा थाने में लिखित तहरीर दी। गुलरिहा पुलिस ने एक युवक के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि किशोरी का दूसरी बार अपहरण किया गया है।

# चैट सार्वजनिक करने की शिकायत पर पीटा

गोरखपुर। रामगढ़ताल इलाके में एक युवती के आपत्तिजनक व्हाट्सएप चैट को सार्वजनिक करने व मंगेतर को भेजकर शादी तोड़ने का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक के घरवालों से इसकी शिकायत करने पर वे मारपीट पर उतारू हो गए। गाली दी और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने जीएम यादव, कुलवंत यादव और उसके परिवार वालों पर केस दर्ज किया है।

युवती की मां ने तहरीर में लिखा है कि जीएम यादव ने बेटी के मोबाइल फोन से फोटो व व्हाट्सएप चैट को हासिल कर लिया है। इस संदेश और फोटो को बेटी के मंगेतर के घर पर भेजा जा रहा है। इसकी जानकारी होने पर बेटी ने साइबर थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। साइबर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डीडीयू कुलपति के खिलाफ दी तहरीर

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश सिंह और हिन्दी विभाग के निलंबित आचार्य कमलेश कुमार गुप्त के बीच चल रही रार अब थाने पर पहुंच गई है। प्रो. कमलेश ने शनिवार शाम कैंट थाने में तहरीर दी है। सात पन्ने की तहरीर के साथ 24 पन्नों का साक्ष्य भी दिया है। वहीं कैंट इंस्पेक्टर का कहना है कि उन्हें कोई तहरीर नहीं मिली है।

प्रो. कमलेश गुप्ता ने कैंट थाने में तहरीर देने के साथ ही एडीजी जोन अखिल कुमार, आईजी जे रविन्द्र गौड़, एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर को भी तहरीर ईमेल किया है।

# चोरी का आरोपित गिरफ्तार टुल्लू पंप भी हुआ बरामद

गोरखपुर : चिलुआताल थाना पुलिस ने चोरी के आरोपित को शनिवार की सुबह गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष चिलुआताल संजय मिश्रा ने बताया कि हमीदपुर, लल्लन टोला के रहने वाले रविंद्र निषाद उर्फ छोटू के कब्जे से चोरी का टुल्लू पंप मिला। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। (जासं)

# टैंकर से तेल चोरी का आरोपित प्रधान प्रतिनिधि गिरफ्तार

जासं, मुंडेरा बाजार : टैंकर से तेल चोरी के मामले में चौरी चौरा पुलिस ने शनिवार को चौरी गांव के प्रधान प्रतिनिधि को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय से उसे जेल भेज दिया गया। चौरी चौरा थाना क्षेत्र के चौरी गांव में मझना नाला के किनारे गुरुवार की दोपहर छापेमारी कर पुलिस ने डीजल व पेट्रोल चोरी का भंडाफोड़ किया था। इस दौरान दो लोग गिरफ्तार किए गए थे। मौके पर तीन टैंकर भी खड़े मिले थे। टैंकर से निकालकर गैलेन में रखा 240 लीटर डीजल व पेट्रोल बरामद हुआ था। इस मामले में चौरी गांव के प्रधान प्रतिनिधि सूर्यदेव यादव समेत 12 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया निबियहवा ढाले के पास से सूर्यदेव यादव को गिरफ्तार किया गया। शेष आरोपितों की तलाश चल रही है।

# दो नामजद व सात अज्ञात पर बलवा, धमकी देने का मुकदमा

जासं, पिपरौली : गगहा थाना क्षेत्र के चिउटहा बसावनपुर के सभापति राम त्रिपाठी ने गीडा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गीडा थाना क्षेत्र के पिपरी की रहने वाली इशरावती से 20.5 डिसमिल जमीन पत्नी फूलमती देवी के नाम से बैनामा ली थी। दीवार बनाने के दौरान पिपरी के ही रहने वाले प्रह्लाद जायसवाल और रामाज्ञा जायसवाल ने रोक दिया। जमीन कब्जा करने की नीयत से आधा दर्जन लोगों के साथ आए। जमीन छोड़कर नहीं भागने पर जान से मारने की धमकी दी। नौसढ़ चौकी इंचार्ज ने काम बंद करने और मामले को बैठकर सुलझाने की बात कही। मंगलवार की रात मनबढ़ों ने दीवार गिरा दी थी। गीडा पुलिस ने प्रह्लाद व रामाज्ञा के साथ सात अज्ञात के विरुद्ध बलवा, सामान को क्षति पहुंचाने और धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

# गहने लूटने वाले चार बदमाश हुए गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : महिलाओं को झांसा देकर गहने चोरी व लूटने वाले गिरोह के चार सदस्यों को कैंट थाना पुलिस ने शनिवार की सुबह गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपितों में दो देवरिया जिले के रहने वाले हैं। आरोपितों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल आटो रिक्शा, एक बाइक और महिलाओं के गहने बरामद हुए। दोपहर बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

- कैंट व एम्स थाना क्षेत्र में हुई थी वारदात, दो आरोपित देवरिया के
- कब्जे से बरामद हुए चोरी व लूट के गहने, पुलिस ने भेजा जेल



पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई व सीओ कैंट •जागरण

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने शनिवार की दोपहर पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 31 अगस्त को खजनी, सरया तिवारी की रहने वाली कविता देवी मानीराम में भाई को राखी बांधने गई थीं। शाम पांच बजे आटो से गांव लौट रही थीं। शास्त्री चौक पर आटो में मिले तीन युवकों ने झांसा देकर मंगलसूत्र व कान की बाली ले ली।

कैंट थाना पुलिस जालसाजी व चोरी का मुदकमा दर्ज कर सीसी कैमरा फुटेज व सर्विलांस की मदद से आरोपितों की तलाश कर रही थी। शनिवार की सुबह प्रभारी निरीक्षक रणधीर मिश्रा ने टीम के साथ घेराबंदी कर चार आरोपितों को बेतियाहाता में गिरफ्तार किया। उनकी पहचान राजघाट, लालडिग्गी के करन डोम, चिलुआताल, करीमनगर के रोहित उर्फ चकवा, शनि उर्फ पकवा, देवरिया के रुद्रपुर, भरटोला वार्ड नंबर छह में रहने वाले महावीर कुमार पटेल के रूप में हुई। पूछताछ में पता चला कि 26 अगस्त को इन लोगों ने गिरधरगंज में महिला का टप्स व चेन लूटी थी। एसपी सिटी ने बताया कि करन डोम गिरोह का सरगना है। उसके विरुद्ध चोरी, लूट व आबकारी एक्ट के 12 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस से बचने के लिए देवरिया, रुद्रपुर में मरकरी गेट के पास रहता है। शनि व रोहित भी जेल जा चुके हैं। आरोपितों के कब्जे से एक मंगलसूत्र, एक चेन, आधार कार्ड, दो झाली, एक जोड़ी बाली व 1000 रुपये बरामद हुए।

# रेस्टोरेंट में अश्लीलता का विरोध करने पर पीटा, चाकू लेकर दौड़ाया

जासं, चरगांवा : रेस्टोरेंट में अश्लील हरकत का विरोध करने पर मनबढ़ों ने कर्मचारियों की पिटाई कर दी। जान से मारने के लिए चाकू लेकर दौड़ा लिया। सूचना देने पर पहुंची शाहपुर थाना पुलिस ने चार आरोपित को हिरासत में ले लिया। मौके पर पुलिस को एक बाइक भी मिली।

बेलीपार, सेवई बाजार के चंदन सिंह ने शाहपुर थाना पुलिस को बताया कि शनिवार की शाम चार बजे दो युवक महिला मित्र के साथ मेडिकल कालेज रोड स्थित उनके कालिका सिलबट्टा रेस्टोरेंट में पहुंचे। डोसा आर्डर करने के बाद दूसरे मंजिल पर चले गए। कुछ देर बाद कर्मचारी डोसा लेकर पहुंचा तो एक महिला मित्र के साथ युवक अश्लील हरकत कर रहा था।



रेस्टोरेंट मे मारपीट के बाद जुटी भीड़

कर्मचारी के रोकने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। विरोध पर फोन कर साथियों को बुला लिया। पांच-छह की संख्या में पहुंचे मनबढ़ों ने कर्मचारियों व मैनेजर को पीट दिया। जान से मारने के लिए चाकू लेकर दौड़ा लिया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। हिरासत में लिए गए युवकों से पूछताछ चल रही है।

# ढूंढा जा रहा पाक नागरिक का रिकार्ड

- पुलिस मुख्यालय से सभी जिलों के पुलिस कप्तान से मांगी गई जानकारी
- लखनऊ जेल में बंद है अब्दुल शकूर, जालसाजी के आरोप में 2006 में एसटीएफ ने पकड़ा था
- गोपनीय सूचना एकत्र करने का था संदेह, बरामद हुए थे फर्जी दस्तावेज

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : गोपनीय सूचना एकत्र करने के मामले में पकड़े गए पाकिस्तानी नागरिक अब्दुल शकूर उर्फ अब्दुल गफूर का आपराधिक रिकार्ड ढूंढा जा रहा है। पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के पुलिस कप्तान को पत्र लिखकर जानकारी मांगी है। खुफिया एजेंसी भी अपने स्तर से जानकारी जुटा रही है। शकूर इस समय लखनऊ जेल में बंद है। पकड़े जाने के दौरान उसके पास से एसटीएफ को कई फर्जी दस्तावेज मिले थे।

मुल्तान (पाकिस्तान), समीजाबाद नंबर एक, मुगलपुरा के रहने वाले अब्दुल शकूर को एसटीएफ ने 28 दिसंबर 2006 को लखनऊ में पकड़ा था। जालसाजी के मामले में वर्ष 2018 में उसे 10 वर्ष की सजा हुई थी। लखनऊ जेल में बंद रहे शकूर की सजा 2019 में पूरी हो गई थी। रिहाई की प्रक्रिया पूरी कर पाकिस्तान भेजने के लिए जेल प्रशासन ने कैसरबाग पुलिस को सौंपा था, जहां से अप्रैल 2019 में वह शौचालय जाने की बात कह चकमा देकर भाग निकला।

पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर शकूर को पकड़ा था। इसके बाद उसने घेराबंदी तोड़ भागने की धमकी दी थी। कैसरबाग थाने में तैनात दारोगा ने शकूर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के बाद न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। तभी से वह जेल में है। शकूर के विरुद्ध प्रदेश के किसी जिले में कोई और मुकदमा तो दर्ज नहीं, यह जानने के लिए मुख्यालय से आपराधिक रिकार्ड मांगा गया है।

### गोपनीय सूचना जुटाने का आरोप

लखनऊ के कैसरबाग इलाके से पकड़े गए शकूर पर गोपनीय सूचना एकत्र करने का आरोप था। उसके पास से एसटीएफ को फर्जी पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैनकार्ड, सैन्य अभिलेख, राशन कार्ड मिला था। आपराधिक षडयंत्र, धोखाधड़ी, कूटरचना व शासकीय गोपनीयता अधिनियम के तहत कैसरबाग थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा था।

# 11 पर जानलेवा हमला और लूट का मुकदमा

जासं, झंगहा : राजी जगदीशपुर गांव के अजीत निषाद की तहरीर पर पुलिस ने राजधानी गांव के हाथखाल के रहने वाले 11 लोगों के विरुद्ध बलवा, मारपीट, जानलेवा हमला और लूट का मुकदमा दर्ज किया है।

अजीत निषाद ने झंगहा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार की शाम छह बजे चाचा नेबूलाल को शर्मानंद यादव के ट्रैक्टर-ट्राली से चोट लग गई। शर्मानंद यादव को मोबाइल पर सूचना दी गई। बातचीत करने के लिए अजीत निषाद, आदित्य निषाद, हरिओम तथा गोविंद जा रहे थे कि शर्मानंद यादव सहित 11 लोगों ने रास्ते में रोक कर पिटाई की। पिटाई से नेबूलाल बेहोश हो गए तथा अजीत निषाद के गले से सोने की चेन और मोबाइल लूट लिया। पुलिस ने राजधानी गांव के हाथखाल टोला के शर्मानंद यादव, उदित यादव, उदय यादव, अवनीश, मनीष, रिंकू, भीमानंद, दीपक, राजकुमार, रामनिवास तथा जयप्रकाश के विरुद्ध बलवा, मारपीट, जानलेवा हमला और लूट का मुकदमा दर्ज किया।

**स्कूल गई छात्रा का अपहरण, मुकदमा दर्ज** : भटहट : गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक कस्बे की रहने वाली 12वीं की छात्रा का शुक्रवार को अपहरण हो गया। पिता ने तहरीर देकर बताया कि वर्ष 2019 में बिहार के गोपालगंज के बंजरिया के शुभम मिश्रा ने बेटी का अपहरण किया था। उस समय पुलिस ने उसे जेल भेजा था। जेल से छूटने के बाद आरोपित पुनः किशोरी को भगा ले गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# चैट भेजकर तोड़वायी शादी शिकायत पर खा लिया जहर

**रामगढ़ताल क्षेत्र की घटना, परिवार के लोगों ने पीड़ित परिवार को धमकाया, युवती की मां ने आरोपित व स्वजन पर दर्ज कराया मुकदमा**

जासं, गोरखपुर : युवती के मोबाइल फोन से वाट्सएप चैट चुराकर पड़ोसी ने उसके मंगेतर को भेज दिया। शादी टूटने पर युवती ने साइबर थाने में शिकायत की तो पड़ोसी ने जहर खा लिया। आरोपित के स्वजन अब युवती व उसके स्वजन को धमकी देने के साथ शिकायत वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। रामगढ़ताल थाना पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोप की जांच कर रही है।

युवती की मां ने रामगढ़ताल थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि पड़ोस का युवक उनकी बेटी को परेशान करता है। चोरी से उसने बेटी के मोबाइल फोन से फोटो व वाट्सएप चैट को हासिल कर लिया है। शादी तय होने पर बेटी के मंगेतर को वाट्सएप चैट भेजकर शादी तोड़वा दी। जानकारी होने पर बेटी ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसकी जांच चल रही है। पुलिस के पूछताछ करने पर आरोपित युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। दो दिन पहले आरोपित के स्वजन शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई होगी।

# बीरबल की खिचड़ी पक ही नहीं रही



शहरनामा

रजनीश त्रिपाठी

क्या नेताजी...कुर्ता-पायजामा खूंटी पर टंग गया, अब जिंस टी-शर्ट चढ़ गया। सबसे ताकतवर पार्टी के कार्यालय के बाहर जैसे ही एक नेता ने दूसरे पर कमेंट किया, नेता का धैर्य जवाब दे गया। बोले सूची न हुई, बीरबल की खिचड़ी हो गई। पक ही नहीं पा रही है। जिससे पूछो वही बस दो दिन में जारी होने की बात कह रहा है। यह कहते-सुनते महीनों बीत गए, मगर सूची जारी नहीं हुई। न जाने कौन सा नाम है, जिसने सबको फंसा रखा है। आप ही बताइये न तो हमें सांसद बनना है न ही विधायक। पार्टी तो हमें एमएलसी भी नहीं बनाएगी। हम मांग ही क्या रहे हैं। पार्टी में एक छोटा मोटा पद ही तो चाहिए। थोड़ा भौकाल बनाकर मामला टाइट कर लेंगे। लेकिन बड़के नेताओं को यह भी नहीं पच रहा। अपने प्यादों के लिए सबकी बलि चढ़ा रहे हैं। ऐसे ही रहा तो नष्ट हो हो जाएंगे।



## नये निजाम को पहला सलाम

शिक्षा के सबसे बड़े मंदिर में इतिहासकार बदायुनी आजकल चर्चा में हैं। वही अब्दुल कादिर बदायुनी जिन्होंने मुहम्मद बिन तुगलक के गुजरने पर कहा था कि 'सुल्तान को प्रजा से और प्रजा को सुल्तान से मुक्ति मिल गयी'। बुद्धिजीवियों की महफिल में कुछ लोग इशारे तो कुछ खुलेआम बदायुनी की पंक्तियां दोहरा रहे हैं। बदलाव के इस दौर में पाला बदलने वाले मौका ताड़ रहे हैं तो कुछ ऐसे भी हैं जो नए निजाम को पहला सलाम ठोकने के लिए रवाना हो गए हैं। धर्मसंकट की स्थिति उनके सामने है, जिन्होंने तुगलकी फरमानों के आगे घुटने टेक दिए थे। दबी जुबान वह भी नौकरी की मजबूरी का राग अलाप कर नये सिस्टम में जगह बनाने का जुगाड़ तलाश रहे हैं। इस भीड़ में मंथरा जैसे कुछ ऐसे तटस्थ भी हैं जो 'कोई नृप होय हमहिं का हानि' की बात भले कह रहे हों, लेकिन उनकी भी मंशा कुछ और है।

## सिपाही से साहब बोले- कुछ लेकर छोड़ दीजिए

शहर के उत्तरी एंट्री प्वाइंट पर बाहर की नंबर प्लेट वाली बोलेरो देखते ही सिपाही-होमगार्ड ने एक साथ झपट्टा मारा। गाड़ी रुकते ही सवालों की बौछार शुरू कर दी। कहां से और क्यों आ रहे हैं। संतोषजनक जवाब मिलने के बाद एक-एक करके कागज मांगने शुरू कर दिए। सिपाही जितने कागज मांगते वह दिखाते जाते। गाड़ी में बैठे सवार भी मनोरंजन के मूड में आ गए। सिपाही ने जब इसके बाद भी नहीं जाने दिया तो गाड़ी में बैठे एक चाचा ने रिश्तेदार को फोन लगा दिया। रिश्तेदार उसी इलाके में महकमे के बड़े साहब निकले। चाचा ने जैसे ही रिश्तेदार से बात कराने के लिए सिपाही को अपना मोबाइल फोन थमाया, आवाज सुनकर पसीना आ गया। पदनाम बताते हुए रिश्तेदार बोले, अगर जांच हो गई हो तो कुछ ले देकर छोड़ दीजिए। थर-थर कांप रहे सिपाहियों ने हाथ जोड़कर माफी मांगते हुए चाचा को विदा कर अपनी जान छुड़ाई।

## साहब... का मुंह फुल गया है

अ छोटी-छोटी बात पर मुंह फुला लेने वाले प्रिंसिपल साहब फिर गुस्सा गए हैं। इस बार भी चुगलखोरी को ही वह वजह बता रहे हैं। अपने खास कारिंदे से कह रहे थे कि पूरी बिरादरी एकजुट होकर कलमकारों से मेरी कमियों का ढिंढोरा पिटवाती है। वह लोग मुझे उखाड़ना चाहते हैं। मगर यह नहीं जानते कि मेरे पांव अंगद के हैं। एक बार जो जमा दिया वह किसी के हिलाने से नहीं हिलने वाले। कारिंदे ने समझाया कि साहब किसी से बात न करने से समस्या का हल निकल जाएगा क्या। बात करके भी तो आप अपनी स्थिति समझा सकते हैं। साहब बोले तुम नहीं जानते हो, बात करने पर समझेंगे, मैं डर गया हूं, जबकि मेरा इरादा उनको डराने का है। कुछ दिन बात नहीं करूंगा तो उन्हें लगेगा कि मैं गुस्सा गया और वह डर जाएंगे। बात न करने से मेरा क्या बिगड़ेगा, मैं यहीं था और यहीं रहूंगा।

# नौकरी दिलाने का झांसा दे 2.19 लाख हड़पे, मुकदमा

**पिपरौली :** गीडा थाना क्षेत्र के अमटौरा के एक व्यक्ति को फर्टिलाइजर में संविदा पर नौकरी दिलाने के नाम जालसाजों ने 2.19 लाख रुपये हड़प लिए। पुलिस ने दो नामजद तथा एक अज्ञात के विरुद्ध धोखाधड़ी और धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। अमटौरा के गणेश श्रीवास्तव की मुलाकात देवरिया के राघवनगर मोहल्ले के नितेश तिवारी से हुई। उसने फर्टिलाइजर में संविदा पर नौकरी दिलाने का झांसा दिया और 2.20 लाख रुपये की मांग की। झांसे में आए गणेश ने दिसंबर में तीन बार में 2.19 लाख रुपये दे दिए। जालसाज ने मेडिकल जांच के बाद 30 मई को नौकरी मिल जाने की बात कही, लेकिन नौकरी नहीं मिली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने नितेश तिवारी, उसकी पत्नी गुड़िया तिवारी निवासी राघवनगर, देवरिया और एक अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया है। (जासं)

# कच्ची शराब और नौसादर के साथ दो गिरफ्तार

पिपरौली : गीडा पुलिस ने एक आटो सवार दो लोगों को कच्ची शराब व नौसादर के साथ एकला बंधे से गिरफ्तार किया। दोनों ने दो बोरे में 25-25 लीटर कच्ची शराब तथा एक किलो, 900 ग्राम नौसादर रखा था। दोनों की पहचान लौहर निषाद निवासी बेतउआ, बेलीपार और जितेंद प्रसाद निवासी मिश्रवलिया, खजनी के रूप में हुई। पुलिस ने आबकारी एक्ट में चालान कर दिया। (जासं)

# पिता-पुत्र के विरुद्ध दर्ज हुआ लूट का मुकदमा

**पिपरौली :** गीडा थाना क्षेत्र के उत्तरी कोलिया गांव में रंजिश में पिता-पुत्र ने मां व बेटियों को पीटकर घायल कर दिया और मंगलसूत्र लूटकर फरार हो गए। मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है। उत्तरी कोलिया गांव के विशुन कुमार को रंजिश में शुक्रवार की रात पट्टीदार बैजनाथ और उनका बेटा कल्लू गाली देने लगे। विरोध पर बहन ज्योति व गुड़िया को पीटने लगे। बचाव करने पहुंचीं मां शीला देवी पर हंसिया से वार कर घायल कर दिया। गुड़िया के गले से मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गए। विशुन कुमार की तहरीर पर पुलिस ने बैजनाथ व कल्लू के विरुद्ध लूट, मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)



हापुड़ में अधिवक्ताओं पर पुलिस की ओर से किए गए लाठीचार्ज के विरोध में अंबेडकर चौराहे पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता • जागरण

# अधिवक्ताओं का विरोध जारी नहीं किया न्यायिक कार्य

गोरखपुर : हापुड़ में अधिवक्ताओं पर पुलिस के लाठीचार्ज व गाजियाबाद में हुई अधिवक्ता की हत्या के विरोध में जिले के अधिवक्ताओं का आंदोलन शनिवार को भी जारी रहा। अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए न्यायिक कार्य नहीं किया।

बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट के सभागार में हुई आवश्यक बैठक में उक्त घटना में शासन-प्रशासन के कोई कार्रवाई न करने व मांगों को पूरा न करने के विरोध में अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य नहीं किया। अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय व मंत्री धीरेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने जुलूस निकालकर अंबेडकर चौक पर प्रदर्शन करते हुए पुलिस-प्रशासन की निंदा व भर्त्सना की। प्रदेश बार काउंसिल के पूर्व चेयरमैन मधुसूदन त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान सरकार वकीलों की विरोधी है। कोई निर्णय नहीं होने तक अधिवक्ता आंदोलन जारी रखेंगे। रविवार को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश आगे की लड़ाई पर निर्णय लेगी। आंदोलन में अधिवक्ताओं ने निर्णय लिया कि मांगें पूरी होने तक अधिवक्ता न्यायिक कार्य नहीं करेंगे। आंदोलन में भानु प्रताप पांडेय, अभिमन्यु पांडेय, उमापति, रत्नाकर, रवि प्रकाश शुक्ल, गिरिजेश मणि, रविन्द्र मिश्र, प्रवीण, सुनील मिश्रा, अभिजीत, राजन, सुनील त्रिपाठी, अजीत तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

जासं, गोरखपुर : गोला पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। डेहरीभार धौसहर गांव में पीड़ित और उसका भाई मुन्ना बंजर की जमीन पर रहते हैं। जमीन बंटवारे को लेकर विवाद में मुन्ना ने चाकू से पीड़ित पर वारकर दिया था। पुलिस ने मुन्ना के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया था।

# झंगहा में दो पक्षों में मारपीट, मुकदमा दर्ज

झंगहा। इलाके के जगदीशपुर गांव में दो पक्षों में रंजिश में मारपीट हो गई। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। अजीत निषाद ने दी तहरीर में लिखा है कि शुक्रवार की शाम चाचा नेबूलाल को शर्मानंद यादव के ट्रैक्टर ट्राली से गंभीर चोट लग गई थी। शर्मानंद यादव से बातचीत के लिए अजीत निषाद, आदित्य निषाद, हरिओम व गोविंद जा रहे थे। आरोप है कि शर्मानंद यादव सहित 11 लोगों ने रास्ते में उन्हें रोककर गालियां देते हुए लाठी डंडों से मारपीट की। मारपीट के दौरान नेबूलाल बेहोश हो गए। अजीत निषाद के गले से सोने की चेन और मोबाइल फोन छीन लिया गया। पुलिस तहरीर के आधार पर राजधानी हाथखाल टोला निवासी शर्मानंद यादव, उदित यादव, उदय यादव ,अवनीश, मनीष ,रिंकू, भीमानंद, दीपक, राजकुमार, रामनिवास तथा जयप्रकाश के खिलाफ केस दर्ज कर जांच कर रही है। ब्यूरो

# महिला से छेड़छाड़, साथी को चाकू लेकर दौड़ाया

पादरी बाजार (गोरखपुर)। शाहपुर इलाके के मेडिकल कॉलेज रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में शनिवार की शाम महिला मित्र के साथ अश्लील हरकत करने से मना करने पर युवकों ने कर्मचारियों के साथ मारपीट की और चाकू लेकर दौड़ा लिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस चार आरोपी युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, बेलीपार इलाके के सेवई बाजार निवासी चंदन सिंह अपने भांजे असुरन चुंगी निवासी अभिषेक सिंह के साथ मेडिकल रोड स्थित राधिका कांप्लेक्स के सामने कालिका सिलवट्टा रेस्टोरेंट चलाते हैं।

शनिवार की शाम चार बजे दो युवक अपनी महिला मित्र के साथ रेस्टोरेंट पहुंचे और डोसा आर्डर कर दूसरी मंजिल पर चले गए। आरोप है कि कर्मचारी डोसा लेकर पहुंचा तो एक युवक महिला के साथ अश्लील हरकत कर रहा था। मना करने पर कर्मचारियों से विवाद करने के बाद युवक ने फोन करके अपने मनबढ़ दोस्तों को बुला लिया। छह की संख्या में पहुंचे मनबढ़ों ने कर्मचारियों और मैनेजर को मारापीटा और चाकू लेकर दौड़ा लिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस चार युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही हैं। कार्यवाहक थाना प्रभारी अशोक यादव ने बताया कि तहरीर मिली है, केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

## भाभी का अश्लील वीडियो बनाया

रुद्रपुर। नशीला पदार्थ खिलाकर युवक ने अपनी भाभी का अश्लील वीडियो बना लिया। अब वह वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। विरोध करने पर ससुरालियों ने विवाहिता की पिटाई कर घर से निकाल दिया है। महिला ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप भी लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर मामले में कोतवाली पुलिस पति, देवर सहित तीन पर दहेज उत्पीड़न और आईटी एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर जांच कर रही है। गोरखपुर जिले के पिपराइच थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि माह अक्तूबर 2021 में उसकी शादी रुद्रपुर कोतवाली के एक गांव निवासी अकबर अली से हुई। शादी में मांग के मुताबिक दहेज भी दिया गया। उसका पति करीब एक साल से कुवैत में है। संवाद

## युवती का फोटो सोशल मीडिया में डाला

गोरखपुर। रामगढ़ताल इलाके में एक युवती की फोटो और व्हाट्सएप चैट सोशल मीडिया पर सार्वजनिक करने व मंगेतर को भेजकर शादी तोड़ने के प्रयास का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक के घरवालों से इसकी शिकायत करने पर वे मारपीट पर उतारू हो गए। गाली और जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर जीएम यादव, कुलवंत यादव और उनके परिवार वालों पर केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, युवती की मां ने केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा है कि जीएम यादव ने उनकी बेटी के मोबाइल फोन से फोटो व व्हाट्सएप चैट हासिल कर लिया। इसे सोशल मीडिया पर वायरल करने के अलावा बेटी के मंगेतर और उसके घरवालों को भेजा रहा है। जानकारी होने पर बेटी ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई। साइबर पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस बीच शिकायत करने पर कुलवंत यादव घर पर आ गया और मारपीट पर उतारू हो गया। ब्यूरो

# नौकरी के नाम पर दस लाख हड़पे, मदरसा के प्रबंधक पर केस

### हरपुर बुहहट निवासी निजामुद्दीन ने दर्ज कराया मुकदमा, महराजगंज में शिक्षक की नौकरी दिलाने का किया था वादा

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। महराजगंज के पनियरा में स्थित मदरसे में सरकारी शिक्षक की नौकरी दिलाने के नाम पर दस लाख रुपये की जालसाजी का मामला सामने आया है। हरपुर बुदहट निवासी निजामुद्दीन की तहरीर पर गोरखनाथ पुलिस ने हाफिज रमजान अली पर केस दर्ज किया है। हाफिज मदरसा जियाउल उलूम पुराना गोरखपुर गोरखनाथ के प्रबंधक हैं।

जानकारी के मुताबिक, हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी निजामुद्दीन ने दी तहरीर में लिखा है कि गोरखनाथ इलाके में स्थित मदरसा जियाउल उलूम में वह प्राइवेट शिक्षक के तौर पर काम कर रहे थे। इस दौरान उसकी मुलाकात जामिया नूसरतुल बनात चक्सा हुसैन हुसैनाबाद अहमदनगर गोरखनाथ निवासी हाफिज रमजान अली से हुई। उन्होंने खुद को मदरसा दारूल उलूम अरबिया हमीदिया पनियरा खास महराजगंज में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत होना बताया। हाफिज रमजान ने कहा कि मेरे स्कूल में शिक्षक की नियुक्ति होने वाली है। स्कूल के प्रबंधक हाजी हासिम अंसारी से उनके अच्छे संबंध हैं। निजामुद्दीन के मुताबिक, हाफिज रमजान अली ने कहा कि प्रबंधक से कहकर वह उसकी नियुक्ति कहा देगा पर इसके बदले उसे 12 लाख रुपये का इंतजाम करना पड़ेगा। इसके बाद निजामुद्दीन ने 10 लाख उसके खाते में डाल दिया। उसका साक्षात्कार भी हुआ, लेकिन नियुक्ति दूसरे की कर दी गई।

## रंजिश में मारपीट, मंगलसूत्र लूटने का आरोप

गौडा। गौडा थाना क्षेत्र के उत्तरी कोलिया गांव में पुरानी रंजिश में मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने महिला के गले से मंगलसूत्र भी लूट लिया। तहरीर के आधार पर कल्लू व बैजनाथ पर मारपीट, बलवा, धमकी और लूट की धाराओं में केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, उत्तरी कोलिया गांव निवासी विशुन कुमार ने दी तहरीर में लिखा है कि पुरानी रंजिश में 31 अगस्त को पट्टीदार कल्लू और उनके पिता बैजनाथ गाली दे रहे थे। मना करने पर पिटाई कर दी। ब्यूरो

# बच्चे को संपत्ति दिलाने के लिए शायद अब कोई मां न बने हत्यारन

### कोर्ट ने अमान्य शादी से पैदा हुए बच्चे का भी संपत्ति पर हक का दिया है आदेश, सहजनवां में नीलम ने दो सौतेले बेटे व पति की हत्या की थी

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। सुप्रीम कोर्ट के पैतृक संपत्ति पर अमान्य शादी से जन्मे बच्चे के हक के फैसले से कई को लाभ मिलेगा। शायद गोरखपुर की नीलम की तरह किसी को अब हत्यारन नहीं बनना पड़ेगा।

दूसरी शादी या फिर लिव इन में रहने के बाद जन्मे बच्चे की संपत्ति के लालच में कई नीलम अपनों को मौत की नींद सुला चुकी हैं। महिलाएं अपनी जिंदगी बसाने के समय अपना सोचती हैं, लेकिन औलाद होने पर पूरा ध्यान उस पर देने लगती हैं। गोरखपुर में इस तरह के तीन मामले ऐसे सामने आ चुके हैं, जिसमें महिलाएं औलाद को पिता की संपत्ति में हिस्सा दिलाने के लिए दर-बदर भटकने के बाद न्यायालय की शरण में जा चुकी हैं।

26 फरवरी 2023 की रात सहजनवां के वार्ड नंबर पांच सहबाजगंज में नीलम ने दूसरे पति अवधेश (35) और दो सौतेले बेटे आर्यन (7) व आरव (6) की हत्या कर दी थी। गला रेतकर हत्या करने के पीछे के कारणों की पुलिस ने जांच की तो नीलम ने जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उसकी एक बच्ची भी है, जो पहले पति से है, उसे वहां पर भी संपत्ति नहीं मिल रही। अवधेश भी अपनी संपत्ति में हिस्सा देने को तैयार नहीं था। उसने बताया था कि अवधेश की पहली पत्नी रेनू की वर्ष 2019 में कैंसर से मौत हो गई है। वर्ष 2020 में अवधेश ने उससे शादी की थी। पहले पति की भी वर्ष 2012 में कैंपियरगंज में सड़क हादसे में मौत हो चुकी है।

शादी के बाद नीलम 12 वर्षीय बेटी के साथ अवधेश के घर आ गई। अवधेश संपत्ति अपने बेटों को देने की बात कहता था। नीलम को यही डर था संपत्ति नहीं मिलेगी तो उसकी बच्ची का क्या होगा और इसी सोच में वह हत्यारन बन गई। नीलम महज एक उदाहरण हैं। इस तरह की कई नीलम हैं।

## हर दर पर गई, किसी ने नहीं सुनी मेरी फरियाद

**केस 1**

शकुंतला की शादी कैंपियरगंज इलाके में हुई थी। चार साल का बच्चा हुआ तो पति की मुंबई में मौत हो गई। बच्चे के साथ घरवालों ने निकाल दिया। मायके वालों ने भी सहारा नहीं दिया। इसके बाद एक दुकान पर काम करने लगीं। शकुंतला कहा कि बेटे की बेहतर परवरिश के लिए दूसरी शादी कर ली, लेकिन दूसरे पति ने कुछ दिन बाद ही छोड़ दिया। बेटे को संपत्ति मिल जाए, इसके लिए हर दर पर गई। लेकिन किसी ने नहीं सुनी। थक हारकर 2020 में कोर्ट में आवेदन दी। अब इस कानून से लगता है कि बेटे को अधिकार मिल जाएगा।

## गर्भवती होने के बाद शादी से किया इन्कार

**केस 2**

रुस्तमपुर की रहने वाली युवती प्रयागराज में तैयारी के लिए गई थी। वहीं पर उसका एक युवक से प्रेम संबंध हो गया। गर्भवती होने पर युवक ने शादी से इंकार कर दिया। घरवालों ने गर्भपात कराने को कहा, लेकिन वह तैयार नहीं हुई। युवती ने केस दर्ज कराया और युवक को पुलिस ने जेल भी भेज दिया, लेकिन बाद में पैदा हुई बच्ची की परवरिश अब युवती के सामने सबसे बड़ी मुसीबत है। गोरखपुर में ताने की वजह से नहीं रह सकती। लखनऊ में विधवा बनकर रहती हूं। अब लगता है कि बेटी को उसका हक मिल जाएगा।



लिव इन और तलाक के बाद दूसरी शादी कर लोग अपनी गृहस्थी को नए सिरे से शुरू भी करते हैं। अब ऐसे मामलों में पैदा हुए बच्चों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। पहले भी यह कानून था, लेकिन प्रक्रिया लंबी थी, अब आसानी होगी।

-शक्ति प्रकाश श्रीवास्तव,
वरिष्ठ अधिवक्ता

# टैंकर से तेल चोरी में प्रधान प्रतिनिधि गिरफ्तार

**चौरीचौरा (गोरखपुर)।** चौरीचौरा इलाके में बैतालपुर डिपो के टैंकर से तेल चोरी मामले में प्रधान प्रतिनिधि सूर्य देव यादव को पुलिस ने निबिहवा ओवरब्रिज से शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। इसके पहले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर गिरोह का पर्दाफाश किया था। दर्ज केस में सूर्यदेव वांछित था। आरोपी चौरी गांव का निवासी है। जानकारी के मुताबिक, चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम चौरी में स्थित मझना नाला के पास बृहस्पतिवार की दोपहर में टैंकर से चोरी से डीजल व पेट्रोल निकालने के अड्डे पर छापेमारी कर पुलिस ने तीन टैंकर को पकड़ा था। ब्यूरो

# हापुड़ की घटना के विरोध में गरजे अधिवक्ता

## कचहरी से आंबेडकर चौक तक लगा जाम, राहगीर हुए परेशान, न्यायिक कार्य से विरत रहे, आसपास मुस्तैद रही पुलिस

अमर उजाला ब्यूरो




गाजियाबाद में अधिवक्ता की हत्या और हापुड़ में अधिवक्ताओं के ऊपर हुए लाठीचार्ज के विरोध में आंबेडकर चौक पर विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता। संवाद

गोरखपुर। हापुड़ और गाजियाबाद की घटना के विरोध में शनिवार को गोरखपुर दीवानी न्यायालय के अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया। इसके चलते दिनभर न्यायिक कामकाज ठप रहा। बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट के अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

फिर नारेबाजी करते हुए कचहरी से आंबेडकर चौक तक जुलूस की शक्ल में गए। इस दौरान जाम लग गया और राहगीरों को परेशानी हुई। सीओ कैंट योगेंद्र सिंह ने ज्ञापन के जरिए संदेश पहुंचाने की बात कहकर अधिवक्ताओं को शांत कराया।

प्रदर्शन से पहले बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट के सभागार में बैठक की गई। इसमें हापुड़ व गाजियाबाद की घटना में शासन-प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई न करने व मांगों को पूरा न करने पर विरोध जताया गया।

अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। इसके बाद एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं मंत्री के नेतृत्व और बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य मधुसूदन त्रिपाठी की उपस्थिति में अधिवक्ताओं ने जुलूस निकाला।

प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य मधुसूदन त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान सरकार अधिवक्ताओं की विरोधी है। जब तक कोई निर्णय नहीं आता है, तब तक अधिवक्ता आंदोलन जारी रखेंगे।

रविवार को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश आगे की लड़ाई पर निर्णय लेगी। इस दौरान अभिमन्यु पांडेय, उमापति उपाध्याय, भानु प्रताप पांडेय, रत्नाकर सिंह, रवि प्रकाश शुक्ल, गिरिजेश मणि त्रिपाठी, अभिजीत, राजन, सुनील त्रिपाठी, अजीत तिवारी, सुभाष शुक्ल सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे।

# गोविवि : निलंबित प्रोफेसर ने कुलपति और कुलसचिव के खिलाफ दी तहरीर

संवाद न्यूज एजेंसी

### 24 पन्नों के साक्ष्य और सात पन्नों की तहरीर में व्यक्त की पीड़ा





28 अगस्त को प्रकाशित खबर।

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के निलंबित प्रोफेसर कमलेश गुप्ता ने शनिवार की शाम को कैंट पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर में उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सात पन्नों की तहरीर के साथ उन्होंने 24 पन्नों का साक्ष्य भी दिया है।

प्रो. गुप्ता ने एडीजी जोन अखिल कुमार, आईजी जे रविन्द्र गौड़, एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर को भी तहरीर ईमेल की है। तहरीर में लिखा है कि कुलपति प्रो. राजेश सिंह का कार्यकाल चार सितंबर को समाप्त हो रहा है। उनको अपनी व्यक्तिगत पत्रावली के गायब किए जाने, क्षतिग्रस्त किए जाने या षड़यंत्रपूर्वक पूर्वाग्रह के तहत उसमें प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज किए जाने की आशंका है। इसलिए उन्होंने 27 अगस्त को कुलसचिव प्रो. अजय सिंह से अपनी व्यक्तिगत पत्रावली दिखाने की मांग की थी, जो आज तक पूरी नहीं हुई।

उन्होंने साक्ष्य के रूप में 24 पन्नों का संलग्नक लगाते हुए लिखा है कि उनके खिलाफ जालसाजी, कूटरचना और षड़यंत्र किया गया है। फर्जी शिकायती पत्रों का संज्ञान लेकर जिन आरोपों में उनको निलंबित किया गया, उन पर आज तक कोई जांच समिति गठित नहीं की गई है। संलग्नक साक्ष्यों से विश्वविद्यालय प्रशासन की कूटरचना का पता चलता है।

आरोप लगाया है कि अनियमितताओं के उजागर होने के डर से उनके खिलाफ षड़यंत्र रच बार-बार निलंबित कर प्रताड़ित किया जा रहा है। इस संबंध में कैंट इंस्पेक्टर रणधीर मिश्रा ने बताया कि उनको तहरीर अभी नहीं मिली है।

**मनमानी** रामगढ़ताल पुलिस ने दर्ज किया केस, 26 अगस्त को चौकी में तहरीर देने पर नहीं हुई थी कार्रवाई

# नौकायन पर स्टंट कर रहे बाइक सवारों ने कार में मारी टक्कर

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** नौकायन के पास फिर से स्टंट करने का मामला सामने आया है। एक लड़की और दो किशोर बाइक से स्टंट कर रहे थे। उनकी बाइक की टक्कर से एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। स्टंट करने वाले हेलमेट भी नहीं लगाए थे, ऐसे में हादसे में उनकी जान भी जा सकती थी।

पीड़ित शशिकांत जायसवाल ने रामगढ़ताल थाने में केस दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि 26 अगस्त को नौकायन चौकी पर तहरीर देने के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई थी। बाद में थाने में केस दर्ज किया गया।

### पीड़ित का आरोप, बिना हेलमेट के एक बाइक पर एक लड़की और दो किशोर कर रहे थे स्टंट



जानकारी के मुताबिक, न्यू विवेकपुरम कॉलोनी शशिकांत ने तहरीर में लिखा है कि 26 अगस्त को मैं अपनी कार से चालक के साथ घर से निकला था। नौकायन के पास सड़क पर एक लड़की और दो नाबालिग लड़के स्टंट कर रहे थे। उन्होंने हेलमेट भी नहीं लगाया था।


नौकायन पर तेज कार की टक्कर से दंपती घायल
रामगढ़ताल पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुटी, राहगीर ने दी पुलिस को हादसे की सूचना

अमर उजाला में 28 अगस्त के अंक में प्रकाशित खबर।

अचानक उनकी बाइक, कार से टकरा गई। वह तो बच गए, लेकिन कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

पुलिस को सूचना देने पर बाइक पकड़ी गई, लेकिन केस दर्ज नहीं किया गया। पीड़ित का कहना है कि रोड पर जिस तरह से स्टंट किया जा रहा था, बड़ा हादसा हो सकता था। नौकायन चौकी पर केस दर्ज न होने के बाद शशिकांत ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर


गोरखपुर के मरीन ड्राइव तो जाएं मगर इन स्टंटबाज मनचलों-नरोड़ियों से कौन बचाए

24 जून को प्रकाशित खबर।

शुक्रवार को केस दर्ज किया और मामले की जांच कर रही है।

# चाची कहकर ऑटो में बैठाकर ठगने वाला गिरोह धरा गया

## नकली नोटों की गड्डी गिराकर महिलाओं के उतरवा लेते थे गहने, तीन वारदात का पर्दाफाश, सोने के गहने और नकदी बरामद

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** चाची कहकर ऑटो में बैठाकर जालसाजी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने शनिवार को चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला है कि आरोपी अधेड़ महिलाओं को ऑटो में चाची कहकर बैठा लेते थे, फिर कागज की गड्डी में ऊपर और नीचे असली नोट लगाकर गिरा देते थे। बताते थे कि ये तीस हजार रुपये हैं, आपका जेवर कितने का है। महिला के यह कहने पर कि तीस हजार से कम का है।

जालसाज महिला को तीस हजार रुपये देने का ऑफर देते थे। रुपयों के लालच में महिलाएं अपना जेवर दे देती थीं। बाद में रुपयों की सचाई सामने आने पर केस

### चार आरोपी गिरफ्तार, मऊ रक्सौल और वाराणसी में भी कर चुके हैं वारदात

दर्ज कराती थीं। आरोपियों के पास से पुलिस ने एक ऑटो, सोने के गहने व एक हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। उन्हें पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से आरोपी जेल भेज दिए गए।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई व सीओ कैंट योगेंद्र सिंह ने पुलिस लाइंस में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पकड़े गए आरोपियों के बारे में जानकारी दी। एसपी ने बताया कि आरोपी ऑटो से वारदात करते थे। वाराणसी, मऊ, रक्सौल तक जालसाजी कर चुके हैं। गिरोह ने गोरखपुर में दो घटनाएं की थीं। ताजा



जालसाजी और लूट के आरोपी। संवाद

### इनकी हुई गिरफ्तारी

*पुलिस ने राजघाट के लालडिग्गी निवासी करन, चिलुआताल के करीमनगर निवासी रोहित उर्फ चकवा, उसके भाई शनि उर्फ पकवा, देवरिया जनपद के रुद्रपुर के वार्ड नंबर छह निवासी महावीर कुमार पटेल को गिरफ्तार किया है। करन पर 12 केस दर्ज हैं। रोहित पर नौ, शनि पर आठ, महावीर पर दो केस दर्ज हैं।*

मामला 31 अगस्त को सामने आया था। कैंट इलाके के खजनी के सराय तिवारी निवासी कविता देवी रक्षाबंधन पर घर से निकली थीं। जालसाजों ने पहले उन्हें ऑटो में बैठाया, फिर नकली नोटों की गड्डी गिराकर जेवर उतरवा लिए थे। इसके पहले एम्स इलाके में लक्ष्मी देवी के साथ भी आरोपियों ने वारदात की थी।

घटनाएं सामने आने के बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल फोन की मदद से आरोपियों की तलाश में जुटी थी। प्रभारी निरीक्षक रणधीर मिश्रा की टीम को मुखबिर से आरोपियों के बारे में सूचना मिली। शनिवार को पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर घटनाओं का पर्दाफाश किया।

### *मोबाइल फोन व सीसीटीवी कैमरे की मदद से दबोचे गए*

*पुलिस ने आरोपियों को मोबाइल फोन व सीसीटीवी कैमरे की मदद से दबोचा है। 21 अगस्त को खजनी की कविता से जालसाजी करते समय बदमाशों ने उनका मोबाइल फोन भी चुरा लिया था। कविता तत्काल थाने पहुंची और इसकी शिकायत की। कैंट पुलिस ने तत्काल मोबाइल फोन का लोकेशन को ट्रेस किया। फिर उस लोकेशन के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला, जिसकी मदद से ऑटो का नंबर पुलिस को मिल गया।*

# बहनों के लापता होने की सूचना पर दौड़ी पुलिस

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवां के एक गांव से शनिवार को घर से नकदी व जेवर लेकर सगी बहनों के लापता होने की सूचना पर पुलिस दौड़ पड़ी। बताया गया कि एक जीप से दोनों को कोई लेकर चला गया। पुलिस केस दर्ज करने की तैयारी में थी, लेकिन इसी बीच मोबाइल नंबर की मदद से बहनों की लोकेशन मिल गई। थाने आने पर उन दोनों ने खुद के बालिग होने की जानकारी देते हुए खुद ही घर से जाने की बात कही। दूसरे, वे नकदी व जेवर भी नहीं ले गई थीं। इसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। पुलिस ने दोनों का बयान दर्ज किया और आगे की कार्रवाई कर रही है। ब्यूरो

# महंत के दफनाए गए शव का पोस्टमार्टम कराएगी पुलिस

## मौत की गुत्थी सुलझाने मठ पहुंची पुलिस, दर्ज किए बयान, 12 लोगों की मौजूदगी में दी गई थी समाधि, आरोपों में घिरे संत के पास था सेवा का अधिकार

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। खजनी थाना क्षेत्र के खजुरी गांव में संत बनारसीबाबा संत आश्रम में महंत हीरालालदास (87) को रहस्यमय हालत में मौत और शव दफनाने के मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस शनिवार को मठ पहुंची। शुरुआती जांच में पुलिस को पता चला है कि दो गुटों में से एक ने 12 लोगों की मौजूदगी में महंत को समाधि दी थी।

आरोपों से घिरे महंत रामप्रसाद दास ने वरासत का कागज दिखाया है, जिसमें वाराणसी प्रमुख की ओर से हीरालालदास की सेवा का अधिकार महंत रामप्रसाद दास को देने का जिक्र है। फिलहाल, पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। महंत के शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए पुलिस, मजिस्ट्रेट से अनुमति लेने की तैयारी में है।

जानकारी के मुताबिक, सद्गुरु कबीर चरण पादुका घासी कटरा गोरखपुर के महंत हीरालालदास की खजुरी के मठ में मौत हो गई थी।

### शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए मजिस्ट्रेट से अनुमति लेने की तैयारी में जुटी पुलिस

पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपों से घिरे महंत के पास हीरालालदास की सेवा और उन्हें साथ रखने का अधिकार होने की जानकारी सामने आई है। पुलिस मामला में जांच कर साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करेगी।

– अरुण कुमार सिंह, एसपी साउथ

वहीं पर उन्हें समाधि दी गई, लेकिन घासीकटरा के महंत हरीश चंद्र दास ने एसपी को प्रार्थनापत्र देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि 100 बीघा जमीन के लिए महंत की हत्या कर शव को दफना दिया गया। समाज के लोगों को इसकी सूचना भी नहीं दी गई।

इसी सूचना पर खजनी पुलिस ने जांच शुरू की है। आरोपों से घिरे महंत रामप्रसाद दास शनिवार को खजनी थाने में दस्तावेजों के साथ पहुंचे थे। उन्होंने सभी कागजात पुलिस को जांच के लिए सौंप दिए। पुलिस को महंत को समाधि देने का वीडियो व फोटो भी सौंपा गया है। पुलिस उस दौरान मौजूद रहे लोगों का बयान भी दर्ज करेगी।



महंत हीरालालदास को समाधि देते वक्त की तस्वीर। संवाद



महंत हीरालालदास। (फाइल फोटो)




2 सितंबर को प्रकाशित खबर।






खजुरी गांव स्थित मठ के इसी जगह पर महंत हीरालालदास की है समाधी। संवाद

### आसपास के लोगों को भी पुलिस से हुई घटना की जानकारी

मठ के आसपास रहने वाले लोगों को भी महंत की मौत की भनक नहीं लगी। शुक्रवार को जब पुलिस अचानक मठ में पहुंची तो क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। इसके बाद ही वहां के लोगों को भी महंत हीरालालदास के मौत की जानकारी हो गई। इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चा भी है। फिलहाल, पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है। शव को मजिस्ट्रेट की अनुमति से ही निकाला जा सकता है, इस वजह से पुलिस जांच के बाद पड़ताल करेगी।

**यह है मामला**

घासीकटरा के महंत हीरालालदास पिछले कुछ समय से खजुरी गांव स्थित मठ में रह रहे थे। वहीं पर इनकी मौत हुई है और फिर समाधि दी गई। घासीकटरा के वर्तमान महंत हरीश चंद्र दास का आरोप है कि जमीन के लालच में उनकी हत्या कर शव को वहीं दफना दिया गया। एसपी को दिए प्रार्थना पत्र पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-03-09-2023

## अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस

सलेमपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के लापता होने के मामले में पुलिस ने उसकी मां के तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उनकी तबीयत खराब रहती है। वह लखनऊ दवा कराने के लिए गईं थीं। वहीं उनकी बेटी भी रहती है। घर पर दादी का तबीयत खराब होने के कारण बेटी 25 अगस्त को कृषक एक्सप्रेस से लखनऊ से सलेमपुर के लिए गई। लेकिन वह घर तक नही पहुंची है। बेटी 26 अगस्त को सलेमपुर में ढाला उस पार एक शिक्षक से मिली और तभी से लापता है। आसपास के जगहों पर उसकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। संवाद

## कोर्ट के आदेश पर दो लोगों पर धोखाधड़ी का केस

सलेम्पुर। विदेश भेजने के नाम पर फर्जी वीजा दिए जाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो के विरुद्ध शनिवार को धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। कोतवाली के नादघाट गांव के रहने वाले राज कुमार गुप्ता ने पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया है कि एक वर्ष पूर्व बक्सर बिहार के एक व्यक्ति से उनका संपर्क हुआ तो उसने विदेश भेजने की बात कही। उसकी बातों में आकर राजकुमार ने विदेश जाने की सहमति जताई। इसके बाद उसने इमरान आलम व महबूब आलम नामक एक कंपनी के एजेंट से मुलाकात कराई। एजेंटों ने राजकुमार से डेढ़ लाख रुपये लेकर रोजिया कंपनी मालद्वीप में भेजे जाने का वीजा देने की बात कही। संवाद

# महिलाओं ने धरना देकर एसडीएम को सौंपा तीन सूत्री ज्ञापन

भाटपाररानी। अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला संगठन की महिलाओं ने शनिवार को तहसील मुख्यालय पर अयोध्या में सरजू एक्सप्रेस ट्रेन में महिला कांस्टेबल के साथ अपराधियों द्वारा किए गए अमानवीय कृत्य के विरुद्ध धरना दिया। उन्होंने राज्यपाल को संबोधित तीन सूत्री ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में महिलाओं ने मांग की है कि घटना में शामिल सभी अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दीं जाए। ट्रेनों में सफर कर रही महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाई जाए। महिलाओं पर हिंसा और उत्पीड़न की घटनाओं पर तत्काल रोक लगाई जाए। इस दौरान संगठन की जिला सचिव पूनम यादव, मीना देवी, रेशमी देवी, रिंकू देवी, सुशीला आदि महिलाएं मौजूद रहीं। संवाद

# पांच महिलाओं सहित नौ पर जानलेवा हमले का केस

देवरिया। युवक को जान से मारने के प्रयास के मामले में पुलिस ने पांच महिलाओं और चार पुरुषों पर केस दर्ज किया है। आरोप है कि वह उसके घर में झांक रहा था, इसी बीच सभी ने गोलबंद होकर उसकी पिटाई कर दी। मामले में पीड़ित के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थी। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के उधोपुर गांव निवासी संदीप कन्नौजिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि सुबह में घर में झांकने को लेकर पड़ोस के दीपक, राहुल, जयनाथ, जिलेबा देवी, किरन देवी, चंदा, वंदना देवी, सत्यम् और फुलकली ने भाई संजय पर गोलबंद होकर हमला कर दिया। इसमें उसका सिर फट गया व पैर टूट गया। संवाद

# चेन छीनने और बाइक तोड़ने के मामले में चार पर केस

देवरिया। बरियारपुर थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव के रहने वाले आशीष मिश्रा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया है कि 21 अगस्त की रात को वह घर जा रहा था, इसी बीच किसी व्यक्ति का मोबाइल फोन आया और उसने शहर के अमरज्योति चौराहे पर किसी जरूरी काम से आने की बात कही। वहां पहुंचने पर बरियारपुर क्षेत्र के प्रद्युम्न तिवारी, अभिषेक तिवारी, शिवम मिश्रा और अभिषेक मिश्रा गाली देते हुए मारने पीटने लगे। इसी बीच हमलावरों ने गले का सोने का चेन छिन लिया और बाइक को तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने चार लोगों पर केस दर्ज किया है। संवाद

# दहेज में मोटरसाइकिल और चेन मांगने का आरोप

देवरिया। बनकटा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को तहरीर देकर पति, सास व जेठानी पर दहेज में मोटर साइकिल व सोने की चेन मांगने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के हाटपोखर गांव के बृजेश यादव की पत्नी पुष्पा देवी ने पुलिस को पत्र देकर आरोप लगाया कि शादी के पांच साल बीत जाने के बाद पति, सास व जेठानी पिता से दहेज दिलाने के लिए दबाव बना रहे हैं। दहेज न देने पर घर से निकाल देने की धमकी भी दे रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार मिश्र ने बताया कि शिकायत मिली है। जांचकर उचित कार्रवाई होगी। संवाद

# चोरी की पांच बाइकें बरामद, दो गिरफ्तार

भाटपाररानी। श्रीरामपुर थाने की पुलिस ने चोरी की पांच बाइकों के साथ दो लोगों को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पकड़े गए बदमाशों की निशानदेही पर पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों से चोरी की पांच बाइकों को बरामद किया है। आरोपियों पर बिहार के गोपालगंज जनपद तथा उत्तर प्रदेश के देवरिया के श्रीरामपुर और भटनी थाने में एमवी एक्ट तथा आबकारी एक्ट के कई केस दर्ज हैं। संवाद

# महिला की पिटाई के मामले में चार पर केस

देवरिया। सदर कोतवाली क्षेत्र के भेलापार गांव के रहने लक्ष्मण चौहान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि पत्नी सुनैना देवी 29 अगस्त को खेत में सब्जी तोड़ने के लिए गई थी। इसी बीच गांव के ही सन्नी, सोमना, साहब लाल और पूनम ने उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

# युवक पर छेड़खानी का केस दर्ज

देवरिया। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया है कि वह गांव के बाहर परिजनों के साथ घर बनवा कर रहती है। गांव का धनंजय पाल उसको अक्सर परेशान करते रहता है और कहीं देखने पर अभद्र भाषा का प्रयोग करता है तथा सुनसान जगह देखकर हाथ पकड़ लेता है। मामले में पुलिस ने युवक के विरुद्ध छेड़खानी का केस दर्ज किया है। संवाद

# दहेज के लिए प्रताड़ित करने के आरोप में तीन पर केस

देवरिया। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के बड़हरा गांव की रहने वाली सुधा भारती ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बृहस्पतिवार को सास कैलाशी देवी, पति बलिराम और विमला देवी 55 हजार रुपये दहेज की मांग रहे थे,. जिसका विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए पिटाई कर दी। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मारपीट व दहेज के लिए प्रताड़ित करने का केस दर्ज किया है। संवाद

## शराब के साथ दो गिरफ्तार

देवरिया। श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के भवानी छापर झरही नदी के पास से शनिवार को पुलिस ने मीरगंज के पिपरा गोसाई गांव के मनीष गिरी को 26 पाउच देशी शराब व चकिया कोठी के पास से पिपरा गोसाई गांव के उपेन्द्र गिरी को 24 शीशी देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम में चालान कर दिया। संवाद

## मोपेड में लगी आग

सलेमपुर। रामजानकी मार्ग पर शनिवार दोपहर में सुतावर पेट्रोल पंप के पास एक चलती मोपेड में आग लग गई। आग देख मोपेड सवार गाड़ी छोड़ कर किनारे भागा। आग लगने का कारण शॉर्ट-सर्किट बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक बिहार के गुठनी थाना क्षेत्र के गुड्डू कुमार किसी काम से लार आए थे। वे अपना काम निपटा कर वापस जा रहे थे। इसी बीच उनकी टीवीएस मोपेड में आग लग गई और धू-धू कर जलने लगी। इससे अफरा-तफरी का माहौल हो गया। संवाद

## अवैध देसी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

देवरिया। बनकटा थाना क्षेत्र के ताली मठिया मोड़ के पास से बाइक चालक को पुलिस ने रोका। तलाशी लेने पर बाइक से देसी शराब के 37 पाउच बरामद हुए। पकड़े गए शराब तस्कर की पहचान अजय कुमार यादव निवासी ग्राम बहेलिया थाना गुठनी जिला सिवान बिहार के रूप में हुई। पकड़े हुए व्यक्ति के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। संवाद

## पट्टीदारी के विवाद में मारपीट, केस दर्ज

सलेमपुर। लार थाना क्षेत्र के अजना गांव में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने इसरावती देवी पत्नी राजनाथ विश्वकर्मा की तहरीर पर स्वामीनाथ विश्वकर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसरावती देवी ने अपने पट्टीदार पर लाठी-डंडा से मारने व गाली देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में स्वामीनाथ के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। संवाद

# चोरी व रंगदारी की घटनाओं पर व्यापारियों ने जताई चिंता, सांसद को सौंपा ज्ञापन

**सलेमपुर।** संयुक्त व्यापार समिति के व्यापारियों ने शनिवार को सांसद रविंद्र कुशवाहा से मुलाकात कर चोरी और रंगदारी की बढ़ रही घटनाओं पर चिंता जताई। व्यापारियों ने सांसद को ज्ञापन सौंपकर दो माह के अंदर नगर में चोरी की घटनाओं व रंगदारी की घटना से अवगत कराते हुए उनके खुलासे की मांग की। संयुक्त व्यापार समिति के संयोजक सतीश चंद्र जायसवाल ने कहा कि नगर में लगातार चोरी व रंगदारी की घटनाएं शुरू हो गई हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो महीने में नगर में सात चोरी की घटनाएं व दो रंगदारी की घटनाएं हुईं। पीड़ित व्यापारी संतोष चौरसिया के वहां पांच दिनों में दो बार चोरी की घटनाएं हुईं। उसने सलेमपुर कोतवाली में नामजद तहरीर भी दी, लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं की। संतोष चौरसिया के बगल में पप्पू यादव की भी दुकान है वहां भी एक माह पूर्व चोरी की घटना हुई, तहरीर देने के बाद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इन घटनाओं से परेशान होकर यहां के व्यापारी एक दिन चोर को पकड़ कर कोतवाली ले गए, लेकिन कोतवाली से पकड़े गए चोर को छोड़ दिया गया। टीचर कालोनी के निर्भय जायसवाल व भठवां धरमपुर के शकील अहमद के घरों में भी चोरी की वारदात हुई। आदर्श सिंह से 50 लाख रंगदारी की मांग की गई। इन सभी घटनाओं से व्यापारियों में दहशत है। पर्यावरण प्रहरी शमशाद मलिक ने बताया कि पहले नगर की गलियों में पुलिस हूटर बजाते हुए रात भर पेट्रोलिंग करती थी। अपराधियों में भय था और अपराध का ग्राफ गिरा था। सांसद रविंद्र कुशवाहा ने व्यापारियों से घटनाओं पर अंकुश लगाने का आश्वासन दिया। उन्होंने इसको लेकर एसपी से बात की। इस दौरान संयुक्त व्यापार समिति के संयोजक सतीश चंद्र जायसवाल, रतन गुप्ता, इसरार अहमद डंपी, लक्ष्मण गुप्ता, सचिन वर्मा आदि मौजूद रहे। संवाद



रामचक गांव में चौपाल के दौरान विभिन्न विभागों के स्टाल का जायजा लेते जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक। संवाद

# ग्रामीणों ने नलकूप से पानी नहीं चलने की शिकायत की, डीएम ने जांच के दिए निर्देश

रुद्रपुर। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को रामचक गांव में विकास कार्यों की भौतिकता से रूबरू होने के लिए चौपाल लगाई। इस दौरान गांव में विकास कार्यों की धरातल पर समीक्षा की।

डीएम और एसपी ने चौपाल में विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉलों की प्रदर्शनी का जायजा लिया। गांव वालों ने चौपाल के दिन गांव में नलकूप से पानी न चालू होने की शिकायत की। डीएम अखंड प्रताप सिंह और एसपी संकल्प शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित चौपाल में ग्रामीणों ने नलकूप से पानी नहीं चलने की शिकायत की। उन्होंने कहा कि ऑपरेटर शनिवार की सुबह मशीन चालू करने गांव में पहुंचे। दो माह से नलकूप बंद होने के कारण गांव में धान की फसलों को नुकसान झेलना पड़ा। डीएम ने जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

उन्होंने गांव में मनरेगा से हुए कार्यों की समीक्षा की। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पोषण माह के तहत प्रदर्शनी लगाई। गोद भराई की रस्म पूरा करने के बाद डीएम और एसपी ने दो नौनिहालों का अन्नप्राशन कराया। उन्होंने कृषि विभाग, आयुर्वेद विभाग, गन्ना विभाग और बेसिक शिक्षा विभाग की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। डीएम ने बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों के स्टॉल की प्रशंसा की। संवाद



अस्पताल सील करातीं एसडीएम। संवाद

## नहीं दिखा सके पंजीकरण प्रमाणपत्र, प्राइवेट अस्पताल किया सील

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। जिलाधिकारी के आदेश पर शनिवार को ब्लॉक के मगहरा में एक प्राइवेट अस्पताल को एसडीएम सीमा पांडेय ने सील कर दिया। एसडीएम के साथ पहुंचे नायब तहसीलदार व एमओआईसी की टीम की जांच में अस्पताल के संचालक डॉ.आईडी सागर व प्रेमशीला सागर मौके पर मिले। संचालक से अस्पताल का पंजीकरण प्रमाण पत्र मांगा गया तो वे उपलब्ध नहीं करा सके।

### जांच करने पहुंची एसडीएम की टीम ने की कार्रवाई

टीम ने प्रथम दृष्टया अस्पताल को अवैध रूप से संचालित मानते हुए सील कर दिया गया। अस्पताल के अंदर एक दवा की दुकान संचालित मिली। मौके पर संदिहास्पद गतिविधियों को देखते हुए यशोदा आरोग्य केंद्र के नाम से संचालित अस्पताल में जांच के दौरान डॉ. आईडी सागर के भतीजे रितिक राज, कृष्ण सागर एवं उनके सगे भाई अरविंद आर्यन, उनकी पत्नी डॉ. प्रमिला सागर, शिवाजी पांडेय निवासी टीचर कालोनी सलेमपुर, सुहानी कुशवाहा निवासी बनरही मौके पर मिले। एसडीएम सीमा पांडेय ने बताया कि जांच में अस्पताल का पंजीकरण प्रमाण पत्र नहीं मिला।

# मगहरा चौराहे पर चलाये जा रहे अवैध अस्पताल सील

मगहरा। खुखुंदू थाने के मगहरा चौराहे पर चल रहे अवैध अस्पताल को उपजिलाधिकारी सलेमपुर ने शनिवार को सील करा दिया। इस अस्पताल को पूर्व में कुछ माह भी सील कराया गया था। कई वर्षो से मगहरा चौराहे पर एक अस्पताल अवैध अस्पताल संचालित किया जा रहा था। शनिवार की शाम को उपजिलाधिकारी सलेमपुर सीमा पांडेय के नेतृत्व में तहसीलदार और नायब तहसीलदार की संयुक्त टीम इस अस्पताल पर पहुची। अधिकारियों को देखते ही अस्पताल के मरीज भाग खड़े हुए तथा उसके कर्मचारी भी इधर उधर खिसकने लगे। अस्पताल का कागज मांगने पर कथित डक्टर और उसकी पत्नी द्वारा कोई कागज उपलब्ध नही कराया जा सका। पूछ ताछ में कार्य कर रहे डक्टर के पास भी कोई



डिग्री न होने की बात सामने आई। अस्पताल में काम कर रही लड़कियों और लड़कों के पास भी कोई डिग्री नही मिली। उपजिलाधिकारी ने फोन कर खुखुंदू पुलिस को भी बुला लिया। सभी अधिकारियों और पुलिस बल की उपस्थिति में अस्पताल को सील कराया गया। चौराहे पर पुलिस और अधिकारियों को देख कर भारी भीड़ जमा हो गयी। लोग तरह तरह की बाते कर रहे थे।

# आए 24 मामले, चार का निस्तारण

भाटपार रानी (एसएनबी)। तहसील सभागार में शनिवार को अपर जिला अधिकारी गौरव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 24 शिकायती पत्र आए।आए शिकायती पत्रों मे राजस्व विभाग के चार मामलों का अपर जिलाधिकारी ने तत्काल मौके पर निस्तारण कर दिया। अन्य शिकायती पत्रों में राजस्व विभाग के 9,पुलिस के6, विकास के दो ,शिक्षा का एक व ,अन्य 7 मामले सम्मिलित रहे। शेष शिकायतों का अपर जिला अधिकारी गौरव श्रीवास्तव ने हर हाल में अगले संपूर्ण समाधान दिवस तक निस्तारण करने का सख्त निर्देश दिया। लंबित मामले पाए जाने पर उन्होंने कार्रवाई किए जाने की चेतावनी भी दिया। इस दौरान उप जिला अधिकारी अंगद यादव ,तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा ,सीओ चकबंदी राम अवध यादव, एसडीओ विद्युत कामतानाथ पांडे सहित तहसील के सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# भय के साये में जी रहा पीड़िता का परिवार पुलिस ने नहीं ली तहरीर

बनकटा/रामपुर बुजुर्ग/अकटही बाजार(एसएनबी)। थाना क्षेत्र के भटवलिया पांडेय गांव में दबंग पट्टीदारों द्वारा कथित तौर पर छेड़छाड़ की शिकायत से बौखला कर एक युवती की सोते समय उसके छत से उठाकर अनैतिक काम करते हुए उसकी हत्या करने के बाद रस्सी से हांथ पैर बांध कर घटना का दूसरा मोड़ देने के लिए शव को बिहार सीमा में रेलवे लाइन पर रख दिये जिससे युवती के कमर के पास से शव के दो टुकड़े हो गए थे।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतका के दाएं हाथ पैर में रस्सी बंधी हुई थी उसी प्रकार की रस्सी आरोपी के घर कपड़ा टांगने वाली रेंगनी बनाई गई थी जिसे पुलिस ने बरामद कर थाने ले आयी है।रेंगनी से काटी गई रस्सी से लोगों का शक और गहरा हो गया है। इस मामले में मुकामी पुलिस द्वारा अभी तक एफआईआर तक दर्ज नहीं किया गया है।पीड़िता का परिवार भय के साये में जी रहा है उसे भय है कि पुलिस आरोपी की मदद कर रही है और उसके जिंदा बचे परिवार के अन्य किसी सदस्य के साथ.भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना घट सकती है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस : डीएम व एसपी ने सुनीं फरियाद

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय तहसील सभागार में सितंबर माह के प्रथम शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा द्वारा जनता की समस्याओं को गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निराकरण करने के सम्बन्ध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। जिलाधिकारी ने कहा कि लेखपाल अपने हलके में नियमित रूप से भ्रमणशील रहें। भूमि विवादों का समाधान कराएं। खलिहान की भूमि, चकरोड अथवा नाला सहित सार्वजनिक भूमि पर किसी भी तरह के अतिक्रमण को हटवाए तथा उसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली अधिकांश शिकायतें पैमाइश, पारिवारिक संपत्ति विवाद, खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जे से जुड़ी होती है। यदि लेखपाल अपने क्षेत्र में सक्रिय रहेंगे तो शिकायतों की संख्या में भी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी लेखपाल के द्वारा अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही मिली तो सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रयास यह हो कि कोई भी फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर कहीं न भटके। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का निस्तारण आज नहीं हो सका है उनका एक सप्ताह के अंदर शासन की मंशानुसार गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण हो जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जो समस्याएं जिस स्तर की हैं उनका समाधान उसी स्तर पर सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने पुलिस विभाग से जुड़े मामलों की सुनवायी की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को प्राप्त सभी सन्दर्भों का निस्तारण प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया। इस दौरान कुल 81 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के (37), पुलिस विभाग के (21), विकास विभाग के (06), खाद्य एवं रसद विभाग के (01), समाज कल्याण विभाग के (02) तथा अन्य विभाग के 14 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिनमें से 06 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया। अवशेष 75 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समाधान के निर्देश के साथ सौंप दिया गया। इस अवसर पर डीएफओ जगदीश आर, एसडीएम विपिन द्विवेदी, सीओ जिलाजीत, जिला विकास अधिकारी रविशंकर राय, पीडी अनिल कुमार, डीएसओ संजय पांडेय, डीपीआरओ सर्वेश पांडेय, कोतवाल रुद्रपुर नवीन कुमार सिंह, एसओ एकौना, मदनपुर सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी खंड विकास अधिकारी एवं थानाध्यक्ष गण उपस्थित थे।



सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनते डीएम व एसपी।

# सीडीओ ने तहसील दिवस पर सुनी फरियाद

बरहज (एसएनबी)। शनिवार को तहसील सभागार में तहसील दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस अवसर पर कुल 41 मामलों में 8 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष अन्य मामलों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभाग को शिकायत पत्र दिया गया। सीडीओ ने कहा कि मामलों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। शासन की मंशा के अनुरूप प्रार्थना पत्रों का शिकायत गुण दोष के आधार पर राजस्व और पुलिस की टीम मौके पर जाकर निस्तारित करावें। आये मामलों में राजस्व से 24, पुलिस के 5, विकास के 3, पूर्ति विभाग से 7 तथा अन्य विभाग से सम्बन्धित 2 मामलों सहित कुल 41 मामले शामिल रहे। जिसमे राजस्व विभाग से सम्बन्धित 8 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम अवधेश निगम, क्षेत्राधिकारी अंशुमन श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी चन्द्रकृष्ण पाण्डेय, सीडीपीओ सुषमा दुबे, प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह सहित राजस्व व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# चोरी की गई बाइक के साथ दो वाहन लिफ्टर गिरफ्तार

श्रीरामपुर/प्रतापपुर (एसएनबी)। श्रीरामपुर पुलिस ने शनिवार को 2 वाहन लिफ्टरों को चोरी के 5 वाहनों के साथ गिरफ्तार कर वाहन चोरी का पर्दाफाश किया हैं।पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में वाहन चेकिंग व वारंटियो को धर पकड़ के क्रम में पुलिस ने थाना क्षेत्र में व्यापक चेकिंग अभियान चलाया जिसमें उक्त अभियुक्त पकड़े गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं गंभीर धाराओं में वांछित अपराधियों एवं वारंटियों के गिरफ्तारी के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक,छेत्राधिकारी भाटपार रानी के कुशल पर्यविक्षण में थानाध्यक्ष अनिल कुमार द्वारा टीम गठित कर जांच पड़ताल शुरू की गई। टीम द्वारा 2 अभियुक्त 5 अदद चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पकड़े गए।पकड़े जाने वालों में अनिल कुमार उर्फ सुमित कुमार पुत्र सुचिंद्र सिंह निवासी पंडितपुरा थाना भोरे जनपद गोपालगंज विहार उम्र 20 वर्ष व राणाप्रताप राम पुत्र सूरतराम उम्र 24 वर्ष निवासी डोमनपुर लामीचौर,थाना भोरे, जनपद गोपालगंज विहार के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 160ध2023 धारा 41ध411,473 आई पी सी धारा 60 आबकारी एक्ट के तहत पंजीत कर जेल भेज दिया गया।

# नदी में छलांग लगाने जा रही युवती को पुलिस ने बचाया

मईल (एसएनबी)। मईल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती अपने घर से नाराज होकर शनिवार को भागलपुर स्थित पुल से सरयू नदी में छलांग लगाने का प्रयास किया। जिसको भागलपुर पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने बचा लिया। जानकारी के अनुसार मईल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती को परिवार वालों ने खेत से पशु चारा काटने को कहा। पढ़ी लिखी लड़की को चारा काटने की बात नागवार लगा। उसने अपनी मां से पशु चारा काटने से मना कर दिया जिस पर माँ ने फटकार लगायी। नाराज युवती परिवार वालों को झांसा देकर घर से निकल गयी और देवरिया और बलिया जनपद के सीमा पर स्थित भागलपुर पक्के पुल पर जान देने की नीयत से पहुंच गयी। अभी वह नदी में छलांग लगाने की कोशिश कर रही थी इसी बीच नीयत को भांपकर पुलिस मौके पर पहुंच गयी और युवती को बचा लिया।

# भाभी ने देवर पर लगाये गंभीर आरोप, केस

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली पुलिस को दिये गये तहरीर में एक महिला ने कहा कि उसकी शादी रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी अबकर अली के साथ 2021 में हुई थी। शादी में मांग के मुताबिक दहेज भी दिया गया था। मेरा पति एक साल से कुबैत में है। घर पर देवर उसे दहेज की रकम को लेकर परेशान करता है, तथा नशीला पदार्थ खिलाकर अश्लील वीडियो बनाकर उसे बदनाम करने की धमकी दे रहा था। विरोध करने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। महिला ने घर के लोगों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप भी लगाया। पुलिस ने महिला के तहरीर पर पति देवर सहित तीन पर दहेज उत्पीड़न व आईटी एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोरखपुर जिले के पिपराइच थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि माह 2021 अक्टूबर में रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। ससुराल पक्ष के लोग उसे दहेज के लिये प्रताड़ित करते तथा उसका देवर झाड़ फूक के बहाने नशीला पदार्थ खिलाकर उसका अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने का धमकी देता है। पुलिस ने पीड़िता के तहरीर पर ससुराल पक्ष के लोगों पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई में जुट गयी है।

# पीड़ित परिवार से मिला प्रतिनिधिमंडल

बनकटा। युवती की हत्या कर घटना को दूसरा मोड़ देने के लिए हाथ पैर बांध कर शव को रेलवे लाइन पर लिटाने के मामले में माकपा का एक प्रतिनिधि मंडल माकपा के जिलामंत्री का. जयप्रकाश यादव के नेतृत्व में शनिवार को पीड़िता के घर सुन्दरपार भटवलिया पांडेय गांव पहुंच कर पीड़ित पक्ष का दुःख दर्द के साथ घटना की पूरी जानकारी एकत्रित करते हुए घटना के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की और पीड़ित परिवार को हर सम्भव सहयोग करने का आश्वासन दिया। का. जयप्रकाश यादव ने कहा कि जानकारी के मुताबिक पीड़ित परिवार को उसके दबंग पट्टीदारों द्वारा पिछले दो- तीन साल से प्रताड़ित किया जा रहा है।

# अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी

देवरिया/बरहज (एसएनबी)। हापुड़ कांड के विरोध में गत बुधवार को देवरिया में अधिवक्ताओं की हड़ताल और प्रदर्शन के दौरान कुछ पुलिसकर्मियों से झड़प व हल्की मारपीट के मामले में दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता एवं भाजपा विधि प्रकोष्ठ के सह संयोजक संदीप पाल सिंह एवं 40-50 अज्ञात अधिवक्ताओं के खिलाफ एक सिपाही की तहरीर पर देवरिया सदर कोतवाली में हत्या के प्रयास, सरकारी कार्य में बाधा, लूट के प्रयास आदि धाराओं में दर्ज मुकदमा एवं नामजद अधिवक्ता संदीप पाल सिंह की गिरफ्तारी के लिए उनके यहां कई बार दबिश देने से यहां के अधिवक्ता काफी क्षुब्ध एवं नाराज हैं। उनका मानना है कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश के चलते ही सदर कोतवाली पुलिस अधिवक्ताओं के साथ उत्पीड़न की कार्रवाई कर रही है। इस वजह से अब पुलिस अधीक्षक के खिलाफ ही मोर्चा खोलना जरूरी है। अधिवक्ताओं के खिलाफ पुलिस जुल्म एवं उत्पीड़न को लेकर शनिवार को दीवानी न्यायालय, कलेक्ट्रेट एवं देवरिया सदर तहसील के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। अधिवक्ताओं का कहना है कि सिपाही की तहरीर पर अधिवक्ताओं के खिलाफ दर्ज मुकदमा स्पंज किया जाय। यदि ऐसा नहीं हुआ तो आंदोलन जारी रहेगा।

उधर खबर है कि अधिवक्ता आंदोलन को लेकर जहां दीवानी न्यायालय के कुछ बडे अधिवक्ता नरम रूख अपनाते हुए एसपी संकल्प शर्मा से समझौता वार्ता चाहते हैं वहीं कलेक्ट्रेट के कुछ बड़े अधिवक्ता यह कह रहे हैं कि अधिवक्ता संदीप पाल सिंह की भी प्राथमिकी दर्ज की जाय। पूरे प्रदेश में अधिवक्ताओं ने हापुड़ कांड को लेकर आंदोलन किया। कई जिलों में अधिवक्ताओं एवं पुलिस के बीच झड़प हुई, किन्तु देवरिया को छोड़कर अन्य किसी जिले में अधिवक्ताओं के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं कराया। सिर्फ देवरिया में अधिवक्ताओं का मनोबल तोड़ने के लिए पुलिस के आला अफसरों ने एक सिपाही से तहरीर लेकर अधिवक्ताओं के खिलाफ गंभीर धाराओं में देवरिया सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। उधर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुशील मिश्र, पूर्व अध्यक्ष सिंहासन गिरि, सुभाषचन्द्र राव, श्रीराम तिवारी, मंत्री अरूण कुमार उपाध्याय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव आदि इस मामले में पुलिस अधीक्षक से वार्ता करने उनके दफ्तर में गए थे। एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि इस मामले में हमें दो दिन का समय चाहिए। इन अधिवक्ताओं का कहना है कि पुलिस अधीक्षक के बुलावे पर वे उनके दफ्तर में गए थे। वार्ता का कोई सकारात्मक परिणाम नहीं आया। इस वजह से अधिवक्ता शनिवार को दूसरे दिन भी न्यायिक कार्य से विरत रहे। उधर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस प्रशासन भी अधिवक्ता संदीप पाल सिंह के उपर गंभीर धाराओं में दर्ज कुछ धाराओं को हटाकर मामले को हल्का करने के मूड में है। ताकि अधिवक्ताओं से समझौता वार्ता हो सके। उधर जिला कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेशचन्द्र मिश्र एवं पूर्व अध्यक्ष बृजवांके तिवारी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट में जुलूस निकालकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। दोनों नेताओं ने कहा कि पुलिस अधिवक्ताओं का उत्पीड़न कर रही है। दोनों ने आरोप लगाया कि यह पुलिस प्रशासन के निर्देश पर हो रहा है। ऐसी दशा में अब कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अधिवक्ता यह मानकर चल रहे हैं कि एसपी के खिलाफ ही अब मोर्चा खोलना पड़ेगा। मामले की पूरी जानकारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देनी पड़ेगी। तभी जाकर अधिवक्ताओं का पुलिसिया उत्पीड़न रूकेगा। लोकतांत्रिक मुल्क में किसी समस्या का समाधान बातचीत से करने का प्रयास सभी पक्षों को करना चाहिए। अपने प्रभाव एवं पद का दुरूपयोग कदापि नहीं करना चाहिए। कोई अधिवक्ता पुलिस से क्यों उलझेगा। अधिवक्ता तो आज निरीह प्राणी हो गया है। जगह- जगह उसकी हत्या हो रही है। जब किसी अधिवक्ता की हत्या होगी तो स्वभावतः अधिवक्ता समाज को सड़क पर आना पड़ेगा। यदि सड़क पर आना ही जुल्म है तो हम इसके लिए जेल जाने को भी तैयार हैं।

**मामले को समझने के लिए एसपी ने अधिवक्ताओं से मांगा दो दिन का समय**

# देवरिया में शिक्षक की ईंट पत्थर से हमला कर हत्या

**दुस्साहस**

- रास्ते से हटने के लिए कहने पर हुआ विवाद
- गांव में तनाव के बाद फोर्स तैनात, कई हिरासत में

गौरीबाजार, हिसं। साइकिल से घर लौट रहे एक निजी स्कूल के शिक्षक पर रास्ते से हटने की बात पर मनबढ़ों ने ईंट पत्थर से हमला बोल दिया। घायल शिक्षक को लेकर घर वाले सीएचसी पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने मनबढ़ों के मकान घेर लिए थे। पुलिस ने किसी तरह मामला संभाला। मामला दो समुदाय का होने की वजह से गांव में तनाव है। गांव में फोर्स तैनात कर दी गई है। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया है।

गौरीबाजार के नगरौली बाजार के परशुराम प्रसाद (50) गांव के एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षक थे। वह ट्यूशन भी पढ़ाते थे। शनिवार रात दस बजे के करीब साइकिल से घर लौट रहे थे। घर के समीप कुछ लोग सड़क पर बैठे थे। रास्ते से हटने को कहने पर उलझ गए और अपशब्द कहने लगे। विवाद बढ़ने पर रास्ते मे बैठे लोगों के पक्ष के कुछ लोग इकट्ठा हो गए तथा ने ईंट-पत्थर से शिक्षक पर हमला बोल दिया। शिक्षक के सिर में गंभीर चोट लगने पर अचेत होकर गिर पड़े। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# लोक अदालत की सफलता को बीडीओ संग बैठक

- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा देवेन्द्र सिंह ने अफसरों को दिया निर्देश
- नौ सितंबर को आयोजित होगी लोक अदालत, मामलों का होगा समाधान

देवरिया, निज संवाददाता। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा देवेन्द्र सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय लोक अदालत की समस्त खंड विकास के अधिकारियों के साथ दीवानी न्यायालय के वीडियो कांफ्रेंसिंग भवन में प्री-ट्रायल बैठक हुई। नोडल अधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि खंड विकास अधिकारी चिन्हित कर मामलें को संदर्भित करें, जिससे 9 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत मामलों का निस्तारण कराया जा सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अशोक कुमार दूबें ने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु प्रचार-प्रसार करायें। जनपद न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह ने विभागों के अधिकारियों को इस राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को आगे आने का आह्वान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने सुनीं रुद्रपुर में फरियाद

देवरिया, हिन्दुस्तान टीम। शनिवार को जिले के तहसीलों में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। डीएम अखंड प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने रुद्रपुर में लोगों की फरियाद सुनी। रुद्रपुर में आए 81 मामलों में 6 का निस्तारण मौके पर किया गया।

रुद्रपुर संवाद के अनुसार जिलाधिकारी ने कहा कि लेखपालों से निरंतर अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहने को कहा, जिससे विवादों की जानकारी समय पर हो सके। भूमि विवादों के समाधान के साथ ही खलिहान की भूमि, चकरोड अथवा नाला सहित सार्वजनिक भूमि पर किसी भी तरह के अतिक्रमण की अधिकारियों को सूचना देने के साथ ही उसे हटवाए। पुलिस

- 81 शिकायती प्रार्थना पत्रों में 6 का हुआ मौके पर निस्तारण
- सार्वजनिक भूमि पर हुए अतिक्रमण की सूचाना पर अफसरों ने हटवाया

अधीक्षक संकल्प शर्मा ने पुलिस विभाग से जुडे मामलों की सुनवायी की। 81 शिकायती प्रार्थना पत्रों में राजस्व विभाग के 37, पुलिस विभाग के 21, विकास विभाग के 06, खाद्य एवं रसद विभाग के 01, समाज कल्याण विभाग के 02 तथा अन्य विभाग के 14 प्रार्थना पत्र थे, जिसमें से 6 का मौके पर निस्तारण हुआ। इस दौरान डीएफओ जगदीश आर, एसडीएम विपिन द्विवेदी, सीओ जिलाजीत, जिला विकास अधिकारी रविशंकर राय मौजूद रहे।

भाटपाररानी संवाद के अनुसार अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव व उपजिलाधिकारी अंगद यादव की मौजूदगी में समस्या सुनी गई। यहा कुल 25 मामले आये, जिसमें राजस्व के 4 मामलो का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। पुलिस के 6 राजस्व के 9 विकास के 2 शिक्षा का 1 व अन्य में 7 मामले रहे। इस दौरान तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा, सीओ चकबंदी राम अवध यादव, एसडीओ विद्युत कांतानाथ पांडे, ए ई नलकूप सुनील पासवान ए ई गिरीश चंद्र यादव, ईस्पेक्टर टी जे सिंह आदि मौजूद रहे।

# रामचक गांव में हुआ चौपाल का आयोजन

रुद्रपुर, हिन्दुस्तान संवाद। रुद्रपुर विकास खण्ड के रामचक गांव में शनिवार को चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। डीएम अखण्ड प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने फीता काटकर चौपाल का उद्घाटन किया।

डीएम अखण्ड प्रताप सिंह ने कहा कि जनपद में संचालित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। अप्रैल, मई व जून महीना में खेती के काम नहीं होते हैं। इन तीन महिनों में चारे की खेती करके किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं। बकरी पालन, मछली पालन और कुक्कुट पालन के साथ ही सोयाबीन की खेती कर युवा अच्छा खासा आय कर सकते हैं। इसके लिए जिला प्रशासन युवाओं को प्रशिक्षण देने के साथ ही बैंकों से ऋण भी मुहैया करा रहा है। जो लोग विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन से वंचित हैं, ऐसे पात्र लोग अपना ऑन लाइन आवेदन कर सकते हैं।

# तीसरे दिन भी न्यायिक कार्य से विरत रहे वकील

देवरिया, निज संवाददाता। एक नामजद समेत 50 अधिवक्ताओं पर केस दर्ज होने के विरोध में शनिवार को तीसरे दिन भी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। इससे न्यायालयों में कामकाज नहीं होने से फरियादियों को निराश होकर लौटना पड़ा। डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन व कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन की बैठक में प्रस्ताव पारित कर वापस लेने की मांग की गयी।

हापुड़ में अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा लाठी चार्ज के विरोध में उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के निर्देश पर बुधवार को जिला अधिवक्ता संघ, कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन तथा सेंट्रल बार एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से न्यायिक कार्य से विरत रहे विरोध प्रदर्शन किया था। सड़क जाम कर रहे अधिवक्ताओं का वीडियो बना रहे एक सिपाही को एक अधिवक्ता ने चाटा मार दिया था।कोतवाली पुलिस ने इस मामले में कांस्टेबल की तहरीर पर एक नामजद समेत 40-50 अधिवक्ताओं के खिलाफ बलवा, सरकारी कार्य में बाधा तथा अन्य धाराओं में केस दर्ज किया था। इसमें परशुराम मिश्र, अजय यादव, ललित नारायण मिश्र, पुरेन्द्र तिवारी आदि शामिल रहे।

**पुलिस के खिलाफ की नारेबाजी:** बरहज तहसील अधिवक्ता संघ के कार्यकारी अध्यक्ष नागेंद्र मिश्र के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने किया। वहीं

**सलेमपुर में वकीलों ने किया प्रदर्शन:** विरोध में सलेमपुर के अधिवक्ताओं ने तीसरे दिन शनिवार को न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए नगर के मुख्यमार्गों एवं तहसील में प्रदर्शन कर आक्रोश जताया।



कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता

### तीसरे दिन भी सुबह से मुस्तैद रही पुलिस

अधिवक्ताओं के आंदोलन को देखते हुए शनिवार को भी सुबह से कचहरी व कलेक्ट्रेट के आस-पास बड़ी संख्या में पुलिस व पीएसी के जवान तैनात रहे। कचहरी चौराहे पर सीओ श्रीयश त्रिपाठी खुद भारी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

# एसडीएम ने अवैध क्लीनिक सील की

**कार्रवाई**

**सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद।** डीएम के आदेश पर तहसील क्षेत्र के मगहरा में एक नीजी क्लीनिक यशोदा आरोग्य केंद्र को एसडीएम सीमा पांडेय ने शनिवार की शाम को सील कर दिया। एसडीएम के साथ पहुंचे नायब तहसीलदार डॉ भागीरथी सिंह के एवं अधीक्षक डॉ अतुल कुमार की संयुक्त टीम के जांच में अस्पताल का संचालक डॉ.आईडी सागर प्रेमशीला सागर मौके पर मिले।

संचालक से अस्पताल का पंजीकरण प्रमाण पत्र मांगा गया तो वे उपलब्ध नहीं करा सके। जिससे प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि इस अस्पताल को अवैध रूप से चलाया जाता था। अस्पताल के अंदर एक दवा की दुकान संचालित मिली। मौके पर संदेहास्पद गतिविधियों को देखते हुए यशोदा आरोग्य केंद्र के नाम से संचालित अस्पताल में जांच के दौरान डॉ. आईडी सागर के भतीजे रितिक राज, कृष्ण सागर एवं उनके सगे भाई अरविंद आर्यन, उनकी पत्नी डॉ.प्रमिला सागर, शिवाजी पांडेय निवासी टीचर कालोनी सलेमपुर, सुहानी कुशवाहा निवासी बनरहीं मौके पर मिले। एसडीएम सीमा पांडेय ने बताया कि जांच में अस्पताल का कोई भी रजिस्ट्रेशन से सम्बंधित प्रमाण पत्र नहीं मिला। मौके पर संदेहास्पद गतिविधियों को देखते हुए अस्पताल को सील कर दिया गया है।



शनिवार को सलेमपुर के मगहरा स्थित यशोदा आरोग्य केंद्र को सील करने के बाद मौजूद एसडीएम सीमा पांडेय एवं अन्य अधिकारी।

# विदेश भेजवाने वाले दो लोगों पर केस दर्ज

सलेमपुर। कोतवाली पुलिस ने विदेश भेजने वाले एक कम्पनी के दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र के नांदघाट गांव निवासी राजकुमार गुप्त ने कहा है कि मेरे घर एक वर्ष पहले बिहार के बक्सर से एक व्यक्ति से मेरे घर आया। उससे विदेश जाने की बात हुई। उस व्यक्ति ने इमरान आलम व महबूब अली एजेंट से बात कराई। एजेंट ने डेढ़ लाख रुपये एवं कागज़ात पासपोर्ट मांगा। अपने बेटे से उसके खाते में डेढ़ लाख रुपये सितम्बर 2022 से नवम्बर माह तक भेज दिया, लेकिन उसे मुझे बैंगलूर का फर्जी टिकट भेज दिया। विरोध पर बीजा देने की बात कहता रहा। बाद में रुपये मांगने पर अनाकानी कर जान से मारने की धमकी देने लगा।

# पति व देवर पर दहेज उत्पीड़न का केस

रुद्रपुर। क्षेत्र के एक गांव के रहने वाली महिला ने अपने पति और देवर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का नामजद मुकदमा दर्ज कराया है, जबकि कुछ ससुराल के अन्य अज्ञात लोगों पर भी पुलिस ने केस दर्ज की है। रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के गाजीपुर भैंसही गांव की रहने वाली महजबीन खातुन पत्नी अकबर अली ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि इस समय ससुरालियों की प्रताड़ना वे वह अपने मायके गोरखपुर जनपद के पिपराईच थाना क्षेत्र के करमैनी गांव में रह रही है। उसने आरोप लगाया है कि उसके पति अकबर अली व देवर अकमल के साथ ही ससुरालीजन दहेज के लिए प्रताड़ित करते हैं।

# किशोरी के अपहरण का मुकदमा दर्ज

सलेमपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के गायब होने के मामले में पुलिस ने उसकी मां के तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की महिला ने तहरीर कहा है कि मेरी तबियत खराब रहती है। मैं लखनऊ दवा कराने के लिए गई थी। मेरी बेटी भी साथ रहती है। घर पर दादी की तबियत खराब होने के कारण बेटी 25 अगस्त को कृषक एक्सप्रेस से लखनऊ से सलेमपुर अयाी, लेकिन वह घर तक नहीं पहुंची। आसपास के जगहों पर उसकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। मुझे किसी अनहोनी की आशंका लग रही है। 26 अगस्त को अन्य नम्बर से फोन आया था, जिससे कोई साफ शब्द नहीं सुनाई दिया। पुलिस ने मां के तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर लिया हैं।

# महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन

भाटपाररानी। तहसील परिसर में शनिवार को अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला संगठन के जिला सह सचिव पूनम यादव के नेतृत्व में महिलाओं ने धरना दिया। धरना के बाद राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन तहसील प्रसाशन को सौंपा।

# किशोरी का अपहरण, मुकदमा दर्ज

सलेमपुर : क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के गायब होने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को बताया कि 25 अगस्त को कृषक एक्सप्रेस से लखनऊ से सलेमपुर के लिए गई। लेकिन वह घर तक नहीं पहंची है। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है।



कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते अधिवक्ता • जागरण

# अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार जारी, बैरंग लौटे बंदी

**विधि संवाददाता, देवरिया:** हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज को आंदोलित जिले के अधिवक्ताओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के विरोध में शनिवार को भी कार्य बहिष्कार जारी है। अधिवक्ता संगठनों के सख्त रुख के चलते अर्जेंट मामलों में भी सुनवाई नहीं हो सकी।

जेल से आए बंदियों को भी बैरंग वापस लौटना पड़ा। उधर, कचहरी चौराहा पर बड़ी संख्या में पुलिस तैनात रही। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, जिला कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन व दी सेंट्रल बार एसोसिएशन के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने अलग अलग बैठक कर सर्व सम्मति से न्यायिक कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया। जिला कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी डीएम को सौंपा। अधिवक्ताओं ने दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने, घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा देने, अधिवक्ताओं पर दर्ज फर्जी मुकदमे वापस करने की मांग की। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्र, मंत्री अरुण कुमार उपाध्याय, कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश चंद्र मिश्र, मंत्री ज्ञानेश्वर उर्फ प्रीतम मिश्र, आनंद राय, दी सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, मंत्री राकेश मिश्रा आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# डीएम ने चौपाल में सुनीं लोगों की समस्याएं

**जासं, रुद्रपुर**: विकास खंड रुद्रपुर के ग्राम पंचायत रामचक के सामुदायिक भवन में देर शाम आयोजित चौपाल में जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने समस्याओं सुनी और योजनाओं के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने प्रगतिशील किसानों तथा युवाओं को कृषि उत्पादन संगठन (एफपीओ) का गठन करने कें लिए जागरूक किया। कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में एफपीओ का गठन होनें से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में आत्मनिर्भरता आएगी। ग्रामीणों नें हैंडपंप खराब होने की शिकायत डीएम से की। सीडीओ वींद्र कुमार, एसडीएम विपिन द्विवेदी, सीओ जिलाजीत, जिला विकास अधिकारी रविशंकर राय, डीपीआरओ सर्वेश पांडेय, ग्राम प्रधान इसरावती देवी, अशोक सोनकर, राजीव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आए 216 मामले

देवरिया : जिले की सभी तहसीलों में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 216 मामले आए, जिसमें 29 शिकायतों का निस्तारण किया गया। डीएम अखण्ड प्रताप सिंह ने एसपी संकल्प शर्मा के साथ रुद्रपुर तहसील सभागार में लोगों की समस्याएं सुनीं। देवरिया सदर तहसील सभागार में एसडीएम योगेश गौड व सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने समस्या सुनी। इस दौरान कुल 30 प्रार्थना पत्र मिले। जिसमें चार शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। यहां तहीलदार, थानाध्यक्ष दिनेश मिश्र समेत अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें। रुद्रपुर संवाददाता के अनुसार डीएम ने कहा कि शिकायतों को गंभीरता से लें और उसका समाधान करें। लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कुल 81 प्रार्थना पत्र आए।(जासं)

# भाजपा नेता से अभद्रता के मामले में मुकदमा

रामपुर कारखाना : भाजपा मंडल अध्यक्ष रामपुर कारखाना से अभद्रता के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस ने रामपुर कारखाना मंडल अध्यक्ष दीपक जायसवाल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित धर्मेंद्र मिश्रा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। (जासं)

# दहेज मांगने का आरोप

बनकटा : क्षेत्र के एक गांव में शादी के पांच साल बाद महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मामला प्रकाश में आया है। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर पति, सास व जेठानी पर दहेज में बाइक व सोने की चेन मांगने का आरोप लगाया है। पुष्पा देवी ने पुलिस को पत्र देकर आरोप लगाया है कि शादी को पांच साल बीतने के बाद पति, सास व जेठानी दहेज दिलाने के लिए दबाव बना रहे हैं। थानाध्यक्ष मुकेश मिश्र ने बताया कि जांचकर उचित कार्रवाई होगी। (जासं)

# देसी शराब के साथ तीन लोग गिरफ्तार

बनकटा : श्रीरामपुर क्षेत्र के भवानी छापर झरही नदी के पास से पुलिस ने मीरगंज के पिपरा गोसाई गांव के रहने वाले मनीष गिरी को 26 पाउच देसी शराब व चकिया कोठी के पास से पिपरा गोसाई गांव के उपेन्द्र गिरी को 24 शीशी देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने ताली मठिया मोड़ के पास से 37 पाउच देसी शराब के साथ बिहार के गोठनी थाना क्षेत्र के बहेलिया गांव के अजय कुमार यादव को एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया। (जासं)

# छह लोगों के विरुद्ध बलवा का मुकदमा दर्ज

रामपुर कारखाना : पति पत्नी के आपसी मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन नामजद सहित तीन अज्ञात के विरुद्ध बलवा व मारपीट का मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस ने मामले में पिपराइच के रहने वाले विजय यादव, कुसमा बेलवा के सूरज, तथा गोविंद सहित तीन व्यक्ति नाम पता अज्ञात के विरुद्ध बलवा का मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। (जासं)

# डेढ लाख लेकर जालसाज ने दे दिया फर्जी वीजा

**जासं, सलेमपुर:** कोतवाली थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति से विदेश भेजने के नाम पर जालसाज द्वारा फर्जी वीजा दिए जाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो जालसाज के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है।

नादघाट गांव के रहने वाले राज कुमार गुप्ता पुत्र राम अवध गुप्ता ने पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया है कि एक वर्ष पूर्व बक्सर बिहार के एक व्यक्ति से उसका संबंध बना तो उसे विदेश जाने की बात कही। उसके बात में आकर मैने विदेश जाने की सहमति जताई। इसके बाद उसने इमरान आलम व महबूब आलम नामक एक कंपनी के एजेंट से मुलाकात कराई। एजेंटों द्वारा मुझसे डेढ़ लाख रुपये लेकर रोजिया कंपनी मालदीव में भेजे जाने का वीजा देने की बात कही। जालसाज ने मुझे मालद्वीप के बजाय बेंगलुरु का फर्जी टिकट भेज दिया। जब मैं इसका विरोध किया तो वह टाल मटोल करता रहा। इस पर पुलिस के शरण में गया तो मेरी प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। तब उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने इण्टर नेशनल एप्रुव्ड बाई एमईएसए गवर्नमेंट आफ इण्डिया नई दिल्ली के प्रोपराइटर आलम इमरान व महबूब आलम पुत्र अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट खोलेगा युवती के मृत्यु का राज

**जासं, बनकटा:** क्षेत्र के एक गांव की छेड़खानी से पीड़ित युवती का रेलवे लाइन के किनारे शव मिलने के मामले में पुलिस को अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। ट्रेन चालक की रिपोर्ट को आधार मानकर पुलिस जांच कर रही है।

बनकटा क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती का शव मैरवा क्षेत्र के दास नरहिया गांव के समीप रेलवे ट्रेक पर मिलने के बाद युवती के स्वजन गांव के ही कुछ लोगों को युवती को उठाकर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। हालांकि स्वजन इस मामले में अबतक कोई तहरीर नही दिए हैं लेकिन युवती की मां का कहना है कि गांव के ही कुछ लोग जानबूझकर कर मेरी पुत्री की हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर फेंक दिए हैं। सीओ अंशुमन श्रीवास्तव नें कहा कि मामले की छानबीन की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर विवेचना को आगे बढ़ाया जाएगा।

**मक्के के खेत मे मिला है युवती का चप्पल व दुपट्टा:** पुलिस के लिए अबूझ पहेली बनी युवती की मृत्यु का मामला एक नया मोड़ ला दिया है। घटनास्थल से कुछ दूर एक मक्के के खेत मे युवती का चप्पल व दुपट्टा मिला है। जिसको लेकर लोगों में तरह तरह की चर्चा है।




# चोरी की पांच बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**जासं, प्रतापपुर:** श्रीरामपुर पुलिस ने चोरी की पांच बाइक के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली कि चकिया कोठी पर दो युवक चोरी की बाइक के साथ खड़े हैं। उसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर अनिल कुमार उर्फ सुमित कुमार निवासी ग्राम पंडितपुरा थाना भोरे, राणा प्रताप निवासी ग्राम डोमनपुर लामी चौर थाना भोरे जिला गोपालगंज बिहार को एक बाइक के साथ दबोच लिया।

# मगहरा में अवैध नर्सिंग होम को एसडीएम ने किया सीज



अवैध नर्सिंग होम की जांच करतीं एसडीएम सीमा पांडेय व अन्य • जागरण

जासं, सलेमपुर: नोटिस के बाद भी बिना रजिस्ट्रेशन के नर्सिंग होम चलाए जाने की सूचना पर उप जिलाधिकारी सीमा पांडेय व नायब तहसीलदार भागीरथी सिंह तथा चिकित्सा अधीक्षक डा. अतुल कुमार ने पुलिस बल के साथ विकास खण्ड के मगहरा में पहुंचकर नर्सिंग होम पर छापेमारी की। संचालक द्वारा पंजीकरण से संबंधित कोई कागजात न दिखाने पर अस्पताल को सीज कर दिया। बताया जाता है कि इस अस्पताल को प्रशासन ने एक साल पहले सीज किया था जिसको संचालक ने पुनः चालू कर दिया।

जिलाधिकारी को किसी ने मगहरा में बिना रजिस्ट्रेशन के नर्सिंग होम चलाने की सूचना दी तो उन्होंने तत्काल एसडीएम से औचक छापेमारी करने का आदेश दिया। एसडीएम नायब तहसीलदार व अधीक्षक के साथ मगहरा स्थित नर्सिंग होम पर पहुंची तो वहां अस्पताल में अफरा तफर मच गई। मरीज भागने लगे। अस्पताल संचालक डा. आइडी सागर व प्रेमशीला सागर मिले। उनसे कागजात मांगने पर कोई पंजीकरण से संबंधित कागजात नहीं दिखाए। इस पर एसडीएम ने अस्पताल को सीज कर दिया।

अस्पताल के अंदर एक दवा की दुकान संचालित मिली। मौके पर संदेहास्पद गतिविधियों को देखते हुए यशोदा आरोग्य केंद्र के नाम से संचालित अस्पताल के अंदर मिले मरीजों तथा कर्मचारी रितिक राज, कृष्ण सागर, अरविंद आर्यन, डा. प्रमिला सागर, शिवाजी पांडेय को बाहर कर अस्पताल को सीज किया गया। एसडीएम सीमा पांडेय ने बताया की बिना रजिस्ट्रेशन का अस्पताल मिलने के चलते उसे सीज किया गया है। कागजात दिखाने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अश्लील वीडियो बनाने पर पति और देवर के विरुद्ध मुकदमा

**जासं, रुद्रपुर:** क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति और देवर के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। गोरखपुर जनपद के पिपराइच थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती का निकाह रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक से हुआ था। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि निकाह में दहेज की रकम न देने पर आरोपित देवर ने मेरा अश्लील वीडियो बनाया और शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। न मानने पर वीडियो को वायरल कर दिया। इसमें मेरे पति ने भी देवर अकमल का साथ दिया। मैंने कई बार प्रतिरोध किया तो मारपीट कर चुप करा दिया । मामले में पुलिस ने पति अकबर अली और देवर अकमल और अज्ञात के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न, छेड़खानी करने समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-03-09-2023

# लावारिस मिली बाइक मालिक को सौंपी

छितौनी, हिन्दुस्तान संवाद। बेलवनिया शराब भट्ठी के समीप मिली लावारिस बाइक को हनुमानगंज पुलिस थाने लाकर ई चालान एप के माध्यम से बाइक स्वामी का पता लगाकर उसे सौंप दिया। थानाध्यक्ष हनुमानगंज अजय पटेल मयफोर्स रात्रि गश्त पर निकले थे कि रात करीब 2 बजे बेलवनिया शराब भट्ठी के समीप सड़क के किनारे एक बाइक चाबी लगी खड़ी मिली। वहां किसी व्यक्ति को नहीं होता देख पुलिस ने बाइक को थाने लाकर ई चालान ऐप के माध्यम से पता लगाकर स्वामी को थाने बुलाया। सभी कागजात पूर्ण होने पर बाइक मालिक त्रिभुवन चौरसिया को सुपुर्द कर दिया गया। बाइक स्वामी ने बताया कि नेपाल का एक युवक राइस मिल पर काम करता है, जो रक्षाबंधन के दिन बिना बताये बाइक लेकर चला गया। एसओ हनुमानगंज अजय कुमार पटेल ने बताया कि कागजात मिलान करने के बाद लावारिस दाखिला वाहन उसके मालिक को सौंप दिया गया।

### शुक्रवार देररात तमकुही राज क्षेत्र में इनामी बदमाश से हुई पुलिस की मुठभेड़

# मुठभेड़ में 25 हजार के इनामी तस्कर के पैर में लगी गोली

**दबोचा**

- पश्चिमी गंडक नहर के सटे लतवा चट्टी-सरया खुर्द रोड पर भाग रहा था तस्कर
- तस्कर पर गोरखपुर, बस्ती व कुशीनगर के थानों में पहले से पांच मुकदमे दर्ज हैं



पुलिस मुठभेड़ में घायल होने के बाद पकड़ा गया इनामी पशु तस्कर। • हिन्दुस्तान

तमकुहीराज (कुशीनगर), हिन्दुस्तान संवाद। कुशीनगर जिले के तमकुहीराज थानाक्षेत्र में लतवा चट्टी से सरया खुर्द जाने वाली सड़क पर पुलिस चेकिंग के दौरान शुक्रवार रात 25 हजार के इनामी पशु तस्कर और पुलिस में मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पैर में गोली लगने के बाद पुलिस ने तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जिला अस्पताल में पुलिस कस्टडी में इलाज कराने के बाद उसे देर शाम को जेल भेज दिया गया। इस पर गोरखपुर, बस्ती व कुशीनगर के थानों में पहले से पांच मुकदमे दर्ज हैं।

शुक्रवार की देर रात तमकुहीराज थानाक्षेत्र के लतवा चट्टी से सरया खुर्द के लिए जा रही मुख्य पश्चिमी गंडक नहर की पटरी पर बनी पक्की सड़क पर थानाध्यक्ष तमकुहीराज नीरज राय की अगुवाई में पुलिस टीम संदिग्धों चेकिंग कर रही थी। तभी एक बाइक सवार बदमाश पुलिस टीम को देखकर बाइक मोड़ कर भागने लगा।

पुलिस टीम के उसका पीछा किया तो बदमाश ने बाइक छोड़ दी और पैदल भागते हुए पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। पुलिस ने पीछा जारी रखा और खुद को बचाते हुए जवाबी फायरिंग की। पुलिस की एक गोली तस्कर के पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस अभिरक्षा में उसे सीएचसी तमकुहीराज ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। देर शाम वहां से डिस्चार्ज किए जाने के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष तमकुहीराज नीरज कुमार राय ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश गुलाब हसन निवासी लतवा मुरलीधर थाना तमकुहीराज 25 हजार का इनामी पशु तस्कर है। उसके खिलाफ गोरखपुर, बस्ती व कुशीनगर में तमाम मुकदमे दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि उसके पास से अवैध तमंचा, एक खोखा व एक जिंदा कारतूस, एक मोटरसाइकिल व 260 रुपये नगद बरामद हुए हैं। पकड़े गए पशु तस्कर पर गोरखपुर के गीडा, बस्ती के हर्रैया में एक-एक, तरया सुजान थाने में एक और तमकुही राज में दो मुकदमे दर्ज हैं। इनमें अधिकतर पशु तस्करी, क्रूरता व गोवध से संबंधित मुकदमे हैं।

# कोर्ट के आदेश पर नष्ट किये अवैध शराब

पडरौना। कसया थाने की पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत वर्ष 2023 सात महीने तक कुल 20 मुकदमों में बरामद देशी व कच्ची शराब आदि कुल 450 लीटर अवैध शराब को कोर्ट के आदेश पर शनिवार को नष्ट कर दिया। एसपी धवल जायसवाल द्वारा समस्त थाना प्रभारी को अपने-अपने मालखाने पर आबकारी अधिनियम के तहत बरामद की गयी अवैध शराबों को यथाशीघ्र निस्तारण कराने के लिए निर्देश दिया गया है। इसके क्रम में कसया थाने की पुलिस को न्यायालय से वर्ष 2023 में सात महीने में बरामद कुल 20 मुकदमों में 450 लीटर बरामद अवैध शराब को नष्ट कराने का आदेश मिला।

# गैंगस्टर समेत दो वारंटी गिरफ्तार

पडरौना। रविन्द्र नगर धूस थाने के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मिश्रा, दरोगा संतोष सिंह, सौरभ द्विवेदी, सिपाही राधेश्याम यादव, अमल सिंह यादव व विशाल सिंह ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में एक वांछित तथा एक अन्य वारण्टी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गैंगस्टर अभियुक्त रूपेश पटेल निवासी कठार थाना धनहा जनपद पश्चिमी चम्पारण बिहार व वारण्टी भीम निवासी रसूलपुर को जेल भेज दिया।

## चोरी की बैटरी के साथ दबोचा

पडरौना। पडरौना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजप्रकाश सिंह, दरोगा संदीप सिंह व सिपाही विजय कुमार नेचोरी की बैटरी के साथ शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त प्रिंस गोंड निवासी बाड़ी टोला थाना कोतवाली पडरौना को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गयी मैजिक की बैटरी को बरामद कर जेल भेज दिया।

# अपहरण व दुष्कर्म दो आरोपी दबोचा

दुदही। विशुनपुरा पुलिस ने अपहरण तथा दुष्कर्म के अलग-अलग मुकदमें में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत विशुनपुरा पुलिस ने दो अभियुक्त साबिर निवासी बड़हरा दुबे टोला बतरौली धुरखड़वा तथा थाना विशुनपुरा में पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त बाबूराम निवासी जनपद गोण्डा को गौरी श्रीराम चौराहे के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

पडरौना। बरवापट्टी थाने के प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार सिंह ने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के मुकदमे में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त पंकज गुप्ता को धोबीघटवा तिराहे से गिरफ्तार किया है।

# चोरी की बाइक के साथ दो लिफ्टर गिरफ्तार

**अहिरौली बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** अहिरौली बाजार थाने की पुलिस ने शनिवार को दो बाइक चोरों को गिरफ्तार किया एवं उनके कब्जे से चोरी कर एक बाइक बरामद किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पकड़े गये लिफ्टरों को जेल भेज दिया।

पुलिस को सूचना मिली कि दोनों लिफ्टर चोरी की बाइक के साथ जगदीशपुर की तरफ जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने उनकी घेराबंदी कर थाना क्षेत्र के टीकर चौराहे से कुछ दूरी पर जगदीशपुर जाने वाली नहर की पटरी पर बाइक रोकी। इसके बाद वह गाड़ी के कागजात मांगने पर बहाने बनाने लगे। इस पर पुलिस को संदेह होने लगा। पुलिस ने उनसे पूछताछ शुरू किया तो दोनों ने चोरी की बाइक होना स्वीकार किया। इसमें राजू साहनी के खिलाफ थाने में चोरी की लगभग आधा दर्जन मुकदमे पंजीकृत हैं और पुलिस उसे शातिर चोर बता रही है। पुलिस ने राजू साहनी समेत बादल चौहान पुत्र करन चौहान निवासी हरसेवकपुर थाना गुलहरिया बाजार जनपद गोरखपुर को जेल भेज दिया।

# ग्रामीणों ने प्रधान पर लगाया गंभीर आरोप

## ज्ञापन सौंपा

**दाहूगंज, हिन्दुस्तान संवाद।** सेवरही ब्लॉक के झाड़वा ग्राम सभा के ग्रामीणों ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में ग्राम प्रधान पर कई गंभीर आरोप लगाते हुये एसडीएम को ज्ञापन सौंप कार्रवाई करने की मांग की। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर गांव में ही सरकारी भूमि पर पक्का निर्माण कर कब्जा करने तथा अन्य जालसाजी कार्य करने का आरोप लगाते हुये चेतावनी दिया कि यदि शीघ्र मामले का समाधान नहीं हुआ तो बुधवार से आंदोलन किया जायेगा।

तमकुहीराज तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में झाड़वा गांव के ग्राम प्रधान बृजेश राय पर ग्रामीण सेराज, विश्वनाथ, अनिल कुमार, अवधेश, सर्वेश, बहारन ने कई गंभीर आरोप लगा कर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान ने अपने भूमि के बगल में ग्राम सभा के नाली की जमीन पर पक्का मकान बना कर कब्जा कर लिया है। वहीं चौराहे पर अपना निजी जमीन का नक्शा बढ़ा कर स्कूल, हॉस्पिटल और खेल के मैदान के भूमि पर पक्का दुकान बना कर कब्जा कर व्यवसायिक रूप से किराया वसूल कर रहे हैं। इस मामले को लेकर अनेक बार शिकायत दर्ज कराने के बाद भी कोई जांच या कार्रवाई नहीं किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि इसके पूर्व भी ग्राम प्रधान धोखाधड़ी के एक मामले में जेल भी जा चुके हैं। झाड़वा गांव के ग्राम प्रधान बृजेश राय ने बताया कि उक्त भूमि हमारी है। भूमि कब्जा का आरोप सरासर निराधार है। एसडीएम तमकुहीराज विकास चंद्र का कहना है कि इस मामले में शिकायत मिली है। संबंधित अधिकारी को जांच कर एक हफ्ते में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। सरकारी भूमि पर किसी भी हालत में कब्जा नहीं होने दिया जाएगा और कब्जा किया गया होगा तो कब्जा हटाया जाएगा।

तीन शिक्षिकाओं, पांच गार्डों और दो रसोइया की रहती है रात में ड्यूटी, मेन गेट पर लगे हैं सीसी कैमरे

# छात्रा के गायब होने से विद्यालय की सुरक्षा पर सवाल

## लापरवाही

**सोहसा मठिया, हिन्दुस्तान संवाद।** दीनदयाल उपाध्याय आश्रम पद्धति विद्यालय सिरसिया हेतिमपुर से छात्रा के गायब होने के बाद परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। समाज कल्याण विभाग की अब तक की जांच में स्पष्ट हुआ है कि छात्रा मेन गेट से नहीं निकली थी। इसके अलावा बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं है। तो सवाल यह है कि क्या छात्रा बाउंड्री फांद कर भागी। यदि ऐसा है तो समाज कल्याण विभाग को अपनी सुरक्षा व्यवस्था को और मुकम्मल करने की जरूरत है।

स्कूल परिसर में रात के भोजन के समय पता चला कि छात्रा गायब है। स्कूल के मेन गेट पर सीसी कैमरे लगे हैं। यहां दो महिला व तीन पुरुष गार्डों की चौबीस घंटे ड्यूटी रहती है। तीन शिक्षिकाएं परिसर में ही रहती हैं। दो रसोइया भी यहीं रहती हैं। प्रधानाचार्या का भी परिसर में आवास है मगर वह अक्सर नहीं रहती। शुक्रवार की रात भी वह नहीं थी। बताया गया कि उनकी तबीयत खराब थी, इसलिए घर चली गयी थीं। छानबीन के बाद पता चला कि छात्रा मेन गेट से नहीं निकली है। बाउंड्री ही उसके निकलने का रास्ता बचता है। बाउंड्री बहुत ऊंची तो नहीं है मगर इतनी ऊंची तो है कि किसी छात्रा को उसे फांद कर निकलना मुश्किल है। शनिवार को छात्रा के गायब होने की सूचना पर हल्का दरोगा अतुल कुमार ने पहुंचकर जांच की और शिक्षक से बारे में जानकारी ली। पुलिस की जांच में भी बाउंड्री से छात्रा के निकलने की बात सामने आयी। बाउंड्री की निगरानी को स्कूल में किसी के सीसी कैमरों की व्यवस्था नहीं है। गेट पर जो कैमरे लगे हैं, वह भी कई बार बिजली के अभाव में ठीक से काम नहीं करते हैं। हालांकि परिसर से किसी छात्रा के गायब होने की यह पहली घटना है मगर ऐसे सभी अभिभावकों के लिए चिंता की बात है, जिन्होंने स्कूल प्रशासन के भरोसे अपनी बच्चियों को यहां रहने व पढ़ने के लिए छोड़ रखा है।

> छात्रा के गायब होने में सुरक्षा व्यवस्था की कोई कमी अब तक सामने नहीं आयी है। परिसर की सुरक्षा के लिए और पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। बाउंड्री की निगरानी के लिए भी विशेष कैमरे विशेष एंगिल से लगाए जाएंगे। मेन गेट पर लगे कैमरों को भी और सुदृढ़ किया जाएगा। गेट पर बिजली व्यवस्था के मुकम्मल इंतजाम भी किए जा रहे हैं।
>
> **विनय कुमार, प्रभारी समाज कल्याण अधिकारी, कुशीनगर**



छात्रा के गायब होने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने की शिक्षक से पूछताछ की

**उपनिदेशक समाज कल्याण ने की जांचः** सूचना पर पहुंचे समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक गोरखपुर सुरेश चंद्र पाल ने जांच की। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। परिसर में मौजूद जिम्मेदारों की क्लास लगायी। पता चला कि शाम तक छात्रा परिसर में मौजूद थी। जांच के बाद उन्होंने कहा कि इस मामले में जिसकी भी लापरवाही सामने आयी, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाईकी जाएगी।

## विद्यालय परिसर में नहीं थीं प्रधानाचार्या

**सोहसा मठिया (कुशीनगर), हिन्दुस्तान संवाद।** कुशीनगर के कसया थाना क्षेत्र में स्थित राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय सिरसिया हेतिमपुर के छात्रावास से कक्षा नौ की छात्रा शुक्रवार की रात गायब हो गई।

विद्यालय से जुड़े सूत्रों के अनुसार छात्रा शुक्रवार की शाम को नाश्ता करने नहीं आयी थी। रात में भोजन के समय भी नहीं आयी तो विद्यालय प्रशासन को चिंता हुई। उपस्थित कर्मचारियों व शिक्षिकाओं ने उसके कक्ष में जाकर देखा तो वहां नहीं थी। परिसर में भी कहीं नहीं मिली तो रात में ही प्रधानाचार्या को सूचना दी गई। उस समय प्रधानाचार्या स्कूल परिसर में नहीं थीं, जबकि उन्हें चौबीस घंटे स्कूल परिसर में होना चाहिए। सूचना पर प्रधानाचार्या भाग कर स्कूल पहुंचीं।

> छात्रा गायब हुई है। अभी 11 दिन पहले ही उसका प्रवेश हुआ था। उसके पिता से उसके बारे में काफी बात हुई है। कसया थाने में छात्रा के अपहरण का केस दर्ज कराया गया है। गेट पर सुरक्षा चुस्त रहती है, वह मेन गेट से नहीं निकली है। अन्य कोई गेट नहीं है। चारों ओर बाउंड्री है।
>
> **-विनय कुमार, प्रभारी समाज कल्याण अधिकारी**

> छात्रा के गायब होने के मामले में अपहरण का केस दर्ज किया गया है। उसका पता लगाने को टीम गठित कर दी गई है। पुलिस टीम ने प्रयास शुरू भी कर दिए हैं। जल्द ही छात्रा को बरामद कर लिया जाएगा।
>
> **-कुंदन कुमार सिंह, सीओ, कसया**

**चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तारः** पडरौना। रामकोला थाने के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार सिंह, दरोगा अनिल शर्मा, सिपाही रोशन त्रिपाठी, मुकेश यादव आदि ने चोरी की सामान के साथ दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मुन्ना चौहान निवासी बभनौली व हरेन्द्र चौहान निवासी बभनौली को लोहे का राड, लोहे का कटर मशीन के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रामकोला पुलिस ने वारंटी नन्हे सिंह उर्फ भगवत निवासी कुसुम्हा बटसरा रगड़गंज तथा राजेश निवासी मेहदीगंज को गिरफ्तार किया।



अनैतिक व्यापार के खिलाफ शनिवार को कुशीनगर में गेस्ट हाउस के सामने प्रदर्शन करतीं महिलाएं । ● हिन्दुस्तान

# अनैतिक व्यापार के खिलाफ महिलाओं ने किया प्रदर्शन

**कसया, हिन्दुस्तान संवाद।** कसया से लेकर कुशीनगर तक संचालित कुछ होटल व गेस्ट हॉउसों पर अनैतिक देह व्यापार का धंधा संचालित किए जाने का आरोप लगा महिलाओं ने शनिवार को एक रेस्टोरेंट के सामने प्रदर्शन किया। इससे पहले महिलाओं ने कुशीनगर के रेस्टोरेंट पर धावा बोलकर वहां मौजूद युवक युवतियों को जमकर लताड़ लगायी। पुलिस पर इस मामले में लापरवाह बने रहने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। इसके बाद महिलाओं ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

महिलाओं का आरोप था कि बौद्ध परिक्षेत्र रामाभार पुल के समीप एक किराये के मकान में स्थित रेस्टोरेंट खोलकर अनैतिक व्यापार का धंधा चलता है। देवरिया मुख्य मार्ग से कुशीनगर मोड़ पर स्थित इस रेस्टोरेंट से सटे अनिरुधवा सहित कई गांव हैं। शनिवार की सुबह गांव की कुछ महिलाएं लामबंद होकर रेस्टोरेंट पर पहुंच गयीं और रेस्टोरेंट के अंदर मौजूद युवक युवतियों को खूब लताड़ लगायी। कुछ की मोबाइल छीन ली। रेस्टोरेंट मालिक को खरी खोटी सुनाते हुए उनके खिलाफ नारेबाजी व विरोध प्रदर्शन की।

# किसान महापंचायत में जाएंगे सैकड़ों किसान

**पडरौना, निज संवादता।** भारतीय किसान यूनियन की जिला मुख्यालय पर आयोजित बैठक में भाकियू के निवर्तमान जिलाध्यक्ष ध्रुवनरायन यादव ने कहा कि 18 सितम्बर को लखनऊ में होने वाले मजदूर किसान महापंचायत में हजारों की संख्या में पहुंचेंगे। इस दौरान किसानों की समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गयी।

शनिवार को आयोजित बैठक को संबोधित करते भाकियू के प्रदेश महासचिव सतीश चन्द्र ओझा कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर 18 सितम्बर को लखनऊ में भाकियू द्वारा किसान मजदूर महापंचायत का आयोजन किया गया है। जिसमें जिले के सभी 6 तहसीलों से हजारों की संख्या किसान लखनऊ पहुंचेंगे। जनपद के प्रभारी किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि यूनियन प्रदेश सरकार से गन्ने का मूल्य पांच सौ रुपये प्रति कुंतल और केंद्र सरकार से धान व गेंहू का समर्थन मूल्य 2500 रुपये कुंतल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार ने चुनाव के पूर्व किसानों को फ्री बिजली देने को वायदा किया था मगर अभी तक अपने वादे को पूरा नहीं किया है।

# मझना नाले में डूबे किशोर का शव बरामद

- हाटा कोतवाली के पिड़रा, बाबूराम टोला निवासी किशोर नाले में डूबा था
- परसा घाट से पांच सौ मीटर दूर नाले में शनिवार को उतराता मिला शव

सुकरौली, हिन्दुस्तान संवाद। हाटा कोतवाली के पिड़रा के बाबूराम टोला निवासी 17 वर्षीय किशोर का शव दूसरे दिन शनिवार को मझना नाला के परसा घाट से पांच सौ मीटर दूर मिला। किशोर का शव मिलने पर परिवारीजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पिड़रा के बाबूराम टोला निवासी रामसकल यादव का 17 वर्षीय बेटा सागर यादव शुक्रवार की दोपहर साढ़े ग्यारह बजे मझना नाला के परसा घाट में नहाने गया था। नहाते समय यकायक सागर गहरे पानी में चला गया। इससे वह नाले में डूब गया। आस पास के लोगों ने सागर के मझना नाले के पानी में डूबते देख शोर मचाया। बताया जाता है कि युवक स्कूटी से पंहुचा था। नाले के किनारे अपना कपड़ा निकालकर स्कूटी पर रख कर मझना नाले में नहा रहा था। घटना की सूचना पर तहसीलदार हाटा धर्मवीर सिंह, कोतवाली पुलिस व एनडीआरएफ की टीम देर रात तक मझना नाले में लापता किशोर को खोजने में जुटी रही, लेकिन युवक का पता नहीं चल सका। रात होने के चलते खोजने में एनडीआरफ टीम को काफी दिक्कत होने लगी। शनिवार की सुबह परिजन मझना नाले में किशोर को खोजने पहुंचे तो घटना स्थल से लगभग पांच सौ मीटर की दूरी पर नाले में लापता सागर का शव दिखा। परिवारीजनों ने किशोर के शव को नाले से बाहर निकाला। मृत किशोर तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी मौत से माता-पिता व परिवारीजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# 15 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार


जागरण संवाददाता, पडरौनाः रवींद्रनगर धूस पुलिस ने शनिवार को गांगरानी चौराहे से गैंगस्टर को गिरफ्तार किया। वह डेढ़ वर्ष से फरार चल रहा था। उसकी पहचान रूपेश पटेल निवासी कठार थाना धनहा जिला पश्चिमी चंपारण बिहार के रूप में हुई। उस पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मिश्र शाम को वाहन चेकिंग कर रहे थे। सूचना मिली कि डेढ़ वर्ष से फरार चल रहा गैंगस्टर कुबेरस्थान के गांगरानी चौराहे के समीप मौजूद है। पुलिस टीम ने वहां पहुंच फरार चल रहे गैंगस्टर को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए शातिर के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है। पुलिस को बीते डेढ़ वर्ष से इसकी तलाश चल रही थी। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। टीम में एसएसआइ संतोष सिंह, दारोगा सौरभ द्विवेदी आदि शामिल रहे।



रवींद्र नगर थाना में आरोपित • जागरण

## चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

जासं.अहिरौली बाजार :क्षेत्र के टीकर बाजार के समीप अहिरौली बाजार पुलिस ने शनिवार को चोरी की बाइक के साथ दो लिफ्टरों को गिरफ्तार किया। दोनों की पहचान बादल चौहान निवासी हर सेवकपुर नंबर दो चौहान टोला थाना गुलरिहा जिला गोरखपुर व राजू साहनी जगदीशपुर थाना अहिरौलीबाजार कुशीनगर के रूप में हुई। थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश राय ने बताया कि बाइक चोरी की है। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि बाइक क्षेत्र से ही चोरी हुई थी। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।



# घर से फरार प्रेमी युगल का हुआ निकाह

## सहमति

**खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद।** खड्डा थाना क्षेत्र के एक गांव से कुछ दिन फरार हुये प्रेमी युगल शनिवार को गन्ने की खेत से बरामद हुये। दोनों परिवारों की सहमति से प्रेमी युगल का निकाह करा दिया गया।

खड्डा क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक का पट्टीदारी की बेटी से पिछले तीन साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इसकी जानकारी होने पर उनके परिवारीजनों ने दोनों को फटकार लगाई। इस पर कुछ दिन पूर्व दोनों घर से फरार हो गए। घर वाले इसकी सूचना पुलिस को देते हुए उनकी खोजबीन में जुट गये। परिजन दोनों को एक गन्ने के खेत से बरामद कर लिये। इसके बाद दोनों प्रेमी प्रेमिका निकाह करने पर अड़ गये। इस पर दोनों के परिजन उनके सामने नतमस्तक होते हुए शनिवार को उन्हें लेकर थाने पहुंचे और सारी बातों से पुलिस को अवगत कराते हुये शाम तक दोनों का निकाह कराने की बात कही।

प्रेमी प्रेमिका के बालिग होने की दशा में पुलिस ने दोनों के परिजनों के रजामंदी पर उनके निकाह की अनुमति दे दी। देर शाम पंचों की मौजूदगी में दोनों का निकाह हो गया।

# गैस सिलेंडर में पकड़ी आग, हादसा टला

**मथौली बाजार।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सतभरिया महुअवां में शनिवार की रात लगभग आठ बजे विनय प्रजापति पुत्र भोला के परिवार के लोग घरेलू गैस सिलेंडर पर खाना बना रहे थे। इस दौरान अचानक गैस सिलेंडर में लिकेज के चलते आग पकड़ लिया। किसी ने थानाध्यक्ष विनय कुमार सिंह को सूचना दी। सूचना पर थानाध्यक्ष फायर सर्विस सूचित कर मौके पर पहुंच गए परन्तु सिलेंडर ब्लास्ट हो गया, जिससे घर में रखे सामान जल कर राख हो गये।

# मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी गो-तस्कर घायल

## आधी रात को लतवाचट्टी के पास फोरलेन पर हुई भिड़ंत, तमंचा व कारतूस बरामद

जागरण संवाददाता, तरयासुजान : तमकुहीराज के लतवाचट्टी के पास फोरलेन पर शुक्रवार आधी रात को पुलिस व पशु तस्कर के बीच मुठभेड़ हो गई। पैर में गोली लगने से तस्कर घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके पास से तमंचा व कारतूस मिला है। घायल तस्कर पर जनपद पुलिस की ओर से 25 हजार रुपये का इनाम घोषित है।

पुलिस के अनुसार एक वर्ष से फरार चल रहा पशु तस्कर बिहार जा रहा था। सूचना पर तमकुहीराज, तरयासुजान व पडरौना कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम रात 12 बजे बिहार बार्डर से सटे लतवाचट्टी के पास सरया मोड़ पर वाहनों की जांच में जुट गई। इस बीच तमकुहीराज की ओर से एक बाइक आती दिखी। पुलिस टीम ने घेराबंदी की तो सड़क किनारे बाइक रोककर सवार युवक पुलिस को निशाना बना फायरिंग करते हुए भागने लगा।



मुठभेड़ में घायल गो-तस्कर को ले जाती पुलिस • जागरण



घटना स्थल पर बरामद तमंचा • जागरण

जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लगी और वह गिर पड़ा। उसकी पहचान गुलाब हसन निवासी लतवा मुरलीधर थाना तमकुहीराज के रूप में हुई। उसके पास से तमंचा-कारतूस बरामद हुआ।

मौके से पुलिस को खोखा भी मिला है। घायल तस्कर को सीएचसी तमकुहीराज से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने जिला अस्पताल पहुंच तस्कर से पूछताछ की। बताया कि पकड़े गए तस्कर का आपराधिक इतिहास है।

उसके विरुद्ध तमकुहीराज, तरयासुजान के अलावा गोरखपुर के थाना गीडा व बस्ती जिले के हरैया थाने में गोवध व पशुक्रूरता अधिनियम के मुकदमे दर्ज हैं। टीम में प्रभारी निरीक्षक तमकुहीराज नीरज कुमार राय, प्रभारी निरीक्षक पडरौना कोतवाली राजप्रकाश सिंह, प्रभारी निरीक्षक तरयासुजान अमित शर्मा, दारोगा देशराज सरोज आदि शामिल रहे।

# चोरी की बैट्री के साथ एक गिरफ्तार

जासं, पडरौना :पडरौना कोतवाली पुलिस ने नगर के अंबे चौक के समीप चोरी के मामले में वांछित शातिर को शाम को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान प्रिंस गौड़ निवासी बाड़ी टोला थाना पडरौना कोतवाली के रूप में हुई। उसकी निशानदेही पर उसके घर से चोरी की एक बैट्री बरामद हुई। कोतवाल राजप्रकाश सिंह ने बताया कि बरामद बैट्री बीते दिनों नगर से मैजिक वाहन से चोरी हुई थी। मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही थी।

# सब्बल के साथ दो गिरफ्तार

जासं,रामकोलाः क्षेत्र के पपउर के समीप पडरौना मार्ग पर रामकोला पुलिस ने शाम को सब्बल के साथ दो को गिरफ्तार किया। दोनों की पहचान मुन्ना चौहान व हरेंद्र चौहान निवासी बभनौली थाना रामकोला के रूप में हुई। एसएचओ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि दोनों के विरुद्ध चोरी का मुकदमा पंजीकृत है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## मारपीट का आरोपित गिरफ्तार

रामकोला: उप-नगर के वलुआ चौराहे के समीप रामकोला पुलिस ने मारपीट व 7 क्रिमिनल एक्ट में नामजद व फरार चल रहे आरोपित राजेश निवासी मेंहदीगंज को गिरफ्तार किया। एसएचओ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# देह व्यापार के विरुद्ध महिलाओं का फूटा आक्रोश

जागरण संवाददाता, सिसवा महंथः कुशीनगर आसपास के होटल और गेस्ट हाउस एवं कुछ मकानों में चल रहे देह व्यापार के विरुद्ध महिलाओं का आक्रोश शनिवार को फूट पड़ा। अनिरूधवा की 40 महिलाएं हाथ में डंडा लेकर निकलीं। गांव के सामने एक मकान में तोड़फोड़ की। एक जोड़ा रंगे हाथ पकड़ा गया, जिसकी पिटाई की। मौका देख वह भाग निकले। महिलाओं का रौद्र रूप देख संचालक फरार हो गया। इस क्षेत्र में होटल व गेस्ट हाउस देह व्यापार की अड्डे बन गए हैं। आए दिन यहां युवक-युवती पकड़े जाते हैं, जिन्हें बालिग बताकर पुलिस छोड़ देती है। इसी तरह सड़क किनारे सुनसान स्थान पर बने मकान भी इस धंधे के लिए प्रयोग में लाए जा रहे हैं। गांव के बाहर रामाभार मोड़ के समीप एक मकान है, जिसमें काफी दिनों से यह धंधा चल रहा था।

महिलाओं का कहना है कि कई बार पुरुषों ने टोका लेकिन सुधार नहीं हो रहा था। आज संगठित होकर हम लोग निकली हैं। बताया कि इस क्रियाकलाप से घर के बच्चों पर बुरा असर पड़ रहा है। गांव में माहौल खराब हो रहा है। पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। गांव के समीप यह अनैतिक कार्य नहीं होने देंगे। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक डा. आशुतोष तिवारी ने घटना की जानकारी से इन्कार किया। कहा कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# अधिवक्ताओं ने फूंका पुलिस-प्रशासन का पुतला

**जागरण संवाददाता, कसया :** गाजियाबाद एवं हापुड़ की घटना को लेकर कसया दीवानी न्यायालय के अधिवक्ताओं का हड़ताल चौथे दिन शनिवार को भी जारी रहा। अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन का पुतला फूंक कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी सजा और वकीलों पर दर्ज मुकदमा वापस लिए जाने की मांग की। बार संघ के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सुबह 11 बजे बैठक हुई, जिसमें अधिवक्ताओं ने कहा कि न्यायालय परिसर में घुस कर हत्या करना कानून व्यवस्था को चुनौती है। हत्यारे को पकड़ने में असफल पुलिस अधिवक्ताओं पर रौब जमाती है। पुलिस की यह दादागीरी चलने नहीं दी जाएगी। जब तक मांग पूरी नहीं होगी, आंदोलन चलेगा बल्कि इसे और तेज किया जाएगा। मंत्री दीनदयाल मल्ल, अनुराग द्विवेदी, अमित राय, अलख नारायण पति त्रिपाठी, विपिन तिवारी, राजीव राय, जितेंद्र पटेल, पुनीत मिश्र, चंदेश्वर गोविंद राव, सोहराब अल, सुबोध पाठक आदि उपस्थित रहे।

# जहरखुरानी का शिकार हुआ एमबीए का छात्र

संवाद न्यूज एजेंसी

**तमकुहीरोड।** सेवरही कस्बा निवासी एक एमबीए द्वितीय वर्ष का छात्र शुक्रवार की रात ट्रेन में जहरखुरानी का शिकार हो गया। वह कानपुर में पढ़ाई करता है।

गोमतीनगर-छपरा कचहरी एक्सप्रेस ट्रेन से घर आ रहा था। परिजन उसे आरक्षित बोगी से बेहोशी की हालत में उतारकर उपचार कराए। होश आने पर उसने बताया कि बाराबंकी में उसे किसी ने कुछ सुंघा दिया था। इसके बाद वह बेसुध हो गया था।



राजन मद्धेशिया

कस्बे के किदवई नगर निवासी राजन मद्धेशिया कानपुर में एमबीए द्वितीय वर्ष की पढ़ाई करते हैं। वह शुक्रवार की रात गोमतीनगर-छपरा कचहरी एक्सप्रेस ट्रेन एस-9 बोगी में आरक्षित टिकट पर तमकुहीरोड आ रहे थे। बाराबंकी तक उन्होंने मोबाइल फोन पर परिजनों से बात की। उसी दौरान उनका मोबाइल बंद हो गया।

बात बीच में बंद होने के बाद उनके परिजनों ने दोबारा उन्हें कई बार फोन किया, लेकिन हर बार-बार उनका मोबाइल बंद मिला। अनहोनी की आशंका से चिंतित परिजन शुक्रवार की सुबह तमकुहीरोड रेलवे स्टेशन पहुंचे। सुबह 4:47 बजे जैसे ही ट्रेन तमकुहीरोड स्टेशन पर पहुंची तो परिवार के लोगों ने उन्हें तलाशना शुरू किया। उनकी बोगी में पहुंचे तो वह अपनी आरक्षित सीट पर बेहोशी की हालत में मिले। परिजन उन्हें ट्रेन से उतार कर घर लाए और उपचार कराए। कुछ देर बाद उन्हें होश आया तो उन्होंने बताया कि बाराबंकी में किसी ने कुछ सुंघा दिया था।

# पेंशन के लिए शिक्षकों ने चलाया पोस्टर अभियान

**जागरण संवाददाता, सेवरही :** पुरानी पेंशन बहाली समेत 18 सूत्रीय मांगों के समर्थन में शिक्षकों ने पोस्टर अभियान की शुरुआत की। शिक्षकों ने बीआरसी भवन पर पोस्टर चिपकाया, फिर विद्यालयों में इसकी शुरू की। प्राथमिक शिक्षक संघ तमकुही अध्यक्ष शंभू यादव ने कहा कि पोस्टर अभियान चलाकर शिक्षकों को जागरूक किया जा रहा है। मंत्री देवेन्द्र ओझा ने कहा कि पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार कर शिक्षकों से अपने हितों की रक्षा एवं समस्याओं के समाधान के लिए चार सितंबर को जिला मुख्यालय पर आयोजित धरना में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की जा रही है। संयुक्त मंत्री राजेश प्रसाद ने कहा कि समस्याओं का अंबार लगा

**पुरानी पेंशन बहाली समेत 18 सूत्रीय मांगों के लिए आंदोलित हैं शिक्षक**

है, विवश होकर शिक्षक आंदोलन कर रहे हैं। कोषाध्यक्ष अमरनाथ यादव ने कहा का कि बीएसए कार्यालय पर शिक्षकों को जोरदार उपस्थित दर्ज करानी है। पूमावि के मंत्री अंजनी सिंह, अजय सिंह, राजू सिंह, राकेश प्रताप सिंह, कृष्ण मुरारी पांडेय, रजिमुल्लाह अंसारी, ज्ञानचंद तिवारी, देवेंद्र पांडेय, बृजमोहन तिवारी, गोरख राय, शशांक शेखर राय, बबलू जायसवाल, जितेन्द्र प्रसाद, उमाशंकर यादव, सुरेंद्र कुशवाहा, दीनानाथ राजभर, रमाशंकर, यशवंत प्रसाद, हेमलता गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# जहरखुरानी का शिकार

जासं, सेवरही : उपनगर सेवरही के किदवईनगर निवासी राजन मद्धेशिया कानपुर के एक निजी कालेज से एमबीए करते हैं। शुक्रवार की रात लखनऊ से रात सवा नौ बजे गोमती नगर समर एक्सप्रेस से घर के लिए चले। बाराबंकी पहुंचने पर कोई अंजान व्यक्ति बोगी में चढ़ा और पास के सीट पर बैठ गया। बातचीत के दौरान उन्हें कोई नशीला पदार्थ सुंघा दिया। राजन के अचेत होने पर पाकेट में रखा 1800 रुपये नकदी, मोबाइल व बैग लेकर उक्त व्यक्ति गायब हो गया। सुबह तमकुहीरोड रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पहुंची तो राजन सीट पर अचेत पड़ा मिला। उसे होश आया तो पूरी बात बताई।

# बालिका विद्यालय की सुरक्षा में सेंध, उठ रहे सवाल

जागरण संवाददाता, कसया: कक्षा नौंवी की छात्रा के लापता होने की घटना ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है। नदी किनारे सुनसान जगह पर स्थित इस विद्यालय में चार सौ छात्राएं रहतीं हैं। यहां न तो सीसी कैमरे लगे हैं और न ही पर्याप्त संख्या में गार्ड की ही तैनाती है। यह स्थिति तब है जब विद्यालय की सुरक्षा में सेंध लगने के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं।

हेतिमपुर बाजार से लगभग एक किमी. दूर छोटी गंडक नदी के किनारे स्थित इस विद्यालय में कक्षा छह से 12 वीं तक की चार सौ छात्राएं परिसर स्थित हास्टल में ही रह कर पढ़ती हैं। इनकी सुरक्षा और देखरेख के लिए विद्यालय के अंदर एक महिला गार्ड और दो अध्यापिकाएं तथा प्रवेश द्वार सहित पूरे परिसर की निगरानी के लिए सिर्फ एक गार्ड की तैनाती है। जो छात्राओं की संख्या के लिहाज से पर्याप्त नहीं है। नियमित रूप से पढ़ाई के बाद छात्राएं शाम को परिसर में खेलती-कूदती हैं। खेलकूद के दौरान ही वह लापता हुई। सीसी कैमरा रहता तो गतिविधियां कैद हुई होती।

> छात्रा की तलाश में पुलिस की तीन टीमें लगाई गई हैं। टीमें अपने-अपने लक्ष्य पर कार्य कर रहीं हैं। शीघ्र ही उसे सुरक्षित ढूंढ लिया जाएगा।
>
> -धवल जायसवाल, एसपी

**वर्ष 2012 में भी चर्चा में आया था विद्यालय**: वर्ष 2012 के अप्रैल में भी विद्यालय चर्चा में आया था। तब कुछ छात्राओं ने यहां तैनात दो गार्ड और एक लिपिक पर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया था। मामले की हुई उच्चस्तरीय जांच में दोषी पाए जाने पर गार्ड राजेश चौरसिया, ध्रुवनारायण गुप्ता एवं बाबू नीतिन मुकेश जेल भेजे गए थे।

# चेयरमैन पर जातिगत टिप्पणी का आरोप, प्रदर्शन

**जासं, पडरौना**: यूपी एग्रो के चेयरमैन जगदीश मिश्र उर्फ बाल्टी बाबा पर जातिगत टिप्पणी किए जाने का आरोप लगा शनिवार को ब्रह्मर्षि मंच कुशीनगर के तत्वावधान में भूमिहार समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट व भाजपा कार्यालय के गेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने अपर एसडीएम मोहम्मद जफर और भाजपा के जिला महामंत्री सुदर्शन पाल को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की। मंच के अध्यक्ष ब्रजेश राय के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे भूमिहार समाज के लोगों का कहना है कि ग्राम प्रधानों पर जातीय टिप्पणी की गई है। उनका पत्र इंटरनेट मीडिया में वायरल हो रहा है। तमकुहीराज के बीडीओ भी भूमिहार बिरादरी के हैं। उन पर जातीय आधार पर कार्य करने का बाल्टी बाबा ने आरोप लगाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि जातीय द्वेष रखने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन करने वालों में दुर्गेश राय, गुड्डू शाही, राणाप्रताप राय, प्रवीण शाही, मनीष राय, अर्जुन शाही आदि शामिल रहे।

# सलेमगढ़ में मिले अज्ञात शव की हुई पहचान

**सलेमगढ़** : तरयासुजान के सलेमगढ़ हाईवे चौक बाजार के देसी शराब भट्ठी के निकट बीते शुक्रवार को मिले 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति के शव की पहचान हो गई है। मृतक के जेब से मिले कागज पर लिखे मोबाइल नंबर पर पुलिस द्वारा फोन करने पर मृतक का दोस्त उठाया। मृतक का फोटो भेजने पर नाम राजेश सिंह पुत्र वीरेंद्र नारायण सिंह ग्राम परसौनी थाना चकियां, पूर्वी चंपारण बिहार निवासी बताया। (जासं)

# 23 मामलों का निस्तारण

**कुशीनगर :** जिले के सभी तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान का आयोजन हुआ। इसमें सभी विभागों के विभागाध्यक्षों को शिकायतों के निस्तारण में तेजी लाने का निर्देश दिया। इस दौरान जिले के पांच तहसीलों में कुल पांच कुल 140 मामलों दर्ज हुए, जिसमें से महज 23 का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। पडरौना तहसील सभागार में एसडीएम महात्मा सिंह और तहसीलदार सुमित सिंह की मौजूदगी में 18 में चार निस्तारित, हाटा तहसील सभागार में एसडीएम हीरालाल की अध्यक्षता में 40 में चार का निस्तारित, कप्तानगंज तहसील सभागार में एसडीम व्यास नारायण उमराव की अध्यक्षता में 12 में आठ, तमकुहीराज तहसील सभागार में एसडीएम विकास चंद्र व सीओ जितेंद्र कालरा की मौजूदगी में 48 में चार, खड्डा में एसडीएम आशुतोष की अध्यक्षता में 22 में तीन का निस्तारण हुआ। (जासं)

# शिक्षक पर चाकू से हमला

**दाहूगंज :** पथरवा अमरपट्टी चौराहा के समीप शुक्रवार को अपराह्न चार बजे बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने बाइक से घर आ रहे एक निजी विद्यालय के शिक्षक पर चाकू से हमला बोल दिया। लहूलुहान शिक्षक ने भागकर जान बचाई। गांव के दिवेश मिश्र तरयासुजान के परसौन में शिक्षण कार्य करते हैं। स्कूल से वापसी में घर से 400 सौ मीटर की दूरी पर दो युवक बाइक से खड़े थे। उन्हें रोककर मोबाइल व बाइक छीनने के प्रयास करने लगे। (जासं)

## नहाने गए किशोर का दूसरे दिन मिला शव

सुकरौली बाजार : हाटा कोतवाली क्षेत्र के पिडरा बाबूराम टोला निवासी रामसकल यादव का 17 वर्षीय पुत्र सागर यादव शुक्रवार की दोपहर को मझना नाले के परसा घाट पर नहाने गया, जहां गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। शनिवार की सुबह नौका टोला के समीप शव पानी में उतराता मिला, जिसकी पहचान स्वजन ने की। मझना नाले के पास किशोर स्कूटी खड़ी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी रही।

## 15 दिन पूर्व भागे युवक व युवती का निकाह

खड्डा : थाना क्षेत्र के एक गांव से लगभग 15 दिन पहले घर छोड़ भागे समुदाय विशेष के प्रेमी व प्रेमिका की घर वापसी के बाद शनिवार की देर शाम स्वजन ने निकाह करा दिया। एक गांव का रहने वाला युवक का रिश्ते में भतीजी से प्रेम हो गया। इसकी जानकारी होने पर उनके स्वजन को हुई तो उन्होंने दोनों को फटकार लगाई। जिसके बाद दोनों घर छोड़ फरार हो गए। स्वजन शनिवार को उन्हें खोजकर घर वापस लाए व पुलिस को अवगत करा देर शाम को गांव में ही दोनों का निकाह करा दिया।

# चोरी के सामान और कटर मशीन के साथ दो गिरफ्तार

रामकोला। थाना क्षेत्र सिंगहा गांव के पास से शनिवार को पुलिस ने चोरी के सामान और कटर मशीन के साथ दो चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस चोरों के पास से बरामद कटर मशीन और चोरी का सामान कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई में जुटी है।

रामकोला थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि संदिग्ध व्यक्तियों और न्यायालय से जारी वारंटियों की तलाश में पुलिस निकली थी।

इसी दौरान सिंगहा गांव के पास एक गुमटी तोड़कर चोरी करने वाले मुन्ना चौहान व हरेंद्र चौहान निवासी बभनौली थाना रामकोला को गिरफ्तार किया गया है।

तलाशी के दौरान चोरों के पास से चोरी के सामान के अलावा कटर मशीन भी बरामद हुई है। चोरी का समान और कटर मशीन पुलिस ने कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। इसके बाद आरोपी चोर को न्यायालय में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने दोनों को जेल भेज दिया। संवाद

# चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

पडरौना। अहिरौली बाजार पुलिस ने शनिवार को चोरी की एक बाइक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस बरामद बाइक को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुटी है।

थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश राय ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव जगदीशपुर निवासी राजू साहनी और गोरखपुर जिले के थाना गुलहरिया के गांव हरसेवकपुर नंबर-दो चौहान टोला निवासी बादल चौहान को चोरी की बाइक के साथ टीकर चौराहे के पास स्थित नहर की पटरी से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में दोनों ने चोरी की बाइक होना स्वीकार किया।

बताया कि राजू साहनी के विरुद्ध स्थानीय थाने में चोरी समेत अन्य कई मामलों में कई मुकदमे पूर्व में दर्ज हैं। दोनों आरोपियों पर कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया, जहां कोर्ट ने दोनों को जेल भेज दिया। संवाद

# बजरंग दल के पदाधिकारी ने धर्मांतरण मामले में पुलिस की कार्रवाई की ली जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**कसया।** क्षेत्र के कुड़वा दिलीपनगर के धन्नीपट्टी टोला में धर्मांतरण के मामले को लेकर बजरंग दल के गोरक्ष प्रांत के सह संयोजक ने पहुंचकर इस मामले में पुलिस की अब तक की कार्रवाई के बारे में जानकारी ली। ग्रामीणों से इस बारे में बातचीत की।

बजरंग दल के गोरक्ष प्रांत के सह संयोजक दुर्गेश प्रताप राव ने टीम के साथ धन्नीपट्टी पहुंचकर लोगों से बातचीत की। मौके पर विवेचक रत्नेश मौर्य से घटना में दर्ज प्राथमिकी व जांच के बारे में जानकारी ली। कहा कि जांच में किसी भी तरह की अनियमितता नहीं होनी चाहिए।

लोगों ने बताया कि विदेशी नागरिक टूरिस्ट वीजा पर भारत आया और इतना बड़ा षडयंत्र करके वापस चला गया। प्रशासन को कड़ाई से पूछताछ करनी चाहिए थी। ग्रामीणों को अवगत कराया कि इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त लोगों के बारे में तत्काल जानकारी देने की जरूरत है।

## सह संयोजक ने घटनास्थल से एक बोतल पानी कराया बरामद

दूर-दराज से लोग आकर प्रलोभन देकर सीधे-सादे लोगों को अपने जाल में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, उन लोगों में कार्रवाई को लेकर असंतोष है। उनका कहना है कि यदि उसी दिन पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की होती तो इसके जिम्मेदार गिरफ्त में आ गए होते।

सह संयोजक ने घटनास्थल पर निरीक्षण के दौरान वहां से एक बोतल, जो अजीब दुर्गंध दे रहा था, उसे मामले के विवेचक को बरामद कराया। इस दौरान शिवाकांत सिंह, गौरव द्विवेदी, बलराम मिश्र, अंकित सिंह, दीपक गुप्त, मुकेश वर्मा, अमित खरवार, विधि प्रकोष्ठ के सह संयोजक किशोर यादव, विहिप के जिला मंत्री सनत कुमार पांडेय, नितेश कुशवाहा आदि मौजूद थे।

इस संबंध में एसएचओ डॉ. आशुतोष तिवारी ने बताया कि मामले में मुकदमा पंजीकृत हो गया है। विवेचक की ओर से जांच-पड़ताल जारी है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-03-09-2023

# गैंगस्टर के चार आरोपित गिरफ्तार

कोल्हुई। कोल्हुई पुलिस ने गैंगेस्टर के चार आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। क्षेत्र के बड़गो व राजमंदिर से एक-एक आरोपित व बृजमनगंज क्षेत्र के मिश्रवलिया व सिकंदरपुर से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। एसओ महेन्द्र यादव ने बताया कि गैंगेस्टर के इन आरोपितों की पुलिस को तलाश थी। एसआई संदीप वर्मा व उमाकांत सरोज ने चारों को गिरफ्तार किया।



राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को शनिवार को जिला जज जयप्रकाश तिवारी, डीएम सत्येन्द्र कुमार ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# जागरूकता वाहन को जिला जज, डीएम ने रवाना किया

महराजगंज, निज संवाददाता। दीवानी न्यायालय में नौ सितम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए शनिवार को जिला जज जयप्रकाश तिवारी, डीएम सत्येन्द्र कुमार ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रैली में अधिवक्ताओं ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया। रैली में अधिवक्ताओं ने मोटर साइकिल लेकर पूरा नगर भ्रमण किया। इसके बाद रैली नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए सक्सेना चैराहा, कालेज रोड से होते हुए मऊपाकड़ पहुंची। वहां से उद्योग चैराहा से होते हुए दीवानी न्यायालय पहुंच कर समाप्त हुई।

इस अवसर पर एसपी, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष राघवेन्द्र मणि त्रिपाठी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कमलेश्वर पांडेय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फूल चन्द्र कुशवाहा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सौरभ श्रीवास्तव, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आस्था श्रीवास्तव, अपर सिविल जज असगर अली, सिविल जज बलवन्त कुमार भारती, सिविल जज बुशरा नूर, न्यायिक मजिस्ट्रेट अरूण सिंह राठौर, सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के महामंत्री धर्मेन्द्र त्रिपाठी सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कमलेश्वर पांडेय की अगुवाई में न्यायालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों फाइलेरिया की दवा भी पिलाई गई। इस अवसर पर सीएमओ

# नेपाली महिला के कब्जे से कपड़े बरामद

खनुआ। सोनौली कोतवाली क्षेत्र के सीमावर्ती गांव शेष फरेंदा के पास खनुआ चौकी प्रभारी गंगाराम यादव ने नेपाल जा रही एक महिला के कब्जे से एक बोरे में रखा 75 पीस लेडीज शूट व 30 साड़ियां बरामद की। पूछताछ में महिला ने अपना नाम सरिता गिरी निवासी सैना मैना रुपन्देही–नेपाल बताया। पुलिस ने महिला व कपड़े को अग्रिम कार्रवाई के लिए नौतनवा कस्टम को सुपुर्द कर दिया।

# हादसे में मासूम की मौत के मामले में केस

भगवानपुर। सोनौली क्षेत्र के भगवानपुर टोला खलंगा में शुक्रवार की शाम चार वर्षीय मासूम आयुष की मौत के मामले में पुलिस ने सोनू विश्वकर्मा पर केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी संतोष कुमार गौड का चार वर्षीय पुत्र आयुष कुमार गौड शुक्रवार की शाम घर के सामने एसएसबी रोड पर खेल रहा था कि तेज रफ्तार आई बाइक की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।

# झूठी शिकायत पर डीएम ने ठेकेदार को फटकारा

**समाधान दिवस**



सदर तहसील सभागार में शनिवार को डीएम व एसपी ने शिकायतों की सुनवाई की।

महराजगंज, निज संवाददाता। शनिवार को जिले के सभी चारों तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 152 फरियादियों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई। इसमें से जांच-पड़ताल कर 25 शिकायतों का मौके पर ही त्वरित समाधान कर दिया गया। शेष का समय सीमा के अंदर निस्तारित करने का संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

सदर तहसील सभागार में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में केवल 16 फरियादी ही पहुंचे। डीएम सत्येन्द्र कुमार, एसपी डॉ. कौस्तुभ, एसडीएम दिनेश मिश्र ने जन शिकायतों की सुनवाई की। इसमें केवल दो शिकायतों का ही मौके पर समाधान हुआ। समाधान दिवस में एक ठेकेदार भी शिकायत लेकर पहुंचा था। बताया कि उसे पोखरी सुन्दरीकरण का कार्य मिला है, लेकिन ईओ काम नहीं करने दे रहे हैं। इस शिकायत पर डीएम ने ईओ से पूछताछ की। इस दौरान यह बात सामने आई कि पोखरे से मिट्टी निकाल बेची जा रही है। इसकी शिकायत मिलने पर मिट्टी बेचने पर रोक नगर पालिका ने लगाया है। साक्ष्य समेत जवाब देख डीएम ने समाधान दिवस में ही झूठी शिकायत पर ठेकेदार को फटकार लगाया।

निचलौल संवाद के अनुसार स्थानीय तहसील सभागार में एसडीएम सत्यप्रकाश मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान आए नौ मामलों में से मौके पर तीन मामलों का निस्तारण हुआ।

नौतनवा संवाद के अनुसार नौतनवा तहसील सभागार में तहसील स्तरीय आयोजित समाधान दिवस में आए 53 मामले आए। इसमें से महज 5 का निस्तारण हो पाया एसडीएम मुकेश कुमार सिंह एवं सीओ आभा सिंह के नेतृत्व में आयोजित समाधान दिवस में फरियाद लेकर पहुंचे अधिकांश फरियादी आश्वासन के साथ लौट गए।

फरेंदा संवाद के अनुसार स्थानीय तहसील सभागार में एडीएम डॉ. पंकज कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 74 मामले आए। इसमें से 15 मामलों का निस्तारण हुआ। इस मौके पर एएसपी आतिश कुमार सिंह, एसडीएम रमेश कुमार ने सुनवाई किया।

# बुजुर्ग की मौत के मामले में केस

ठूठीबारी। ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भरवलिया के बसन्तपुर मोड़ के समीप शुक्रवार को सड़क हादसे में साइकिल सवार बुजुर्ग काशी प्रसाद की मौत के मामले में पुलिस ने उनके बेटे गिरिजेश यादव की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। बुजुर्ग की साइकिल में ठोकर मारने वाले बाइक चालक बैजनाथ निवासी ठूठीबारी के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# चित्रकूट पुलिस ने तीन दिन बाद व्यापारी के पुत्र को छोड़ा

चौक बाजार। पांच करोड़ के आनलाइन फ्राड के मामले में नगर पंचायत चौक के ठेकी चौराहा से तीन नामजद आरोपितों को पनाह देने के मामले में व्यापारी पुत्र को पूछताछ के बाद चित्रकूट पुलिस शनिवार को छोड़ दिया। व्यापारी पुत्र के घर पहुंचने के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली।

चित्रकूट पुलिस की एसओजी टीम बीते बुधवार की रात में चौक बाजार के ठेकी चौराहा से आनलाइन फ्राड के मामले में तीन नामजद आरोपितों के अलावा इनको पनाह देने वाले व्यापारी पुत्र को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई थी। कुशीनगर के रामकोला क्षेत्र के रहने वाले पांच करोड़ के साइबर फ्राड के तीन आरोपित दूर की रिश्तेदारी का तार जोड़ कर ठेकी चौराहा पर पहुंचे थे। एक व्यापारी के घर में शरण लिए थे। आरोपित नेपाल भागने की फिराक में थे। चित्रकूट पुलिस उनको ढूंढ रही थी। लोकेशन मिलने के बाद चित्रकूट पुलिस गुरुवार की रात में पहुंची। तीनों आरोपितों के गिरफ्तार करने के बाद चित्रकूट पुलिस व्यापारी के पुत्र को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई थी। पूछताछ के बाद पुलिस ने चौक बाजार के ठेकी चौराहा के रहने वाले व्यापारी पुत्र को छोड़ दिया।

# दो माह में 62 अपराधियों को पुलिस ने दिलाई सजा

## जुलाई से आपरेशन कन्विक्शन के तहत मुकदमों को चिह्नित कर की पैरवी

जागरण संवाददाता, महराजगंजः न्यायालयों में लंबित मुकदमों को चिह्नित कर उसमें लगातार पैरवी कर दोषियों को सजा दिलाने के लिए पुलिस आपरेशन कन्विक्शन चला रही है। इसके तहत पिछले दो माह में पुलिस की सक्रियता से कुल चिह्नित 141 मुकदमों में से 62 मुकदमों में दोषियों को सजा दिलाई गई है।

इस सफलता पर पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ ने पूरी टीम को बधाई देते हुए और बेहतर ढंग एवं नई उर्जा के साथ कार्य करने का निर्देश दिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि आपरेशन कन्विक्शन के तहत लंबे समय से न्यायालयों में लंबित मुकदमों का चिह्नांकन कर प्रत्येक थानों से दारोगा और पैरोकार को नोडल नामित किया गया है।

इसमें नोडल अधिकारी द्वारा संबंधित मुकदमों में लंबे समय से लंबित पड़ी गवाही और न्यायालय की मांग पर सहायक शासकीय अधिवक्ता से संपर्क कर समस्त साक्ष्यों को उपलब्ध कराते हुए न्यायिक प्रक्रिया को रफ्तार देने का कार्य किया गया। जिसके तहत कुल 62 मुकदमों में दोषियों को सजा हुई है, वहीं मुकदमों में चार्जशीट के बाद भी दो को निर्दोष मिलने पर कोर्ट ने उन्हें दोषमुक्त भी घोषित किया है।

जिन 62 मुकदमों में सजाएं हुई हैं, उसमें पांच पाक्सो एक्ट, चार हत्या, पांच गोवध अधिनियम, सात चोरी और 41 मारपीट व छोटे मुकदमों के मामले शामिल हैं। इनके अलावा इस वर्ष जिले में दर्ज हुए कुल 61 मुकदमों को भी आपरेशन कन्विक्शन के तहत चयनित किया गया है, जिसमें 26 मुकदमों में आरोपपत्र दाखिल हो गया है, जबकि 35 मामलों में विवेचना जारी है।




# गैंगस्टर में वांछित चार आरोपित गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, कोल्हुईः कोल्हुई पुलिस ने शनिवार को गैंगस्टर एक्ट में वांछित चार आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय को सिपुर्द कर दिया।

गंगाराम निवासी महुलानी, भगवानदास मिश्रवलिया, अंगद राजमंदिर कला, रामकेश कुमार ग्राम बड़गो कई वर्षों से फरार चल रहे थे। थानाध्यक्ष महेंद्र यादव ने बताया कि इन अभियुक्तों के गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि चारों अभियुक्त रुदलापुर चौराहे से कहीं जाने की फिराक में हैं।

मौके पर पहुंचकर चारों आरोपितों को रुदलापुर चौराहे से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश कराया गया, जहां उन्हें जेल भेज दिया गया।

# चोरी के सामान के साथ आरोपित गिरफ्तार, जेल

जासं, सिंदुरियाः सिंदुरिया पुलिस ने बीती रात भागाटार गांव से चोरी हुए नल के मामले में मुकदमा पंजीकृत होने के आठ घंटे के भीतर नल बरामद करते हुए चोर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित की पहचान मिठौरा टोला कोठी निवासी जितेंद्र उर्फ दरगन के रूप में हुई है।

थानाध्यक्ष कंचन राय ने बताया कि बीती रात भागाटार टोला अमतहा गांव में सार्वजनिक शौचालय पर अज्ञात चोर द्वारा नल की चोरी कर ली गई थी। इस मामले में राहुल कन्नौजिया की तहरीर पर अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी। शनिवार को परसामीर मंदिर के पास से जितेंद्र उर्फ दरगन नल को बेचने के फिराक में था, कि इस दौरान गिरफ्तार कर लिया गया।

# तस्करी के कपड़े के साथ नेपाल की महिला गिरफ्तार

जासं, खनुआः सोनौली कोतवाली क्षेत्र के शेख फरेंदा गांव के पास शनिवार को खनुआ पुलिस चौकी के कर्मियों ने एक महिला को तस्करी के कपड़ों के साथ गिरफ्तार किया है। कपड़ों को जब्त कर महिला पर कस्टम अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

पकड़ी गई कपड़ा तस्कर की पहचान नेपाल के रूपंदेही जिला के सैना मैना गांव पालिका वार्ड छह के मुर्गियहवा गांव की रहने वाली सरिता गिरी के रूप में हुई है, जो कि 70 अदद लेडीज सूट व 20 अदद साड़ी गट्ठर में बांध नेपाल ले जाने के फिराक में थी।

उसने पूछताछ में बताया कि उसे कपड़े शेख फरेदा व सोनौली के कुछ लोगों ने दिए थे। कपड़ों को बुटवल पहुंचना था। जिसके एवज में उसे 10 हजार रुपये धुलाई का मेहनताना मिलता।

खनुआ पुलिस चौकी इंचार्ज गंगाराम यादव ने बताया कि बरामद कपड़े व महिला को कस्टम विभाग के सिपुर्द किया गया है।

# साहब, पति ने घर में बंद कर दिया ताला, रहने का नहीं है ठिकाना

महराजगंजः साहब, पति प्रमोद कुमार पैतृक संपत्ति बेच रहे हैं। कुछ हिस्से में बेटा नित्यानंद और दयानंद की कमाई से भवन का निर्माण कराई हूं, लेकिन पति उसमें तालाबंद कर दिए हैं। घर में नहीं जाने दे रहे हैं। ऐसे में हम लोगों के रहने का ठिकाना नहीं है। जाएं तो जाएं कहां? साहब आप ही कुछ कीजिए। पति को समझाकर कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें रास्ते पर लाएं और हमें न्याय दिलाइए।

यह पीड़ा है कोतवाली थाना क्षेत्र के विद्यावती देवी की। पति के व्यवहार से व्यथित महिला अपने बेटे गोपाल के साथ सदर तहसील में जिला स्तरीय तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ के समक्ष पहुंची और अपनी पीड़ा सुनाई। अधिकारियों ने महिला और बेटे की पूरी बात सुनी। इसके बाद उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी डीसी त्रिपाठी को निर्देशित करते हुए दोनों को वन स्टाफ सेंटर भेजा। यहां सेंटर प्रभारी प्रियंका सिंह ने महिला की समस्या सुनीं और गांव के प्रधान से वार्ता भी किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि पीड़ित विद्यावती के पास पुराना मकान है, वह घर चली गई हैं।

जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने कहा कि अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में तेजी लाएं। निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से होनी चाहिए। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। इस दौरान आए 17 शिकायतों में से चार का ही निस्तारण किया गया। एसडीएम सदर दिनेश चंद्र मिश्रा, बीएसए श्रवण कुमार गुप्ता, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण शांत प्रकाश श्रीवास्तव सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



सदर तहसील सभागार में समाधान दिवस में समस्या सुनते डीएम सत्येंद्र कुमार•जागरण

नौतनवा संवाददाता के अनुसार तहसील सभागार में एसडीएम मुकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में आए 53 मामलों में पांच का निस्तारण किया गया। इसी बीच पति पर भूमि बिक्री व दूसरी शादी का आरोप लगाते हुए बच्चों संग महिला फरियाद लेकर पहुंची। एसडीएम मुकेश कुमार सिंह को पत्रक देकर न्याय की गुहार लगाई है। महिला ने बताया कि 13 वर्ष पहले उसकी शादी हुई थी। उनके तीन बच्चे 10 वर्षीय संदीप, सात वर्षीय अंशु व तीन वर्षीय अंशु है। पति ने 23 मार्च को दूसरी शादी कर ली। धीरे-धीरे सभी भूमि को बेच रहे हैं। जिसको रोकने पर विवाद हो रहा है। ऐसी स्थिति में बच्चों को लेकर इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

एसडीएम ने मामले में राजस्व अधिकारी व पुलिस को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आनंदनगर कार्यालय के अनुसार फरेंदा तहसील सभागार में तहसील समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम रमेश कुमार ने किया। इस दौरान 74 मामले आए, जिसमें 15 का निस्तारण हुआ। इस दौरान एडीएम डा. पंकज कुमार वर्मा, तहसीलदार कर्ण सिंह मौजूद रहे। निचलौल संवाददाता के अनुसार एसडीएम सत्यप्रकाश मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित तहसील समाधान दिवस में सुनवाई के लिए कुल नौ मामले पंजीकृत किए गए, जिसमें तीन का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इस प्रकार जिले की चारो तहसीलों में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आए कुल 153 मामले में से 27 का निस्तारण किया गया।

# दोषियों को सजा दिलाने में मददगार बना ऑपरेशन कन्विक्शन

महराजगंज। दोषियों को सजा दिलाने में ऑपरेशन कन्विक्शन मददगार बना है। पुलिस ने 141 मुकदमों को चिन्हित कर 62 में बेहतर ढंग से पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाई। बचे हुए अपराधियों पर शिंकजा कसने के लिए पुलिस की ओर से कोशिश तेज कर दी गई है। ऑपरेशन कन्विक्शन में हत्या, लूट, अपहरण, दुष्कर्म, गोकशी, चोरी जैसे जघन्य अपराधों को चिन्हित किया गया। जिनमें कुल 141 मुकदमों में केवल दो-दो मुकदमों में अभियुक्त दोष मुक्त हुए हैं। पॉक्सो में 05, हत्या में 04, गोकशी में 05, चोरी में 07 एवं अन मुकदमों में 41 ऐसे हैं, जिनमें पुलिस विभाग व अभियोजन विभाग के समन्वय से सजा दिलाई गई है। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत और 35 चिन्हित मुकद की विवेचना की गई। 26 मुकदमों में आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित कर दिया गय है। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि पुलिस व अभियोजन टीम को लगाकर मुकदमों में लगातार पैरवी कराई जा रही है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत बेहतर परिणाम मिला है। प्रबल पैरवी के परिणाम स्वरूप 62 मुकदमों में सजा दिलाई गई है, और यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी। संवाद



बाइक रैली को डीएम-एसपी के साथ झंडी दिखाते जिला जज जयप्रकाश तिवारी।( बाएं से चौथे) ● जागरण

# लोक अदालत की जागरूकता को लिए निकाली बाइक रैली

- अधिकाधिक वाद निस्तारण के लिए लोगों को किया गया जागरूक
- जिला जज के साथ डीएम-एसपी ने रैली को झंडी दिखाकर किया रवाना

**जासं, महराजगंज**: आगामी नौ सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने और व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बाइक रैली निकाली गई। दीवानी न्यायालय से जिला जज जयप्रकाश तिवारी, डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डा.कौस्तुभ ने रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया।

बाइक रैली दीवानी न्यायालय महराजगंज से चलकर मुख्य मार्ग से होते हुए सक्सेना चौराहे, कालेज रोड, मऊपाकड, उद्योग चौराहा, फरेंदा रोड एसटी अंकित कुमार मित्तल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमलेश्वर पाण्डेय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय फूल चन्द्र कुशवाहा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सौरभ श्रीवास्तव, अपर मुख्य न्यायिक

# जमीन कब्जाने के लिए प्रताड़ित कर रहा विपक्षी, दिलाएं न्याय

## जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में समस्याओं के निदान के लिए दौड़ रहे लोगों ने बताई अपनी पीड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी



सदर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनते डीएम सत्येंद्र कुमार और एसपी डॉक्टर कौस्तुभ। संवाद

**महराजगंज।** साहब, विपक्षी जमीन कब्जाने के प्रयास के साथ ही प्रताड़ित करने में जुटा है। उससे बचने के लिए थाने से लेकर उच्चाधिकारियों तक का चक्कर लगाने के बाद भी न्याय नहीं मिला। मामले को गंभीरता से लेते हुए न्याय दिलाएं।

सदर तहसील सभागार में हुए जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार को पीड़िता व सदर कोतवाली के नेता सुरहुरवा की रहने वाली रिंका देवी ने कुछ इस ढंग से अपनी पीड़ा सुनाई। कहा कि उसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है, विपक्षी दबंग है एवं प्रभाव का इस्तेमाल कर उसकी जमीन को कब्जाना चाहता है। जिस पर जिलाधिकारी ने मामले की जांच कराते हुए कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया।

दूसरा मामला सदर तहसील के ग्राम कामता बुजुर्ग के कतवारू का रहा, जिसमें तहसीलदार के आदेश पर क्षतिपूर्ति दिलाने व बेदखली की कार्रवाई करने की मांग की गई। उन्होंने बताया कि उनकी भूमि ग्राम सभा के खाते में दर्ज है, जिस पर गांव की एक महिला की ओर से अतिक्रमण कर लिया गया। मामले में कई बार दौड़ने के बाद तहसीलदार के न्यायालय ने अतिक्रमणकारी को क्षतिपूर्ति वसूली देने व बेदखली की बात कही, मगर अभी तक यह कार्रवाई नहीं हो सकी।

तीसरे मामले में राजमंदिर के रहने वाले दिग्विजय ने गांव में अपात्रों को प्रधानमंत्री शहरी आवास का लाभ दिए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि 25 जुलाई को जिला पंचायत राज अधिकारी व 23 अगस्त को मुख्य विकास अधिकारी से भी शिकायत की गई थी, लेकिन मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

चौथा मामला घुघली थाना क्षेत्र के ग्राम गोपाला के महेंद्र प्रसाद का रहा। उन्होंने बताया कि उनके बाग की भूमि पर लेखपाल व प्रधान की ओर से जबरिया गिट्टी गिरवा दी गई, मना करने पर वे नहीं मान रहे हैं।

तहसील स्तर से रिपोर्ट लगने के बाद भी गिट्टी को हटाने में रुचि नहीं ली जा रही है। ऐसे में उच्चाधिकारियों के आदेश का कोई मतलब नहीं रह गया है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, उप जिलाधिकारी दिनेश मिश्रा समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### संपूर्ण समाधान दिवस में आए 152 मामले, 25 निस्तारित

**जिले** के सभी चार तहसील सभागारों में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को कुल 152 मामले आए, जिनमें से 25 मामलों का मौके पर निस्तारण हुआ। शेष मामलों के निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया। सदर तहसील में आए 16 में से दो मामलों का निस्तारण हुआ। नौतनवां तहसील में आए 53 में से पांच मामलों का मौके पर निस्तारण हुआ। निचलौल तहसील में उप जिलाधिकारी सत्यप्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में हुए समाधान दिवस में आए नौ में से तीन का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। फरेंदा तहसील में उप जिलाधिकारी रमेश कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुए समाधान दिवस में आए 74 में से 15 मामलों का त्वरित रूप से निस्तारण किया गया।

# मां-बेटी की मौत से स्तब्ध हैं बड़हरा कन्हई गांव के लोग




बड़हरा कन्हई में मां बेटी की डूबने से मौत की जांच करने पहुंचे सीओ फरेंदा अनुज कुमार सिंह। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के बड़हरा कन्हई गांव में मां-बेटी की पोखरे में डूबने से मौत हो गई, इससे गांव के लोग लोग स्तब्ध हैं। किसी को समझ में नहीं आ रहा है कि यह सब कुछ कैसे हो गया। दो दिन पहले लाली कुछ परेशान थी। वह मिलनसार प्रवृति की थी।

गांव के लोग कहते हैं कि पोखरे में उतराते मां-बेटी के शव ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। पारिवारिक विवाद में हुई इस घटना की पूरे दिन गांव में चर्चा होती रही। पति लुधियाना में रोजी रोटी के सिलसिले में गया हुआ है। उसे पत्नी व बेटी की मौत खबर मिली तो दंग रह गया। वहीं, पुलिस मां-बेटी के मौत की जांच में जुटी है। शुरूआत से ही कोई भी घटना को लेकर समझ नहीं पा रहा था। सभी के मन में बस एक सवाल था कि आखिर लाली ने ऐसा आत्मघाती कदम क्यों उठाया। ससुर प्रहलाद भी घटना के बाद से सन्न हैं। उन्हें कुछ समझ में नहीं आ रहा है कि लाली ने ऐसा क्यों किया। गांव के लोग बताते हैं कि शव को तालाब से बाहर निकल गया तो महिला व बच्ची के मुंह से सफेद झाग आ रहा था। शव पर किसी प्रकार के बाहरी चोट नहीं दिखाई दे रहा था। हालांकि घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## लुधियाना में पति साधू को मिली जानकारी तो रह गया सन्न

# बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज

महराजगंज। बाइक की चपेट में आने से वृद्ध की मौत मामले में पीड़ित परिवार की तहरीर पर ठूठीबारी कोतवाली में केस दर्ज किया गया। बसंतपुर गांव के गिरिजेश यादव ने बताया कि 30 अगस्त 2023 को मेरे पिता काशी प्रसाद यादव साइकिल से भरवलिया के छोटका टोला खेत जा रहे थे। पुलिया के पास पीछे से मोटरसाइकिल से आ रहे बैजनाथ उर्फ बमबम निवासी ठूठीबारी ने ठोकर मार दी। पिता काशी प्रसाद यादव को गंभीर चोट लगी। बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में उनकी मौत हो गई। ठूठीबारी कोतवाल जेपी सिंह यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। संवाद

# 15 लीटर कच्ची शराब बरामद

**महराजगंज।** सदर कोतवाली की पुलिस व आबकारी विभाग की टीम ने शनिवार को बागापार टोला बनहिया में बिहार के दरभंगा निवासी अजय राजभर के कब्जे से 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की। टीम ने शराब बनाने वाली पांच क्विंटल लहन भी नष्ट किया। यह जानकारी आबकारी निरीक्षक अमित दुबे ने दी। संवाद

# बॉर्डर पर अवैध सामान की खेप बरामद

**निचलौल।** भारत नेपाल बॉर्डर पर पिलर संख्या 504/9 के पास से एसएसबी जवानों में अवैध समान की खेप बरामद की। आरोपी मौके से भागने में सफल रहे। कस्टम अधीक्षक रविंद्र तिवारी ने कहा कि एक बोलेरो पर 19 बोरी इलेक्ट्रानिक आईसी और चीप का कबाड़, पांच बोरी मिट्टी और 13 बोरी काला पत्थर के टुकड़े बरामद हुए। जबकि मौके से चालक भागने में सफल रहा। संवाद



न्यायालय परिसर से राष्ट्रीय लोक अदालत जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते जिला जज। संवाद

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए निकाली रैली

**महराजगंज।** आगामी नौ सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए न्यायालय परिसर से शनिवार को रैली निकली। जनपद न्यायाधीश जय प्रकाश तिवारी कार व मोटर साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली दीवानी कचहरी से मुख्य मार्ग से होते हुए सक्सेना चौराहा से कालेज रोड से मऊपाकड़ समेत अन्य स्थानों पर पहुंची। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के अलावा समस्त न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। संवाद

# 50 शीशी नेपाली शराब बरामद

**महराजगंज।** बरगदवां थाना क्षेत्र में जांच के दौरान शनिवार दोपहर में देवघट्टी निवासी सुभावती को 50 शीशी नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। यह जानकारी थानाध्यक्ष बरगदवा दिनेश कुमार ने दी। संवाद

# जांच के दौरान कपड़े बरामद

**महराजगंज।** सोनौली कोतवाली पुलिस ने शेख फरेंदा में जांच के दौरान 75 पीस लेडीज सूट व 30 पीस साड़ी बरामद की। सामान कस्टम को सौंप दिया गया। एक नेपाली महिला को पकड़ा गया। यह जानकारी खनुआ चौकी प्रभारी गंगा राम यादव ने दी। संवाद

# BASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः-03-09-2023

# पंचायत भवन की पड़ताल करने पर युवक की पिटाई

**बस्ती (एसएनबी)**। पंचायत भवन के पड़ताल की बात को लकेर विपक्षियों ने युवक को गालियां देते हुए खबर न छापने की धमकी दी, जिसे मना करने पर मारापीटा गया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।

लालगंज थाने पर लिखित तहरीर देकर पीड़ित सूरज यादव पुत्र अमरजीत निवासी देईसांड़ ने बताया कि वह बनकटी विकास खण्ड स्थित खैराटी गांव में बने पंचायत भवन की पड़ताल करने के लिए गया था। जहां से ग्राम प्रधान व अन्य दो लोगो ने उसको फोन कर आईडी मांगी तथा खबर न छापने का दबाव बनाया। जिसे मना कर देने पर अभियुक्तो ने सूरज को मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी ग्राम प्रधान खैराटी अखिलेश शुक्ला उर्फ पंकज पुत्र मुरलीधर निवासी ग्राम खैराटी थाना लालगंज तथा दो अन्य लोगो के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# सामान की लेनदेन में मारपीट, मुकदमा

**बस्ती** । दुकान पर सामान की लेनदेन में हुए विवाद के बाद एक व्यक्ति को मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी गयी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा थानान्तर्गत सेखुईया तिराहा स्थित रामकृष्ण की दुकान पर सामान लेने की बात को लेकर कुछ लोगो से आपसी कहासुनी हो गयी। जिसके बाद रामकृष्ण को आरोपी मनोज व उनके दो लड़को ने मिलकर पहले गालियां दी फिर बाद में जमकर मारापीटा। मामले में पीड़ित रामकृष्ण पुत्र पटेश्वर निवासी तेलियाडीह थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मनोज पुत्र रामपाल व मनोज के दो लड़के निवासीगण सेखुइया थाना सोनहा के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

# एसडीएम ने सुनी फरियादियों की समस्या

**रूधौली** । तहसील सम्पूर्ण समाधान रुधौली एसडीएम गिरीश कुमार झां की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस दौरान कुल 13 मामले तहसील दिवस में प्राप्त हुए। आये मामलो में से अधिकारियों ने मौके पर 5 का निस्तारण कर दिया। शेष मामले को शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया गया। इस अवसर पर तहसीलदार सतेन्द्र कुमार सिंह , नायब तहसीलदार नीरज कुमार , पूर्तिनिरीक्षक शैलेश कुमार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# सामान की लेनदेन में मारपीट, मुकदमा

**बस्ती** । दुकान पर सामान की लेनदेन में हुए विवाद के बाद एक व्यक्ति को मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी गयी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा थानान्तर्गत सेखुईया तिराहा स्थित रामकृष्ण की दुकान पर सामान लेने की बात को लेकर कुछ लोगो से आपसी कहासुनी हो गयी। जिसके बाद रामकृष्ण को आरोपी मनोज व उनके दो लड़को ने मिलकर पहले गालियां दी फिर बाद में जमकर मारापीटा। मामले में पीड़ित रामकृष्ण पुत्र पटेश्वर निवासी तेलियाडीह थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मनोज पुत्र रामपाल व मनोज के दो लड़के निवासीगण सेखुइया थाना सोनहा के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

# दहेज में दस लाख की मांग को लेकर विवाहिता को पीटा

**बस्ती (एसएनबी)।** विवाहिता को उसके ससुरालियों द्वारा दहेज में लाखो रूपये की मांग को लेकर घर में बन्द कर मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर महिला थाने की पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

महिला थाने पर लिखित तहरीर देकर विवाहिता मीना यादव पुत्री सुखराज हाल मुकाम खवासबारी थाना पुरानी बस्ती ने बताया कि उसकी शादी सन्तकबीरनगर जनपद के दलेलगंज गांव निवासी धर्मेन्द्र के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति तथा ससुराल के अन्य सदस्यों द्वारा दहेज में 10 लाख रूपये की मांग की जाने लगी। जिसे पूरा न कर पाने के कारण उसकी लोगो ने घर में बन्द करके पिटाई किया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में महिला थाने की पुलिस ने आरोपी पति धर्मेन्द्र पुत्र हरिश्चन्द्र यादव, ससुर हरिश्चन्द्र यादव, सास सुमन यादव, देवर सतेन्द्र यादव, ननद ललिता यादव, चचेरा ससुर हरिकेश पुत्र रामलौट, चचेरी सास राधिका पत्नी हरिकेश निवासीगण दलेलगंज थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर के विरुद्ध धारा 498ए, 323, 342, 504, 506 आईपीसी व 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर जागरूकता तेज

**बस्ती (एसएनबी)।** पुरानी पेंशन बहाल किये जाने की मांग को लेकर जागरूकता अभियान का सिलसिला लगातार जारी है। शनिवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल की अध्यक्षता में साऊंघाट विकास खण्ड के पुर्सिया बीआरसी पर पेंशन बहाली संयुक्त मंच एनजेसीए राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर बैठक कर संघर्ष की रणनीति तय की गई।



बस्ती : बैठक को सम्बोधित करते शिक्षक नेता। फोटो : एसएनबी

बैठक में संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने कहा कि शिक्षक, कर्मचारी न जागे तो पुरानी पेंशन लागू नहीं हो पाएगी। इसके लिये एकजुट होकर संघर्ष की धार को बनाये रखना होगा। बताया कि आगामी 21 सितम्बर को पुरानी पेंशन बहाल किये जाने के एक सूत्रीय मांग को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना देकर एनपीएस का पुतला फूंकने के साथ ही ज्ञापन भेजा जायेगा। संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष अखिलेश मिश्र, जिला मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, साऊंघाट ब्लाक अध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय, रमाकान्त सिंह, अखिलेश चौधरी, संघ के जिला प्रवक्ता सूर्यप्रकाश शुक्ल, ओम प्रकाश, नसीमा, आभा सिंह, अनिता, सुनीता चौधरी, मोहम्मद याकूब सहित अनेक शिक्षक और संघ पदाधिकारी शामिल रहे।

# 27 मामलों में दो का निस्तारण

**भानपुर (एसएनबी)।** शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में माह सितम्बर के प्रथम शनिवार को तहसील भानपुर सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति ने जन सामान्य की समस्याओं/शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुना। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये है कि शासन की मंशा के अनुरूप जो समयसीमा समस्याओं की निस्तारण की दी गयी है, उसी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें। उन्होंने यह भी कहा कि निस्तारण के साथ-साथ शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समस्त अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ शिकायतों को निस्तारित करना सुनिश्चित करें।



फरियादियों की समस्याओं को सुनते सीडीओ। फोटो : एसएनबी

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 27 मामले आये, जिसमें से 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसमें मुख्य रूप से राजस्व के 8, विकास के 7, विद्युत के 3, पुलिस के 1, नगर पंचायत के 2 तथा अन्य के 7 मामले आये। अवशेष शिकायतों का संबंधित विभाग को प्रेषित करते हुए 1 सप्ताह के भीतर निस्तारण करने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर सीएमओ डा. आरपी मिश्रा, सीआरओ ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, एसडीएम आशुतोष तिवारी, उप कृषि निदेशक अनिल कुमार, डीएसओ सत्यवीर सिंह, सीओ प्रीती खरवार, तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# अवैध रूप से हड्डी ले जा रहा ट्रक पकड़ाया, दो पर मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)।** बड़े जानवरो की भारी मात्रा में हड्डी ले जा रहे एक वाहन को पुलिस ने रोका। पूछताछ में चालक द्वारा साक्ष्य छिपाते हुए संदेहात्मक जवाब दिया गया। इस सम्बन्ध में पुलिस ने वाहन चालक सहित दो लोगो पर मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत टोलप्लाजा पर चेकिंग के दौरान कोतवाली पुलिस को एक वाहन से दुर्गन्ध आता महसूस हुआ। जिसके सम्बन्ध में वाहन चालक से पूछने पर उसने हड़बड़ाते हुए बताया कि वाहन में बड़े जानवरो की हड्डी लदी है जो पश्चिम बंगाल से लेकर जनपद अमरोहा बोन मिल पर जा रहे है। गाड़ी व उसपर लदी हड्डी के कागजात मांगने पर अभियुक्त वाहन का कागज नहीं दिखा सके जबकि जीएसटी पर फूड्स प्राइवेट लिमिटेड धूमागढ़ हटखोला शाहपुर वेस्ट बंगाल से मौर्या इण्टर प्राइजेज पता अमरोहा उत्तर प्रदेश सम्भल सिम्भौली बोन मील वार्ड रोड का अंकित होना पाया गया। प्रोडक्ट का नाम मटन बोन ट्रिमींग अंकित है जबकि चालक द्वारा बड़े जानवरो की हड्डी लदा हुआ बताया जा रहा है। इस मामले में उप निरीक्षक राजेन्द्र यादव थाना कोतवाली की तहरीर पर आरोपी देशपाल पुत्र पण लाल, मिन्टु कुमार पुत्र तेल्लू राम निवासीगण आल्दी थाना कान्धला जनपद शामली के विरुद्ध धारा 420, 278 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।



बस्ती : जानवरो के हड्डियो से लदा ट्रक। फोटो : एसएनबी

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, एफआईआर

**बस्ती ।** पुरानी रंजिष को लेकर कुछ लोगो ने एक व्यक्ति को गालियां देते हुए मारापीटा व जानमाल की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। नगर थानान्तर्गत बनकटवां गांव में पुरानी रंजिश की बात को लेकर विपक्षियों ने मिलकर अंगद मिश्र के घर पर आये और गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के दौरान उनके घर पर खड़ी कार को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। मामले में पीड़ित अंगद मिश्र पुत्र अशोक मिश्र निवासी बनकटवा मलवारे थाना नगर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शुभम मिश्र पुत्र वेद प्रकाश मिश्र, महेश मिश्र पुत्र राममूरत मिश्र, आशु मिश्र पुत्र अछेवर मिश्र, प्रत्युष मिश्र उर्फ मन्कू मिश्र पुत्र देवेन्द्र मिश्र निवासीगण बनकटवाँ थाना नगर के विरुद्ध धारा 427, 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

# बाइक की ठोकर से मां बेटी जख्मी, केस

बस्ती । तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आ जाने से मा व बेटी गम्भीर रूप से जख्मी हो गयी। इस सम्बन्ध में घायल महिला के पति की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुरानी बस्ती थानान्तर्गत हीरो होण्डा एजेन्सी के सामने तेज रफ्तार बाइक संख्या यूपी 51 बीएल 6737 के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक चलाते हुए इम्तियाज अली की पत्नी शब्बो खातून तथा बेटी शबा परवीन को पीछे से ठोकर मार दिया। जिससे दोनो गम्भीर रूप से जख्मी हो गये। मामले में शब्बो खातून के पति इम्तियाज अली पुत्र अली रजा निवासी मोहल्ला रसूल नगर थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर बाइक चालक अंकुर कुमार पुत्र अनुरूद्ध प्रसाद निवासी रानी पोखरा चमारिया माता मंदिर थाना पुरानी बस्ती के विरुद्ध धारा 279, 337, 338 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

# जमीन बंटवारे के विवाद में मारपीट, केस

**बस्ती ।** जमीन के बंटवारे को लेकर कुछ लोगो ने एक व्यक्ति को मारापीटा व जानमाल की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थानान्तर्गत माझाखुर्द गांव में जमीन के बंटवारे को लेकर रामचन्दर को उसके भाई ज्ञानचन्द तथा गंगोली व सोनू ने मिलकर गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित रामचन्दर पुत्र गजराज निवासी माझाखुर्द थाना कलवारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ज्ञानचन्द पुत्र गजराम, गंगोली, सोनू पुत्रगण ज्ञानचन्द निवासीगण ग्राम माझाखुर्द थाना कलवारी के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

# कार की ठोकर से भैंस की मौत, मुकदमा दर्ज

**बस्ती ।** तेज रफ्तार कार की ठोकर लग जाने से एक व्यक्ति की भैंस मर गयी। इस सम्बन्ध में पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा थानाक्षेत्र अन्तर्गत पिपरा मिश्र गांव निवासी देवीलाल यादव पुत्र जोखन प्रसाद यादव की भैंस खड़ौहा स्थित एक स्कूल के पास घास चर रही थी। इसी बीच तेज रफ्तार महिला एसयूवी कार संख्या यूपी 51 बीएफ 9777 के चालक ने लापरवाही पूर्वक आकर भैस को ठोकर मार दिया, जिससे भैस की मृत्यु हो गयी। इसको लेकर पीड़ित देवीलाल यादव ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। जिसपर न्यायालय के आदेशानुसार मुण्डेरवा थाने की पुलिस ने वाहन के अज्ञात चालक के विरुद्ध धारा 279, 429 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# सड़क पर शव रखकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**नौ घण्टे जाम रहा गौर-हलुआ मार्ग**

**एसडीएम व सीओ के आश्वासन पर हटे ग्रामीण, बहाल हुआ आवागमन**

गौर(एसएनबी)। स्थानीय थानान्तर्गत सोनडीह के गार्डेहिया जंगल में एक पेड़ की डाली से हलुआ निवासी श्रवण कुमार उर्फ मुन्ने पुत्र रामअजोर का शव मिलने के मामले में पुलिस की कार्य प्रणाली से आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार की प्रातः गौर-हलुआ मार्ग पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। मार्ग लगभग चार बजे तक उपजिलाधिकारी तथा सीओ के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन समाप्त किया। इस दौरान लगभग नौ घण्टे तक आवागमन बाधित रहा।

गौरतलब है कि हलुआ निवासी 22 वर्षीय श्रवण कुमार उर्फ मुन्ने पुत्र रामअजोर चौधरी का शव शुक्रवार को सोनडीह गांव के गार्डेहिया जंगल में पाया गया था। परिजनों ने गांव के दो लोगों पर हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजन बार-बार मुकदमा दर्ज करने का दबाव बना रहे थे लेकिन पुलिस पीएम रिपोर्ट आने के बाद मुकदमा दर्ज करने की बात कर रही थी। शुक्रवार की देर रात परिजन शव लेकर घर पहुंचे। शनिवार की प्रातः पुलिस की कार्य प्रणाली से आक्रोशित ग्रामीणों ने हलुआ बाजार में शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। कप्तानगंज विधायक कवीन्द्र चौधरी उर्फ अतुल ने पहुंचकर ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन शुरू कर दिया। थानाध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया लेकिन बात नहीं बनी। मौके पर चार अन्य थानों की फोर्स बुला ली गई। एसडीएम गुलाब चन्द एवं सीओ शेषमणि उपाध्याय मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने काफी प्रयास किया। समझाने-बुझाने के बाद कार्रवाई के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए। लगभग नौ घण्टे के बाद शव को ग्रामीणों ने हटाया। ग्रामीणों ने सीओ को 6 सूत्री ज्ञापन सौंपा। कार्रवाई के आश्वासन पर शव का दाह संस्कार परिजनों के द्वारा किया गया तब जाकर प्रशासन ने राहत की सांस ली।



ज्ञापन देते ग्रामीण। फोटो : एसएनबी

# चोरी करते ग्रामीणों ने एक को दबोचा, दो फरार

**हर्रैया(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लबदहिया गांव में चोरी करने के बाद खरथुआ गांव के एक घर में घुसे चोर को ग्रामीणों ने दबोच लिया जबकि दो चोर भागने में सफल रहे। पकडे गए चोर के पास से ग्रामीणों को दो मोबाइल, जेवरात व 18 सौ रूपया मिला। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर अपराध संख्या 250/2023 धारा 380 एवं 411 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर चोर को न्यायालय के समक्ष पेश किया तथा फरार उसके दो अन्य साथियों की तलाश सरगरमी से कर रही है।

शुक्रवार की रात लबदहिया निवासी हरि प्रसाद शर्मा पुत्र रामबुझारत के घर में तीन चोर घुसे और दो मोबाइल व कीमती जेवरात लेकर चलता बने। रात लगभग एक बजे चोर बगल के गांव में मुन्ना के घर में घुसे। परिजनों के जगने की आहट पाकर चोर वहां से निकल लिए। इसके बाद तीनों पैकोलिया थाना क्षेत्र के खरथुआ निवासी गुप्तारे के बरामदे में टंगे पैंट के जेब से रूपया निकालने के बाद उनके पडोसी मंगरू के घर में घुस गए। आलमारी खोल ही रहे थे तब तक परिजन जग गए और शोर मचाना शुरू किया। मौके पर पहुंची ग्रामीणों ने एक को मौके से पकड लिया जबकि दो चोर भागने में सफल रहे। ग्रामीणों ने चोर की जमकर धुनाई किया। शनिवार की प्रातः सूचना पर पहुंची पुलिस उसे अपने साथ थाने ले गई। पुलिस के अनुसार ग्रामीणों ने बताया कि पकडे गए बृजेश पुत्र चन्द्र प्रकाश निवासी गोसाईजोत थाना नगर के पास से दो मोबाइल, तीन पायल बरामद हुआ है।

# टाइप थ्री आवास को जल्द पूरा करने का दिया निर्देश

बस्ती, निज संवाददाता। डीआईजी जेल गोरखपुर परिक्षेत्र एके सिंह ने अचानक जिला कारागार पहुंचकर वहां का निरीक्षण किया। बैरक की तलाशी कराई और मुलाकातियों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

डीआईजी बंदियों की मुलाकात के लिए आए उनके परिजनों से भी डीआईजी ने काफी देर तक बात की। उनकी समस्याओं के बारे में जानने का प्रयास किया। डीआईजी ने जेल प्रशासन को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। घंटाभर रुकने के बाद डीआईजी वापस चले गए। डीआइजी जेल शनिवार को सांय जेल में पहुंचे और निरीक्षण किया। बंदी मरीजों से बातचीत कर उनसे मिल रहे उपचार व खाने आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जेल में बंद महिला बंदियों की भी समस्याएं सुनीं। इसके बाद जेल कर्मियों के लिए बनाए जा रहे 12 आवास के निर्माण की प्रगति जानी और इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया।



शनिवार को भानपुर में तहसील समाधान दिवस में सुनवाई करते सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति व सीआरओ ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी।

# 185 में से 31 मामलों का ही हो सका निस्तारण

## समाधान दिवस

**बस्ती, हिन्दुस्तान टीम।** शनिवार को जनपद की सभी चार तहसीलों में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस एक बार फिर अपने नाम की सार्थकता प्रमाणित करने में नाकामयाब रहा। कुल 185 में से महज 31 फरियादियों के चेहरे पर ही मुस्कान आई, बाकी 154 को उदास मन से वापस लौटना पड़ा। सदर तहसील में कमिश्नर-आईजी, रुधौली तहसील में एसडीएम। भानपुर तहसील में सीडीओ डॉ. राजेश प्रजापति व सीआरओ ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सुनवाई की गई। एसडीएम सदर विनोद पाण्डेय ने बताया कि कुल 102 मामलों की सुनवाई की, जिसमें से मौके पर 15 का निस्तारण कर दिया। शेष मामले संबंधित विभागों को संदर्भित कर दिए गए। हर्रैया में 43 मामलों का सुनवाई नौ का निस्तारण, भानपुर में 27 मामले दर्ज किए गए दो का मौके पर समाधान किया गया। रुधौली में 13 मामले दर्ज हुए पांच को मौके पर न्याय मिला।

हर्रैया संवाद के अनुसार यहां पर एसडीएम गुलाब चन्द्र द्वितीय ने 43 मामलों में से नौ का निस्तारण किया। रुधौली संवाद के अनुसार यहां एसडीएम गिरीश कुमार झा की अध्यक्षता में सुनवाई हुई कुल 13 मामले दर्ज किए गए जिसमें पांच का निस्तारण किया गया। भानुपर संवाद के अनुसार सीडीओ ने जन सामान्य की शिकायतों को सुना। इस दौरान 27 मामले आए, जिसमें से दो का निस्तारण किया गया। इस दौरान सीएमओ डॉ. आर.पी.मिश्रा, सीआरओ ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, एसडीएम आशुतोष तिवारी, उप कृषि निदेशक अनिल कुमार, डीएसओ सत्यवीर सिंह, सीओ प्रीती खरवार मौजूद रहीं।

# मारपीट कर किया वाहन क्षतिग्रस्त

बस्ती। नगर पुलिस ने क्षेत्र के बनकटवा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों की ओर से मारने-पीटने तथा चार पहिया वाहन क्षतिग्रस्त कर देने के मामले में चार के खिलाफ नामजद केस दर्ज किया है। बनकटवा मलवारे गांव निवासी अंगद मिश्र ने पुलिस को तहरीर दिया।

तहरीर के मुताबिक शुभम मिश्रा, महेश मिश्र, आशु मिश्र, प्रत्युष मिश्र ने पुरानी रंजिश को लेकर उन्हें मारापीटा जानमाल की धमकी देते हुए उनकी कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने इस मामले में चारों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ग्राम प्रधान पर धमकी देने व मारपीट के आरोप में केस

बस्ती। लालगंज पुलिस ने ग्राम प्रधान खैराटी के खिलाफ धमकी देने व मारपीट का मामला दर्ज किया है। देईसाड़ गांव निवासी सूरज यादव ने थाने में तहरीर देकर खैराटी के प्रधान पर आरोप लगाया कि उन्हें ग्राम प्रधान व तीन अन्य लोगों पहले धमकाया फिर गाली देकर उनकी पिटाई कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मारपीट के मामले में दो लोग नामजद

बस्ती। छावनी पुलिस ने नीमडा में मारपीट के मामले में दो लोगों पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। नीमडाड निवासी राजकुमार ने तहरीर दिया कि उनके बेटे को विपक्षियों ने गाली देते हुए मारपीटा तथा जान मारने की धमकी दी।

# सोल्जर बोर्ड की दुकानों को खाली कराने से खफा पूर्व सैनिक

- सैनिक कल्याण अधिकारी पर लगाया उत्पीड़न का आरोप
- डीएम से इस मामले में किया हस्तक्षेप करने का अनुरोध

बस्ती, निज संवाददाता। कचहरी चौराहे पर सोल्जर बोर्ड की ओर से आवंटित दुकानों को खाली कराने के फरमान से पूर्व सैनिक खफा हैं। इस मामले में पूर्व सैनिकों ने डीएम बस्ती से हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है।

पूर्व लेफ्टिनेंट ओएन उपाध्याय, कैप्टन आरके यादव, एमडब्लुओ आरसी त्रिपाठी, सूबेदार ओपी चौधरी, सूबेदार नरसिंह प्रसाद व दुर्गेश यादव ने कहा कि सैनिक कल्याण अधिकारी ने जानबूझ कर अधिकतम किराया आकलित कर आरसी जारी करवाया है। जबकि उक्त अवधि का किराया जमा कर दिया गया है। सोल्जर बोर्ड की ओर से 33 दुकानों का संचालन किया जा रहा है। पूर्व सैनिक अपने जीविकोपार्जन के लिए यहां दुकान चला रहे हैं। पूर्व सैनिकों ने डीएम से आरसी पर रोक लगाकर मामले की जांच कराने अनुरोध किया है।

इस संबंध में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी से उनका पक्ष जानने की कोशिश की तो बार-बार फोन करने के बाद भी उनका फोन नहीं उठा।

# ग्रामीणों ने चोर को पकड़कर पुलिस को सौंपा

हर्रैया, हिन्दुस्तान संवाद। हर्रैया थानाक्षेत्र खरथुआ गांव में शुक्रवार की देर रात चोरी की नीयत से घर में घुसे एक आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़ पहले जमकर धुनाई की फिर पुलिस के हवाले कर दिया।

पुलिस ने आरोपी के पास से दो अदद मोबाइल, तीन पायल और 1800 रुपये नकद बरामद किया है। बीतीरात थानाक्षेत्र लबदहा गांव निवासी मुन्नू के घर को चोरों ने सबसे पहले निशाना बनाया। लेकिन उनके घर में कुछ नहीं मिला तो चोरों ने लबदहिया गांव निवासी हरिप्रसाद के घर में मुख्य दरवाजे से अंदर प्रवेश कर घर के सदस्य बाहर सो रहे थे। रात में जब घर की महिलाएं जागी तो शोर मचाया इस पर आसपास के लोग इकट्ठा होकर चोर की तलाश में गांवों के चारों तरफ तलाशने लगे। इसके बाद चोरों ने तीसरी घटना खरथुआ गांव निवासी गुप्तारे के घर अंजाम देने पहुंचे। वहां पर घर में जाग रहीं महिलाओं ने चोर को घर में घुसते देख बाहर से दरवाजा बंदकर शोर मचाया।

# बंटवारे को लेकर मारपीट, केस

बस्ती। कलवारी पुलिस ने माझाखुर्द गांव जमीन के बंटवारे को लेकर विपक्षियों द्वारा मारना-पीटना, गाली और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। इस मामले में रामचंदर की तहरीर पर गांव के ही ज्ञानचंद, गंगोली और सोनू के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# बिना लाइसेंस वाले 16 मीट शॉप को नोटिस

- खाद्य सुरक्षा एंव औषधि प्रशासन की जांच में नहीं मिला था लाइसेंस
- विभाग ने एफआईआर और जुर्माना के लिए एडीएम को भेजा पत्र

बस्ती, निज संवाददाता। बिना लाइसेंस के धड़ल्ले से संचालित हो रही मीट दुकानों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने छापेमारी कर रही है। अब तक 16 मीट दुकानदार बिना लाइसेंस के मीट बिक्री करते हुए पकड़े गए, जिन्हें नोटिस जारी किया गया है।

जिले में शहर से लेकर ग्रामीण आंचलों में मीट बिक्री के लिए खाद्य सुरक्षा एंव औषधि प्रशासन से लाइसेंस लेना अनिवार्य है। लेकिन, बिना लाइसेंस के मीट का कारोबार धड़ल्ले से हो रहा है। अधिकांश दुकानदार के पास वैध पंजीयन फूड विभाग का नहीं है। चीफ फूड इंस्पेक्टर अनिल सिंह का कहना है कि 10 सितंबर तक पूरे जिले में लाइसेंस जांच के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सर्वाधिक फोकस मीट दुकानों पर है। अब तक 16 ऐसे दुकानदार पाए गए थे, जिनके पास लाइसेंस नहीं था। इनके खिलाफ कार्रवाई के लिए एडीएम कोर्ट में पत्र भेज दिया गया है। एफआईआर के बाद जुर्माना निर्धारण कोर्ट से होना है।

**जिले में हैं सिर्फ छह वैध लाइसेंस धारक:** मीट कारोबार तो गली-चौराहों तक तेजी से फैल रहा है। लेकिन, अधिकतर दुकानदारों के पास लाइसेंस नहीं है। यह जांच में खुलासा हो रहा है। विभाग के अनुसार सिर्फ मीट के छह लाइसेंस धारक हैं, जिनके पास लाइसेंस है। वहीं लाइसेंस के लिए 25 ने आवेदन किया है। जिसके लाइसेंस के लिए प्रक्रिया शुरू है।

मीट बिक्री के लिए शहर में नगर पालिका और ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत से एनओसी लेना अनिवार्य है। एनओसी मिलने पर खाद्य सुरक्षा विभाग फिर पुलिस विभाग से एनओसी प्राप्त करता है, एनओसी मिलने के बाद ही संबंधित दुकान को लाइसेंस जारी किया जाता है।

# श्रवण की मौत को हत्या मान रहे परिवार के लोग

## शव सड़क पर रख कर नौ घंटे दिया धरना, एसडीएम और सीओ के समझाने के बाद समाप्त हुआ प्रदर्शन

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। गौर थाना क्षेत्र के सांवडीह गांव के जंगल में शुक्रवार को श्रवण का शव पेड़ से लटका मिला था। इस मामले में शनिवार की सुबह पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पेट में अत्यधिक अल्कोहल व हैंगिंग आया। इसके बाद पुलिस ने शव परिजनों को दे दिया।

शव लेकर परिवार व ग्रामीण हलुआ चौराहे पहुंचे। यहां सड़क पर शव रख कर जाम लगा दिया। परिवार के लोगों का आरोप था कि श्रवण की उसके साथियों ने हत्या की है। पुलिस ने जानबूझ कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में छेड़छाड़ की है।

नाराज ग्रामीण किसी कीमत पर मानने को तैयार नहीं थे। सुबह सात बजे से शव सड़क पर रखकर न्याय की मांग कर रहे परिजनों को मनाने के लिए पुलिस ने पूरी ताकत लगा दी, मगर मामला जस का तस रहा। करीब साढ़े चार बजे जब एसडीएम गुलाब चंद्र और सीओ शेषमणि उपाध्याय ने परिवार की तहरीर लेकर केस दर्ज कराया तब जाकर बात बनी और परिवार तथा ग्रामीणों ने शव उठाया।

शुक्रवार की सुबह श्रवण का शव गांव के बाहर स्थित जंगल में पेड़ की डाली से गमछे से लटका मिला था। जानकारी के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार के लोग इस मामले में हत्या का केस दर्ज करने की मांग कर रहे थे, मगर पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आत्महत्या का केस दर्ज किया। इससे नाराज परिवार व ग्रामीणों ने शव लेने के बाद हलुवा बाजार में सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन किया। परिजनों का आरोप था कि युवक मौत के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली ढीली है। युवक की मां की ओर से शुक्रवार को ही तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया और न ही मामले की छानबीन में रुचि ली।

स्थिति की जानकारी के बाद एसडीएम हरैया गुलाब चंद व सीओ शेषमणि उपाध्याय मौके पर पहुंचे। बातचीत के बाद केस दर्ज कर मामले को शांत किया गया।



हलुवा बाजार के तिराहे पर शव रहकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन। संवाद



श्रवण कुमार के परिजनों से मिलने पहुंचे विधायक कवींद्र ऊर्फ अतुल चौधरी। संवाद

### विधायक और ब्लॉक प्रमुख मौके पर पहुंचे

गौर में धरना-प्रदर्शन की जानकारी के बाद क्षेत्रीय विधायक अतुल चौधरी व प्रमुख अमरदीप शुक्ला मौके पर पहुंचे। यहां परिवार को न्याय का भरोसा

### यह लगाया आरोप

मृतक के भाई रमेश कुमार ने छह सूत्री मांग में भाई की मौत का जिम्मेदार दो लोगों ठहराते हुए केस दर्ज कराया है। साथ ही आरोप लगाया है कि 31 अगस्त की रात 11:00 से 12:00 बजे के करीब श्रवण के मोबाइल से फोन आया और मेरा भाई घर से कुछ दूरी पर एचएलबी इंटर कॉलेज चला गया। वहां पहले से मौजूद राम अभिलाष, राजकुमार व नीतीश कुमार तथा तीन अन्य ने मेरे भाई की हत्या करके शव जंगल में ले जाकर पेड़ से लटका दिया, जिससे हत्या को आत्महत्या में तब्दील कर दिया गया।

### शुक्रवार को जंगल में पेड़ से लटका मिला था युवक का शव

### यह हैं मांगे

रमेश ने प्रशासन से मांग की है कि भाई को फोन करके बुलाया गया है। भाई के मोबाइल की लोकेशन रात 11 बजे सुबह तक की निकाली जाए, घटना में प्रयोग की गई चार पहिया गाड़ी को बरामद किया जाए, मोबाइल की सीडीआर निकाल कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाए।

# दहेज प्रताड़ना में पति समेत सात नामजद

बस्ती। महिला थाना पुलिस ने विवाहिता खवासबारी थाना पुरानी बस्ती की मीना यादव की तहरीर पर पति समेत सात ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न मारने पीटने सहित विभिन्न मामलो में केस दर्ज किया है।

विवाहिता ने पुलिस को तहरीर में बताया है कि उसकी शादी ग्राम दलेलगंज, थाना कोतवाली खलीलाबाद, जनपद संतकबीरनगर निवासी धर्मेंद्र से हुई है। ससुराली दस लाख रुपये नकदी दहेज की मांग कर रहे हैं।

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट को बदलने का आरोप, विरोध में बंद रहा हलुआ बाजार

# चौराहे पर शव रख लगाया जाम

बभनान, हिन्दुस्तान संवाद। श्रवण उर्फ मूसे वर्मा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग की बात सामने आते ही परिजनों सहित कस्बे के लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। परिजनों सहित कस्बे के लोगों ने मुख्य चौराहे पर शव रखकर प्रदर्शन किया और पुलिस के पहुंचते ही नारे लगाए। देर शाम तक चली कई चक्र की वार्ता के बाद लोग माने और शव का अंतिम संस्कार करने के लिए तैयार हुए।

शुक्रवार की सुबह गौर थानाक्षेत्र के हलुआ बाजार निवासी स्व. रामअजोर वर्मा के 22 वर्षीय बेटे श्रवण उर्फ मूसे का शव थानाक्षेत्र के सांउडीह जंगल में एक पेड़ पर फंदे से लटकता मिला था। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची गौर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर शाम शव लेकर परिजन घर पहुंचे। शनिवार की सुबह जैसे ही परिजनों को पता चला कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैंगिंग सुनकर लोगों में नाराजगी फैल गई। काफी संख्या में कस्बे के लोगों ने मुख्य चौराहे पर शव रखकर सड़क को तीनों तरफ से बैरिकेडिंग लगाकर जाम कर दिया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक गौर राजकुमार पाण्डेय मयफोर्स पहुंचे तो प्रदर्शनकारियों ने घटना में लीपापोती और पोस्टमार्टम के साथ छेड़छाड़ करने को लेकर पुलिस के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों की बढ़ती भीड़ देखकर मौके पर पुलिस बल बुला लिया गया। एसडीएम हर्रैया गुलाबचंद व सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय पहुंचे। परिजनों सहित प्रदर्शनकारियों से कई चक्र में वार्ता की गई। देर शाम कुछ बिंदुओं को विवेचना को शामिल करने की बात तय हुई। तब जाकर परिजन अंतिम संस्कार करने के लिए राजी हुए। इस बाबत सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि महात्मा देवी की तहरीर पर दो नामजद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साथ ही घटना की विभिन्न पहलुओं पर जांच-पड़ताल कराई जा रही है।



शनिवार को हलुआ चौराहे पर शव रखकर प्रदर्शन करते आक्रोशित परिजन। • हिन्दुस्तान

### बंद रहीं हलुआ बाजार की सभी दुकानें

श्रवण की असामायिक मौत से परिजनों सहित कस्बे के लोग आहत दिखे। परिजन शव लेकर चौराहे पर पहुंचे तो प्रदर्शन के समर्थन में कस्बे की सभी दुकानें बंद हो गई। आसपास के लोगों को दुकान बंद होने से दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। यहां तक की शांति व्यवस्था में आई भारी पुलिस बल को चाय-पानी के लिए भी भटकना पड़ा।

- तीन तरफ से बैरीकेटिंग कर सड़क पर यातायात को रोक दिया
- सीओ, एसडीएम सहित पांच थानों की फोर्स मौके पर पहुंची

### आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

श्रवण की मां महात्मा देवी ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया था कि गुरुवार की रात दस बजे कस्बे में स्थित बिरयानी की दुकान पर कस्बा निवासी एक युवक और श्रवण में गालीगलौज, मारपीट और चाकूबाजी की घटना हुई। मौके पर पहुंचकर श्रवण को घर ले आए। रात 12 :00 बजे एक फोन आया और वह बाहर निकल गया। सुबह उसका शव जंगल में एक पेड़ से लटका मिला। मुझे शक है कि कुछ दिन पूर्व पट्टीदार ने जमीन के विवाद में जान से मार देने के धमकी दी थी। इन दोनों ने मिलकर मेरे बेटे को मार दिया और उसे पेड़ से लटका दिया। पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है।

**एसपी से मिलकर निष्पक्ष जांच की करूंगा मांग : विधायक**

हलुआ बाजार में शव रखकर प्रदर्शन कर रहे परिजनों और प्रदर्शनकारियों के बीच विधायक कप्तानगंज कविंद्र चौधरी पहुंचे। विधायक ने पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया। विधायक ने कहा कि पुलिस अधीक्षक से मिलकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग करूंगा।

**मौजूद रहा भारी पुलिस बल**

सड़क जाम और प्रदर्शन की सूचना उच्चाधिकारियों को हुई तो मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दी गई। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक गौर राजकुमार पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक परशुरामपुर रामेश्वर यादव, थानाध्यक्ष छावनी नारायण लाल श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष पैकोलिया जनार्दन प्रसाद भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

**बेलवरिया घाट पर किया गया अंतिम संस्कार**

शनिवार की देर शाम बिसुही नदी के बेलवरिया घाट पर श्रवण का अंतिम संस्कार किया गया। मृतक के भाई दिनेश ने बताया कि हमारी मांगों को मान लिया गया है और शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

# बाइक से ठोकर मारने वाले पर केस

बस्ती। पुरानी बस्ती रेलवे स्टेशन रोड पर बाइक एजेन्सी के सामने बाइक चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए दो युवतियों को ठोकर मारने के मामले में केस दर्ज किया है।

पुलिस को दिए गए तहरीर में थानाक्षेत्र के रसूलपुर मोहल्ला निवासी इंतियाज अली पुत्र अली रजा ने कहा है कि उनकी पत्नी शब्बो खातून व पुत्री शबा परवीन कहीं जा रही थीं। एजेंसी के सामने इसी थाना क्षेत्र के रानी पोखरा चमारिया माता मंदिर निवासी अंकुर कुमार ने टक्कर मार दिया। दुर्घटना में पत्नी के हाथ में चोट आई, जबकि बेटी को भी चोट लगी है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# गोतस्करी के चार आरोपी अरेस्ट

बस्ती। कलवारी पुलिस ने चार अंतरजनपदीय गो तस्करों को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के कब्जे एक वाहन में तीन अदद गोवंशीय पशु व अवैध चाकू बरामद किया है।

दुबौलिया जाने वाले मार्ग माझा खूर्द राजा खालवा पास से चारो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियोंमें आशुतोष सिंह निवासी सेहरा जलालपुर, थाना महरुआ, जनपद अंबेडकरनगर, वाजिद, सलीम व बाबर निवासी बस्तीपुर, थाना भीटी जनपद अंबेडकरनगर को जेल रवाना कर दिया है।

# राज्यपाल दौरे के लिए जिला अस्पताल में बना सेफ हाउस

**बस्ती, निज संवाददाता।** सूबे की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का चार सितंबर को प्रस्तावित दौरे के दृष्टिगत जिला अस्पताल में सेफ हाउस बनाया गया है।

यहां चिकित्सकों की सात सदस्यीय टीम तैनात कर दी गई है। इसके अलावा फ्लीट, हेलीपैड और खाद्य सुरक्षा के लिए चिकित्सक लगाए गए हैं। सीएमओ डॉ. आरपी मिश्र ने खाद्य एवं पेय पदार्थ के चिकित्सीय परीक्षण के लिए अभिहित अधिकारी के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी के साथ चिकित्सकों की टीम लगाई है। हेलीपैड पुलिस लाइन में डिप्टी सीएमओ डॉ. एसबी सिंह, ग्राम लेदवा सल्टौआ में डॉ. मनीष मद्देशिया, ओपेक चिकित्सालय कैली में डीआईओ डॉ. विनोद कुमार, सोनूपार में एसीएमओ डॉ. एएन त्रिगुण, डॉ. संतोष कुमार को जिला कारागार बस्ती, डॉ. अरविंद सिंह सर्किट हाउस और डॉ. रविंद्र वर्मा को कलेक्ट्रेट परिसर में ड्यूटी लगाई है। एसआईसी जिला अस्पताल डॉ. सतीश चंद्र कौशल ने फ्लीट के लिए चिकित्सा दल का गठन किया है, जिसमें एनेस्थेटिस्ट डॉ. अरविंद कुमार, चेस्ट फिजीशियन डॉ. अंकित चतुर्वेदी, आर्थो सर्जन डॉ. वीके वर्मा, सर्जन डॉ. अनिल सिंह, चीफ फार्मासिस्ट एलके ओझा, ईसीजी टेक्निशियन संदीप कुमार, वार्ड ब्वाय शैलेश सिंह, शिवेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव एसएलटी को तैनात किया है। सेफ हाउस के लिए एनेस्थेटिस्ट डॉ. मो. असलम, आर्थो सर्जन डॉ. सुनील मिश्र, फिजीशियन डॉ. रामजी सोनी, सर्जन डॉ. राजेश पटेल, फार्मासिस्ट विजय श्रीवास्तव, सिस्टर ओटी इंचार्ज अर्चना चौधरी व वार्ड ब्वाय अयोध्या प्रसाद को तैनात किया गया है। एसआईसी ने बताया कि वाहन चालकों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए फिजीशियन डॉ. रामजी सोनी, नेत्र चिकित्सक डॉ. हरीश कुमार, नेत्र परीक्षण अधिकारी कमलेंद्र प्रताप सिंह की ड्यूटी पुलिस लाइन में लगाई गई है। आरआई से संपर्क करके तीन सितंबर को जांच सुनिश्चित करेंगे।

# गवर्नर विजिट को लेकर पुलिस अलर्ट

**बस्ती, निज संवाददाता।** सोमवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का जिले में कार्यक्रम है। इसको लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है। राज्यपाल लखनऊ से हेलीकॉप्टर के जरिए यहां पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर उतरेंगी। यहां से शेड्यूल के मुताबिक जिले में आयोजित अलग-अलग कार्यक्रम में शामिल होंगी। उनके आने से आधा घंटा पहले ही विजिट वाले रूट का डायवर्जन कर दिया जाएगा। सीसीटीवी के अलावा सादी वर्दी में पुलिस कर्मी भी तैनात होंगे। उनका पहला कार्यक्रम मॉडल गांव लेदवा, सल्टौवा का है।

**पुलिस सुरक्षा होंगे के तगड़े इंतजाम:** एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि पुलिस कर्मियों को सादी वर्दी में सुरक्षा के लिए लगाया गया है। चूक से बचने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। पुलिस की विशेष टीमें राज्यपाल की सुरक्षा में तैनात रहेंगी। एसपी ने बताया वीवीआईपी विजिट के दौरान जनसामान्य को बहुत ज्यादा प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। खासकर फुटहिया और बड़ेवन क्षेत्र में ही डायवर्जन लागू होगा।

**बाहर से बुलाए गई है फोर्स:** गवर्नर के कार्यक्रम के मद्देनजर जिले के अलावा परिक्षेत्र से पुलिस अधिकारी व फोर्स लगाई जाएगी। एसपी ने बताया चार पुलिस क्षेत्राधिकारी, 250 पुलिसकर्मी और एक प्लाटून पीएसी बुला ली गई है। इन्हें चयनित स्थलों पर तैनात किया जाएगा। वीवीआईपी मुवमेंट को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है।




गवर्नर के विजिट को लेकर कार्यक्रम स्थल का जायजा लेते हुए पुलिस कप्तान गोपाल कृष्ण चौधरी व अन्य अधिकारीगण।

## राज्यपाल का कल जिले में प्रस्तावित है दौरा, कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर अफसर पहुंचे बस्ती मेडिकल कॉलेज

# आयुक्त व आईजी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

### राज्यपाल का दौरा

**बस्ती, हिन्दुस्तान टीम।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। शनिवार को मेडिकल कॉलेज की चिकित्सा इकाई ओपेक हास्पिटल पहुंचे आयुक्त अखिलेश सिंह व आईजी आरके भारद्वाज ने तैयारियों का जायजा लिया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार ने उन्हें बताया कि तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

ओपेक हॉस्पिटल कैली में राज्यपाल टीबी के मरीजों से मुलाकात करने के साथ ही उनमें पोषण किट का वितरण भी करेंगी। राज्यपाल ने टीबी मरीजों को गोद लेकर उनके इलाज में मददगार बनने की पहल की थी। कैली में संचालित महिला व चिल्ड्रेन वार्ड का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्था देखेंगी। राज्यपाल मरीजों व तीमारदारों से वार्ता भी कर सकती हैं। बस्ती में राज्यपाल का शंकुस हॉस्पिटल के उद्घाटन में आ रहीं हैं। शंकुस हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. आशुतोष पांडेय ने बताया कि राज्यपाल के स्वागत की तैयारियां चल रहीं हैं। जिला प्रशासन के साथ मिलकर व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

**लेदवा में आंगनबाड़ी वर्कर्स से करेंगी संवाद:** लेदवा गांव में राज्यपाल 40 मिनट तक रुकेंगी। अमृत सरोवर, अमृत वाटिका व पंचायत भवन का निरीक्षण करने के साथ ही वह यहां पर आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण भी करेंगी। वहां आंगनबाड़ी वर्कर से संवाद स्थापित करेंगी। यहां बच्चे कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। बच्चों व गर्भवती में आंगनबाड़ी व न्यूट्रीशन किट का वितरण करेंगी। युवा कल्याण के तहत खेल के सामान का किट खिलाड़ियों में बांटेंगी। कौशल विकास योजना की महिला लाभार्थियों से मुलाकात करेंगी।



शनिवार को ओपेक हास्पिटल में तैयारियों का जायजा लेते आयुक्त व आईजी।



शंकुस हॉस्पिटल में बन रहा पंडाल।

### राज्यपाल के कार्यक्रम

-पुलिस लाइन में आगमन- 10:30 बजे, लेदवा गांव में कार्यक्रम- 11:00 बजे, शंकुस हॉस्पिटल में कार्यक्रम- 12:20, ओपेक हॉस्पिटल कैली में कार्यक्रम- 02:00 बजे, जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक- 02:30 बजे, आयुष्मान अस्पताल व फार्मेसी कॉलेज के संचालकों, रेड क्रास, सेंटर ऑफ इंडो-इजराइल के किसानों के साथ बैठक- 14:50।

### 10 लोगों को पीवीसी युक्त आयुष्मान कार्ड देंगी राज्यपाल

बस्ती। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के प्रस्तावित दौरे को लेकर कार्यक्रम जारी हो गया है। रामनगर ब्लॉक के लेदवा में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल अपने हाथों से पीवीसीयुक्त आयुष्मान कार्ड बांटेंगी। इसके लिए 10 लाभार्थियों को स्वास्थ्य विभाग ने चिह्नित कर लिया है। यहां 100 कार्ड का वितरण होना है। शेष 90 कार्ड अन्य अधिकारी लाभार्थियों को सौंपेंगे। पहले चरण में जिले के 1.47 लाख लाभार्थियों के घर आयुष्मान कार्ड पहुंचेगा। जिसका वितरण 30 अगस्त तक कर दिया जाएगा। शुभारंभ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत एसीएमओ डॉ. एके मिश्र ने बताया कि पहले चरण में जो कार्ड आया है उसका वितरण होगा।

# प्रदेश में अधिवक्ता भी सुरक्षित नहीं

बस्ती। भीम आर्मी जय भीम के प्रदेश सचिव विक्रम गौतम ने विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि केन्द्र की सरकार संविधान को बदलने का षड़यंत्र कर रही है, संगठन इसे किसी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी। डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान की रक्षा के लिये हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। प्रदेश के गाजियाबाद में दिनदहाड़े एक अधिवक्ता की हत्या कर दी गई।

# हड्डियों लदा ट्रक बरामद, दो धराए

बस्ती। कोतवाली पुलिस ने टोल प्लाजा के पास पुलिस ने हड्डियों से भरे ट्रक को पकड़ा है। बदबू आने पर पुलिस ने ट्रक को पटेल चौक पर रोका और जांच-पड़ताल की गई। चालक ने बताया कि वाहन पर बड़े जानवरों की हड्डी लदी है जबकि कागजों में मटन बोन लिखा पाया गया। पुलिस ने अभिलेख नहीं मिलने के कारण ट्रक को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने ग्राम आल्दी, थाना कान्धला, जनपद शामली निवासी देशपाल व मिन्टू कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

# तीसरे दिन भी कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

बस्ती: हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज के के मामले को लेकर अधिवक्ता तीसरे दिन भी कार्य से विरत रहे। ग्राम न्यायालय की स्थापना के विरोध में जनपद के अधिवक्ता सप्ताहांत में कार्य से विरत रहते हैं। पिछले दो कार्य दिवस से हापुड़ में हुई लाठी चार्ज के विरोध में अधिवक्ताओं ने कार्य नहीं किया। अजय प्रताप सिंह, शिवपूजन मिश्र, भारत भूषण वर्मा, वीरेंद्र नाथ पांडेय, रमाशंकर पांडेय, शांति प्रकाश श्रीवास्तव, सुभाष चंद्र मिश्र आदि ने विरोध जताया।

## मामूली विवाद में मारपीट मुकदमा दर्ज

छावनी, बस्ती : छावनी थाने के घिरौली बाबू गांव में शुक्रवार की देर शाम दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई।घटना में दोनो पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। मारपीट की इस घटना के दौरान हवाई फायर की भी चर्चा है।थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव ने फायरिंग की बात से इंकार किया है। बताया कि एक पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर तीन लोगों का शांति भंग की आशंका में चालान किया गया है। थाना क्षेत्र के घिरौली बाबू गांव में बाइक के स्टार्ट न होने पर फब्ती कसने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसके बाद दोनों पक्षों में दो बार मारपीट हुई।

## वंदरों के हमले में 26 लोग हो चुके हैं घायल

**रुधौली, बस्ती** : रुधौली थानाक्षेत्र के छपिया में इन दोनों बंदरों के आतंक से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। बंदरों के हमले में गांव के 26 लोग घायल हो चुके हैं। बंदरों के दहशत से स्कूली बच्चे स्कूल जाने से डर रहे हैं। महिलाएं छत पर कपड़ा भी नहीं सुखा पा रहीं हैं। गांव के बालेश्वर पांडेय बंदर के काटने से जख्मी हो गए। उनके हाथ में 15 टांका लगवाना पड़ा। हरे कृष्णा पांडेय, शीतल पांडेय, राजेंद्र, ध्रुव चंद्र, रामसेवक,बबलू, मनमोहन, जगराम, रमेश, चिन्मुद, मोलई, सर्वजीत, विकास, सतीश, पिंटू, घनश्याम, डब्लू ,लल्लू, प्रकाश, नीरज, अमित, निर्मला देवी आदि बंदरों के हमले में घायल हो चुके हैं।

# घर में घुसे चोर को महिलाओं ने धर दबोचा

जासं, हरैंया, वस्तीः हरैंया थानाक्षेत्र खरथुआ गांव में शुक्रवार की देर रात चोरी करने घर में घुसे एक चोर को घर की महिलाओं ने धर दबोचा। ग्रामीणों ने उसकी धुनाई करने के बाद हरैंया पुलिस को सिपुर्द कर दिया।

लवदहा गांव निवासी मुन्नू के घर को चोरों ने सबसे पहले निशाना बनाया, लेकिन उनके घर में कुछ नहीं मिला तो चोरों ने लवदहिया गांव ही निवासी हरि प्रसाद के घर में मुख्य दरवाजे से अंदर प्रवेश किया। उस समय घर के सभी सदस्य बाहर सो रहे थे। उनके घर से चोर दो मोबाइल, दो पायल व एक झुमकी चुरा ले गए। रात में अचानक जब घर की महिलाएं जगी तो दरवाजा खुला देख सन्न रह गई। वह घर में पहुंची तो वहां बिखरा हुआ सामान देखकर गोहार लगाया तो आसपास के इकट्ठा हो गए और चोरों की खोजबीन करने लगे। इसके बाद चोर खरथुआ गांव निवासी गुप्तारे के घर पहुंचे। वहां पर घर में जग रही महिलाओं ने एक चोर के घर में घुसते ही बाहर से दरवाजा बंद कर गोहार लगा दी। इसके बाद महिलाओं और ग्रामीणों ने घर में घुसे एक चोर को पकड़ लिया। गुप्तारे के घर से 1800 सौ रुपये गायब मिला। पीड़ित हरिप्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार की रात वह और उनके घर के लोग सो रहे थे। रात में लगभग 11.30 बजे के उनके घर से दो मोबाइल फोन, दो सेट झुमकी व तीन पायल किसी व्यक्ति ने चुरा लिया। परिवार के लोग घर में बिखरे सामान को देख ही रहे थे कि पता चला खरथुआ गांव में चोरी करते हुए एक व्यक्ति पकड़ा गया है। वह जब वहां पहुंचे तो पकड़े हुए व्यक्ति के पास से उनका दोनों मोबाइल फोन, तीन पायल बरामद हुआ। पकड़े गए चोर को गांव वालों द्वारा उप निरीक्षक राममणि उपाध्याय को सिपुर्द किया गया। उसकी पहचान बृजेश निवासी गोसांई जोत थाना नगर के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक राणा देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपित के पास दो मोबाइल फोन, तीन पायल व 1800 रुपये बरामद किया गया।




# पुरानी पेंशन की मांग को लेकर बनाई रणनीति

जासं, बस्तीः उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल की अध्यक्षता में साऊंघाट विकास खंड के पुर्सिया बीआरसी पर बैठक हुई, जिसमें संघर्ष की रणनीति तय की गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षक, कर्मचारी न जागे तो पुरानी पेंशन लागू नहीं हो पायेगी। 21 सितंबर को पुरानी पेंशन बहाल किये जाने की एक सूत्रीय मांग को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष अखिलेश मिश्र, जिला मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, साऊंघाट ब्लक अध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय, रमाकान्त सिंह, अखिलेश चौधरी ने कहा कि शिक्षक और कर्मचारियों के लिये पुरानी पेंशन जीवन का आधार है। जिला प्रवक्ता सूर्यप्रकाश शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आए कुल 199 मामले, 22 का हुआ निस्तारण

**जागरण टीम, बस्ती**: शनिवार को जिले की चारों तहसील मुख्यालयों पर संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। न्याय की उम्मीद में पहुंचे अधिकांश फरियादियों को आश्वासन देकर लौटा दिया गया। कुल 199 मामले आए। जिसमें से महज 22 मामले निस्तारित हो सके। शेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया गया। सदर तहसील में आयुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। आयुक्त ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। कहा कि पीड़ियों की समस्या का त्वरित निस्तारण किया जाए। आइजी आरके भारद्वाज ने भी समस्या को सुना। कुल 116 मामले आए। जिनमें से महज 6 मामले ही निस्तारित हो सके। इस दौरान एसडीएम सदर विनोद कुमार पांडेय सहित अन्य मौजूद रहे।



भानपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनते सीडीओ डा .राजेश कुमार प्रजापति, सीआरओ, एसडीएम व अन्य • जागरण



संपूर्ण समाधान दिवस पर सदर तहसील में फरियाद सुनते मंडलायुक्त अखिलेश सिंह ,आइजी आरके भारद्वाज व अन्य अधिकारी • जागरण

**सीडीओ ने सुनी फरियाद**

**भानपुर, बस्ती**: भानपुर में मुख्य विकास अधिकारी डा. राजेश कुमार प्रजापति की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुल 27 शिकायतों का पंजीकरण किया गया, जिसमें से मात्र 2 का ही मौके पर निस्तारण हो सका। राज्यपाल के लेदवा दौरे को देखते हुए अधिकतर अधिकारी वहीं जमे रहे। फरियादियों को मात्र मायूसी ही मिली। धौरहरा गांव के धर्मेंद्र पांडेय ने शिकायत किया कि देवकी ने गलत तरीके से परिवार रजिस्टर में नाम अंकित कराकर रघुनंदन की पत्नी बन गई हैं। इसी गांव के श्यामनाथ सोनी ने शिकायत किया कि खंड विकास अधिकारी रामनगर से जन सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत कुछ सूचनाएं मांगी गई थीं। उनके द्वारा अधूरी सूचना उपलब्ध कराई गई है। मुख्य राजस्व अधिकारी ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी आशुतोष कुमार तिवारी, तहसीलदार पंकज सिंह, नायब तहसीलदार कृष्ण मोहन यादव, खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर नीरज सिंह मौजूद रहे।

**कुल 43 मामले आए, नौ हुए निस्तारित**

**हर्रैया, बस्ती**: शनिवार को हर्रैया तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस हर्रैया एसडीएम गुलाबचंद की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। एसडीएम ने कहा कि समाधान दिवस में आने वाले प्रत्येक प्रार्थना पत्र को समयबद्ध निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

इसमें किसी प्रकार की हीलाहवाली क्षम्य नहीं होगी। समाधान दिवस में कुल 43 मामले आए। जिसमें से सर्वाधिक राजस्व विभाग से 17, पुलिस 12, विकास 10 तथा विद्युत विभाग से संबंधित चार मामले आए, जिसमें महज नौ मामले का निस्तारण किया गया हैं।

एसडीएम न्यायिक मनोज प्रकाश तहसीलदार मोनिका वर्मा, नायब तहसीलदार ऋषभ सिंह, शौकत अली, पूर्ति निरीक्षक रमेश वर्मा, सहित अन्य मौजूद रहें।

**एसडीएम ने सुनी फरियादियों की समस्या, रुधौली**: रुधौली तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम गिरीश कुमार झा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कुल 13 मामले आए। केवल पांच मामले का ही निस्तारण हो सका। तहसीलदार सत्येंद्र कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी धनेश यादव, नायब तहसीलदार नीरज सिंह,सप्लाई इंस्पेक्टर शैलेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद, लेखपाल अजय कुमार वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

# लेदवा में राज्यपाल के आगमन को लेकर तैयारियां जोरों पर



लेदवा गांव में बनाया जा रहा वाटर प्रूफ पंडाल • जागरण



मेडिकल कालेज पहुंचे मंडलायुक्त अखिलेश सिंह व आइजी आरके भारद्वाज • जागरण

**भानपुर, बस्ती**: राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के आगमन को लेकर सल्टौआ गोपालपुर विकास खंड के चौकवा ग्राम पंचायत के लेदवा में तैयारियां जोरों पर हैं। अधिकारियों द्वारा हर दिन मौके पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया जा रहा है।

शनिवार को बस्ती डुमरियागंज मार्ग के पचमोहनी तिराहा से सोनहा शिवाघाट मार्ग के द्वारिकाचक चौराहा तक सड़क पर पैच मरम्मत व पटरियों की साफ सफाई का काम कराया गया। पटरियों के किनारे उगी झाड़ियों के साथ सरपत को भी जड़ से उखड़वा दिया गया। सरपत के कारण इस मार्ग से आने जाने वाले राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। पिच मार्ग से आगमन स्थल तक सरयू नहर की पटरी पर इंटरलाकिंग का निर्माण भी कल तक पूर्ण हो जाएगा। पटरी पर वन विभाग द्वारा चितवन, कदम व पाकड़ के 107 पौधे रोपित किए जा रहे हैं। पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी मंगाया गया है। वाटर प्रूफ पंडाल का निर्माण अंतिम चरण में है। तैयारियों का जायजा लेने पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी डा राजेश कुमार प्रजापति भी मौके पर पहुंचे व मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी, खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार यादव, दुष्यंत विक्रम सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी सल्तौवा अभिमन्यु, रामनगर नीरज सिंह, अरुणेश पाल, अखिलेश शुक्ल, सिराज अहमद, शिव कुमार कमल आदि मौजूद रहे। वहीं मेडिकल कालेज बस्ती में राज्यपाल के संभावित कार्यक्रम को लेकर मंडलायुक्त अखिलेश सिंह व आइजी आरके भारद्वाज ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# गोवध निवारण अधिनियम व आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार

कलवारी,वस्तीः : थानाध्यक्ष कलवारी भानु प्रताप सिंह व उनकी टीम ने चार लोगों को एक मैजिक वाहन से तीन गोवंशीय पशुओं के साथ गिरफ्तार किया है। उनके पास से अवैध चाकू भी बरामद किया गया है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि शुक्रवार की देर रात 11.30 बजे दुबौलिया जाने वाले मार्ग पर माझा खुर्द राजा खलवां गांव के पास चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। इनमें आशुतोष सिंह,निवासी सेहरा जलालपुर थाना महरुआ जनपद आंबेडकर नगर, बाबर, वाजिद व मो. सलीम निवासी बस्तीपुर थाना भीटी जनपद आंबेडकर नगर शामिल हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम व आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

हड्डियों की तस्करी के मामले में दो पर मुकदमा, वस्तीः कोतवाली पुलिस ने हड्डियों की तस्करी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल विनय कुमार पाठक, चौकी प्रभारी पटेल चौक राजेंद्र यादव की जांच में शुक्रवार को ट्रक में बड़े जानवरो की हड्डियां मिलीं थीं। इसे अमरोहा स्थित बोन मिल में ले जाया जा रहा था।

# अंतरिम जमानत पर छूटे आरोपियों ने पीड़िता से की मारपीट

बस्ती। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) डॉ. अमित वर्मा की अदालत ने मुकदमे में सुलह न करने पर मारपीट और छेड़छाड़ के मामले में नगर पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

मामला नगर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। जहां की पीड़िता ने अधिवक्ता एसएन दुबे के माध्यम से अदालत में अर्जी दाखिल कर बताया कि घटना 24 मई 2023 को शाम छह बजे की है। पॉक्सो कोर्ट से अंतरित जमानत पर छूटे गांव के ही शिवमूरत, सुभागी देवी, सुजीत, रीमा और कुसमा निवासी विष्णु, टेंगरिया निवासी राजदेव और सरायघाट निवासी मनोज शाम छह बजे उसके घर पहुंचे। अपशब्द कहते हुए नाबालिग पीड़िता से कहा कि जमानत में हम लोगों का 70 हजार रुपये तुम्हारी वजह से खर्च हुआ है। खर्च के रुपये दो वरना एक केस लड़ रहे हैं, उसी के साथ दूसरा भी लड़ लेंगे।

आरोपी रीमा ने ललकारते हुए कहा कि यह पिछली बार बच गई थी, इस बार इसे नहीं छोड़ेंगे। इतने में शिवमूरत, सुभागी देवी, सुजीत, रीमा, विष्णु, राजदेव व मनोज ने मिलकर छेड़छाड़ करते हुए उसका कपड़ा फाड़ दिया और मारने लगे। आदेश देते हुए न्यायाधीश ने कहा कि पीड़िता की अर्जी स्वीकार्य की जाती है, नगर थानाध्यक्ष को आदेश दिया जाता है कि मामले में वर्णित तथ्यों के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना कर परिणामों से 15 दिनों में न्यायालय को अवगत कराएं। संवाद

# हाईवे पर दो सड़क हादसों में राहगीर की मौत

## ट्रक चालक घायल, पंजाब से लोहे की पाइप लादकर गुवाहाटी जा रहा था ट्रक

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज (बस्ती)।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार की सुबह हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में राहगीर की मौत हो गई, और ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और एनएचएआई की टीम ने घायल ट्रक चालक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है, जबकि राहगीर के शव को कब्जे में लेकर घटना की सूचना परिजनों को दिया है।

फोरलेन पर कोतवाली थाना क्षेत्र के मूड़घाट चौराहे पर बस्ती से गोरखपुर लेन में सुबह 6 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल राहगीर रामजीत (55 वर्ष) पुत्र राम लखन निवासी आनंद नगर कटरा थाना कोतवाली की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना करने के बाद गाड़ी लेकर चालक फरार हो गया। सूचना पर पुलिस और एनएचएआई की टीम पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर घटना की सूचना परिजनों को दी। कोतवाली थाने के प्रभारी निरीक्षक विनय पाठक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। दुर्घटना वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

फोरलेन पर दूसरी घटना छावनी थाना क्षेत्र के पचवस फ्लाईओवर के निकट ट्रक पलटने से हुई, जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पंजाब से लोहे की पाइप लादकर एक ट्रक गुवाहाटी जा रहा था, जैसे ही ट्रक शनिवार की सुबह 6:30 बजे छावनी थाना क्षेत्र के पचवस फ्लाईओवर के निकट पहुंचा, तभी ट्रक का अगला बायां टायर फट गया, जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर किसी वाहन से टकराकर सड़क के किनारे गड्ढे में पलट गया।

घटना में चालक रमजोत (20) पुत्र अरमीत निवासी पटियाला पंजाब गंभीा रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरे चालक जगतार सिंह बाल-बाल बच गए। सूचना पर एनएचएआई के शिवमूर्ति पाठक और अरविंद पांडेय, जबकि छावनी थाने की पुलिस पहुंच गई। घायल को एंबुलेंस से इलाज के लिए सीएचसी हर्रैया पहुंचाया। एसओ छावनी नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया कि घायल चालक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



छावनी के पचवस के पास हाईवे पर पलटा ट्रक। संवाद

### रेलवे ट्रैक के किनारे मिला अधेड़ का शव

**बभनान (बस्ती)।** बभनान- गौर रेलवे स्टेशन के बीच सुमही गांव के समीप डाउन ट्रैक के किनारे एक लगभग अधेड़ का शव मिला है। मौके पर पहुंची गौर पुलिस शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त करने में जुटी रही, मगर देर रात तक पहचान नहीं हो सकी है। प्रभारी निरीक्षक गौर राजकुमार पांडेय ने बताया कि प्रथम दृष्टया व्यक्ति की मौत ट्रेन के गिरने से प्रतीत होती है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का पता चल जाएगा। संवाद

### ट्रक व ऑटो की टक्कर, आटो चालक की मौत



भिटिया बभनान मार्ग पर ट्रक की टक्कर से क्षतिग्रस्त आटो रिक्शा। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती (टिनिच)। गौर थाना क्षेत्र के भिटिया-बभनान मार्ग पर ट्रक से ऑटो की आमने-सामने से टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में ऑटो चालक की मौत हो गई है।

शनिवार सुबह 7 बजे बस्ती से बभनान सब्जी लेकर जा रहा ऑटो गौर थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव के पास जैसे ही पहुंचा बभनान से बस्ती की तरफ सीमेंट लाद कर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर ऑटो से टकरा गया। दुर्घटना में ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी भेजा, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। उसकी पहचान सोनू (25) पुत्र सीताराम सोनकर ऊंचवा मुहल्ला पुरानी बस्ती के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद ट्ररक चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है।

# छावनी के थिरौली बाबू गांव में मारपीट, नौ के खिलाफ केस दर्ज

छावनी, बस्ती। थाना क्षेत्र के धिरौलीबाबू गांव में शुक्रवार की रात मामूली विवाद को लेकर लाठी डंडे से जमकर मारपीट हुई। इस दौरान फायरिंग होने की चर्चा है। मारपीट की इस घटना में दोनों पक्ष के तीन व्यक्ति घायल हो गए। घटना को लेकर ट्वीट होने पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है। थाना क्षेत्र के धिरौली बाबू गांव में शुक्रवार की देर शाम बाइक स्टार्ट न होने पर फब्ती कसने को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद दोनों पक्षों में दो बार जमकर मारपीट हुई। मारपीट की इस घटना में एक पक्ष के नंद कुमार उर्फ बबलू सिंह के मुंह में गंभीर चोट व दूसरे पक्ष के दिनेश सिंह व प्रदीप को चोट आई है। घटना की सूचना पाकर गांव में 112 पुलिस पहुंची। मौके पर मौजूद लोगों को थाना पर ले आई। छावनी पुलिस ने धिरौली बाबू निवासी रणजीत सिंह की तहरीर पर रग्घू सिंह, राजा सिंह, दीनू सिंह, रज्जू सिंह, प्रदीप पांडेय व चार अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

# अलर्ट मोड पर बस्ती पुलिस कल आएंगी राज्यपाल



सोनहा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत चौकवा में राज्यपाल के भ्रमण की तैयारियों का जायजा लेते एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल चार सितंबर को हेलिकॉप्टर से बस्ती आएंगी। जिले में उनके भ्रमण का कार्यक्रम निर्धारित कर लिया गया है। वह 10.30 बजे पुलिस लाइन में हेलिकॉप्टर से पहुंचेंगी। इसके बाद सड़क मार्ग से भ्रमण करेंगी। पुलिस अलर्ट मोड में है।

राज्यपाल 11 बजे से विकास खंड सल्टौआ के मॉडल ग्राम लेदवा पहुंचेंगी। यहां विकास कार्यों का अवलोकन करेंगी। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कर फीडबैक प्राप्त करेंगी। 12.20 बजे वह शंकुस कैंसर चिकित्सालय का शिलान्यास करेंगी। दो बजे से मेडिकल कॉलेज के ओपेक चिकित्सालय कैली के महिल / चिल्ड्रेन वार्ड का निरीक्षण करेंगी। यहां टीबी मरीजों से बातचीत, टीबी किट तथा आयुष्मान कार्ड का वितरण करेंगी।

दोपहर 2.50 बजे से कलक्ट्रेट सभागार में बैठक करेंगी। इसमें गोल्डन कार्ड के तहत चयनित चिकित्सालयों, फार्मेसी कॉलेजों, रेडक्रॉस तथा सेंटर आफ इंडो इजराइल, प्रोजेक्ट आफ सेंटर एक्सीलेंस फॉर फ्रूट बंजरिया फॉर्म के किसानों से जानकारी प्राप्त करेंगी। 4.30 बजे वह आंबेडकरनगर के लिए प्रस्थान करेंगी। महामहिम के कार्यक्रम को लेकर सप्ताह भर से तैयारी चल रही है।

## अन्य जिलों से बुलाई गईं है पुलिस

राज्यपाल कार्यक्रम के जिले के अलावा परिक्षेत्र से पुलिस अधिकारी व फोर्स लगाई जाएगी। एसपी ने बताया चार पुलिस क्षेत्राधिकारी, 250 पुलिस कर्मी और एक प्लाटून पीएसी बुला ली गई है। इन्हें चयनित स्थलों पर तैनात किया जाएगा। राज्यपाल के मूवमेंट को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में है।

## होगी कड़ी सुरक्षा

राज्यपाल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि पुलिस कर्मियों को सादी वर्दी में सुरक्षा के लिए लगाया गया है. किसी भी तरह की कोई चूक से बचने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं. पुलिस की विशेष टीमें राज्यपाल की सुरक्षा में तैनात रहेगी। इसके अलावा एएसपी सहित सीओ और कई थानों के निरीक्षक व प्रभारियों को भी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात किया गया है। एसपी ने बताया वीवीआईपी विजिट के चलते शहर के बाहरी इलाके फुटहिया व बड़ेवन क्षेत्र में ही डायवर्जन लागू होगा।

# कोर्ट के आदेश पर छह पर हत्या व षड्यंत्र का केस दर्ज

**बस्ती।** कप्तानगंज पुलिस ने 12 नवंबर 2018 में पैगापुर गांव में धोखाधड़ी का षड्यंत्र रचकर पिता को नशीला पदार्थ खिलाकर भाभी से जमीन का बैनामा अपने नाम करा लेने व पिता की हत्या कर देने के मामले में कोर्ट के आदेश पर पांच साल बाद हत्या, षड्यंत्र रचने, धोखाधड़ी का 6 लोगों पर केस दर्ज हुआ है।

पुलिस के अनुसार पैगापुर गांव निवासी वंश बहादुर वर्मा पुत्र हंकारे चौधरी ने तहरीर दिया कि गांव की उर्मिला, संजय वर्मा, रामगनेश, कुनगाई खुर्द थाना पैकोलिया निवासी हरिशंकर चौहान, ग्राम अगरवा हसीनाबाद थाना पैकोलिया चन्द्रशेखर, बांसगाव थाना हरैया निवासी सुजीत उर्फ़ बेचन ने पिता को धोखाधड़ी से षड्यंत्र रचते हुए नशीला पदार्थ खिला कर वादी की भाभी से संपूर्ण जमीन को अपने नाम करा लिया। बैनामा होने के बाद इन लोगों ने पिता की हत्या कर दी। जब उनसे यह बात पूछी गई तो इन लोगों ने गाली देते हुए जान से मार देने की धमकी दी। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर सभी छह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। एसओ रोहित उपाध्याय ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया गया है। इसकी विवेचना की जा रही है। संवाद

## खैराटी के प्रधान पर मारपीट का केस दर्ज

बस्ती। लालगंज पुलिस ने ब्लाक बनकटी के खैराटी ग्राम पंचायत में बने पंचायत भवन की पड़ताल करने की बात को लेकर विपक्षी ग्राम प्रधान खैराटी अखिलेश शुक्ला उर्फ पंकज की ओर से मोबाइल पर काल करके ग्राम देईसांड निवासी सूरज से बात करना, आईडी मांगने व खबर न छापने को कहना, मना करने पर गाली देते हुए मारना पीटना तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने प्रधान पर केस दर्ज किया है। संवाद

## जमीन बंटवारे में मारपीट, तीन पर केस दर्ज

बस्ती। कलवारी पुलिस ने माझाखुर्द गांव में जमीन के बंटवारे को लेकर मारपीट हो गई। इस मामले में मारना-पीटना तथा गाली व जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने इस मामले में रामचंदर पुत्र गजराज की तहरीर पर गांव के ज्ञानचंद, गंगोली, व सोनू के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

## शांतिभंग में चार का चालान

पैकोलिया (बस्ती)। थानाक्षेत्र के दो गांव के चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान किया है। थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद ने बताया कि थानाक्षेत्र के नागपुर गांव निवासी सूबेदार, राज बहादुर, राजेंद्र प्रसाद और संथुआ गांव निवासी अजीज का शांति भंग में चालान किया गया है। संवाद

## मारपीट व धमकी में दो पर केस

बस्ती। छावनी पुलिस ने नीमडाड गांव में मारपीट के मामले में दो लोगों पर केस दर्ज किया है। ग्राम नीमडाड निवासी राजकुमार पुत्र बीपत ने तहरीर दी कि उनके पुत्र को विपक्षियों ने गाली देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में अनीता व नीलेश के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस दर्ज किया है। संवाद

## दुर्घटना का केस दर्ज

बस्ती। नगर पुलिस ने तिलकपुर मंदिर के पास अज्ञात वाहन के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए टक्कर मार देने के मामले में बल्ली पट्टी थाना कोतवाली निवासी रामनरेश की तहरीर पर केस दर्ज किया है। संवाद

# घर में घुसकर चोरी, पुलिस ने नहीं दर्ज किया केस

**बस्ती।** वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के चाईबारी गांव निवासी विजयकांत सिंह ने एसपी को शिकायती पत्र दिया है। उनका कहना है कि 28 अगस्त की रात लगभग एक बजे उनके घर में खिड़की के रास्ते चोर घुस गए। चोरों ने घर खंगाल डाला। घर में रखे दस हजार रुपये और एक एंड्रायड फोन लेकर चंपत हो गए। मामले की सूचना देने के बाद भी मुकामी पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया है। विजयकांत के अनुसार सुबह घटना की जानकारी होते ही वाल्टरगंज पुलिस को तहरीर दे दी गई थी। चार दिन बीत जाने के बाद भी केस दर्ज नहीं हुआ है। पुलिस मामले में टालमटोल कर रही है। संवाद

# पशुओं के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**बस्ती।** थाना कलवारी पुलिस ने दुबौलिया मार्ग के पक्के बंधे माझा खुर्द राजा खालवा के पास चार पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तीन पशु व चाकू भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार थानाध्यक्ष कलवारी भानु प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ 11 बजे दुबौलिया जाने वाले मार्ग जांच कर रहे थे। इसी बीच सेहरा जलालपुर थाना महरुआ जनपद अंबेडकर नगर निवासी आशुतोष सिंह, इसी जिले के बस्तीपुर थाना भीटी निवासी बाबर, वाजिद तथा मो. सलीम तीन पशुओं के साथ जाते दिखाई दिए। पुलिस ने इन्हें रोका और पूछताछ की तो इन लोगों ने इसे बेचने के लिए ले जाना कबूल किया। संवाद

# मारपीट व वाहन क्षतिग्रस्त के मामले में चार पर केस दर्ज

**बस्ती।** नगर पुलिस ने क्षेत्र के बनकटवा गांव में रंजिश को लेकर विपक्षियों की ओर से मारने-पीटने तथा चार पहिया वाहन क्षतिग्रस्त कर देने के मामले में चार के खिलाफ केस दर्ज किया है। बनकटवा मलवारे गांव निवासी अंगद मिश्र पुत्र अशोक मिश्र ने पुलिस को तहरीर दी कि गांव निवासी शुभम मिश्रा, महेश मिश्र, आशु मिश्रा व प्रत्युष मिश्र ने पुरानी रंजिश को लेकर उन्हें मारापीटा जानमाल की धमकी देते हुए उनकी लग्जरी कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने इस मामले में चारों के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

## दो पक्षों में मारपीट, केस दर्ज

**सोनहा।** सेखुई चौराह पर शुक्रवार की शाम लगभग सात बजे एक किराना दुकान पर दो पक्षों में कहासुनी हो गई। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को मार दिया, जिससे दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति का सिर फूट गया। थाना क्षेत्र के तेलियाडीह गांव के राम कृष्ण पुत्र पटेशर ने तहरीर देकर बताया कि किराना की दुकान पर लेनदेन में कहासुनी हो गई। विपक्षी सेखुई गांव के मनोज कुमार व आदित्य कुमार ने मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक सोनहा शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट, गाली व जान से मारने की धमकी का केस सेखुई गांव के मनोज कुमार व आदित्य कुमार के विरुद्ध दर्ज कर शनिवार को शांतिभंग की आशंका में चालान कर एसडीएम न्यायालय भानपुर भेजा गया है। संवाद

## दहेज उत्पीड़न में पति सहित सात नामजद

**बस्ती।** महिला थाने की पुलिस ने विवाहिता खवासबारी थाना पुरानी बस्ती निवासी मीना यादव पुत्री सुखराज की तहरीर पर पति समेत ससुराल के सात लोगों पर दहेज उत्पीड़न मारने-पीटने सहित विभिन्न मामलों में केस दर्ज किया है। विवाहिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी ग्राम दलेलगंज थाना कोतवाली खलीलाबाद, संतकबीरनगर निवासी धर्मेंद्र से हुई है। शादी में दहेज देने के बाद भी उसकी ससुराल के लोग दस लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। इस धन के लिए वह आए दिन मारते-पीटते हैं। संवाद

## दुर्घटना में एक नामजद

**बस्ती।** पुरानी बस्ती रेलवे स्टेशन रोड पर बाइक एजेंसी के सामने बाइक चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए दो युवतियों को टक्कर मारने के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के रसूलपुर मुहल्ला निवासी इंतियाज अली पुत्र अली रजा ने बताया उनकी पत्नी शब्बो खातून व पुत्री शबा परवीन कहीं जा रही थीं। एजेंसी के सामने इसी थाना क्षेत्र के रानी पोखरा चमारिया माता मंदिर निवासी अंकुर कुमार ने टक्कर मार दिया। इस दुर्घटना में पत्नी के हाथ में चोट आई, जबकि पुत्री को भी चोट लगी है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# ग्रामीणों ने चोरी कर रहे युवक को दबोचा, किया पुलिस के हवाले

## चोरी करने की नीयत से तीन घरों में घुसे, दो जगह वारदात को दिया अंजाम

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज (बस्ती)। हर्रैया थाना क्षेत्र में बेखौफ चोरों के आगे पुलिस बेबस दिख रही है। शुक्रवार की रात खरथुआ गांव में चोरी करके भाग रहे तीन में से एक चोर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया, जबकि रात होने के कारण दो भाग गए। पकड़े गए चोर को ग्रामीणों ने बंधक बनाकर जमकर पीटा। सुबह होने पर उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

पुलिस ने लबदहिया गांव निवासी हरिप्रसाद की तहरीर पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। हर्रैया थाना क्षेत्र के लबदहिया गांव में शुक्रवार की रात 12 बजे बाइक सवार तीन चोर गांव के हरि प्रसाद शर्मा के घर में घुसकर दो मोबाइल, कीमती जेवर, रुपये लेकर फरार हो गए। इसके बाद यह निकट गांव मुन्नू के घर में घुसे, मगर वहां जाग होने के कारण निकल भागे। चोरों का यह कारनामा यही नहीं रुका। वे सीधे पैकोलिया थाना क्षेत्र के खरथुआ गांव में पहले गोप्तारे के घर में घुस कर पैंट से रुपये आदि लेकर निकट स्थित मंगरू के घर में चोरी की नीयत से घुसे। आलमारी खोलने की आवाज से घर वाले जाग गए। गुहार लगाकर ग्रामीणों को एकत्रित कर लिया। शोरगुल सुनकर चोर भागने लगे, मगर ग्रामीणों ने उन्हें दौड़ा कर एक को धर दबोचा।

हर्रैया के प्रभारी संजीव कुमार ने बताया की मामले के केस दर्ज करके छानबीन की जा रही है। गिरोह में जो भी शामिल हैं उनको पकड़ा जाएगा।



हर्रैया थाना क्षेत्र के लबहिया गांव में ग्रामीणों ने चोर को पकड़ा। संवाद

## सेवानिवृत्त फौजी की हार्डवेयर की दुकान से नकदी व मोबाइल फोन चोरी

**विक्रमजोत (बस्ती)।** छावनी थाना क्षेत्र के चपिलांव गांव में चोरों ने एक सेवानिवृत्त फौजी की हार्डवेयर की दुकान के काउंटर के पास से एक महंगा मोबाइल और गल्ले से 19 हजार रुपये चोरी कर लिया। चोरी की सारी हरकत दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। चपिलांव गांव निवासी दिनेश कुमार सिंह पुत्र उमाशंकर सिंह ने छावनी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार की शाम करीब चार बजे घर से सटे हार्डवेयर की दुकान में वह बैठे थे। थोड़ी देर के लिए किसी काम से घर के अंदर गए और फिर बाहर आकर देखा तो काउंटर पर रखा उनका आईफोन और गल्ले में रखे लगभग 19 हजार रुपये गायब हैं। दुकान में लगे सीसीटीवी में देखा तो एक युवक उनकी नामौजूदगी में उनका मोबाइल और गल्ले से नकदी चुरा कर ले जाते दिख रहा है। उन्होंने बताया कि इसी तरह की घटना एक माह पूर्व उनके घर के बगल स्थित एक मंदिर में लगा तांबे का घंटा चोरी हो गया था। वहीं क्षेत्र में चोरी की बढ़ती वारदातों से लोग सशंकित नजर आ रहे हैं। थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया कि शिकायत मिली है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश की जा रही है। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-03-09-2023

# संपूर्ण समाधान दिवस पर 78 मामलों में 8 का निस्तारण

डीएम की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस पर फरियादियों की लगी भीड़

लेखपाल के खिलाफ दिया शिकायती पत्र

बांसी में 41 के सापेक्ष मात्र 3 मामलों का निस्तारण

डुमरियागंज बांसी(एसएनबी)। डुमरियागंज तहसील परिसर में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिला अधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल भी मौजूद रहे। कुल मामलों में पांच मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि समस्याओं का समाधान त्वरित करने का प्रयास किया जाए। पेंडिंग मामलों पर उन्होंने हिदायत देते हुए कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप ज्यादा से ज्यादा फरियादियों की समस्याओं पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अलग-अलग विभागों के अधिकारी व कर्मचारी सीधे तौर पर आम लोगों से जुड़ने का प्रयास करें। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि पुलिस विभाग के लोग फरियादियों की समस्याओं को मौके पर ही सुनने का प्रयास करें। बार-बार किसी फरियादी को ना दौड़ाया जाए।

डुमरियागंज संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 37 मामले आये जिसमे राजस्व विभाग 16, पुलिस 12, विकास 2 व अन्य विभागों से जुड़े सात मामले शामिल रहे। जिसमें राजस्व का तीन व अन्य विभागों से संबंधित दो मामले का निस्तारण डीएम ने तत्काल रूप से कर दिया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी डुमरियागंज प्रवेंद्र कुमार, खंड विकास अधिकारी अमित सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी संजय कुमार, तहसीलदार डुमरियागंज आदि लोगों की उपस्थिति रही।

इसी क्रम में डुमरियागंज तहसील के ग्राम पंचायत केवरली नानकार निवासी रघुनन्दन पाण्डेय ने आज आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर संजीव रंजन को शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि उनके ग्राम पंचायत में लेखपाल दिग्विजय चौरासिया जो लगभग 8 वर्षों से तैनात हैं। जिसकी वजह से वह गांव के राजनीतिक गुटबाजी में शामिल हो गये है। जिसका परिणाम में ग्रामवासी इनकी कार्यशैली से काफी परेशान हैं। जब भी ग्रामवासियों को आय, निवास, जाति प्रमाण पत्र आदि की आवश्यकता होती हैं तब उनके द्वारा धन की मांग की जाती है, न देने पर वह डांटते-फटकारते है साथ ही अभद्रता करने से भी नहीं चूकते हैं। इतना ही नहीं ग्रामीणों पर रौब झाड़ते हुए कहते हैं कि वह ऊंची पहुंच रखते हैं। उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। शिकायतकर्ता ने कहा कि लेखपाल के विरुद्ध जांच करते हुए विभागीय कार्रवाई करते उन्हे ग्रामपंचायत केवटली नानकार से तत्काल ट्रान्स करने की कृपा करें। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायती पत्र देने के बाद मौके पर मौजूद लेखपाल से जिलाधिकारी ने सत्यता जाननी चाही तो लेखपाल ने कहा कि वह 8 वर्ष नहीं मात्र 2 वर्षों से तैनात हैं जिसपर जिलाधिकारी ने कहा कि यदि यह 2 वर्ष के बजाय 8 वर्ष से तैनात हैं तो इनके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए उक्त ग्राम पंचायत से कार्यमुक्त किया जाय।

बांसी कार्यालय के अनुसार स्थानीय तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों द्वारा प्रस्तुत किए गए कुल 41 मामलों में से सिर्फ 3 मामलों का ही निस्तारण हो सका। शेष मामलों का निस्तारण न होने से फरियादियों को मायूस लौटना पड़ा। इस दौरान आए सर्वाधिक 21 मामले राजस्व विभाग से ही संबंधित रहे।

उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार व पुलिस क्षेत्राधिकारी देवी गुलाम की सह अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व के सर्वाधिक 21, विकास के 6, पुलिस के 7, विद्युत के 5 तथा चकबंदी व पूर्ति के सिर्फ एक- एक मामले फरियादियों द्वारा प्रस्तुत किए गए। जिनमें से केवल राजस्व के 3 मामलों का ही मौके पर निस्तारण हो सका। शेष मामलों के फरियादियों को शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया गया। निस्तारण न होने के कारण अधिकांश फरियादी निराश दिखे। उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने ऐसे मामलों का जिनका निस्तारण मौके पर नहीं हुआ, उसे विभागीय जिम्मेदारों को यथा शीघ्र निस्तारण के निर्देश के साथ सौंप कर कहा कि अगले समाधान दिवस के पूर्व पेश आए सभी मामलों का निस्तारण जिम्मेदार सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थित में लापरवाहों पर कार्रवाई होगी। सीओ देवी गुलाम ने थानाध्यक्षों से कहा कि थाने पर आने वाले फरियादियों के साथ बेहतर सलूक करें। थाने पर आने वाले लोगों के लिए पीने के लिए पानी की व्यवस्था हो, ताकि फरियादी अपनी समस्या को ठीक से रख सकें। इस दौरान सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।





सम्पूर्ण समाधान दिवस मे शिकायती सुनते डीएम व बांसी तहसील सभागार में शिकायत एसडीएम व अन्य अधिकारी।

# अपराध रोकने में चौकीदारों की भूमिका अहम

खुनुवा(एसएनबी)। शोहरतगढ थाना क्षेत्र में अपराधिक घटना को रोकने में चौकीदारों की अहम भूमिका होती है, अगर चौकीदार सजग रहे तो क्षेत्र में कोई भी आपराधिक घटना नहीं हो सकती उक्त बाते चौकीदारों में आवश्यक बस्तुओ के वितरण के दौरान पुलिस स्टेशन शोहरतगढ मे थानाध्यक्ष पंकज कुमार पाण्डेय ने कही। शोहरतगढ थानाध्यक्ष ने थाना परिसर में चौकीदारो को छाता, टार्च ,सीटी आदि वस्तुओ का वितरण कर चौकीदारो को अपने-अपने गांवो की जिम्मेदारी सम्हालने की बात कही। थानाध्यक्ष ने चौकीदारों से कहा कि आप सभी लोग अपने अपने क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने में सक्षम है, इसके लिए आप लोगो को हमेशा सतर्क रहना चाहिए। थानाध्यक्ष ने शनिवार को क्षेत्र के चौकीदार मोल्हू, भल्लू, रामचरन, सुन्दर, बिपत, मोतीलाल, शिवकुमार, मुनिराम, गनेश प्रभु आदि चौकीदारो को टार्च, छाता, सीटी कुल 124 चौकीदारो मे बितरण किये जबकि 5 चौकीदार पुलिस अधीक्षक के हाथ से पहले पा चुके थे सब मिलकर कर 129 चौकीदार उपयोगी समान प्राप्त कर खुश दिखे इस दौरान जिला अबकारी निरीक्षक अजय कुमार, डी ओ आवकारी विभाग अभिमन्यु सिंह के साथ शोहरतगढ की पुलिस टीम मौजूद रही।



# पहुंचे 135 फरियादी, सिर्फ सात का निदान

सिद्धार्थनगर, हिन्दुस्तान टीम। जिले के चार तहसीलों में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 135 फरियादी अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। इसमें से सिर्फ सात का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष 128 को निराश हो वापस घर लौटना पड़ा। डुमरियागंज में डीएम की अध्यक्षता में हुए समाधान दिवस में भी 37 फरियादी पहुंचे। इसमें से पांच मामलों का समाधान हो सका जबकि 32 को सिर्फ आश्वासन मिला।

डुमरियागंज तहसील सभागार में शनिवार को डीएम संजीव रंजन की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान आयोजित हुआ। इस दौरान कुल 37

- न्याय के लिए पहुंचे 128 पीड़ितों को मिला सिर्फ आश्वासन
- डुमरियागंज में डीएम की अध्यक्षता में निपटे सिर्फ पांच मामले



डुमरियागंज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान फरियाद सुनते डीएम संजीव रंजन व एसपी अभिषेक अग्रवाल

मामले आये। जिसमें महज पांच मामलों का ही मौके पर निस्तारण हो सका। डीएम ने कहा कि सभी अपने कार्य के प्रति पूरी तरह से गंभीर रहे। एसपी अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि पुलिस विभाग के जो भी मामले आ रहे है। उनका संबंधित थाना प्रभारी जिम्मेदारी के साथ निस्तारण कराये। इस मौके पर राजस्व के 16, विकास के दो, पुलिस के 12, अन्य के सात मामले आये। जिसमें राजस्व के तीन व अन्य के दो मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इस दौरान एसडीएम प्रवेन्द कुमार, तहसीलदार सन्तराज सिंह बघेल, नायब तहसीलदार महबूब आलम, जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, जिला कृषि अधिकारी मोहम्मद मुजम्मिल, डीपीआरओ पवन कुमार, बीएसए देवेंद्र पांडेय, डीएसओ देवेंद्र प्रताप सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत राम मूरत आदि मौजूद रहे।

शोहरतगढ़ तहसील में एसडीएम प्रदीप कुमार यादव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे कुल 34 फरियादी अपना फरियाद लेकर पहुंचे। मौके पर राजस्व के दो मामलों का निस्तारण कर दिया गया। सदर तहसील में एसडीएम डॉ ललित कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 45 मामले आए, मौके पर एक भी निस्तारण नहीं हो सका।

## लेखपाल पर धनउगाही की शिकायत

डुमरियागंज। क्षेत्र के कैथटली नानकार निवासी रघुनंदन पांडेय ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देते हुए कहा कि गांव में तैनात लेखपाल लगभग नौ वर्षों से गांव में राजनीति करते हैं। बिना सुविधा शुल्क के लिए कोई कार्य नहीं करते है। जिसकी जांच नायब तहसीलदार महबूब आलम को सौंपी गई थी, लेकिन उन्होंने बिना शिकायतकर्ता को बुलाए मामले का हला भला कर दिया।

# अपराध को रोकने के लिए चौकीदार की भूमिका अहम

शोहरतगढ़, हिसं। अपराधिक घटना को रोकने में चौकीदारों की अहम भूमिका होती है। चौकीदार सजग रहे तो अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लग सकता है। सुरक्षा व्यवस्था में चौकीदार एक अहम कड़ी के रूप में काम करते हैं। 124 चौकीदारों को टार्च ,सीटी छाता उत्सवर्धन किया गया।

प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार पाण्डेय ने कहा कि आप सभी लोग अपने अपने क्षेत्र में अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने में योगदान जिम्मेदारी से दें। क्षेत्र में छोटी बड़ी घटनाओं पर नजर रखना चौकीदारों की भी जिम्मेदारी है। समय से सूचना उच्चाधिकारियों तक पहुंच कर अपराध पर नियंत्रण किया जा सकता है। आप लोगो को हमेशा सतर्क रहना चाहिए।

थानाध्यक्ष ने शनिवार को क्षेत्र के चौकीदार मोल्हू, भल्लू, रामचरन, सुन्दर, बिपत, मोतीलाल, शिवकुमार, मुनिराम, गनेश प्रभु आदि को टार्च, छाता, सीटी दिया। इस दौरान जिला अबकारी निरीक्षक अजय कुमार, अभिमन्यु सिंह आदि मौजूद रहे।

# अनिल कुमार निरीक्षक से बने पुलिस उपाधीक्षक



प्रमोशन पाकर निरीक्षक से पुलिस उपाधीक्षक बने अनिल कुमार पांडेय को स्टार लगाते एसपी व एएसपी।

सिद्धार्थनगर। पदोन्नति बोर्ड उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा अनिल कुमार पाण्डेय को पुलिस निरीक्षक पद से पुलिस उपाधीक्षक पद पर प्रोन्नति दी गई है। पुलिस लाइन सभागार कक्ष में एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल व एएसपी सिद्धार्थ ने निर्धारित सफेद धातु तीन स्टार लगाकर बधाई दी।

### अपराधों के नियंत्रण पर रहा जोर, सख्त कार्रवाई का निर्देश

# प्रभावी पैरवी कर आरोपी को दिलाएं सजा: एसपी

**बैठक**

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण रखने के लिए एसपी अभिषेक अग्रवाल ने शनिवार को पुलिस लाइंस सभागार में क्राइम कंट्रोल मीटिंग की। उन्होंने मातहतों के पेंच कसे। कहा कि प्रत्येक सीओ, थानेदार व चौकी इंचार्ज न्यायालयों में प्रभावी पैरवी कर कम से कम एक आरोपी को सजा दिलाएं।

एसपी ने महत्वपूर्ण अपराधों व निरोधात्मक कार्यवाही की तीन वर्षीय तुलनात्क समीक्षा की। एक जनवारी से तीस अगस्त तक सम्पत्ति संबंधी दर्ज केसों, महिला उत्पीड़न के मामलों, एससी एसटी के दर्ज केसों, लम्बित विवेचनाओ के निस्तारण, उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द अधिनियम, गुमशुदा लापता व बरामदगी, गौकशी/गोवंश तस्करी के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई, अपराधियों के खिलाफ खोली गई हिस्ट्रीशीट, पंजीकृत गैंगों, पुरस्कार घोषित अपराधियों, जनपद स्तर पर चिह्नित टाप 10 अपराधियों, तीन माह से अधिक समय से निलम्बित पुलिस कर्मियों के विवरण व विभागीय कार्यवाही के अंतर्गत की गयी कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने थानेदारों से गश्त बढ़ाने व अपराधियों पर नजर बनाए रखने को कहा। कहाकि अगर कहीं से कोई जानकारी मिलती है तो उसे गंभीरता से लें जिससे तत्काल उसका हल निकाला जा सके। इस दौरान एएसपी सिद्धार्थ, सभी सर्किल के सीओ व थानेदार मौजूद रहे।



पुलिस लाइंस सभागार में क्राइम कंट्रोल मीटिंग करते एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल।

# अनियंत्रित होकर पलटी तेज रफ्तार कार, पांच घायल

## हादसा

शोहरतगढ़, हिन्दुस्तान संवाद। ढेबरुआ थाना के बढ़नी बाजार से कुछ ही दूरी पर बढ़नी, ढेबरुआ मार्ग के सरयू नहर परियोजना के राप्ती मुख्य नहर पुल के पास शनिवार को बढ़नी की तरफ से गोल्हौरा जा रही तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पटरी किनारे जाकर पलट गई। कार सवार पांच लोगों को चोटें आई। आसपास मौजूद लोगों ने एंबुलेंस बुला कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी भर्ती करा दिया।

गोल्हौरा थाना क्षेत्र के महुआ कला गांव निवासी प्रदीप कुमार (30), सुरेश कुमार (42), उमेश कुमार (37), फूलचंद (25) चालक रामनाथ (27) एक दिन पहले घर से नेपाल के प्रभुनाथ यात्रा पर गए हुए थे। शनिवार को प्रभु नाथ यात्रा से वापस होते हुए बढ़नी सरहद पार कर अपने घर वापस होने लगे।

बढ़नी बाजार से दो किलोमीटर दूर ही अभी चले थे कि नेशनल हाईवे सरयू नहर परियोजना के राप्ती मुख्य नहर पुल के निकट सामने से आ रही बोलेरो को बचाने के चक्कर में कार अचानक पलट गई। सवार सभी लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस के सहयोग से इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी पर भर्ती कराया। मामूली चोट की वजह से प्राथमिक इलाज कर चिकित्सकों ने उन्हें घर के लिए छोड़ दिया। कार क्षतिग्रस्त हो गई है।



बढ़नी- शोहरतगढ़ हाइवे पर राप्ती मुख्य नहर पुल के निकट पलटी कार

- बढ़नी- शोहरतगढ़ हाइवे के राप्ती मुख्य नहर पुल के पास की घटना
- घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी पहुंचाया गया

# सीएमओ ने दो चिकित्सकों के विरुद्ध दी तहरीर

- मामले की सरकारी चिकित्सकों के भूमिका की भी जांच करें एसपी
- प्रार्थना पत्र की जांच के बाद ही होगी चिकित्सकों के विरुद्ध कार्रवाई

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** अस्पताल के नवीनीकरण के नाम पर सौदेबाजी से संबंधित प्रसारित वीडियो को लेकर सीएमओ डा.वीके अग्रवाल ने तहरीर दी है। उन्होंने प्रसारित वीडियो में देखे जा रहे नैदानिक स्थापना के नोडल अधिकारी डा.एमएम त्रिपाठी व उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा.बीएन चतुर्वेदी की भूमिका संदिग्ध मानी है। उन्होंने कहा कि रुपये के लेन-देन में दोनों चिकित्सकों की भूमिका हो सकती है। उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जाए।

सीएमओ ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र के माध्यम से कहा कि रंजीत कुमार नाम के एक व्यक्ति बांसी में अवैध चिकित्सालय का संचालन करता रहा है। उनके चिकित्सालय में कोई प्रशिक्षित चिकित्सक नहीं हैं। वह खुद भी फार्मासिस्ट है और चिकित्सक का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि उनके चिकित्सालय में कोई चिकित्सक न होने की वजह से पंजीकरण नहीं किया जा रहा है। उन्होंने गलत ढंग से कुछ वीडियो बना लिया है। उसमें नैदानिक नोडल अधिकारी डा.एमएम त्रिपाठी व उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा. बीएन चतुर्वेदी द्वारा रुपये के लेन-देन की बात स्वीकार किया जाना प्रतीत हो रहा है। वह सीएमओ के विषय में भी अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं।

उन्होंने पुलिस अधीक्षक से इस मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए सभी वीडियो की गंभीरता से जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल का कहना है कि सीएमओ ने प्रार्थना पत्र दिया है। मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# सीओ बनने पर लगाया स्टार

जासं, सिद्धार्थनगर : निरीक्षक पुलिस के पद से पदोन्नति पाकर सीओ बने अनिल कुमार पांडेय को एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल व एएसपी सिद्धार्थ ने सफेद धातु तीन स्टार लगाकर बधाई दी।

# विवेचनाओं का त्वरित करें निस्तारण : एसपी

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर: एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार की देर शाम पुलिस लाइन सभागार में अपराधों की समीक्षा की। उन्होंने उपस्थित पुलिसकर्मियों से कहा कि जिन मामलों की विवेचना लंबित है, उसे त्वरित गति से निस्तारित करें।

उन्होंने कहा कि गुंडा अधिनियम, गैंगेस्टर अधिनियम में अभियान चलाकर बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने थाना प्रभारियों को चेताया कि पीड़ितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करें, लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, अखिलेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी सदर समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**90 बोतल नेपाली शराब बरामद:** सिद्धार्थनगर, 43वीं वाहिनी एसएसबी के जवानों ने शनिवार को 90 शीशी नेपाली शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम अजय पुत्र अश्विनी चौबे निवासी बढ़नी लाला थाना शोहरतगढ़ जिला सिद्धार्थनगर है।

# रेट लिस्ट न होने पर मदिरा की दुकान पर जुर्माना

जासं, वांसी : सरकारी शराब की दुकानों पर अधिक मूल्य लेकर शराब बेचने व मिलावटी शराब दिए जाने की मिल रही शिकायत पर प्रशासन ने शनिवार अंग्रेजी व देसी की कई दुकानों पर छापेमारी किया। डिड़ई थाना क्षेत्र के दानोंकुईया स्थित देसी शराब की दुकान पर रेट लिस्ट न मिलने से उसपर दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया। डीएम ने निर्देश पर एसडीएम प्रमोद ,बांसी आबकारी टीम के साथ सबसे पहले नगर स्थित अंग्रेजी शराब के माडल शाप पर पहुंचे। आबकारी निरीक्षण बांसी संजय पांडेय ने हिदायत दिया कि शराब की क्वालिटी से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न की जाए। माडल शाप में गंदगी मिलने पर एसडीएम प्रमोद कुमार बेहतर सफाई रखने की हिदायत दिया। इसके बाद देसी मदिरा की नंबर एक, दो व तीन पर टीम पहुंची।



नगर स्थित माडल शाप में स्टाक रजिस्टर की जांच करते एसडीएम प्रमोद • जागरण

# समाधान दिवस : 37 फरियादी आए, पांच का किया गया निस्तारण

**जासं, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर :** डुमरियागंज तहसील में समाधान दिवस की अध्यक्षता शनिवार को डीएम संजीव रंजन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल भी मौजूद रहे। उमस भरी गर्मी व तेज धूप के कारण फरियादियों की संख्या कम रही। कुल 37 फरियादी पहुंचे जिनकी समस्याओं को सुनकर डीएम ने त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। राजस्व के तीन व अन्य विभाग से संबंधित दो मामले निस्तारित किए गए। राजस्व के 16, पुलिस 12, विकास दो व अन्य विभाग के सात मामले प्रस्तुत हुए। जिला विकास अधिकारी जीपी कुशवाहा, उप कृषि निदेशक विवेक दुबे, बीएसए देवेंद्र पांडेय, जिला कृषि अधिकारी मु. मुजम्मिल, जिला गन्ना अधिकारी आरके निराला, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभांगी कुलकर्णी, अधिशासी अभियंता लोनिवि बांसी, विद्युत राममूरत, एसडीएम प्रवेंद्र, सीओ सुजीत राय, तहसीलदार डा. संतराज सिंह बघेल, बीडीओ डुमरियागंज अमित सिंह, भनवापुर आलोक उपाध्याय, अधीक्षक सीएचसी डा. श्रवण तिवारी, जेई अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।



डुमरियागंज में आयोजित समाधान दिवस पर डीएम को प्रार्थनापत्र देते फरियादी • जागरण

केवटली नानकार के रघुनंदन पांडेय ने शिकायतीपत्र देकर आरोप लगाया कि उनके साथ गांव के लोगों ने लेखपाल दिग्विजय चौरसिया के खिलाफ एसडीएम को प्रार्थनापत्र दिया था। लेकिन नायब तहसीलदार ने लेखपाल को बरी कर दिया। लेखपाल एक ही जगह आठ साल से जमे हैं। इसपर डीएम ने उक्त लेखपाल को तलब किया तो उसने कहा कि वह सिर्फ दो वर्ष से तैनात हैं। शिकायतकर्ता ने जब इस पर आपत्ति की तो डीएम ने तहसीलदार को निर्देश दिया कि अगर लेखपाल गलत जानकारी दे रहा है तो कठोर कार्रवाई करते हुए तत्काल क्षेत्र बदला जाए। चौखड़ा निवासी संजय त्रिपाठी ने विद्युत विभाग की लापरवाही बताते हुए आरोप लगाया कि उनके पिता जी के नाम पर घरेलू बिजली का कनेक्शन है बावजूद उनके नाम पर भी गलत तरीके से कनेक्शन कर दिया गया है। पूर्व में अवर अभियंता ने जांच कर कनेक्शन समाप्ति की रिपोर्ट भी लगाई बावजूद अबतक गलत कनेक्शन का बिजली बिल आ रहा है। पूरा प्रकरण लगभग 10 वर्ष से अधिक पुराना है लेकिन विभाग की लापरवाही से उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा। डीएम ने अधिशासी अभियंता विद्युत राममूरत को फटकार लगाई। रसूलपुर निवासी चंद्रभान ने ऊंचे स्वर में फरियाद करते हुए कहा कि साहब मुझे कुछ सुनाई नहीं देता। मैं तीसरी बार समाधान दिवस में फरियाद लेकर पहुंचा हूं कि मुझे कान की मशीन उपलब्ध करा दी जाए। एसडीएम ने उसकी समस्या सुनकर हाथ से इशारा करते हुए कहा कि शीघ्र ही उसे विभाग की ओर से कान की मशीन उपलब्ध करा दी जाएगी। महतिनिया खुर्द निवासी शिवनर्वदेश्वर ने शिकायत करते हुए कहा कि उनके गांव के ताल पर लोगों ने कब्जा करके अवैध रूप से भवन का निर्माण करा लिया है। वह जब कब्जा हो रहा था तबसे कब्जा रुकवाने के लिए समाधान दिवस का चक्कर लगा रहे हैं। भगवानपुर के अब्दुल रज्जाक ने शिकायत में कहा कि गांव के चकरोड पर एक व्यक्ति ने गुमटी बना लिया है और बाकी रास्ते में पौधा लगाकर पूरे मार्ग को अवरुद्ध कर दिया। पिछले चार समाधान दिवस से वह शिकायत कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। डीएम ने तहसीलदार को कब्जा हटाने के लिए निर्देश दिया।

डीएम संजीव रंजन व एसपी अभिषेक अग्रवाल की अगुवाई में आयोजित किया गया समाधान दिवस



शिव नर्वदेश्वर



चंद्रभान • जागरण

**34 मामले में दो का निस्तारण:** सिद्धार्थनगर: सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में मामले की सुनवाई एसडीएम डा. ललित कुमार मिश्रा ने की। कुल 50 मामले प्रस्तुत हुए।

इनमें पांच मामलों का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष मामलों के निस्तारण के लिए अधीनस्थों को निर्देश दिये गए। इस दौरान तहसीलदार रवि कुमार यादव, नायब तहसीलदार माधो यादव समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इसी क्रम में शोहरतगढ़ तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ व उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। दिवस में कुल 34 मामले आए। राजस्व से जुड़े दो मामलों का निस्तारण किया गया।

# थानेदार हटे, बाकियों पर कब होगी कार्रवाई

जासं, औरातालः डुमरियागंज क्षेत्र के कोनकटी चौराहे पर स्थित सऊद पोल्ट्री फार्म बंद है। इस फार्म पर 112 नंबर व हल्का इंचार्ज की गाड़ी रुकती थी। घंटों मौज मस्ती व खाने पिलाने का दौर चलता था। पोल्ट्री फार्म संचालक ने साथियों संग बीते चार अगस्त यहां मासूमों संग दरिंदगी की थी। घटना में पीड़ित एक मासूम की मां ने बताया कि बच्चा जैसे हंसना ही भूल गया है। वह उपचार के बाद घर आया तबसे गुमसुम रहता है।बता दें कि करीब पांच दिन पहले पथरा के पूर्व प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार यादव हटा दिया गया, लेकिन इस पोल्ट्रीफार्म पर बैठने वाले पुलिस कर्मियों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों की मानें पुलिस के बैठने से आरोपितों का मनोबल बढ़ा हुआ था। डुमरियागंज सीओ सुजीत राय का कहना है कि जिन्होंने घटना को अंजाम दिया उनके खिलाफ कार्रवाई हो रही है और चार्जशीट दाखिल होने के बाद और कड़ी कार्रवाई होगी। पुलिस वालों के वहां बैठने की जानकारी हमें भी मिली थी, लेकिन केवल किसी स्थान पर पुलिस के बैठने से वह अपराधी नहीं हो सकते। फिलहाल सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# ग्राम प्रहरी पुलिस के एक अंग : पंकज

सिद्धार्थनगर। रात के अंधेरे में चोरों पर नजर रखने व सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने के लिए शनिवार को शोहरतगढ़ थाना परिसर में थानाध्यक्ष ने 105 ग्राम प्रहरियों को टार्च, सीटी, छाता वितरण किया। थानाध्यक्ष पंकज पांडेय ने कहा कि ग्राम प्रहरी पुलिस के एक अंग हैं। इनकी भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने चौकीदारों से कहा कि पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। इस दौरान उनि रामा प्रसाद केके तिवारी, रामसमुझ आदि मौजूद रहें। संवाद

# ग्राम प्रहरियों को दिया गया सुरक्षा किट

शोहरतगढ़ : शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र में कार्यरत 105 ग्राम प्रहरियों को सुरक्षा किट उपलब्ध कराया गया। उन्हें टार्च, सीटी व छाता समेत अन्य सामाग्री दी गई। थाना प्रभारी पंकज कुमार पांडेय ने कहा कि ग्राम प्रहरी पुलिस के एक अंग हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में हर गतिविधियों पर इनकी पैनी नजर होनी चाहिए, जिससे होने वाली घटनाओं को समय से पहले रोका जा सके। उन्होंने कहा कि रात के अंधेरे व वर्षा होने पर हो रही दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए यह किट वितरण किया गया है। (जासं.)

# समाधान दिवस : फरियाद करते-करते चल बसे पिता, अब बेटा भी लगा रहा चक्कर

## डुमरियागंज तहसील में डीएम ने सुनी फरियाद, सदर तहसील में फरियादियों की पीड़ा आई सामने

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। दस साल से बिना कनेक्शन के आ रहा है बिजली का बिल माफ कराइए साहब। पिता जी बिजली विभाग के जिम्मेदारों से शिकायत करते-करते स्वर्ग सिधार गए, मगर अबतक न्याय नहीं मिला, उल्टा बिल आ रहा है। अब लगता है मेरी जिंदगी भी ऐसे ही चक्कर काटते गुजर जाएगी। यह कहना डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के चौखड़ा गांव निवासी संजय त्रिपाठी का।

शनिवार को डुमरियागंज में डीएम के अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर संजय त्रिपाठी ने कहा कि साहब मेरे घर में मेरे पिता स्व. बेनी माधव त्रिपाठी के नाम से बिजली का घरेलू कनेक्शन है। जिसके बिल का भुगतान बराबर किया जाता है। जनवरी 2013 में मेरे नाम संजय त्रिपाठी के बिना बिजली कनेक्शन के विभाग की ओर से बिल भेज दिया गया। उसके बाद पिताजी ने 14 फरवरी 2013 को बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता डुमरियागंज को प्रार्थना पत्र देकर बिना कनेक्शन भेजे गए बिजली का बिल खत्म करने व कनेक्शन को काटने की मांग की थी। जिस पर विभाग के जेई ने जांच कर गलत कनेक्शन व बिल भेजने की रिपोर्ट भेजी। पिता का स्वर्गवास हो गया, तब से आज तक 13 वर्षों से शिकायत कर संजय त्रिपाठी के नाम से फर्जी कनेक्शन काटने व बिजली का बिल माफ करने की शिकायत कर रहा हूं लेकिन विभाग ध्यान नहीं दे रहा है।



संजय त्रिपाठी।

इसके बाद डीएम ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया। इसी तरह दूसरा मामला नगर पंचायत डुमरिमागंज के आजाद नगर वार्ड नंबर दो के इकरा मुद्दीन का है जो 2015 से रास्ता का अतिक्रमण हटाने के लिए शिकायत कर रहे हैं। तहसील प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई के तहत डेढ़-डेढ़ लाख का जुर्माना लगाया साथ बेदखली का आदेश कर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। मगर दो साल से प्रशासन न जुर्माना वसूल सका और न ही अतिक्रमण हटाकर रास्ता खाली कराया।

डीएम ने ईओ को जल्द जुर्माना जमा कराने के साथ ही अतिक्रमण हटवाकर रास्ता खाली कराने का निर्देश दिया। समाधान दिवस में राजस्व के 16, पुलिस के 12, विकास विभाग के 2 व अन्य 7 मामले आए। जिसमें राजस्व विभाग के तीन व दो अन्य विभागों के मामलों का निस्तारण किया गया।



डुमरियागंज तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनते डीएम संजीव रंजन, एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल। संवाद

### साहब ! 14 हजार के बाद नहीं मिली धनराशि

**सदर** तहसील में आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम डॉ. ललित कुमार मिश्र की अध्यक्षता में सुनवाई चल रही थी। इस दौरान क्षेत्र के भुसौला माफी गांव निवासी टिकोरी फरियाद लेकर पहुंचे। उन्होंने कहा कि साहब बकरी सेड बनवाने के लिए आवेदन किया था। 80 हजार रुपये में 14 हजार रुपये मिला। बाकी राशि अभी तक नहीं मिली। पांच बार आ चुके हैं। इस पर एसडीएम ने कहा कि जांच करवाते हैं। वहीं नगर के बुधनगर निवासी मो. वसीर फरियाद लेकर पहुंचे। उन्होंने सीओ को शिकायत पत्र थामते हुए कहा कि साहब हमारा रुपया दिलवा दीजिए। जब सीओ ने प्रकरण पूछा तो कहा कि लिखा है पढ़ लीजिए। फिर वह बोला कि साहब क्षेत्र के बकनिहया गांव निवासी एक व्यक्ति को जमीन के लिए 50 हजार रुपये दे दिया था। उसका कागजात भी है। लेकिन अब वह न तो जमीन दे रहा है और न ही रुपये। कई बार चक्कर लगा चुके हैं। रुपये दिलवा दीजिए। इस पर सीओ ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया। इसके अलावा भी कई शिकायतकर्ता इसी प्रकार झेलते हुए मिले। जिन्हें हर बार तारीख पर तारीख दी जा रही है।



मो. वसीर।

### लेखपाल के स्थानांतरण की उठाई मांग

**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के ग्राम केवटली नानकार निवासी रघुनंदन पांडेय ने डीएम को शिकायती पत्र देकर उनके हलके में तैनात लेखपाल की शिकायत की है। गांव को आपस में लड़वाने की साजिश रचने तथा अवैध तरीके से लेखपाल द्वारा धनउगाही करने का आरोप लगाते हुए। लेखपाल को उनके हल्के से हटाकर दूसरे हल्के में स्थानांतरित कार्रवाई की मांग की। जिस पर डीएम ने तहसीलदार से जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि कई महीना पहले से शिकायत की जा रही है। लेकिन तहसील के अधिकारी कोई कार्रवाई न करके लेखपाल को संरक्षण देने का काम कर रहे हैं। संवाद

# SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-03-09-2023

# गैस सिलिंडर व शार्ट-सर्किट के प्रति किया जागरूक

संतकबीरनगर (एसएनबी)। फायर सर्विस टीम द्वारा जनपद के विभिन्न



ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर गैस सिलेंडर व शार्ट सर्किट से लगने वाली आग के विषय में प्रशिक्षण देकर लोगों को जागरूक किया गया। यह जागरूकता अभियान खलीलाबाद व धनघटा तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों में चला। अग्नि शमन अधिकारी अशोक यादव मय टीम द्वारा जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों जिसमें थाना कोतवाली खलीलाबाद अंतर्गत बगहिया तथा थाना धनघटा अंतर्गत नेतवापुर, नरायनपुर, छपरामगर्वी, रमवापुर, मदरहा, मछली गांव आदि स्थानों पर जाकर ग्रामीणों को गैस सिलेंडर व विद्युत शार्ट सर्किट आदि से संबंधित आग की प्रवृति और आग से बचाव के तरीकों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। उपस्थित लोगों को इस संबंध में प्रशिक्षण देते हुए अग्नि से सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया गया। जिससे कि कोई आकस्मिक दुर्घटना होने पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए क्षति होने से रोका जा सके।

# एसओ को पुलिसकर्मियों ने दी विदायी

सांथा (एसएनबी)। शनिवार को बेलहर थाने पर आयोजित विदाई



समारोह में एसओ राम आशीष यादव को पुलिसकर्मियों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान स्थानांतरित थानाध्यक्ष राम आशीष यादव ने कहा कि स्थानांतरण एक प्रक्रिया है जिसके तहत सबको उसका पालन करना पड़ता है। जहां भी रहें अपने कर्तव्यों का वखूबी पालन करना चाहिए। इस दौरान सभी पुलिसकर्मियों ने माला पहनाकर उनका खुशी के साथ विदाई किया। उन्होंने नवागत थानाध्यक्ष राम वशिष्ठ का भी माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर धर्मेन्द्र मिश्रा, अमरनाथ यादव, उदय नारायण, अवधेश शर्मा, सुरेंद्र प्रसाद, रवि शंकर श्रीवास्तव, उदयभान यादव, राजू यादव, तबरेज सिद्दीकी, इंद्रकमल यादव, सुशील यादव, विशाल यादव, गोपाल ठाकुर समेत सभी पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# रंजिश को लेकर तोड़ा युवक का हाथ, केस दर्ज

महुली (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के मुखलिसपुर तिराहे पर शुक्रवार देर शाम पुरानी रंजिश को लेकर युवक ने दूसरे युवक को मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया इतना ही नहीं हमलावर युवक की पिटाई से घायल युवक का हाथ भी फैक्चर हो गया। घटना को लेकर घायल युवक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने हमलावर के विरूद्ध नामजद मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घायल को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी नाथनगर भेज दिया है। घटना में घायल व हमलावर दोनों धनघटा थाना क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। महुली पुलिस को दी गई तहरीर में धनघटा क्षेत्र के गागरगाड़ निवासी रामप्रसाद पुत्र कन्हैया ने बताया कि उसका बेटा अंकित शुक्रवार देर शाम मुखलिसपुर कुछ जरूरी कार्य से गया हुआ था। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर धनघटा थाना क्षेत्र के ग्राम बैकुण्ठपुर निवासी अमन यादव पहुंचा और बेटे अंकित को गाली देने लगा। बेटे अंकित द्वारा गाली देने का विरोध करने पर मारने-पीटने के बाद हमलावर अमन यादव ने उसके बेटे अंकित का हाथ दिया। प्रभारी निरीक्षक महुली भगवान सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्रतिवादी अमन यादव पुत्र राजेन्द्र यादव निवासी बैकुण्ठपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है जांच में मामला सत्य पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

**सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस**

# सीडीओ और एसपी ने सुनी फरियाद

**तहसील के अधिकारियों व राजस्वकर्मियों की उपस्थिति के बगैर जमीनी विवाद के मामलों में पुलिस कतई न करे हस्तक्षेप : सीडीओ**

**पहुंचने वाले सभी प्रार्थनापत्रों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें पुलिसकर्मी : एसपी**



सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में फरियाद सुनते सीडीओ एवं पुलिस अधीक्षक।

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा तहसील के सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में मुख्य विकास अधिकारी और पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में धनघटा तहसील के सभागार में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन हुआ।

फरियादियों के प्रार्थनापत्रों पर संयुक्त रूप से सुनवाई करते हुए सीडीओ और पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि प्रार्थनापत्रों के समाधान में अधिकारी आकड़ा दुरूस्त करने से बाज आए। प्रार्थनापत्रों का समाधान पारदर्शी होने को जरूरी बताते हुए सीडीओ सन्त कुमार ने कहा कि देखने में आता है कि एक ही समस्या के सम्बन्ध में फरियादी बार-बार प्रार्थनापत्र दे रहे है जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि अधिकारी प्रार्थनापत्रों के समाधान में सिर्फ आकड़ों को ही पूरा कर रहे है। आगे से प्रार्थनापत्रों का पारदर्शी समाधान करने का अधिकारियों को हिदायत देते हुए सीडीओ ने कहा कि अधिकारियों की इस प्रकार की लापरवाही कत्तई सहन नहीं की जाएगी। सीडीओ ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप अधिकारियों को फरियादियों को पूरी तरह से न्याय देना ही होगा। जमीनी विवादों में पुलिस के हस्तक्षेप पर सख्त पाबंदी लगाते हुए पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि बगैर तहसील के अधिकारियों या राजस्व कर्मियों की उपस्थिति के पुलिस जमीनी विवाद से संबंधित मामलों में कोई कार्रवाई नहीं करेगी।

उन्होंने कहा कि सिर्फ शान्ति व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी का निवर्हन ही अकेले पुलिस कर सकती है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जो भी प्रार्थनापत्र पुलिस के पास पहुंच रहे है उन प्रार्थनापत्रों पर पुलिस प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रार्थनापत्रों पर मुकदमा दर्ज न होना गम्भीर बात है। पुलिस सभी घटनाओं के सम्बन्ध में आने वाले सभी प्रार्थनापत्रों हरहाल में मुकदमा दर्ज करें बाद में जांच के आधार पर पुलिस उचित कार्रवाई करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मुकदमा दर्ज करने का मकसद निर्दोषों को कत्तई परेशान करना नहीं है लेकिन शासन की मंशा के अनुरूप पुलिस के ऊपर मुकदमा दर्ज न करने का आरोप कतई नहीं लगना चाहिए। इस दौरान सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में फरियादियों ने कुल 30 प्रार्थनापत्र पेश हुए जिसमें से 6 प्रार्थनापत्रों का सीडीओ और एसपी ने तत्काल समाधान संबंधित विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की मदद से करा दिया।

पेश होने वाले सभी प्रार्थनापत्रों पर सुनवाई करते हुए सीडीओ ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित समयावधि के भीतर उसका समाधान कराने का निर्देश दिया है। पेश होने वाले मामलों में राजस्व विभाग से सम्बन्धित 19 मामले, पुलिस विभाग से सम्बन्धित 5 मामले, विकास विभाग से सम्बन्धित 0 मामले तथा अन्य विभागों ने सम्बन्धित 6 मामले शामिल रहे।

इस मौके पर सीडीओ और पुलिस अधीक्षक के अलावा एसडीएम धनघटा उत्कर्ष श्रीवास्तव, सीओ धनघटा वृजेश सिंह समेत सभी विभागों के जिला, तहसील व ब्लाक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस ने दर्ज किया मार्ग दुर्घटना का मुकदमा

महुली थाना क्षेत्र के गोलहटा गांव निवासी 21 वर्षीय युवक का गुरुवार की सुबह सड़क के किनारे संदिग्ध हाल में बरामद हुआ था शव

## परिजन लगा रहे हत्या का आरोप

नाथनगर।

सहारा न्यूज ब्यूरो

महुली थाना क्षेत्र के गोलहटा गांव निवासी 21 वर्षीय युवक की बीते 31 अगस्त की सुबह थानान्तर्गत भिटनी तिराहे के समीप सड़क के किनारे संदिग्ध हालत में बरामद शव को लेकर पुलिस ने तत्काल परिजनों की तहरीर पर मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर भले ही मामले की जांच शुरू कर दी हो लेकिन मृत युवक के परिजन शव बरामद होने के बाद से ही युवक की हत्या किए जाने का आरोप चिल्ला-चिल्ला कर लगा रहे हैं।

शनिवार को धनघटा तहसील में आयोजित तहसील समाधान दिवस में पहुंची मृत युवक की मां ने महुली पुलिस के उपर गंभीर आरोप लगाते हुए बेटे की हत्या किए जाने का हवाला देते हुए पुलिस अधीक्षक से मिलकर उन्हें प्रार्थनापत्र दिया है और साथ ही हत्या का मुकदमा दर्ज कर घटना का पर्दाफाश कराने की मांग की है।

पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थनापत्र में महुली थाना क्षेत्र के गोलहटा गांव निवासी सरोज वर्मा पत्नी रामप्रसाद ने बताया कि बुधवार की रात पूरा परिवार भोजन करने के बाद सोने चला गया। उसका 21 वर्षीय बेटा छोटू उर्फ सत्यम के घर के नीचे वाले कमरे में सो रहा था और रात में कब घर से चला गया उसकी जानकारी परिवार में किसी को नहीं हो सकी। गुरूवार की सुबह भिटनी तिराहे के समीप सड़क के किनारे बेटे का शव होने की सूचना पर पूरा परिवार मौके पर पहुंचा तो बेटे का शव देखकर उसके साथ परिवार अर्द्धविक्षिप्त सा हो गया।

इस बीच पहुंची पुलिस ने कुछ व्यक्तियों का हस्ताक्षर कराकर पंचनामा कर शव को पीएम के लिए भेजने की तैयारी में जुट गई। जबकि मौके पर जुटी भीड़ चिल्ला-चिल्ला कर बेटे की हत्या किए जाने की बात कह रही थी। घटना स्थल पर प्रभारी निरीक्षक महुली द्वारा उससे यह कहते हुए पेपर पर उसके दूसरे बेटे से हस्ताक्षर करा लिया गया कि जब तक हस्ताक्षर नहीं करोगे तब तक शव पीएम के लिए नहीं जाएगा तो बेटे ने अज्ञानतावस बगैर पढे पेपर पर हस्ताक्षर बना दिया और पुलिस ने मनमानी तरीके से उसी पेपर के आधार पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बेटे छोटू उर्फ सत्यम की मौत होने आधार पर मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर लिया।

प्रार्थनापत्र में बताया कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद शुक्रवार को वह महुली थाने पहुंची और बेटे की हत्या किए जाने के संबंध में पुलिस को दूसरा प्रार्थनापत्र देने लगी तो पहले पुलिस उसका प्रार्थनापत्र लेने में आना-कानी की लेकिन बाद में गांव के लोगों के कहने पर पुलिस ने प्रार्थनापत्र ले लिया लेकिन कोई कार्रवाई अभी तक नहीं की गई। पुलिस बेटे की मौत का रहस्य छुपाती नजर आ रही है।

महिला ने एसपी से बेटे की हत्या किए जाने की दुहाई देते हुए मुकदमा दर्ज कराकर बेटे की हत्या की घटना का पर्दाफाश कराने की मांग की है।

# जबरिया पेड़ काटकर उठा ले गये हथियारबंद दबंग

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के चपरापूर्वी गांव में कोर्ट के स्थगन आदेश के बावजूद विवादित आराज़ी में स्थित पेड़ों को काट कर लकड़ी को ट्राली पर लादकर कुछ हथियारबंद दबंग उठा ले गए। इस सम्बन्ध में पीड़ित परिवार जब दबंगों को लकड़ी ले जाने से मना किया तो दबंग हथियार समेत लाठी-डण्डा लेकर पीड़ित परिवार को मारने के लिए दौड़ा लिए तो पीड़ित परिवार जान बचाकर भागने को मजबूर हो गया।

पीड़ित ने इस सम्बन्ध में धनघटा थाने पहुंचकर दबंगों के खिलाफ पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस को दिए गए प्रार्थनापत्र में थाना क्षेत्र के चपरापूर्वी गांव निवासी देवेन्द्र नाथ मिश्र पुत्र स्व. त्रियुगी नरायन मिश्र ने बताया कि गांव स्थित आराजी नम्बर 2078 समेत उसकी अन्य कई आराजी पर जिला एवं सत्र न्यायालय बस्ती की कोर्ट में त्रियुगी नरायन बनाम नन्दलाल के नाम से मुकदमा बिचाराधीन है साथ ही उक्त आराज़ी पर अपर आयुक्त न्यायिक द्वितीय गोरखपुर द्वारा मौके की स्थिति बरकरार रखने को लेकर स्थगन आदेश भी वर्षों पूर्व दिया गया है जो आज भी लागू है। स्थगन आदेश के बावजूद पहली सितम्बर की सुबह विपक्षी नन्दलाल पुत्र फेरई, जितेन्द्र, सचिन, भूपेन्द्र व उपेन्द्र पुत्रगण नन्दलाल, रामअशीष व रामसिंह पुत्रगण झूरी उर्फ सर्वजीत, अजय पुत्र जवाहिर, विजय व प्रवेश पुत्रगण मुन्नीलाल, सुदीप पुत्र चन्द्रदेव, संतोष पुत्र इन्द्रजीत आदि लोग लाठी, बल्लम व कट्टा आदि से लैश होकर विवादित आराजी पर पहुंचे और बलपूर्वक आराज़ी में स्थित पेड़ों को काटकर लकड़ी के बोटे को ट्राली पर लादकर उठा ले गए। पीड़ित ने प्रार्थनापत्र में बताया कि विरोध करने पर उक्त सभी दबंग उसे और उसके परिवार को भद्दी-भद्दी गालियां और जान से मारने की धमकी देते हुए मारने के लिए दौड़ा लिए तो सभी लोग भागकर किसी तरह अपनी-अपनी जान बचाई। विपक्षी नन्दलाल और जितेन्द्र इस दौरान कट्टा लहराते हुए धमकी दिए कि अबकी बार बच गए लेकिन अगली बार सामने आने पर जान से हाथ धोना पड़ेगा। पीड़ित ने तहरीर के आधार पर उक्त दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग पुलिस से की है। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र का कहना है कि प्रार्थनापत्र की जांच की जा रही है। जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे दो छात्र व एक छात्रा बेहोश

**हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर चल रहा है अनिश्चितकालीन धरना**

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिला मुख्यालय के हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद में छात्रसंघ चुनाव कराने जाने की मांग को लेकर छात्र नेताओं का अनिश्चितकालीन धरना लगातार जारी है। शनिवार को अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे दो छात्र एवं एक छात्रा की तबीयत खराब हो गयी। वे बेहोश गए और उन्हें आनन-फानन में छात्र नेताओं द्वारा संयुक्त जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर उनका उपचार शुरू किया।

छात्र नेताओं के आन्दोलन को देखते हुए अस्पताल पर बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात है। छात्र नेताओं से पुलिस बल के साथ आये कुछ पुलिस अधिकारियों से कहासुनी भी हुई। उसके बाद अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के बाद छात्र नेता धरने पर बैठ गए। छात्र नेताओं की मांग थी कि जब तक छात्रों की तबीयत में कोई सुधार नहीं हो जाता है वे उन्हें छोड़कर यहां से नहीं जाएंगे। कुछ घंटों बाद तीनों छात्रों की तबीयत में सुधार हुआ। जिसके बाद चिकित्सक के परामर्श के बाद छात्र नेता उक्त छात्र व छात्रा को अपने निजी वाहन से महाविद्यालय धरना स्थल भेजवाया। छात्र नेता कन्हैया लाल यादव, शैलेन्द्र यादव, पंकज चौरसिया, गोविन्द यादव, अभिषेक सिंह, उज्ज्वल सिंह, विवेक सिंह, राधा शुक्ला, अंकित मौर्या आदि ने कहा कि छात्र संघ चुनाव की बैठक की तिथि घोषित की जिसे बिना अवगत कराए ही स्थगित कर दिया गया। जिसके बाद सभी छात्र नेता महाविद्यालय गेट पर छात्र संघ चुनाव कराये जाने की मांग को लेकर आन्दोलनरत है। इस संबंध में संबंधित जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं महाविद्यालय प्रशासन से वार्ता हुई लेकिन चुनाव कराने जाने को लेकर चुप्पी साधे हुए है। गत दिवस कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश एवं अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में छात्रों के प्रतिनिधि मंडल की बैठक हुई। जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चुनाव सम्पन्न कराने के लिए हमारे पास पर्याप्त पुलिस बल नहीं है। जब उनके पास पर्याप्त पुलिस बल नहीं है तो आज जिन छात्रों की तबीयत खराब है और उन्हें हम जिला अस्पताल में भर्ती कराएं है तो यहां पर इतनी बड़ी संख्या में पुलिस बल कहा से आ गई। छात्र नेताओं ने कहा कि पिछले तीन माह से छात्र संघ चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतर कर संघर्षरत है।





अस्पताल में भर्ती छात्र का उपचार करते चिकित्सक तथा जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के बाहर धरने पर बैठे छात्र नेता।

**इन छात्र व छात्रा की तबीयत हुई खराब :** छात्र नेताओं ने बताया है कि महाविद्यालय गेट पर अनिश्चितकालीन धरने में शामिल एमए प्रथम वर्ष के छात्र सदानंद यादव निवासी पुरानी तहसील खलीलाबाद, मनीष यादव एमए द्वितीय वर्ष तथा महक सिंह बघेल पुत्र अनिल सिंह बघेल निवासी जिवधरा बघौली की अचानक से तबीयत बिगड़ गई। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# एनडीपीएस एक्ट के आरोपी को एक वर्ष की सजा

संतकबीरनगर (एसएनबी)। अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी-द्वितीय) ने महुली खास थाना महुली निवासी एनडीपीएस एक्ट के अभियुक्त को एक वर्प के कारावास और पांच हजार ₹ अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने पर 15 दिन के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी-द्वितीय) द्वारा अभियुक्त बाल कृष्ण पुत्र त्रिलोकी गौड़ निवासी महुली खास थाना महुली जनपद संतकबीरनगर के कब्जे से 1300 ग्राम अवैध गांजा बरामद करते हुए थाना महुली पर मु.अ.सं. 332/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया था। अभियोग में आरोपी को दिनांक 03.09.2022 को गिरफ्तार कर 60 दिनों में आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किए जाने के फलस्वरूप न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी-द्वितीय) द्वारा उक्त आरोपी को अंतर्गत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अपराध में 01 वर्ष का कठोर कारावास व पांच हजार ₹ का अर्थदण्ड का दण्डादेश पारित किया गया है। अर्थदण्ड न अदा करने पर 15 दिन के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। विदित हो कि कि दिनांक 03.09.2022 को उक्त अभियुक्त कें कब्जे से 1300 ग्राम अवैध गांजा बरामद करते हुए थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त पंजीकृत अभियोग की विवेचना उ.नि. अरविन्द कुमार यादव थाना महुली द्वारा संपादित की गयी थी।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

बखिरा (एसएनबी)। थाना बखिरा पुलिस द्वारा वादी की बहन को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय/जेल रवाना किया। विदित हो कि अभियुक्त संजय कुमार पुत्र इन्द्रजीत निवासी भगवानपुर थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर द्वारा दिनांक 21.06.2023 को वादी की बहन को बहला फुसलाकर भगा ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म की घटना कारित की गई थी। जिसके संबंध में वादी द्वारा थाना स्थानीय पर दिनांक 26.06.2023 को अभियोग पंजीकृत कराया गया था। थाना बखिरा पुलिस के उ.नि. जितेन्द्र कुमार सिंह, कां. बाल गोविन्द ने महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई कर उक्त आरोपी अभियुक्त को शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया।

# मेंहदावल में एडीएम, एएसपी व खलीलाबाद में एसडीएम ने सुनी शिकायत



तहसील खलीलाबाद में फरियादियों की समस्याएं सुनते एसडीएम व सीओ तथा तहसील मेंहदावल में शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनते एडीएम व एएसपी।

संतकबीरनगर/ मेंहदावल (एसएनबी)। खलीलाबाद तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई उप जिलाधिकारी सदर शैलेश दूबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उप जिलाधिकारी ने विभिन्न मामलों से संबंधित एक-एक कर फरियादियों के समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारी-कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मामलों के निस्तारण में स्थलीय जांच एवं अन्य कार्रवाई आदि के दौरान अधिकारीगण शिकायतकर्ता के साथ अच्छा व्यवहार करें। दोनों पक्षों की पूरी बात को अवश्य सुनें क्योंकि शिकायतकर्ताओं-फरियादियों की संतुष्टि ही समस्या के निस्तारण का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने विभिन्न मामलों से संबंधित समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारी-कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश देते हुए कहा कि मामलों के निस्तारण में स्थलीय जांच एवं अन्य कार्रवाई आदि के दौरान अधिकारीगण शिकायतकर्ता सहित दोनों पक्षों की पूरी बात को गम्भीरता से सुनने के उपरान्त ही नियमानुसार निस्तारण करें। तहसील खलीलाबाद में कुल 53 प्रार्थना पत्र आये जिसमें से मौके पर 01 प्रार्थना पत्र का निस्तारण कर शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए अविलम्ब गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपांशी राठौर, तहसीलदार जनार्दन, नायब तहसीलदार विजय गुप्ता, नायब तहसीलदार सेमरियावां प्रियंका तिवारी सहित राजस्व कर्मचारी तथा लेखपाल आदि उपस्थित रहे। मेंहदावल तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश व अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए अधिकारीद्वय ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य है, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही पाये जाने अथवा सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा ससमय संज्ञान न लेने को गम्भीरता से लेते हुए जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मेंहदावल तहसील में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 51 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 03 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारित कर शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को अंतरित करते हुए निस्तारण करने के निर्देश दिया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मेंहदावल अरुण वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी मेंहदावल, तहसीलदार मेंहदावल डॉ. सुनील कुमार, नायब तहसीलदार हरेराम यादव सहित तहसील से सम्बंधित अधिकारी, राजस्व कर्मचारी, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

# अराजक तत्वों का अड्डा बना समय माई स्थान

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के स्थानीय धनघटा गांव के दक्षिण स्थित ढंढ़वा ताल के किनारे समय माई का स्थान इन दिनों अराजक तत्वों का अड्डा बन गया है। शाम होते ही स्थानीय लोगों की आस्था का प्रमुख केन्द्र माने जाने वाला स्थान शराबियों, गंजेड़ियों और जुआरियों अड्डा बन जाता है। अराजकतत्व बाजार से खान-पान की सामग्री सहित नशे का सामान लेकर शाम होते ही ताल के किनारे समय माता स्थान पर पहुंच जाते हैं उसके बाद वहां पीने-पिलाने का दौर देर रात तक उसी देव स्थल के इर्द-गिर्द चलता रहता है।वहां चलने वाले जुआ के खेल में आसपास के दर्जनों गांव के जुआरी शामिल होते है और देर रात तक लाखों रुपए नकदी के हार-जीत का खेल चलता रहता है। धनघटा समेत आसपास के गावों के ग्रामीणों की आस्था के केन्द्र समय माई स्थान पर अराजक तत्वों के होने वाले जमावड़ें से ग्रामीण भी खासे आक्रोशित नज़र आ रहे है।

# हर प्रतिष्ठान के बाहर कैमरा लगाने से अपराध पर लगेगी रोक

- जेपी ट्रेडर्स पर आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर लगा सीसीटीवी कैमरा
- नवागत थानाध्यक्ष विजय दूबे ने दुकान मालिक का बढ़ाया हौसला



मेंहदावल (एसएनबी)। अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए मेंहदावल पुलिस की ओर से नगर पंचायत व ग्रामीण क्षेत्र के कई प्रतिष्ठान दुकानों पर पहल कर आपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरा लगवा रही है। जिससे क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगे और लोग सुरक्षा की नजर में रहें। नवागत थानाध्यक्ष के पहल पर आपरेशन त्रिनेत्र के तहत सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। शनिवार को नवागत थानाध्यक्ष विजय दूबे ने बीमापार मोहल्ले में जेपी ट्रेडर्स की दुकान पर पहुंचकर आपरेशन त्रिनेत्र के तहत आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए। दुकान मालिक रामप्रकाश मिश्र को थानाध्यक्ष ने फूल माला पहनकर हौसला बढ़ाया। नवागत थानाध्यक्ष विजय दूबे ने कहा कि अपराधियों पर शिकंजा कसने की मुहिम में पुलिस 24 घंटे तैयार है। कहीं न कहीं आम लोगों के सहयोग की जरूरत पड़ती है। व्यापारी वर्ग के खास तौर से सहयोग पुलिस को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि हर व्यापारी अपने प्रतिष्ठान के अंदर और सड़क की ओर कैमरा लगवाए और शटर, दरवाजे के बाहर रोशनी जरूर करें। इसमें लूट, चोरी के मामले में काफी कमी आयेगी। श्री दुबे ने कहा कि आज के समय में हर दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाना अति आवश्यक है क्योंकि सीसीटीवी कैमरा लगाने से जहां आप व दुकानों की समान सुरक्षा की नजर में रहेगी वहीं आपराधिक घटनाओं पर विराम लगेगा। मेंहदावल क्षेत्र के कई प्रमुख स्थान अब तक से सीसीटीवी कैमरे से लैस हो चुके हैं। कई स्थानों पर घटनाओं का खुलासा कैमरे के जरिए से हुआ है। कैमरा किसी सुरक्षा से कम नहीं है जिसे हर घर व दुकान पर अवश्य कैमरा लगवाएं। इस दौरान पूर्व प्रधान जयप्रकाश मिश्रा समेत अन्य लोग व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के मामले में वांछित गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपित अभियुक्त को गिरफ्तार कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की।

बखिरा पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म आदि धाराओं में वांछित चल रहे आरोपित अभियुक्त संजय कुमार पुत्र इन्द्रजीत निवासी भगवानपुर थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार उक्त आरोपित 21 जून को वादी की बहन को बहला फुसलाकर भगा ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस संबंध में वादी ने 26 जून को अभियोग पंजीकृत कराया था। बखिरा पुलिस ने मामले में आरोपित को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल रवाना कर दिया।

एचआरपीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर आंदोलन

# चुनाव को धरना दे रहे 3 छात्रों की हालत बिगड़ी

मांग

- जिला अस्पताल में इलाज के बाद हालत ठीक होने पर तीनों को भेजा घर
- दूसरे दिन भी कॉलेज के मुख्य गेट पर धरने पर डटे रहे छात्र

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को छात्रों के धरने के दौरान तीन छात्रों की हालत बिगड़ गई। एम्बुलेंस से इन छात्रों को जिला अस्पताल ले जाकर उपचार कराया। उपचार के बाद तीनों छात्र ठीक हो गए। छात्र संघ का चुनाव कराने की मांग को लेकर कालेज के मुख्य गेट पर छात्र शनिवार को भी धरने पर जमे रहे। छात्रों की मांग है कि जब तक चुनाव तिथि की घोषणा नहीं हो जाती तब तक हम लोग धरना देते रहेंगे।

कॉलेज गेट पर धरना दे रहे तीन छात्रों की तबीयत अचानक खराब हो गई। इन छात्रों में पुरानी तहसील निवासी सदानंद यादव, मनीष यादव के अलावा महक सिंह बघेल रही। तीनों को आनन फानन में एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक डॉक्टर वरुणेश दुबे ने तीनों का उपचार किया। उसके बाद स्वास्थ्य होने पर सभी को घर भेज दिया गया।

**प्रशासन की उदासीनता से तिथि की घोषणा न होने का आरोप:** कालेज के मुख्य गेट पर चुनाव तिथि को लेकर धरने पर बैठे छात्रों का कहना है कि अन्य कालेज में चुनाव की तिथि की घोषणा हो गई लेकिन यहां पर प्रशासन की उदासीनता के कारण तिथि निर्धारित नहीं हो पा रही है। छात्रों ने कहा कि लोकसभा, विधानसभा, नगर पालिका, एमएलसी के चुनाव के लिए तिथि का इंतजार नहीं करना पड़ता है। प्रशासन बेहिचक तिथि की घोषणा कर देता है। बहुत बड़ी विडंबना है कि हम लोगों को चुनाव तिथि के लिए धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। हम लोग अपने हितों की बात हमेशा करते हैं फिर भी हम सब का अधिकार नहीं मिल रहा है।

छात्र नेता उज्ज्वल सिंह ने कहा कि जब तक चुनाव तिथि घोषित नहीं होती, तब तक हम लोग धरना खत्म नहीं करेंगे। यह धरना अनिश्चितकालीन चलेगा। इस दौरान कन्हैया लाल यादव, गोविन्द यादव, विवेक सिंह, राधा शुक्ला, करन चौरासिया, अशोक यादव, अभित मौर्या, प्रीतम चौरासिया, अमन चौरासिया, गोविंद राव, अजय चौधरी, अभिषेक यादव, महक सिंह, नितेन्द्र, मनीष यादव समेत अनेक लोग मौजूद रहे।



शनिवार को अस्पताल पहुंचने पर बीमार छात्र की जांच करते डॉ. वरुणेश दुबे।

# जवानों ने लोगों को आग से बचाव की दी जानकारी

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जनपद में फायर सर्विस के जवानों ने जन सामान्य को आग से बचाव की जानकारी दी।

अग्निशमन अधिकारी अशोक यादव की टीम ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के बगहिया, थाना धनघटा क्षेत्र के नेतवापुर, नरायनपुर, छपरामगर्वी, रमवापुर, मदरहा, मछलीगांव आदि स्थानों पर जाकर ग्रामीणों को गैस सिलेंडर व विद्युत शार्ट सर्किट आदि से संबंधित आग की प्रवृति और आग से बचाव के तरीकों के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उपस्थित लोगों को इस संबंध में प्रशिक्षण दिया। अग्नि से सुरक्षा के सम्बंध में जागरूक किया। जिससे कि कोई आकस्मिक दुर्घटना होने पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए आग से होने वाली क्षति को रोका जा सके।

# शहर में लगवाए गए नौ सीसीटीवी कैमरे

संतकबीरनगर। एडीजी गोरखपुर जोन द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन त्रिनेत्र हर घर कैमरा अभियान के तहत एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में शनिवार को पुलिस ने जनसहयोग से दो स्थानों पर नौ सीसीटीवी कैमरे लगवाए। एसपी ने बताया कि थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक स्थान पर तीन सीसीटीवी कैमरा, थाना दुधारा पुलिस ने एक स्थान पर छह सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। कैमरा लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। एसपी ने कहा कि लोग घरों, कॉलोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाएं और कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखें। संवाद

# नौ सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस टीम ने जन सहयोग से दो स्थानों पर नौ सीसीटीवी कैमरा लगवाया।

थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक स्थान पर तीन सीसीटीवी कैमरा और थाना दुधारा पुलिस ने एक स्थान पर छह सीसीटीवी कैमरा लगवाया। पुलिस ने कैमरा लगवाने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया। अपील किया कि सभी लोग अपने-अपने घरों, कॉलोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर कैमरे जरूर लगवाएं।

# नेदुला में हुई चोरी के मामले में केस दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने शहर के नेदुला में हुई चोरी के मामले में प्रार्थना पत्र मिलने पर केस दर्ज किया है। कोतवाल रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित धीरेंद्र प्रताप वर्मा निवासी पटेल नगर नेदुला ने चोरी की शिकायत की है।

शिकायत में बताया कि दिनांक 31 अगस्त को पूरे परिवार के साथ अपनी बहन के यहां गए थे। जब वहां से वापस आए तो देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ था। आलमारी का लाकर भी टूटने के साथ ही सारा सामान बिखरा हुआ मिला। कोतवाल ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# फोन पर धमकी के मामले में मुकदमा

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने फोन पर धमकी के मामले में पीड़ित की शिकायत पर संबंधित फोन धारक के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

कोतवाल रविंद्र सिंह नें बताया कि पीड़ित रणविजय सिंह निवासी स्टेशन पुरवा ने शिकायत की है। बताया कि पिछले कुछ दिनों से उनके मोबाइल पर फोन नंबर से धमकी दिया जा रहा है। इसके चार माह पहले भी धमकी भरा फोन आ रहा था। कोतवाल ने बताया कि पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर मामले में आरोपित फोन नंबर के विरुद्ध केस दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# 13 आरोपितों पर पुलिस की कार्रवाई

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने विभिन्न मामले में 13 आरोपितों को पकड़कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की।

जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध धर पकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने कई स्थानों पर दबिश दी। थाना मेंहदावल पुलिस ने सात और थाना बखिरा पुलिस ने छह आरोपितों को दबोचकर कानूनी कार्रवाई की। संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

# गांजा तस्कर को एक वर्ष का कठोर कारावास

- अपर जिला जज एवं विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट ने सुनाया फैसला
- अवैध गांजा के आरोपी के अपराध स्वीकार करने पर सुनाई सजा

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। न्यायालय में सुनवाई के दौरान अवैध गांजा के आरोपी के अपराध स्वीकार करने पर एडीजे फास्ट ट्रैक द्वितीय एवं विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट काशिफ शेख की कोर्ट ने एक वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने आरोपी बालकृष्ण पर सजा के अतिरिक्त 5 हजार रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया है। अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर आरोपी को 15 दिन की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस एक्ट हरिकेश त्रिपाठी ने बताया कि मामला महुली थानाक्षेत्र के ग्राम पल्दह जोत का है। प्रकरण में उप निरीक्षक रमेश यादव ने अभियोग पंजीकृत कराया था। वादी का आरोप है कि 3 सितम्बर 2022 को शाम साढ़े चार बजे क्षेत्र भ्रमण पर थे। इसी बीच सूचना मिली कि 28 अगस्त 2022 की रात शनिचरा चौबे में जो चोरी हुई थी उससे संबंधित चोर महुली की ओर जाने वाला है। सूचना पर ग्राम पल्दह तिराहे पर चेकिंग शुरू की गई। इसी बीच बाइक से आता एक व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस वालों को देखकर मोटर साइकिल धान के खेत की तरफ मोड़कर भागने का प्रयास किया। घेरकर पकड़ लिया गया। पूछने पर अपना नाम बालकृष्ण पुत्र त्रिलोकी ग्राम महुली खास थाना महुली बताया। तलाशी लेने पर 12 बोर का एक कट्टा तथा एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। साथ ही पीले रंग की पन्नी में रखा हुआ एक किलो तीन सौ ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया किया। विवेचना के उपरांत पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस एक्ट हरिकेश त्रिपाठी ने बताया कि साक्षियों ने अभियोजन कथानक का समर्थन किया। आरोपी द्वारा जिरह न करने पर अवसर समाप्त कर दिया गया।

## आरोपी ने स्वीकार किया अपना अपराध

विचारण के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। एडीजे फास्ट ट्रैक द्वितीय एवं विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट काशिफ शेख की कोर्ट ने पक्षों की बहस सुनने एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के पश्चात आरोपी को दोष सिद्ध करार दिया। सजा के बिन्दु पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने न्यूनतम मात्रा से कुछ अधिक मात्रा होना तथा वाणिज्यिक मात्रा से काफी कम होना पाते हुए आरोपी को एक वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

# मामले आए 134, निस्तारण हुआ महज दस का

**समाधान दिवस**

संतकबीरनगर, निसं। जनपद के तीनों तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जनपद स्तरीय समाधान दिवस धनघटा तहसील में आयोजित हुआ। तीनों तहसीलों को मिलाकर कुल 134 मामले आए, इसमें महज 10 का ही मौके पर निस्तारण हो सका।

धनघटा में समाधान दिवस के दौरान एसपी सत्यजीत गुप्ता व मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार ने फरियादियों की शिकायतों को सुना। एसपी ने राजस्व से संबंधित विवादों की शिकायत पर निर्देश दिया कि राजस्व कर्मी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर



धनघटा तहसील में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों की सुनवाई करते एसपी सत्यजीत गुप्ता व सीडीओ संत कुमार। • हिन्दुस्तान

पहुंचकर निस्तरित करें। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 30 मामले आए। इसमें छह का मौके पर निस्तारण किया गया। राजस्व विभाग के 19 पुलिस विभाग के पांच अन्य विभागों से छह मामले आए। इस मौके पर सीएमओ डॉक्टर अनिरुद्ध सिंह, एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव, तहसीलदार योगेन्द्र पांडेय, बीएसए अमित, डीआईओएस संदीप आदि रहे।

**खलीलाबाद में महज एक का निस्तारण:** खलीलाबाद तहसील में आयोजित समाधान दिवस की सुनवाई एसडीएम सदर शैलेश दूबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। यहां कुल 53 प्रार्थना पत्र आए, जिसमें से मौके पर एक प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। इस दौरान सीओ दीपांशी राठौर तहसीलदार जनार्दन आदि रहे।

**सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें : विधायक**

मेंहदावल तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस क्षेत्रीय विधायक अनिल त्रिपाठी की मौजूदगी में हुआ। अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश व अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्व निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया इस दौरान कुल 51 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

# अधिकारियों ने सुनीं फरियाद, 10 का निस्तारण

**जासं, संतकबीर नगर :** एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि पीड़ितों को तत्काल राहत दिलाने के साथ ही लोगों के आपसी संवाद से विवादों को खत्म करवाना ही सरकार के विशेष दिवसों के आयोजन का लक्ष्य है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं की जानी चाहिए। शनिवार को जनपद के तीनों तहसीलों पर आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 134 मामले सामने आए जिसमें से 10 का निस्तारण करने के बाद शेष को एक सप्ताह के अंदर निस्तारित करने का निर्देश दिया गया।



धनघटा तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर सुनवाई करते दाएं से दूसरे सीडीओ संत कुमार और एसपी सत्यजीत गुप्ता। जागरण

धनघटा में एसपी व सीडीओ संत कुमार ने सुनवाई की। यहां कुल 30 प्रार्थनापत्र आए जिसमें से छह का निस्तारण कर दिया गया। अधिकारियों से दोनों पक्षों की सुनने के बाद निर्णय लेने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आपसी संवाद से ही अनेक मामलों का हल निकल जाता है। इस मौके पर एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव, सीएमओ डा. अनिरुद्ध सिंह समेत अनेक अधिकारी मौजूद रहे। मेंहदावल में एएसपी संतोष कुमार सिंह और एडीएम जय प्रकाश ने सुनवाई की। यहां प्रस्तुत 51 मामलों में से तीन का निस्तारण हुआ। मौके पर एसडीएम अरुण वर्मा, सीओ अंबरीश भदौरिया, नायब तहसीलदार हरेराम यादव समेत अनेक अधिकारी मौजूद रहे। खलीलाबाद में एसडीएम शैलेश दूबे की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया।

# दुष्कर्म के आरोपित युवक को भेजा जेल

## किशोरी को सहजनवा थानाक्षेत्र का युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया था, आरोपित को पकड़िया चौराहे से किया गिरफ्तार

जासं, बखिरा, संतकबीर नगर : बखिरा थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को सहजनवां थाना क्षेत्र का एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया था। इस मामले में पुलिस ने 26 जून को अपहरण और दुष्कर्म का मामला दर्ज किया था। शनिवार को पुलिस ने आरोपित युवक को बखिरा थाना क्षेत्र के पकड़िया चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बखिरा के चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया युवती के भाई की तहरीर पर सहजनवां थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव के संजय कुमार के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। तभी से पुलिस आरोपित की तलाश में थी।

# बेटे का पोस्टमार्टम कराने के लिए भटकते रहे स्वजन, नहीं आए चिकित्सक

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : [illegible] जनपद के युवक के शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए शनिवार को सुबह सीएमओ ने दो चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई थी। स्वजन सुबह से ही पोस्टमार्टम हाउस पर बैठे थे। शाम पांच बजे तक जब कोई चिकित्सक नहीं पहुंचा तो स्वजन परेशान हो गए। पूरे दिन जवान बेटे का पोस्टमार्टम कराने के लिए इधर-उधर भटकते रहे। इस बीच शहर के सामाजिक संगठनों के कुछ लोगों को पता चला तो वह लोग सक्रिय हुए। विधायक के साथ ही जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों को मामले से अवगत कराया। देर शाम करीब छह बजे सीएमओ ने दूसरे चिकित्सक से युवक का पोस्टमार्टम कराया। अब अधिकारी आरोपित चिकित्सकों पर कार्रवाई की बात कर रहे हैं।

यह है पूरा मामला : शुक्रवार को सुबह खलीलाबाद रेलवे स्टेशन के निकट रेल ट्रैक पर युवक का शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान कराने के लिए पुलिस परेशान थी। शुक्रवार की देर रात को मृतक के स्वजन खलीलाबाद आए और उन्होंने पोस्टमार्टम हाउस पर जाकर पहचान किया। उसकी पहचान बाराबंकी जनपद के मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के [illegible] के [illegible] पुत्र राम मिलन के रूप में हुई। बेटे के शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाने को पोस्टमार्टम हाउस पर पूरे



पोस्टमार्टम हाउस पर शव लेने का इंतजार करते स्वजन। जागरण

दिन स्वजन भटकते रहे। सीएमओ ने दिनेश यादव व डा. [illegible] मिश्र नाम के दो चिकित्सकों की पोस्टमार्टम के लिए सुबह ही ड्यूटी लगाई थी, परंतु जब शाम पांच बजे तक दोनों चिकित्सक नहीं आए, तो स्वजन सीएमओ से शिकायत की। राम मिलन ने बताया कि सीएमओ के फोन करने पर भी डाक्टर नहीं आए तो उन्होंने सदर विधायक अंकुर राज तिवारी व सामाजिक संगठनों के लोगों से संपर्क किया। रोटरी क्लब संतकबीर नगर के अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय, अभिषेक बहादुर सिंह उर्फ कल्लू सिंह, एके सिन्हा और राकेश मिश्र ने जब दबाव बनाया तो शाम को दूसरे चिकित्सक को बुलाकर पोस्टमार्टम कराया गया। मृतक के पिता का कहना है कि एक तरफ गांव और घर में जवान बेटे की मृत्यु को लेकर हाहाकार मचा हुआ था वहीं वह लोग उसके शव को पाने के लिए तपती धूप में दौड़ लगाने को विवश रहे। सभी लोग चिकित्सकों को उनके असंवेदनशील व्यवहार के लिए कोसते नजर आए।

> पोस्टमार्टम करने के लिए दो चिकित्सकों की ड्यूटी लगी थी। बाद में जानकारी हुई कि दोनों आए ही नहीं। इस बारे में सीएमओ को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।
> [illegible], अपर जिलाधिकारी

> दो चिकित्सकों की पोस्टमार्टम करने की ड्यूटी लगा दी गई थी। देर शाम तक चिकित्सक नहीं पहुंचे तो डा. आरएस यादव से पोस्टमार्टम करवाया गया।
> डा. अनिरुद्ध सिंह, सीएमओ

पहले सूचना भी नहीं दी : पोस्टमार्टम कराने के लिए पीड़ित लोग ही आते हैं ऐसे में यहां तैनात चिकित्सकों को विशेष [illegible] नहीं आने पर पूर्व में सूचना देनी चाहिए। यहां के चिकित्सकों ने सूचना देना भी उचित नहीं समझा।

कुछ दिन पहले घायल को सड़क पर फेंक भागे थे एंबुलेंस चालक : जनपद के स्वास्थ्य विभाग का हाल इस तरह का है कि यहां कुछ न कुछ अजब ही सामने आता रहता है।

अभी कुछ माह पहले एक घायल व्यक्ति को लेकर जिला अस्पताल के लिए चले एंबुलेंस कर्मी उसे [illegible] चौराहे के पास कूड़े के ढेर पर फेंककर भाग गए थे। इस मामले में सांसद, दो विधायकों व जिला अस्पताल के सीएमएस के बीच नोकझोंक भी हुई थी।

# गांजा रखने के आरोपित को एक साल की सजा

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक द्वितीय काशिफ शेख ने शनिवार को अवैध गांजा रखने के एक आरोपित को दोषी करार देते हुए एक साल के कठोर कारावास व पांच हजार रुपये जुर्माना की सजा से दंडित किया है।

महुली थानाक्षेत्र के महुली खास निवासी बालकृष्ण के कब्जे से तीन सितंबर 2022 को एक किलो तीन सौ ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया था। मामले में थाने में मुकदमा पंजीकृत हुआ था।

न्यायालय ने अभियोजन व बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने तथा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत आरोपित को एक वर्ष के कठोर कारावास और जुर्माना की सजा से दंडित किया है। जुर्माना न अदा करने पर 15 दिन की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# पुरानी रंजिश को लेकर तोड़ा युवक का हाथ

जासं, महुली, संतकबीर नगर : महुली थाना क्षेत्र के मुखलिसपुर तिराहे पर पुरानी रंजिश को लेकर युवक का मारपीट कर हाथ तोड़ दिया। इस मामले में पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। धनघटा क्षेत्र के गागरगाड़ निवासी राम प्रसाद ने बताया कि उनका बेटा अंकित कुछ काम से मुखलिसपुर गया था। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर ग्राम बैकुंठपुर का अमन यादव पहुंचा। उसने बिना किसी बात के अंकित को गाली देने लगा।

विरोध करने पर मारने पीटने के बाद हाथ मरोड़कर तोड़ दिया। महुली के थानाध्यक्ष भगवान सिंह ने बताया कि आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# स्थानांतरित एसओ को दी विदाई

बेलहर। शनिवार को बेलहर थाने पर स्थानांतरित थानाध्यक्ष राम आशीष यादव को पुलिसकर्मियों ने फूल माला पहनाकर विदाई दी।

राम आशीष यादव ने कहा कि स्थानांतरण एक प्रक्रिया है। जिसके तहत सबको उसका पालन करना पड़ता है। जहां भी रहें अपने कर्तव्यों का बखूबी पालन करना चाहिए। साथ ही नवागत थानाध्यक्ष राम वशिष्ठ का स्वागत किया गया। इस अवसर पर धर्मेंद्र मिश्रा, अमरनाथ यादव, उदय नारायण आदि मौजूद रहे। संवाद

# अवैध संबंध के शक में पति ने पत्नी को पीटा

महुली : महुली थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की देर रात अवैध संबंध के शक में पति ने पत्नी की जमकर पिटाई कर दी। इस मामले में शनिवार को पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत दो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थानाध्यक्ष भगवान सिंह ने बताया कि महिला और उसके पति को थाने में समझाया गया, लेकिन महिला मुकदमा दर्ज करने पर अड़ी थी, जिसके चलते मामला दर्ज किया गया है।

# पौली चौकी प्रभारी को दी गई विदाई

रोसया बाजार। धनघटा थाना क्षेत्र के पौली चौकी पर तैनात चौकी प्रभारी विरेंद्र मिश्रा का स्थानांतरण होने पर शनिवार को विदाई दी गई। विरेंद्र मिश्र ने कहा कि तीन माह के कार्यकाल में यहां के लोगों को काफी सहयोग किया। उम्मीद है कि इसके बाद भी लोग नए चौकी प्रभारी का सहयोग करेंगे।

इस मौके पर नवागत चौकी प्रभारी शशिकांत तिवारी, जयप्रकाश कुशवाहा, प्रदीप सिंह बिसेन, सर्वेश आदि मौजूद रहे। संवाद

# तीन छात्र नेता बेहोश, इलाज के बाद फिर धरने पर बैठे

## एचआरपीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित कराने पर अड़े छात्र नेता

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। एचआरपीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव के लिए अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे छात्र नेताओं में तीन छात्र नेता शनिवार को बेहोश हो गए। आनन-फानन उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया।

प्राथमिक उपचार के बाद स्वस्थ होने पर छात्र नेता फिर से धरने पर बैठ गए। छात्र नेताओं ने चुनाव की तिथि घोषित होने तक धरना जारी रखने की बात कही है।

एचआरपीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव की मांग तेज हो गई है। सोमवार को जिला प्रशासन की बैठक में छात्रसंघ चुनाव न कराने की बात सामने आई थी। उसके बाद छात्र नेता लगातार कॉलेज में धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं।



छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर एचआरपीजी कालेज के गेट पर धरने के दौरान एक छात्रा बेहोश हो गई थी। संवाद

बृहस्पतिवार को छात्र नेता कॉलेज गेट के सामने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। शनिवार को 10 बजे के करीब धरने पर बैठे तीन छात्र नेता मनीष, महक सिंह और सदानंद यादव बेहोश हो गए। तीनों को चौकी इंचार्ज गोला बाजार राजेश मिश्र ने वाहन से जिला अस्पताल भेजवाया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद तीनों छात्र नेता फिर धरने पर बैठ गए।

छात्र नेता शुभम सिंह डम्मू ने कहा कि प्रशासन चुनाव कराए नहीं तो आर-पार की लड़ाई होगी। छात्रसंघ चुनाव छात्र हितों की रक्षा के लिए होता है। प्रशासन मनमानी कर रहा है। यह छात्रों के हितों की अनदेखी कर रहा है। इस दौरान बलिराम, शैलेंद्र, उज्ज्वल, राधा सिंह, अभिषेक सिंह, गोविंद आदि छात्र नेता मौजूद रहे।



बेहोश छात्रा को अस्पताल ले जाते एंबुलेंसकर्मी। संवाद

### समर्थन में पहुंच रहे सियासी दलों के नेता

एचआरपीजी कॉलेज खलीलाबाद में छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर धरने पर बैठे छात्र नेताओं के समर्थन में राजनीति दलों के लोग पहुंच रहे हैं। चार दिन पहले सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने वीडियो कॉल कर छात्र नेताओं का समर्थन किया था और कहा था कि अगर प्रदेश के किसी भी कॉलेज में चुनाव होगा तो एचआरपीजी कॉलेज में भी होगा। उसके बाद शुक्रवार को सपा नेता व पूर्व विधायक दिग्विजयनारायण उर्फ जय चौबे, सपा नेता जयराम पांडेय पहुंच गए और छात्र नेताओं की मांगों का समर्थन किया। उसके बाद शाम को भाजपा सांसद प्रवीण निषाद पहुंचे और चुनाव कराने का समर्थन किया।

# नई पुलिस चौकी बनकर तैयार, खत्म हुआ सीएमएस-एसपी के बीच विवाद

## नर्सेज हॉस्टल में चल रही थी पुलिस चौकी, बाहर किराए पर कमरा लेकर रहती थीं नर्सें

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। जिला अस्पताल परिसर के नर्स हॉस्टल में चल रही पुलिस चौकी का विवाद अब खत्म हो गया है। अस्पताल प्रशासन ने पुलिस कर्मियों को नई पुलिस चौकी बनाकर दे दी है। जल्द ही यहां से पुलिस चौकी कार्य करना शुरू कर देगी। चौकी हटाने को लेकर दो माह से एसपी और सीएमएस में ठनी थी। विवाद को खत्म करने के लिए नई पुलिस चौकी बनवा दी गई है। हॉस्टल खाली होने पर अब नर्सें उसमें रह सकेंगी।



जिला अस्पताल में बन रही नई पुलिस चौकी। संवाद



चौकी हटाने को लेकर सीएमएस और एसपी में ठनी

12 जून को प्रकाशित खबर। संवाद



वर्तमान में चल रही पुरानी पुलिस चौकी। संवाद

जिला अस्पताल के नर्स हॉस्टल में सात साल पूर्व कलक्ट्रेट के नाम से पुलिस चौकी स्थापित की गई थी ताकि इमरजेंसी में आने वाले व विवाद करने वाले लोगों पर नजर रखी जा सके। हॉस्टल में पुलिस चौकी चलने से अस्पताल में काम करने वाली स्टाफ नर्सों को किराए पर कमरा लेकर रहना पड़ रहा था। सीएमएस डॉ. महेश प्रसाद ने जून में एसपी को पत्र लिखकर हॉस्टल से पुलिस चौकी को हटाने की सिफारिश की थी। इसको लेकर गतिरोध उत्पन्न हो गया था। अस्पताल में दुर्घटना में मृत शव के लिए भेजे जाने वाले पीआई को पुलिस नहीं ले रही थी। इसकी वजह से अस्पताल प्रशासन के समक्ष विकट समस्या उत्पन्न हो गई थी। उसके बाद सीएमएस ने इमरजेंसी के साथ बने गैराज को तोड़वा कर पुलिस चौकी का निर्माण कराया। पुलिस चौकी पूरी तरह से तैयार हो गई है। जल्द ही नई पुलिस चौकी इसमें कार्य शुरू कर देगी।

*पुलिस चौकी बनकर तैयार हो गई है। जल्द ही इसमें चौकी को शिफ्ट करा दिया जाएगा। इसका उद्घाटन डीएम और एसपी से कराया जाएगा। नर्स हॉस्टल की मरम्मत कराकर उसे नर्सों को आवंटित किया जाएगा, ताकि वे अस्पताल परिसर में ही रहकर समय से ड्यूटी कर सकें। -**डॉ. महेश प्रसाद, सीएमएस***

**अब स्टाफ नर्स का नहीं चलेगा बहाना, समय से पहुंचना होगा अस्पताल :** जिला अस्पताल में अब स्टाफ नर्स देर से आने का बहाना नहीं बना सकेंगी। अब उन्हें अस्पताल के 15 कमरों के हॉस्टल में ही रहना होगा। नर्स हॉस्टल के दो कमरों में सात साल पहले पुलिस चौकी बना दी गई थी, जिसकी वजह से नर्सों को बाहर रहना पड़ रहा था। पुलिस कर्मियों को नई पुलिस चौकी मिल गई है। इसके बाद अब हॉस्टल की मरम्मत का कार्य होगा और उसमें नर्सें रहेंगी।

# गांजा रखने के दोषी को एक वर्ष का सश्रम कारावास

संतकबीरनगर। अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय/विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट काशिफ शेख ने गांजा रखने के मामले में दोषी पाए जाने पर आरोपी को एक वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 5000 रुपये अर्थ दंड भी लगाया। अर्थदंड अदा न करने पर 15 दिन की अतिरिक्त करावास की सजा भुगतनी होगी।

विशेष लोक अभियोजक हरिकेश त्रिपाठी ने बताया उप निरीक्षक रमेश कुमार यादव ने तीन सितंबर 2022 को पलदह जोत थाना महुली में वाहन चेकिंग के दौरान सूचना मिली कि शनिचरा गांव चौबे में जो चोरी 28/29 अगस्त 2022 की रात हुई थी, उससे संबंधित आरोपी महुली की तरफ जाने वाला है। सूचना के आधार पर आरोपी युवक को पकड़ा। पूछने पर आरोपी ने अपना नाम बालकृष्ण पुत्र त्रिलोकी निवासी महुली खास थाना महुली बताया।

तलाशी में उसके पास से 12 बोर का कट्टा, कारतूस और 1300 ग्राम गांजा मिला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया। विवेचना के आधार पर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया था। संवाद

# आग से बचाव के लिए लोगों को किया गया जागरूक

संतकबीरनगर। पुलिस महानिदेशक फायर सर्विस व एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देश पर शनिवार को अग्निशमन विभाग ने जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान आग से बचाव की जानकारी दी गई।

अग्निशमन अधिकारी अशोक यादव के नेतृत्व में टीम ने कोतवाली खलीलाबाद के अंतर्गत बगहिया, धनघटा के नेतवापुर, नरायनपुर, छपरामगर्वी, रमवापुर, मदरहा, मछलीगांव आदि स्थानों पर जाकर ग्रामीणों को गैस सिलेंडर व विद्युत शॉर्ट सर्किट आदि से संबंधित आग की प्रवृत्ति और आग से बचाव के तरीकों के विषय में जानकारी दी। संवाद

# छेड़खानी के विरोध पर किशोरी को पीटा, केस

संतकबीरनगर। शहर के एक मोहल्ले में शुक्रवार की रात छत पर सोई किशोरी से पड़ोसी के घर रहने वाले रिश्तेदारी के आरोपी युवक ने छेड़खानी की। शोर मचाने पर आरोपी ने बेल्ट से किशोरी की पिटाई कर दी। जब तक परिजन पहुंचे तब तक आरोपी भाग निकला।

पीड़ित पिता का आरोप है कि उसकी 13 वर्षीय बेटी शुक्रवार की रात छत पर सोई हुई थी। उसी दौरान पडोस में अपने बहनोई के घर रहने वाला आरोपी युवक उसके छत पर पर चढ़ गया। आरोप है कि आरोपी युवक उसकी बेटी से छेड़खानी करने लगा। पूछताछ में बेटी ने घटना की जानकारी दी। उलाहना देने पर आरोपी के बहनोई ने आरोपी से कोई मतलब नहीं होने की बात बताई। कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-03-09-2023

# दबंगों ने गिराई धार्मिक स्थल की चहारदीवारी

मेहनौन। दबंगों ने एक धार्मिक स्थल की दीवाल गिरा दी है। पीड़ित पक्ष ने इसकी शिकायत समाधान दिवस में की है। इटियाथोक मुख्य चौराहे के पास एक धार्मिक स्थल और धर्मशाला निर्माण के लिए क्षेत्रीय विधायक विनय कुमार द्विवेदी उर्फ मुन्ना भैया ने कुछ दिन पूर्व भूमि पूजन का कार्य संपन्न करवाया था। भूमि को अतिक्रमण से बचाने के लिए चहारदीवारी बनाई गई थी।

# शान्ति भंग करने पर तीन पर हुई कार्रवाई

वजीरगंज । थाना क्षेत्र के दो ग्राम पंचायतों में शान्ति व्यवस्था भंग करने के आरोप में तीन युवकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। एसओ अभय सिंह ने बताया कि निरहू, फूल चंद्र व उमेश यादव अनावश्यक विवाद कर रहे थे। मौके पर पहुंचे उप निरीक्षक बीरबल व हरिलाल यादव ने गिरफ्तार कर लिया है।

# फर्जी प्रमाण पत्र बनाने वाला एक गिरफ्तार

गोण्डा। नगर कोतवाली पुलिस को फर्जी जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने वाले गैंग के एक फरार शातिर को पकड़ने में सफलता मिली है। यह गैंग जिले में फर्जी तरीके से सार्टिफिकेट बनाकर फर्जीवाड़ा करते थे। पुलिस ने बताया क्षेत्र भ्रमण के दौरान सूचना पर गुरूनानक चौराहे के पास से फर्जी जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने वाले गैंग के वांछित शातिर आरोपी रवि वर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया।

# पेड़ काटकर बेच लेने पर मुकदमा दर्ज

छपिया। क्षेत्र के ग्राम मवई में बंजर की जमीन पर लगे पेड़ को काटकर बेंच लेने के मामले में लेखपाल की तहरीर पर गांव के एक व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। क्षेत्र के मवई गांव के लेखपाल इंद्र प्रकाश श्रीवास्तव ने छपिया थाने में तरीर दी है कि गांव के एक व्यक्ति ने बंजर के भूमि में लगे दो सागौन के पेड़ को काटकर बेंच दिया।

# अवैध तमंचा रखने में एक वर्ष की सजा

गोण्डा। अपर सत्र न्यायाधीश राजबहादुर रामदेव ने आयुध अधिनियम के अंतर्गत अवैध तमंचा व कारतूस रखने के आरोपी को एक वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। विशेष लोक अभियोजक अनुपम शुक्ला के अनुसार थाना परसपुर अंतर्गत चरहुवां निवासी राकेश उर्फ ननके पुत्र विशंभर गोस्वामी के विरुद्ध पांच सितंबर 2020 को पुलिस उपनिरीकक्षक अनिरूद्ध यादव ने इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई वह गश्त के लिए निकले थे। तभी उन्हें एक अज्ञात व्यक्ति आता दिखाई दिया।

# बलरामपुर के चार प्रतिबंधित पशु तस्कर गिरफ्तार

धानेपुर, संवाददाता। धानेपुर पुलिस ने गुमड़ी घाट जंगल से बलरामपुर जिले के रहने वाले चार प्रतिबंधित पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष सत्येन्द्र वर्मा ने बताया कि गोवंश तस्करों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा था। बताया कि शनिवार को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने जंगल के दक्षिणी छोर पर स्थित एक ईंट भटठा पूरब तरफ जंगल में बलरामपुर के रहने वाले चार पशु तस्करों को पकड़ा गया। कोतवाली नगर बलरामपुर के कालीथान बंजारनपुर के हनीफ, महदेइया वनगांव के हाल पता खलिया शुक्लागंज का रईश अहमद, सादुल्हानगर थाना क्षेत्र के अहिरौली शाद आलम उर्फ सद्दू, थाना श्रीदत्त गंज के महदेइया निवासी मुमताज शामिल रहे।

## फर्जी प्रमाणपत्र बनाने का आरोपी गिरफ्तार

गोंडा। प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि निरीक्षक अपराध अरविंद यादव ने जन्म व मृत्यु के फर्जी प्रमाणपत्र बनाकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह के रवि वर्मा निवासी पिपरा भिटौरा इमिलिया रूपी थाना मोतीगंज को शनिवार को गिरफ्तार किया है। बताया कि इससे पहले 03 अक्तूबर 2022 को उसके तीन साथियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। (संवाद)

# गोण्डा में दबंगों ने मां को कार से फेंका, बेटी का अपहरण

छपिया (गोण्डा)। मसकनवा-मनकापुर हाईवे पर ग्राहक सेवा केंद्र के सामने तिराहे के पास शनिवार दोपहर दबंगों ने पहले मां और बेटी को कार में बैठाया फिर मां को ढकेल विवाहिता को अगवा कर ले गए। कार से गिरने पर मां का पैर टूट गया और चेहरे पर भी चोटें आईं हैं। घटना के खुलासे के लिए पुलिस की दो टीमें लगाई गई हैं। बेटी का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है।

धुसवा गांव निवासिनी मां माधुरी व बेटी राधिका के साथ मसकनवा बाजार दवा लेने जा रही थीं। दोनों मसकनवा-मनकापुर मार्ग पर एक मैरिज हाल के पास पहुंचे ही थे कि कार सवार दबंगों ने दोनों को कार में जबरन बैठा लिया। मां को कार से ढकेल दिया और बेटी को लेकर मनकापुर की ओर फरार हो गए। आनन-फानन में मां को प्राइवेट क्लीनिक ले जाया गया, जहां एक्सरे में उसके पैर में फ्रेक्चर पाया गया। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि आधा दर्जन से अधिक जगहों पर छापा मारा गया है। कुछ को हिरासत में भी लिया गया है । युवती की शादी मई 2023 में मल्हनी थाना परशुराम जिला बस्ती में हुई थी। अभी मायके आई थी।

> विवाहिता के अपहरण की सूचना मिली है। पुलिस मौके पहुंची तो पता चला कि मां-बेटी बाजार आई थीं। बेटी बिना बताए अपने परिचित लड़के के साथ चली गई है। युवती का पता लगाया जा रहा है।- शिवराज, एएसपी

# जालसाजी का एक और आरोपित गिरफ्तार

संसू, गोंडा : नगर कोतवाली पुलिस ने फर्जी जन्म-मृत्यु प्रमाण बनाने वाले गिरोह एक और आरोपित रवि वर्मा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि फर्जी जन्म-मृत्यु प्रमाण बनाने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को अक्टूबर 2022 में गिरफ्तार किया गया था। फरार चल रहे आरोपित मोतीगंज के पिपरा भिटौरा के रहने वाले रवि वर्मा को गुरु नानक चौराहे के निकट से गिरफ्तार किया गया है।

# दोषी को एक वर्ष का कारावास और जुर्माना

संसू, गोंडा : विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट राजबहादुर रामदेव यादव ने ग्राम छिट्टू पुरवा चरहुंआ थाना परसपुर निवासी राकेश उर्फ ननके गोस्वामी को एक वर्ष के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी को दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक अनुपम शुक्ल ने बताया कि छह सितंबर 2020 को नकईपुरवा मोड़ के पास पुलिस ने तलाशी के दौरान दोषित के पास से अल्प्रानोफ की 180 गोलियां बरामद की थीं। प

**छह सितंबर तक जमा करें सदस्यता शुल्क :** जिला बार एसोसिएशन में सदस्यता शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि छह सितंबर है।

## तीन गाय व सांड के साथ चार गिरफ्तार

धानेपुर : थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा ने कोतवाली नगर के कालीथान बंजारनडीह के रहने वाले हनीफ, बलरामपुर के थाना उतरौला के ग्राम महदेइया बनगांव के अहमद, थाना सादुल्लाहनगर के ग्राम अप्रैल के शाद आलम व थाना श्रीदत्तगंज के ग्राम महदेइया के मुमताज को गुमडीघाट के जंगल के दक्षिण छोर से गिरफ्तार किया है। इन पर पशुक्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा लिखा गया है। इनके पास से तीन गाय, सांड व एक मैजिक वाहन भी बरामद किया गया है। (संसू)

## सागौन की लकड़ी बरामद

मसकनवा (गोंडा) : टिकरी रेंज के वन रक्षक राम सेवक ने मनकापुर मसकनवा मार्ग पर गड़रही अंडर पास के पास डीसीएम से सागौन की लकड़ी बरामद की है। अनवर अहमद, निसार अहमद निवासीगण इटैला बुजुर्ग, राम विलास, रमेश निवासी वासदेवपुर ग्रांट के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। उधर ग्राम मवई में बंजर की जमीन पर लगे पेड़ को काटकर बेच लेने पर लेखपाल इंद्र प्रकाश श्रीवास्तव ने छपिया थाने में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक छपिया सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। (संसू)

## जालसाज गिरफ्तार

गोंडा : मनकापुर पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर भूमि का बैनामा कराने के आरोपित तालागंज छपिया के रहने वाले द्वारिका प्रसाद को गिरफ्तार किया है। तालागंज के चंद्र प्रकाश की तहरीर पर धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में आरोपित पर मुकदमा लिखा गया था। (संसू)

# दबंगों ने युवक को पीटा दो के विरुद्ध मुकदमा

संवादसूत्र, मेहनौन : थानेपुर के ग्राम खीरभारी के रहने वाले मोहम्मद उस्मान ने कहा कि नगर पंचायत चुनाव को लेकर विपक्षी उससे नाराज रहते थे। इसी को लेकर दबंगों ने अभद्रता कर उसकी पिटाई कर दी। थानाध्यक्ष सतेंद्र वर्मा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर सुहेल उर्फ कल्लू व मुहम्मद शकील के विरुद्ध मुकदमा किया गया है। (संसू)

# चौकी से महज 500 मीटर दूरी पर वारदात ने उठाए सुरक्षा पर सवाल

## मसकनवा बाजार में ग्राहक सेवा केंद्र जा रही थीं मां और बेटी

संसू, मसकनवा (गोंडा) : मसकनवा-मनकापुर मुख्य मार्ग पर व्यस्त बाजार में शनिवार की दोपहर एक बजे हुई युवती के अपहरण की वारदात ने स्थानीय लोगों को सकते में डाल दिया। वहीं, पुलिस की कार्य प्रणाली भी कटघरे में हैं। कारण, घटना स्थल से 100 मीटर दूरी पर पुलिस पिकेट ड्यूटी व 500 मीटर दूरी पर चौकी स्थित है, लेकिन इसकी भनक सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों को नहीं हो सकी। प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक चार वर्षों में ऐसी वारदात उन लोगों ने नहीं देखी। फिल्मी स्टाइल में युवती को कार सवार उठा कर ले गए, लेकिन कोई समझ नहीं सका। शोर सुनकर जब लोग मौके पर पहुंचे तो घायल अवस्था में पड़ी महिला ने आपबीती सुनाई, इसे सुनकर लोग स्तब्ध रह गए।



मसकनवा चौराहा के पास अपहरण की घटना की जांच करते पुलिसकर्मी • जागरण

**50 मीटर की दूरी पर बैंक शाखा :** बाजार में लोग सामानों की खरीदारी कर रहे थे। इसी मार्ग पर 50 मीटर की दूरी पर भारतीय स्टेट बैंक की शाखा भी है। जहां लोग जमा निकासी के लिए आते हैं, जिस दौरान वारदात हुई बाजार में काफी भीड़ थी। लोगों का कहना है कि भारतीय स्टेट बैंक व ग्राहक सेवा केंद्र होने से पुलिस को मुस्तैद रहना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं है। घटना के बाद पुलिस डंडा पीटती रह जाती है।

**वाहनों के शोर में गुम हो गई बेबस मां की आवाज:** कार सवार युवकों से बेटी को बचाने के लिए महिला चिल्लाती रही, लेकिन उसकी आवाज वाहनों के शोर में गुम हो गई। युवक तेजी से कार चलाते हुए जाने लगे तो उसने दरवाजा पकड़ लिया। कुछ दूर जाकर वह गिर गई, इसके बाद आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे। तब तक वह लहूलुहान हो चुकी थी और कार सवार फरार हो चुके थे।

**घटना का होगा राजफाश:** अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने कहा कि विकास के साथ युवती पढ़ती थी। उससे बातचीत होती रहती थी। प्रथम दृष्टया लग रहा है कि वह स्वेच्छा से विकास के संग गई है। जल्द ही युवती को बरामद कर घटना का राजफाश किया जाएगा।

# युवक को पेड़ से बांधकर पीटने के आरोपित ने भी लिखाया मुकदमा

संसू, झंझरी (गोंडा) : कोतवाली देहात के सरैंया चौबे गांव में युवक को जामुन के पेड़ से बांधकर पिटाई करने के मामले में दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी मुकदमा लिखा गया है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। वहीं आरोपित दो आरक्षियों का क्षेत्र बदल दिया गया है।

गत दिवस सरैंया चौबे गांव में रास्ते के विवाद को लेकर आरोपित गुड़िया सहित अन्य ने गोली मिश्र को पेड़ से बांध कर पीटा था। बचाने गई उसकी पत्नी किरन व उसके चार वर्षीय बेटे पर भी हमला कर लहूलुहान कर दिया था। इस मामले में पांच आरोपितों पर मुकदमा लिखा गया था। वहीं युवक को पेड़ से बांधकर पिटाई करने की आरोपित गुड़िया की तहरीर पर घायल गोली, उसकी पत्नी किरन, सुधीर मिश्र, दद्दन पांडेय, दयाशंकर शुक्ल व राजेंद्र पांडेय पर एससीएटी एक्ट, घर में घुसकर मारपीट करने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा लिखा गया है। दूसरे पक्ष की ओर से मुकदमा लिखाए जाने को लेकर तरह तरह की चर्चा हो रही है।

मामले में क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार सिंह ने बताया कि चिकित्सीय रिपोर्ट आने के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी। यह भी बताया कि जिन दो आरक्षियों पर पीड़ित ने आरोप लगाया था, उनका क्षेत्र बदल दिया गया है। जांच रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को सौंपी जाएगी।

# तस्करी में चार आरोपी गिरफ्तार

**धानेपुर (गोंडा)।** गोवंश की तस्करी करने के आरोप में धानेपुर पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि शुक्रवार शाम गुमड़ी घाट जंगल के दक्षिणी छोर पर कुछ लोग गोवंशों की तस्करी कर रहे थे। तभी पुलिस टीम ने छापा मारकर हनीफ निवासी कालीथान बंजारनपुर थाना कोतवाली नगर, रईस अहमद निवासी महदेइया बनगांव, उतरौला, बलरामपुर, शाद आलम उर्फ सद्दू निवासी अहरौली थाना सादुल्लानगर बलरामपुर व मुमताज निवासी महदेइया थाना श्रीदत्तगंज बलरामपुर को धर दबोचा। साथ ही तीन गोवंश व एक वाहन की बरामदगी की। संवाद

# चार पर हत्या के प्रयास का केस

**नवाबगंज (गोंडा)** नवाबगंज थाना क्षेत्र के साखीपुर शुकुल पुरवा निवासी शांती शुक्ला ने अदालत के आदेश पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि बीते दो अगस्त की सुबह गांव के राजेश शुक्ला, पवन शुक्ला, राम बहादुर तथा कृष्ण कुमार उसके खेत में कब्जा करके मेंढ़ बांध रहे थे। जब उसने मना किया तो मारने के लिए दौड़ा लिए। जान बचाकर घर में भागी तो आरोपियों ने घर में घुसकर कर लाठी-डंडे व फावड़ा से मारने लगे। बचाने आए उसके बेटे तथा पति को भी पीटा। प्रभारी निरीक्षक मनोज राय ने बताया कि अदालत के आदेश पर चारों आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया गया है। संवाद

# शांति समिति की बैठक

**परसपुर (गोंडा)।** जुलूस निकालने के लिए कोई नई परंपरा न शुरू हो। जुलूस के लिए प्रशासन से अनुमति जरूर लें। दोनों संप्रदायों के लोग एक-दूसरे की भावनाओं का आदर करें। यह बात शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व चेहल्लुम के मद्देनजर थाना प्रांगण में पीस कमेटी की बैठक में उपजिलाधिकारी करनैलगंज विशाल कुमार ने कहीं। क्षेत्राधिकारी चंद्रपाल शर्मा ने कहा कि दोनों संप्रदायों के लोग शासन-प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। बैठक में चेयरमैन वासुदेव सिंह, ताज मोहम्मद, अंशू शुक्ल, रहमत अली, राघवेंद्र शाही आदि शामिल रहे। संवाद

# सरेराह नवविवाहिता का अपहरण

## मसकनवा में वारदात, बचाने दौड़ी मां को अपहर्ताओं ने कार से मारी टक्कर

संवाद न्यूज एजेंसी



गोंडा के मसकनवा में युवती के अपहरण के मामले की जांच करती पुलिस। संवाद

**मसकनवा (गोंडा)।** छपिया के मसकनवा बाजार में शनिवार दोपहर नवविवाहिता का कार सवार बदमाशों ने अपहरण कर लिया। नवविवाहिता की मां ने उसे बचाने का प्रयास किया तो बदमाश उसे कार से कुचलकर मारने का प्रयास करते हुए भाग गए।

छपिया के एक गांव की रहने वाली महिला ने बताया कि शनिवार दोपहर वह 20 वर्षीय नवविवाहित बेटी के साथ मसकनवा-मनकापुर मार्ग स्थित मैरिज हॉल के पास स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र पर रुपये निकालने आई थी। वहां से लौटते समय कार सवार तीन बदमाशों ने उसकी बेटी को वाहन में खींचकर अगवा कर लिया।

महिला ने बताया कि बेटी को बदमाशों के चंगुल से छुड़ाने के लिए वह कार के सामने आ गई। इस पर बदमाशों ने कार चढ़ाकर उसे मारने का प्रयास किया। इससे उसका दाहिना पैर टूट गया और गंभीर चोटें आईं। सरेबाजार युवती का अपहरण होते देख लोग दौड़े। मगर तब तक बदमाश युवती को अगवा करके भाग गए। महिला को एक निजी चिकित्सक के यहां पहुंचाया गया। जहां से उसे अयोध्या रेफर कर दिया गया।

छपिया इंस्पेक्टर सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि मई में ही युवती की शादी होने की जानकारी मिली है। उसकी कॉल डिटेल में एक युवक का नंबर मिला है। जिससे उसकी लगातार बात हो रही थी। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# रंजिश में युवक को पीटा, तीन लोगों पर केस

**नवाबगंज (गोंडा)।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के नवाबगंज गिर्द मजहनपुरवा निवासी रामकिशुन ने पुलिस से शिकायत की है। उसने आरोप लगाया कि शुक्रवार शाम गांव के आकाश तिवारी, भुन्नान तिवारी अपने साथी मंहगूपुर गांव निवासी शेषमणि के साथ घर और अभद्रता करने लगे। मना करने पर लाठी-डंडे से पीटा। बाद में जान से मारने की धमकी देकर चले गए। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# नशीली गोलियों के साथ युवक दबोचा

**गोंडा।** इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह ने बताया कि जमुनियाबाग निवासी मोहम्मद अहमद उर्फ कटहरे को उपनिरीक्षक नागेश्वर पटेल ने 98 अल्प्राजोलम टेवलेट के साथ गिरफ्तार किया है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-03-09-2023

# जमीन से जुड़े विवादों का हो निस्तारण : डीएम

**जागरण टीम, बलरामपुर :** जमीनों के विवादों का निस्तारण न होने से उतरौला तहसील के जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने कड़ी नाराजगी जताई। संपूर्ण समाधान व थाना दिवस में जमीन से जुड़े मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। इसी को लेकर राजस्व निरीक्षकों, लेखपालों, कोतवाली व थानों के प्रभारी निरीक्षकों को जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाई। गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने का निर्देश दिया। तीनों तहसीलों में 110 में से 13 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया।

विकास खंड रेहरा बाजार के नथईपुर कानूनगो निवासी आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आठ माह से जमीन का विवाद निस्तारित कराने के लिए दौड़ रहा हूं, लेकिन कोर्ट के आदेश के बावजूद थानाध्यक्ष सादुल्लाहनगर बृजानंद सिंह निस्तारण नहीं करा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने थानाध्यक्ष को मामले में तलब किया है। उतरौला विकास मंच के अध्यक्ष आदिल हुसैन ने पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड के इंजीनियरों के खिलाफ



तहसील सभागार उतरैला में मामलों का निस्तारण करते जिलाधिकारी अरविंद सिंह ( मध्य में) साथ में एसपी केशव कुमार (बाएं) ● सौ. सूचना विभाग

**राजस्व निरीक्षकों, लेखपालों, कोतवाली व थानों के प्रभारी निरीक्षकों को लगाई फटकार**

उतरौला कोतवाली के ठीक सामने आसाम रोड की पेंटिंग न कराने की शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने निर्माण खंड के अधिशाषी अभियंता से रिपोर्ट तलब की है। इसी तरह से जिलाधिकारी के समक्ष जमीन व अन्य मामलों से जुड़े 40 प्रार्थना पत्र आए, जिसमें से चार का निस्तारण करा दिया गया। सभी का तीन दिन के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने का निर्देश दिया गया। यहां उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार, जिला विकास अधिकारी गिरीश कुमार पाठक, परियोजना निदेशक डीआरडीए सीपी श्रीवास्तव व मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सुशील कुमार मौजूद रहे।

मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य ने तुलसीपुर तहसील में शिकायतें सुनी। यहां 32 प्रार्थना पत्र आए, जिसमें चार मामले का निस्तारण हुआ। सदर तहसील में 38 प्रार्थना पत्र आए, अपर जिलाधिकारी प्रदीप कुमार ने पांच मामलों का निस्तारण कराया।

# लेखपाल व कानूनगो ने घर में निकाल दी नाली

## संपूर्ण समाधान दिवस : उतरौला तहसील में डीएम व एसपी ने सुनी फरियाद, शिकायतों के निपटारे का दिया आदेश

संवाद न्यूज एजेंसी

उतरौला/तुलसीपुर (बलरामपुर)। सवाब। लेखपाल व कानूनगो ने गलत पैमाइश करके मकान के अंदर से ही नाली निकाल दी। शिकायत पर एसडीएम ने ठीक से पैमाइश कराने का आदेश दिया, लेकिन लेखपाल व कानूनगो ने अब तक कार्रवाई नहीं की है। यह शिकायत शनिवार को ग्राम रेड़ुवलिया निवासी छट्ठीलाल ने डीएम से की। डीएम अरविंद सिंह ने लेखपाल व कानूनगो को ठीक से पैमाइश कराकर मामले का निस्तारण करने का आदेश दिया।

ग्राम मनवा निवासी जितेंद्र कुमार राय ने शिकायत की कि गौशाला की जमीन पर अवैध कब्जा होने से मवेशी रखने में परेशानी हो रही है। बढ़या भैसाही निवासी



बलरामपुर के उतरौला तहसील सभागार में फरियाद सुनते डीएम अरविंद सिंह व अन्य। संवाद

सरफरोज खां ने परती जमीन पर कब्जा होने की शिकायत की। दुगौली परसौना निवासी अधिवक्ता राजमणि तिवारी ने शिकायत की कि पूर्व में मनरेगा के तहत सड़क निर्माण की गई शिकायत पर बीडीओ ने फर्जी रिपोर्ट लगाकर निस्तारण दिखा दिया है, जबकि मौके पर सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। मथईपुर कानूनगो निवासी अशोक कुमार ने विपक्षियों पर न्यायालय के आदेश के बावजूद कृषि कार्य न करने देने का आरोप लगाया। डीएम अरविंद सिंह व एसपी केशव कुमार ने सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

तुलसीपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सीडीओ संजीव कुमार मौर्य ने की। इस अवसर पर एसडीएम अभय कुमार व सीओ राघवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। सदर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एडीएम प्रदीप कुमार ने की। उन्होंने समाधान दिवस में आई शिकायतें सुनीं और समयसीमा में निस्तारित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर एसडीएम राजेंद्र बहादुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**110 में से मात्र 13 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण**

जिले के तीनों तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 110 प्रार्थना पत्र आए जिसमें से मात्र 13 का ही निस्तारण हो सका। उतरौला तहसील में आए 40 में से मात्र चार का ही मौके पर निस्तारण हो पाया। इसी तरह तुलसीपुर में 32 में से चार व सदर तहसील में 38 प्रार्थना पत्रों में से पांच का ही निस्तारण हो सका।

# वालू के अवैध खनन में चार गिरफ्तार

हरैया सतघरवा : बालू के अवैध खनन में थाना हरैया की पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दुर्विजय ने बताया कि थाना ललिया के अमवा निवासी मंशाराम मौर्य, राजाराम पाल व बड़े लाल और थाना हरैया के टिटहिरिया निवासी पांचू यादव को जेल भेज दिया गया है। बालू भरे चार वाहन भी जब्त किए गए हैं। (संसू)

# पाक्सो आरोपित विश्राम पांडेय को पकड़ा

बलरामपुर : पाक्सो के वांछित को कोतवाली देहात की पुलिस जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक जयदीप दूबे ने बताया कि ग्राम समदा निवासी विश्राम पांडेय को गिरफ्तार किया गया है। (संसू)

## दो वारंटियों को जेल

सादुल्लाहनगर : दो वारंटियों को थाना सादुल्लाहनगर की पुलिस ने जेल भेज दिया है।प्रभारी निरीक्षक बृजानंद सिंह ने बताया कि सादुल्लाहनगर निवासी अरूण कुमार व पिल्लू को गिरफ्तार किया गया है। (संसू)

## दो वांछितों को भेजा जेल

बलरामपुर : दो वांछितों को कोतवाली नगर की पुलिस ने जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक विमलेश सिंह ने बताया कि थाना महराजगंज तराई के परसिया कला निवासी ननके व श्रावस्ती के थाना सिरसिया के ग्राम कैथोली पटखौली निवासी जलील अहमद को गिरफ्तार किया गया है। (संसू)

# तेंदुए की चहलकदमी से ग्रामीण दहशत में

**गैसड़ी (बलरामपुर)।** रामपुर रेंज के जमधरा व बकौली डालपुर गांव के पास शनिवार को तेंदुआ दिखने से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

ग्रामवासी कल्लू, मेहंदी हसन, अकबर, विजय व धनीराम आदि ने बताया कि गांव से कुछ दूर सड़क पर शनिवार को एक तेंदुआ दिखाई पड़ा। ग्रामीणों को देखकर तेंदुए खेत में चला गया। अब ग्रामीण खेत के आसपास जाने से डरने लगे हैं। कुछ दिन पहले इसी गांव के तीन-चार लोगों को तेंदुआ हमला कर घायल कर चुका है। अब फिर तेंदुए की आमद से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। वन क्षेत्राधिकारी प्रभात वर्मा ने बताया कि वन विभाग की टीम को गांव भेजा गया है। तेंदुआ पकड़ने के लिए पिंजड़ा लगाया जाएगा। ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है। (संवाद)

# लापरवाही पर फंसे जिला प्रोबेशन अधिकारी

## दुष्कर्म पीड़िता को आर्थिक मदद मिलने में देरी का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** उतरौला थाना क्षेत्र की एक रेप पीड़िता को तीन साल तक रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष से आर्थिक सहायता नहीं मिल सकी। मामले में महिला कल्याण विभाग की सचिव अनामिका सिंह ने जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चंद्र की लापरवाही मानी है। लंबे समय तक भुगतान की प्रक्रिया लंबित रखने के मामले में जांच के आदेश दिए हैं। जांच लखनऊ की सीडीओ रिया केजरीवाल को सौंपी है।

उतरौला थाना क्षेत्र की एक दुष्कर्म पीड़िता के अनुदान भुगतान की कार्रवाई 12 अक्तूबर 2020 से 24 मई 2023 तक लंबित रखने का मामला सामने आया है। लापरवाही का ये मामला हाईकोर्ट में पहुंच गया था। जिसमें जिला प्रोबेशन अधिकारी के साथ ही जिलाधिकारी की

### महिला कल्याण विभाग की सचिव ने लखनऊ की सीडीओ को सौंपी जांच

ओर से जवाब दिया जा चुका है। मामले में शासन स्तर के अधिकारियों की लापरवाही भी सामने आई। इस स्थिति पर शासन की निगाहें जिले के प्रोबेशन अधिकारी पर टेढ़ी हो गईं और अब सचिव ने जांच के आदेश दिए हैं।

उन्होंने लखनऊ की सीडीओ से 18 सितंबर तक पूरे मामले की रिपोर्ट मांगी है। मामले में जिला प्रोबेशन अधिकारी के साथ ही महिला कल्याण विभाग के उपनिदेशक आशुतोष कुमार सिंह व निदेशालय में भुगतान प्रक्रिया से जुड़े कार्मिकों की भूमिका पर भी सवाल उठे हैं। उनकी भी मामले की जांच होगी। फिलहाल अभी पूरे मामले की जांच सीडीओ कर रहीं हैं।

### समय से भेज दिया था प्रस्ताव, भुगतान में हुई देरी

**महिला** कल्याण विभाग की ओर से जांच के आदेश होने पर निदेशालय में खलबली मची है। जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चंद्र कहते हैं कि उन्होंने जिले स्तर पर प्रक्रिया पूरी करके समय से प्रस्ताव भेज दिया था। उस समय अनुदान आवंटन में देरी हुई, जिससे मामला हाईकोर्ट पहुंच गया। वहां से विभाग को निर्देश जारी हुए। उन्हें तो सिर्फ प्रस्ताव भेजने तक का ही अधिकार है, भुगतान बैंक खाते में होता है। अब जांच हो रही है, लेकिन उनकी कोई भूमिका नहीं है। मामला हाईकोर्ट में जाने से शासन स्तर पर नाराजगी है।

# जालसाजी मामले में दो को पकड़ा

**बलरामपुर।** थाना कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार सिंह ने बताया कि ननके पुत्र राममूरत निवासी परसिया कला, जलील अहमद उर्फ लड्डन पुत्र मुस्लिम निवासी कैथोली जालसाझी व फराड सहित अन्य मामले में वांछित चल रहे थे। उन्होंने बताया कि अभियुक्त को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

# पंखे से लटकता मिला युवक का शव

बलरामपुर। देहात कोतवाली क्षेत्र के सेखुईया चौराहे के पास किराये के मकान में रह कर पढ़ने वाले युवक की शव संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे से लटकता मिला है। प्रभारी निरीक्षक देहात कोतवाली जयदीप दुबे ने बताया कि शुक्रवार शाम बहराइच रोड स्थित सेखुईया चौराहे के पास यशवंत गिरी के मकान में कमरा लेकर गोसाईपुरवा गांव निवासी पटवारी गिरी (19) पढ़ाई कर रहा था। शुक्रवार देर शाम तक जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो मकान मालिक ने मृतक के बड़े भाई बजरंगी गिरी को बुलाया। दोनों ने देखा तो युवक का शव पंखे से लटक रहा था। सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर छानबीन शुरू कर दी है। (संवाद)

# पारिवारिक विवाद का कराया निस्तारण

उतरौला। स्थानीय महिला पुलिस चौकी ने एक पारिवारिक विवाद का निस्तारण सुलह-समझौते से कराया है। चौकी प्रभारी अनुपमा त्यागी ने बताया कि एक महिला ने पति पर गाली-गलौज व मारपीट का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया था। शनिवार को दोनों पक्षों को चौकी पर बुलाकर समझा दिया गया। दोनों पक्ष एक साथ रहने को राजी हो गए। (संवाद)

# दो वांछित गिरफ्तार

बलरामपुर। नगर कोतवाली की पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक विमलेश सिंह ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान ननके निवासी परसिया कला थाना महराजगंज तराई व जलील अहमद निवासी कैथोली पटखौली मेदिकिया थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती के रूप में हुई है। (संवाद)

# बालू का अवैध खनन करते चार को दबोचा

**हरैया सतघरवा (बलरामपुर)।** बलिदानडीह पुरवा गांव के पास जमधरा नाला में शनिवार को बालू का अवैध खनन करते चार लोगों को चार बैलगाड़ी समेत दबोचा गया। प्रभारी निरीक्षक हरैया थाना दुर्विजय ने बताया कि आरोपियों की पहचान मंशाराम मौर्या, राजाराम पाल तथा बड़ेलाल पाल निवासी अमवा थाना ललिया तथा पंचू यादव निवासी टिटिहिरिया थाना हरैया के तौर पर हुई। है। बैलगाड़ी व बालू सीज कर आरोपितों को जेल भेजा गया है। (संवाद)

# सहकारी समितियों में 319 किसान बने सदस्य

**बलरामपुर।** जिले की 62 साधन सहकारी समितियों में किसानों को जोड़ने का अभियान चल रहा है। दो दिनों में 319 किसानों को समितियों का सदस्य बनाया गया है। उप निबंधक सहकारिता अमरेश मणि त्रिपाठी ने बताया कि अभियान 30 सितंबर तक चलेगा। (संवाद)

# मिलजुल कर मनाएं त्योहार

**गैसड़ी (बलरामपुर)।** आगामी दिनों में पड़ने वाले त्योहारों को देखते हुए शनिवार को गैसड़ी कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक हुई। अध्यक्षता करते हुए एसडीएम तुलसीपुर अभय कुमार सिंह व सीओ राघवेंद्र सिंह ने कहा कि चेहल्लुम व जन्माष्टमी आदि पर्व अगामी दिनों में मनाए जाने हैं। इन्हें परंपरागत तरीके से शांतिपूर्वक मनाएं। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार दीक्षित ने कहा कि किसी ने अराजकता फैलाने की कोशिश की तो कड़ी कार्रवाई होगी। कहा, कोई भी घटना हो पुलिस को अथवा यूपी-112 नंबर पर जानकारी दें। इस अवसर पर बैजनाथ जायसवाल, दिलशाद ख़ान, राजकमल यादव, बाबूजान, नूरुल हसन खान, ओमप्रकाश साहू, अमित गुप्ता, संजय मौर्या, पवन मौर्या, सबलू जायसवाल व जफर खान आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# अवैध बालू खनन में चार गिरफ्तार, डंलफ बरामद

बलरामपुर। थाना हर्रैया पुलिस ने अवैध बालू खनन के मामले में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है।

पुलिस ने खनन माफियाओं के पास से बालू लदे चार डंलफ भी बरामद किए हैं। उपनिरीक्षक हौसिला प्रसाद यादव ने बताया कि हेड कांस्टेबल उमेश कुमार, संतोष कुमार के साथ सूचना पर जमधरा नाला के पास तलाशी की गई तो मंशाराम मौर्या पुत्र रामसुमिरन, पाचू यादव पुत्र बाबूराम, राजराम पाल पुत्र राधेश्याम पाल व बड़ेलाल पाल पुत्र नीबर पाल को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से अवैध बालू लदी चार डंलफ पकड़ी गई। उन्होंने बताय कि अभियुक्तों के विरुद्ध खनन अधिनियम में अभियोग पंजीकृत करके न्यायालय भेजा गया है।

# पकड़े गए तेंदुए की इलाज के दौरान मौत

ललिया (बलरामपुर) संवाददाता। ललिया थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर-धर्मपुर गांव में पकड़े गए नर तेंदुए की मौत इलाज के दौरान हो गई। तेंदुए का पोस्टमार्टम तीन पशु चिकित्साधिकारियों के पैनल ने किया है, जिसमें यह दावा किया गया है कि तेंदुए की मौत भूख के कारण हुई थी।

लक्ष्मणपुर-धर्मपुर गांव में गन्ने के खेत में शुक्रवार को तेंदुआ देखा गया था। उसकी तलाश में वन विभाग की टीम लगी हुई थी। बनकटवा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी शत्रोहन लाल ने बताया कि तेंदुए को शुक्रवार रात में पकड़ लिया गया था। वह बीमार था। उसे पिपरा गेस्ट हाउस लाकर इलाज किया जा रहा था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। तीन डाक्टरों के पैनल ने पिपरा गेस्ट हाउस में उसका पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह कहा गया है कि तेंदुए को उसका प्राकृतिक आहार न मिल पाने के कारण वह बीमार हो गया था। भोजन की तलाश में ही वह गांव में आया था। आहार की कमी व भूख के कारण तेंदुए की मौत हुई है। सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ डॉ. एम सेम्मारन ने बताया कि मृत तेंदुआ नर था, जिसकी उम्र लगभग डेढ़ वर्ष की थी।

# जमीनी विवाद लंबा न खींचे जांच अधिकारी:डीएम

**समाधान दिवस**

- डीएम-एसपी ने उतरौला तहसील में फरियादियों की शिकायतें सुनीं
- डीएम ने कानूनगो को दी कार्यप्रणाली में सुधार जाने की चेतावनी

बलरामपुर, संवाददाता। जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को डीएम अरविंद सिंह ने कड़ा रुख अख्तियार किया। लेखपाल एवं कानूनगो पर नाराजगी जताते हुए कार्यप्रणाली में सुधार लाने की चेतावनी दी। कहा कि क्षेत्र के जमीनी विवाद से जुड़े मामलों की जानकारी लेखपाल व राजस्व निरीक्षक पूर्ण रूप से रखे। छोटे-छोटे जमीनी विवाद लंबे न खींचे जाएं। जमीनी विवादों का निपटारा पुलिस एंव राजस्व की टीम मौके पर जाकर ग्राम स्तर पर ही निस्तारण कराए।

शनिवार को जिले के तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कर फरियादियों की शिकायतें सुनी गई। उतरौला में आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम अरविंद कुमार सिंह ने फरियादियों की शिकायतें सुनी।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों की जांच करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कराया जाए। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे जमीनी विवादों का राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर ग्राम स्तर पर ही निस्तारण कराए। छोटे-छोटे जमीनी विवाद लंबे ने खींचे जाएं। डीएम ने लेखपाल व कानूनगो को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाने की हिदायत दी। उतरौला में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 40 शिकायती आई, जिसमें से मौके पर चार का निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों का तीन दिवस के भीतर निस्तारण कराने के निर्देश डीएम ने दिए।

इस अवसर पर एसडीएम उतरौला अवधेश कुमार, डीडीओ गिरीशचंद पाठक, पीडी चंद्रप्रकाश, सीएमओ डा. सुशील कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। तुलसीपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सीडीओ संजीव कुमार मौर्य ने की। यहां पर 32 शिकायती प्रार्थना पत्र आएं, जिसमें से चार का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों का तीन दिवस के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कराए जाने की निर्देश दिया गया। इस अवसर पर एसडीएम उतरौला अभय कुमार, क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। सदर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी प्रदीप कुमार ने फरियादियों की शिकायतें सुनी।

यहां पर 38 मामलें आएं, जिसमें से पांच का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए एडीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव, सदर एसडीएम राजेंद्र बहादुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# दो वांछित गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना सादुल्लाहनगर पुलिस ने दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक अब्दुल कादिर खां ने बताया कि अरुण कुमार, पिल्लू पुत्र बाबूराम निवासी सादुल्लाहनगर मारपीट सहित अन्य मामले में न्यायालय से वांछित चल रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा गया है।

# शांतिभंग में छह पर कार्रवाई

बलरामपुर। हरैयां पुलिस ने छह व्यक्तियों के विरुद्ध शांतिभंग में कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मोहम्मद मुबारक, अकबाल, वकील, रईश, कुद्दूस व रामधन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एसडीएम न्यायालय भेजा है।



मंदिर में चोरी की घटना को लेकर आक्रोशित ग्रामीण ने प्रदर्शन करते।

# मंदिर का घंटा और दानपात्र चोरी हुआ

ललिया। थाना क्षेत्र के गंजड़ी नरायनपुर गांव स्थित समय माता मंदिर में लगा फूल धातु का घंटा व दानपात्र में रखे रुपए शुक्रवार रात चोरी हो गए। मंदिर प्रबंधक ने प्रभारी निरीक्षक को तहरीर दी है। ओमप्रकाश ने बताया कि शनिवार सुबह कुछ लोग पूजा के लिए गए तो देखा कि मंदिर का ताला टूटा हुआ है।




## यह पार्किंग नहीं... अस्पताल का मुख्य द्वार

यह नजारा है जिला मेमोरियल अस्पताल परिसर का। वायरल बुखार फैलने से अस्पताल मे मरीजों व तीमारदारों की भीड़ बढ़ गई है। मुख्य द्वार से प्रवेश करते ही यहां बाइकों का रेला देखने को मिलता है। आलम यह है कि एंबुलेंस अस्पताल के अंदर नहीं पहुंच सकती है। मरीज को सड़क पर उतार कर ही अंदर लाना होगा। ऐसे में गंभीर मरीज की जान भी जा सकती है। अस्पताल प्रशासन ने वाहनों की पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं की है। ऐसे में बेतरतीब खड़े होते वाहन बवाल-ए-जान बने हुए है ● मुकेश चौहान

# घंटा व दानपात्र में रखे रुपये उठा ले गए चोर

**संवादसूत्र, ललिया (बलरामपुर)** : गंजड़ी नरायनपुर गांव स्थित समय माता मंदिर में लगा फूल धातु का घंटा व दानपात्र में रखे रुपये शुक्रवार रात चोरी हो गए। मंदिर में वर्ष भर में तीन बार चोरी हो चुकी है। इस बात को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। मंदिर प्रबंधक ने घटना के संबंध में थाना ललिया में तहरीर दी है।

मंदिर प्रबंधक ओमप्रकाश ने बताया कि शनिवार सुबह कुछ लोग पूजा पाठ के लिए गए तो देखा कि मंदिर का ताला टूटा है। मंदिर का घंटा गायब है और दानपात्र भी टूटा मिला। दानपात्र में रखे रुपये गायब थे। जवाहर यादव, बुधराम, जानकी, शोभाराम व रामकुमार ने बताया कि वर्ष में तीन बार मंदिर का ताला तोड़कर चोरी की घटना हो चुकी है। थाने में तहरीर देने के बावजूद अब तक कोई चोर पकड़ा नहीं गया। प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार पांडेय ने बताया कि चोरों को शीघ्र ही पकड़ा जाएगा।



ललिया के गंजड़ी नरायनपुर गांव स्थित समय माता मंदिर में बार-बार हो रहीं चोरी की घटनाओं से नाराज ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन ● जागरण

# BAHRAICH POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः-03-09-2023

# अवैध बालू खनन मामले में ट्रैक्टर-ट्राली सीज

जरवलरोड। जरवल कस्बा के आसपास अवैध बालू खनन थम नहीं रहा है। शिकायतों पर कैसरगंज के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, क्षेत्रीय लेखपाल की टीम ने बालू ले जा रहे ट्रैक्टर-ट्राली को रोका। तहसीलदार ने बताया कि वाहन चालक से पूछताछ की। बालू खनन संबंधी प्रपत्र ऑनलाइन रवन्ना मांगा गया। चालक रवन्ना नहीं दे सका। वाहन भी बिना नंबर पाया गया। ऐसी स्थिति में वाहन को सीज कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

हिन्दुस्तान

# छह तहसीलों में 310 लोगों ने सुनाई फरियाद

**समाधान दिवस**

बहराइच, संवाददाता। जिले की सभी छह तहसीलों में लोगों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण करने के लिए अधिकारी बैठे। कुल 310 मामले उनके पटल पर आए। इनमें से 24 मामलों को ही अधिकारी मौके पर निस्तारित कर पाए। 86 फरियादी आश्वासन पाकर लौटे। हालाकि डीएम मोनिका रानी ने एसडीएम को धारा 24 के निस्तारित मामलों की भूमि पैमाइश कराने के निर्देश दिए, ताकि बार-बार समस्या पैदा न हो सके।

तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में डीएम की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस 70 लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। डीएम ने पांच मामलों को मौके पर निस्तारित कराएं। 65 मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर भेजा। प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभार्थी के आवासीय भूमि से सम्बन्धित प्रकरण से जुड़े मामलों में लेखपाल, पंचायत सचिव व पुलिस की टीम संयुक्त रूप से मौके पर जाकर भूमि से सम्बन्धित समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए। कहा कि लाभार्थी को आवास निर्माण में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

वरासत से जुड़े मामलों की जांच पड़ताल के पश्चात मृतक के जायज़ वारिसानों का ही नाम खतौनी में दर्ज करने की चेतावनी दी। कहा कि गलत करने वालों पर कार्रवाई होगी। एसपी प्रशांत वर्मा, सीडीओ कविता मीना, एसडीएम संजय कुमार, सीओ राहुल पाण्डेय, सीएमओ डॉ एसके सिंह, डीडीओ महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडी डीआरडीए राज कुमार, डीडी कृषि टीपी शाही मौजूद रहे।



मिहींपुरवा तहसील दिवस में शिकायतें सुनती डीएम।

## वनटंगिया ग्रामीणों सुनाई पीड़ा

वनटंगियां गांव महबूब नगर के ग्रामीण शनिवार को मिहींपुरवा पहुंचकर डीएम को अपनी पीड़ा व अफसरों की नजरअंदाजी की पीड़ा सुनाई। सैकड़ों ग्रामीणों ने कहा कि राजस्व ग्राम का दर्जा न मिलने से उनके गांव में पेयजल परियोजना का लाभ नहीं दिया गया है। वोट देने का अधिकार है पर सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। डीएम ने मामले को जल्द शासन स्तर पर रखने की बात कही।

| तहसील | मामले | निस्तारित |
|---|---|---|
| मिहींपुरवा | 70 | 05 |
| महसी | 23 | 02 |
| सदर | 35 | 03 |
| कैसरगंज | 56 | 03 |
| नानपारा | 41 | 05 |
| पयागपुर | 85 | 06 |

# 'गलत वरासत दर्ज की तो लेखपाल पर होगी कार्रवाई'

**जासं, बहराइच** : छह तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुल 287 प्रार्थना पत्र आए, इसमें मौके पर 24 का निस्तारण किया गया। तहसील मिहींपुरवा में समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहीं जिलाधिकारी मोनिका रानी ने गलत वरासत दर्ज करने वाले लेखपालों को कार्रवाई की चेतावनी दी।

डीएम ने पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना, एसडीएम संजय कुमार, सीओ राहुल पांडेय व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई की। डीएम ने निर्देश दिया कि भूमि पैमाइश अनिवार्य रूप से करा दी जाए, जिससे प्रकरण का पूरी तरह से निस्तारण हो जाए। वरासत अभियान के बारे में डीएम ने लेखपालों को हिदायत दी कि आवश्यक जांच के बाद ही मृतक के जायज वारिसानों का नाम खतौनी में दर्ज करें। सचेत किया कि गलत वरासत दर्ज करने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एसके सिंह, जिला विकास अधिकारी महेंद्र कुमार पांडेय, पीडी राजकुमार, उप निदेशक कृषि टीपी शाही आदि मौजूद रहे।

**कैसरगंज:** तहसील सभागार में समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी पंकज दीक्षित के सामने 56 प्रार्थना पत्र आए। इनमें से तीन प्रार्थना पत्र का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

- मिहींपुरवा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस की डीएम ने की अध्यक्षता

**06** तहसीलों में आए 287 प्रार्थना पत्र, मौके पर 24 निस्तारित



मिहींपुरवा तहसील में शिकायतें सुनतीं डीएम मोनिका रानी व एसपी प्रशांत वर्मा • जागरण

| तहसील | प्रार्थना पत्र | निस्तारित |
|---|---|---|
| मिहींपुरवा | 70 | 05 |
| महसी | 23 | 02 |
| सदर | 35 | 03 |
| कैसरगंज | 56 | 03 |
| नानपारा | 41 | 05 |
| पयागपुर | 85 | 06 |

### कराई गोदभराई और बच्चों का अन्नप्राशन

जिलाधिकारी ने आइसीडीएस के स्टाल का निरीक्षण कर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। ग्राम कुड़वा निवासी सोनी व नासरा की गोद भराई की। बच्चे प्रांजल व सूरज का अन्नप्राशन कराया।

# बाढ़ से कट गया रास्ता, बनवा दें

## समाधान दिवस में उठा गूढ़ - सुजौली मार्ग कटने का मुद्दा, डीएम ने अफसरों को दिए निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच/मिहींपुरवा/पयागपुर/महसी/कैसरगंज।** मैडम ...भीषण बाढ़ की चपेट में आकर गूढ़ - सुजौली मार्ग कट गया है। इससे 50 हजार ग्रामीणों को छह किलोमीटर की दूरी तय करने के लिए 60 किलोमीटर चलना पड़ रहा है, इसको बनवा दें। ये शिकायत मिहीपुरवा तहसील में डीएम मोनिका रानी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में भाजपा प्रदेश परिषद सदस्य परिषद सदस्य प्रमोद आर्य ने की। डीएम मोनिका रानी ने बाढ़ खंड के अधिकारियों को निराकरण करने का निर्देश दिया।

समाधान दिवस में 70 शिकायती पत्र आए, जिसमे 5 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान डीएफओ कतर्नियाघाट आकाश दीप बधावन व एलडीएम अनुपस्थित रहे।

महसी तहसील में आयोजित समाधान दिवस में एडीएम मनोज कुमार सागर 12 बजे तक अनुपस्थित रहे। एसडीएम राकेश कुमार ने लोगों ने फरियाद सुनी । नयापुरवा निवासी जैतुना ने फर्जी तरीके से उनके घर पर कब्जा कर लेने की शिकायत की। रेहूवा निवासी सर्वेश ने छुट्टा जानवरों से निजात दिलाने की मांग की। लेकिन सभी को लौटना पड़ा।

पयागपुर तहसील में एसडीएम दिनेश कुमार व कैसरगंज में एसडीएम पंकज दीक्षित की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित हुआ। एसडीएम ने शिकायतों को समय से निपटाने का निर्देश दिया।



मोतीपुर तहसील में आयोजित समाधान दिवस में फरियाद सुनतीं डीएम व एसपी। -संवाद

### तहसील प्रशासन की चिह्नित जमीन को डीएम ने नकारा

**मोतीपुर।** पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लैंड बैंक की स्थापना की जानी है। जिसके लिए लगभग 25 एकड़ जमीन चिन्हित करने की जिम्मेदारी डीएम ने एसडीएम को सौंपी है। तहसील प्रशासन की ओर से आम्बा बर्दिया के बीच कुछ जमीनें चिन्हित की थी जिसका मुआयना शनिवार को डीएम मोनिका रानी ने किया। उन्होंने बताया कि यह जमीन लैंड बैंक की स्थापना के लिए सही नहीं है। अन्य किसी जगह जमीन चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। -संवाद

# नाना के घर आई बालिका को तेंदुए ने बनाया शिकार

संवाद न्यूज एजेंसी

**खैरीघाट (बहराइच)।** रक्षाबंधन पर मां के साथ अपने नाना के घर आई बालिका शनिवार की शाम घर के सामने खेल रही थी। तभी गन्ने के खेत से निकले तेंदुए ने बालिका पर हमला कर दिया और खींचकर खेतों में ले गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर उसका शव गन्ने के खेत से बरामद किया। सूचना मिलने के बाद मौके पर खैरीघाट की पुलिस व वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचीं।

मोतीपुर थाना क्षेत्र के राजापुर कला गांव निवासी प्रियांशी (6) पुत्री ननकू सोनकर अपनी मां के साथ रक्षाबंधन पर्व पर खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रायगंज निवासी नाना इंद्रसेन सोनकर के यहां आई थी। शनिवार को शाम घर के सामने खेलते समय तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। जब तक लोग दौड़ते तेंदुआ उसे दबोचकर गन्ने के खेत में उठा ले गया जिससे की मौत हो गई। कड़ी मशक्कत के बाद तेंदुए से ग्रामीणों ने शव बालिका का शव बरामद कर लिया। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस सहित वन विभाग की टीम को दी। मौके पर पहुंची टीम ने कार्यवाही शुरू की है। डीएफओ संजय शर्मा ने बताया कि तेंदुए के हमले में बालिका की मौत हुई है। वन विभाग की टीम मौके पर मौजूद है।

## घर के सामने खेलते समय दबोच ले गया तेंदुआ, खेत में मिला मासूम का शव

## तेंदुए के हमले में महिला गंभीर



**मिहींपुरवा (बहराइच)।** कतर्नियाघाट क्षेत्र में तेंदुए ने एक महिला पर हमला कर दिया। महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना तहसील मोतीपुर अंतर्गत ग्राम सभा मटेही के मजरा नवीन पुरवा की है। ग्रामीणों ने बताया कि 38 वर्षीय इंदु देवी पत्नी राजू पास के गन्ने के खेत में गई थी। वहां पहले से मौजूद तेंदुआ महिला पर झपट पड़ा। महिला की चीख सुनकर गांव वाले और परिजन हल्ला मचाते हुए खेत की तरफ भागे। इस पर तेंदुआ महिला को छोड़कर भाग गया। घायल महिला को पीएचसी सुजौली ले जाया गया। उसकी हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया। संवाद

# किशोरी को अगवाकर दुष्कर्म, केस दर्ज

**चर्दा/रूपईडीहा(बहराइच)।** एक 14 साल की किशोरी को अगवाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी दूसरे समुदाय का होने के चलते ग्रामीणों में आक्रोश है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे हिरासत में लिया है। वहीं किशोरी को चिकित्सीय परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया।

**दो समुदायों से जुड़ा मामला**

**रुपईडीहा थाना क्षेत्र के गांव में तनाव**

नेपाल सीमा पर पड़ने वाले रूपईडीहा थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव में ही उसकी बहन का घर है। इनका आरोप है कि शुक्रवार की रात इनके बहन व बहनोई किसी काम से नेपाल गए थे। घर पर 14 साल की भांजी अकेली थी। इसी का फायदा उठाते हुए पड़ोसी के रहने वाले इमरान अली सलमानी उसके घर पहुंचा और किशोरी को कुछ सुंघा कर बेहोश कर दिया। आरोपी के साथ एक और युवक भी था। इसके बाद आरोपी किशोरी को बाग में ले गए और इमरान अली ने उसके साथ दुष्कर्म किया। शनिवार सुबह सीओ नानपारा राहुल पांडेय, कोतवाल रूपईडीहा शमशेर बहादुर ने जाकर जांच की। संवाद

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-03-09-2023

# ऑपरेशन धरपकड़: 12 घंटे में 23 वारंटी गिरफ्तार

श्रावस्ती। वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की ओर से ऑपरेशन धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत सभी थाना प्रभारियों को वारंटियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस ने 12 घंटे में 23 वारंटियों को गिरफ्तार किया। कोतवाली भिनगा की पुलिस ने कुल तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया।

# दो आरोपियों को तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा

श्रावस्ती। एससीएसटी एक्ट से संबंधित दो आरोपियों को न्यायालय की ओर से तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही दोनों आरोपियों को 17 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया गया।

ऑपरेशन कनविक्शन के तहत एसपी प्राची सिंह की आर से चिन्हित मुकद्मों की प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए थाना प्रभारी व पैरोकारों को निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में मॉनिटरिंग सेल व विशेष लोक अभियोजक, संयुक्त निदेशक अभियोजन तथा कोर्ट पैरोकार के प्रयास से दो आरोपियों को सजा सुनाई गई। शनिवार को न्यायालय की ओर से एससीएसटी से संबंधित दो आरोपियों पुत्तन वर्मा पुत्र बांके व राम धीरज पुत्र भगौती निवासीगण गोड़पुरवा कोतवाली भिनगा को दोषी पाते हुए तीन वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 17 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध जबरदस्ती दुष्कर्म करने की नियत से उठा ले जाने के संबंध में 22 जनवरी 2010 को थाना कोतवाली भिनगा में मामला दर्ज किया गया था। जिसकी विवेचना पूरी कर पुलिस आरोपियों के विरुद्ध 28 फरवरी 2010 को आरोप पत्र न्यायालय में भेजा गया था।

# 142 शिकायतों में मात्र 25 का हुआ निस्तारण

- सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 142 शिकायती पत्र आए
- भिनगा में डीएम ने नौ मामलों का निस्तारण कराया

श्रावस्ती। सभी तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों की ओर से लोगों की शिकायत सुनी गई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 142 शिकायती पत्र आए जिसमें से 25 का निस्तारण हो सका।

तहसील भिनगा में जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने लोगों की शिकायत सुनी। यहां कुल 31 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से नौ शिकायतों का निस्तारण किया गया। इसी तरह से तहसील इकौना में मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह और तहसील जमुनहा में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कर फरियादियों की समस्याओं का निराकरण किया गया। इकौना में 63 के सापेक्ष आठ और जमुनहा में 48 के सापेक्ष आठ शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। तहसील भिनगा के समाधान दिवस में इंडियन बैंक व स्वास्थ्य विभाग की ओर से शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें इंडियन बैंक की ओर से ऋण सम्बन्धी योजनाओं की जानकारी दी गई। दिव्यांगजनों का पंजीकरण कर उन्हें स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करायी गई।

# महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक

- नारी सुरक्षा दल की ओर से जिले भर में महिलाओं को जागरूक किया गया
- एसपी के नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है

श्रावस्ती। एसपी के नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को महिला बीट पुलिस अधिकारी, शक्ति मोबाइल, नारी सुरक्षा दल की ओर से जिले भर में महिलाओं को जागरूक किया गया।

टीम की महिला सिपाहियों ने साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता के लिए-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098, साइबर अपराध -1930 के बारे में बताया। साथ ही यह बताया गया कि यदि किसी प्रकार की समस्या होती है या कहीं आने-जाने पर कोई अंजान व्यक्ति परेशान करता है तो हेल्पलाइन नंबरों पर फोन कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। फोन करने वाली महिलाओं व बच्चियों का नाम पता गोपनीय रखा जाता है। महिला बीट पुलिस अधिकारियों व शक्ति मोबाइल की ओर से निरंतर गांवों में जाकर चौपाल लगाकर जागरूक किया जा सकता है। शक्ति मोबाइल टीम में तैनात मुख्य आरक्षी महिला संज्ञा भारती, सुषमा सिंह, सोनी देवी ने गिलौला के ग्राम अहिरन पुरवा, प्राथमिक विद्यालय दंदौली में जागरूक किया।

# चाकू के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। अपराध नियंत्रण को लेकर अपराधियों के विरुद्ध पुलिस की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शुक्रवार शाम को थाना हरदत्त नगर गिरंट की पुलिस क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी।

इस दौरान पुलिस की ओर से शेरु उर्फ सुहेल पुत्र सब्बू उर्फ पीर मोहम्मद निवासी घुसियाना थाना दरगाह शरीफ बहराइच व मोहम्मद मोइन पुत्र बड़कऊ उर्फ शरीफ निवासी कैलाश होटल थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच के कब्जे से एक-एक अदद अवैध चाकू बरामद किया। बरामद चाकू को जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में कार्रवाई की गई।

# पुलिस ने 28 परिवारों को टूटने से बचाया

श्रावस्ती। महिला थाना व पुलिस परिवार परामर्श की ओर से माह अगस्त में कुल 28 परिवारों को आपसी सहमति के आधार पर सुलह कराकर परिवार को बिछड़ने से बचाया गया। इसी के तहत शनिवार को महिला थाने में पारिवारिक विवादों की शिकायतों की सुनवाई की गई। जिसमें दम्पतियों की शिकायत सुनी गई और उनके मतभेदों को दूर किया गया। पुलिस के सार्थक पहल से तीन रिश्तों को टूटने से बचाया गया। पुलिस ने सुलह समझौता कराकर मुन्नी पुत्री लियाकत व पति जफर अली पुत्र जालू निवास भावलपुर, सकीना पुत्री राम रसूल व पति बाबू पुत्र छेदी निवास पांडेय पुरवा तथा शाहिदा पत्नी परम निवासी गंगापुर लक्ष्मणपुर साथ रहने को राजी हो गए।

# नियम उल्लंघन पर वाहनों का चालान

श्रावस्ती। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पुलिस की ओर से नियमित वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न थाना क्षेत्र में पुलिस की ओर से अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर वाहनों के मानक चेक किए गए। जिसमें वाहन के कागजात, हेलमेट, तीन सवारी आदि की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 15 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया।

# आर्म्स एक्ट के दोषी को आठ माह 20 दिन की सजा

**संसू, श्रावस्ती** : तमंचे के साथ पकड़े गए आरोपित को न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आठ माह 20 दिन के कारावास से दंडित किया है। पांच सौ रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर पांच दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

सहायक अभियोजन अधिकारी नीरज कुमार पांडेय ने बताया कि इकौना क्षेत्र के खरगुपुर गांव निवासी भगतराम को पुलिस ने 17 दिसंबर 2022 को तमंचा के साथ वीरपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया था। इस मामले में आरोपित के विरुद्ध इकौना थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट असगर अली ने भगतराम को दोष सिद्ध ठहराते हुए सजा सुनाई है।

# पुलिस ने 12 घंटे के अंदर दबोचे 23 वारंटी

**संसू, श्रावस्ती** : एसपी प्राची सिंह की ओर से आपरेशन धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस टीम ने न्यायालय से वारंट जारी होने के बाद अभियान चलाकर 12 घंटे के अंदर 23 वारंटियों को गिरफ्तार कर कोर्ट पर प्रस्तुत किया गया है।

एसपी ने बताया कि भिनगा कोतवाली पुलिस टीम ने पुरानी बाजार निवासी गिरधारी लाल, कुन्नपुर नौसहरा निवासी सुरेंद्र चौहान उर्फ सुख्खू, चौधरीपुरवा के बाबूराम को गिरफ्तार किया। गिलौला पुलिस ने गिलौला निवासी हनीफ, गोपालपुर निवासी सूर्य उर्फ जगतराम, गुजरनपुरवा निवासी मेराज अली, सिरसिया पुलिस ने घोघवा कला निवासी लतीम, रामपुर बंधा निवासी उमाशंकर, हेमपुर निवासी रामप्रताप, भोजपुर बिल्ली निवासी रमजान, घोलिया के बड़कऊ, इकौना पुलिस ने बैदौरा चरगाही निवासी मुहम्मद शफी, टंडवा महंत बैदौरा निवासी बाबू मौर्या, लोधनपुरवा के शिवराज व मल्हीपुर पुलिस टीम ने मनकौर निवासी जैनुल, जामिद, रंगीलाल वर्मा, भुड़कुलवा निवासी देवतादीन, चमारनपुरवा के रमेश कुमार, जब्दी असनहरिया के मंटू, घुमना बरगदहा के टिंमल, सोनवा पुलिस ने ककंधू निवासी हसन व नवीन मार्डन श्रावस्ती पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि दबोचे गए वारंटी छेड़छाड़, मारपीट, आदि मामलों में आरोपित हैं।

# 142 शिकायतों में सिर्फ 25 का निस्तारण

- डीएम बोलीं- धरातल पर दिखे शिकायतों का निस्तारण

**जागरण टीम, श्रावस्ती** : शनिवार को भिनगा, इकौना व जमुनहा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान कुल 142 प्रार्थना पत्र आए। मौके पर सिर्फ 25 का निस्तारण किया जा सका। डीएम कृतिका शर्मा ने भिनगा तहसील में आयोजन की अध्यक्षता की।

उन्होंने ने कहा कि अधिकारी कार्यालय में समय से बैठकर समस्याओं को सुनें। फरियादियों को ब्लाक, तहसील व जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। शिकायतों का निस्तारण धरातल पर दिखना चाहिए। फर्जीवाड़ा मिला तो कार्रवाई होगी।

डीएम ने कहा कि भूमिहीन गरीबों को जो कृषि भूमि पट्टा सरकार की ओर से दिया गया है, उस पर अवैध कब्जे की शिकायत मिले, तो तत्काल कार्रवाई कर कब्जा मुक्त कराकर पट्टाधारक को भूमि दिलाई जाए, ताकि भूमिहीन अपना और अपने परिवार का जीविकोपार्जन कर सकें।




जमुनहा तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनते एडीएम अमरेंद्र कुमार वर्मा (दाएं से तीसरे) ● जागरण

लेखपाल यह ध्यान रखें कि उनके ग्रामसभा के चकमार्गों, सार्वजनिक, चरागाह व आबादी की जमीनों पर अवैध अतिक्रमण न होने पाए। अवैध अतिक्रमण की शिकायत मिली तो संबंधित लेखपाल व राजस्व निरीक्षक पर कार्रवाई होगी।

भूमि विवादों से संबंधित प्रकरणों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से निस्तारण कराए। इकौना में सीडीओ अनुभव सिंह व जमुनहा तहसील में एडीएम अमरेंद्र कुमार वर्मा ने शिकायतें सुनी।

**प्राप्त शिकायत व निस्तारण का विवरण**

| तहसील | प्राप्त शिकायत | निस्तारित |
|---|---|---|
| इकौना | 63 | 08 |
| भिनगा | 31 | 09 |
| जमुनहा | 48 | 08 |
| कुल | 142 | 25 |

# चाकू के साथ दो गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** हरदत्त नगर गिरंट पुलिस ने शुक्रवार रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान दो लोगों को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बहराइच के थाना दरगाह शरीफ के मोहल्ला घोसियाना निवासी शेरु उर्फ सुहेल पुत्र सब्बू उर्फ पीर मोहम्मद व उसी थाना क्षेत्र के होटल कैलाश निवासी मोहम्मद मोइन पुत्र बड़कऊ उर्फ शरीफ के रूप में हुई है। संवाद

# शांतिभंग की आशंका में 33 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने शुक्रवार रात अलग अलग स्थानों से 33 लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग करने के आरोप में कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया। दूसरी तरफ जिला पुलिस ने वाहन जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 15 वाहनों का ई-चालान कर 42,500 रुपये शमन भी वसूला। संवाद

# ऑपरेशन धरपकड में धरे गए 23 वारंटी

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस की ओर से संचालित ऑपरेशन धरपकड़ में 23 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान भिनगा कोतवाली पुलिस ने नगर के पुरानी बाजार निवासी गिरधारी लाल, कुन्नपुर नौसरहरा निवासी सुरेन्द्र चौहान, हरिहर पुररानी निवासी बाबूराम की पत्नी, गिलौला पुलिस ने गिलौला कस्बा निवासी हनीफ, गोपालपुर निवासी सूर्य , गुजरनपुरवा निवासी मेराज अली का को दबोचा। वहीं सिरसिया पुलिस ने घोघवा कला निवासी लतीम, रामपुर बंधा निवासी उमाशंकर, हेमपुर निवासी रामप्रताप, भोजपुर बिल्ली निवसी रमजान, घोलिया निवासी बडकऊ, इकौना पुलिस ने बैदौरा चरगाही निवासी मोहम्मद शफी, बाबू मौर्या, लोधनपुरवा निवासी शिवराज, मल्हीपुर पुलिस ने मनकौरा निवासी रंगीलाल वर्मा, जामिद, भुड़कुलवा निवासी देवतादीन समेत अन्य वारंटी को गिरफ्तार किया। संवाद

# छेड़छाड़ के दो दोषियों को तीन-तीन साल की जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** छेड़छाड़ के 13 साल पुराने मामले में अपर जिला जज व विशेष न्यायाधीश एससी एसटी कोर्ट ने शनिवार दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए तीन-तीन साल की जेल के साथ 17-17 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। सजा सुनाने के बाद दोषियों को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

**13 साल पुराने मामले में कोर्ट ने माना दोषी**

अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता प्रेम कुमार मिश्रा ने बताया की जनवरी 2010 को एक गांव निवासी महिला ने भिनगा कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया था कि हल्लाजोत के मजरा गोड़पुरवा निवासी पुत्तन वर्मा पुत्र बांके व राम धीरज पुत्र भगौती ने उसे बलात्कार करने की नीयत से उठा कर छेड़छाड़ की तथा विरोध करने पर जाति सूचक गाली देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। इस मामले में अपर जिला जज व विशेष न्यायाधीश एससी एसटी उमेश कुमार की कोर्ट ने शनिवार को इस मामले में दोनों आरोपियों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

## 13 साल बाद तस्करी का आरोपी बरी

**श्रावस्ती।** चरस तस्करी के एक आरोपी को 13 साल बाद विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट व एडीजे सुदामा प्रसाद की कोर्ट ने दोषमुक्त करार देते बरी करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त किया। अधिवक्ता विमल प्रसाद पाठक ने बताया कि भिनगा कोतवाली पुलिस ने पिपरा पुल से 16 दिसंबर 2009 को कोतवाली क्षेत्र के ही अमवा के मजरा कोड़री निवासी बाडू पुत्र मघई लोनिया को 500 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। इसका विचारण अपर जिला जज व स्पेशल जज एनडीपीएस की कोर्ट में हुआ। गवाहों के बयान व साक्ष्य बाद कोर्ट ने आरोपी बाडू को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त माना। संवाद

**कोर्ट ने आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए किया दोषमुक्त**

## जुर्म स्वीकार करने पर जेल से छुटकारा

**श्रावस्ती।** मुकदमे का निस्तारण जल्दी न होता देख जेल में बंद एक आरोपी ने अधीक्षक के माध्यम से न्यायालय में अपना जुर्म स्वीकार करने का प्रार्थना पत्र भेजा। न्यायिक मजिस्ट्रेट असगर अली ने आरोपी भगतराम के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए जेल में बिताए आठ माह बीस दिन के कारावास व पांच सौ रुपये के अर्थदंड से दंडित करने के साथ जेल से रिहा करने का आदेश दिया। जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को पांच दिन अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा इस मामले में इकौना पुलिस ने नवीन मार्डन थाना कटरा के ग्राम खरगूपुर निवासी भगतराम पुत्र राम प्रसाद को 17 दिसम्बर 2022 को वीरपुर मोड़ से तमंचे के साथ गिरफ्तार किया था। तभी से वह जेल में बंद था। संवाद

**जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को पांच दिन का अतिरिक्त कारावास**

# टूटने से बचे तीन परिवार

**श्रावस्ती।** महिला थाना व परिवार परामर्श केंद्र में शनिवार को पारिवारिक विवाद मामले में तीन दंपतियों को बुलाया गया। पुलिस ने दंपती को आमने सामने बैठा कर गिले शिकवे दूर कराए। इस दौरान पुलिस के समझाने के बाद तीन दंपती साथ रहने को राजी हुए। जिन्हें मिठाई खिलाकर घर भेजा गया। महिला थाना के प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि बीते एक माह में 28 परिवार को टूटने से बचाया गया। संवाद